RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 206
लखनऊ, बुधवार, 18 मई, 2022
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



भारत और उसके मूल्यों को पहचान रही दुनिया
राष्ट्रीय-9

# सर्वे में मिले शिवलिंग की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए

## वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद-श्रृंगार गौरी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दिया निर्देश

- सर्वोच्च न्यायालय ने निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगाने से किया इनकार
- मुसलमानों को नमाज अदा करने की अनुमति रहेगी



वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद में सर्वेक्षण के दौरान मिला शिवलिंग

**भाषा ।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने वाराणसी के जिलाधिकारी को ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी परिसर के अंदर उस क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, जहां सर्वे के दौरान शिवलिंग मिलने की बात कही गई है। साथ ही, शीर्ष न्यायालय ने मुस्लिम समुदाय के लोगों को वहां नमाज अदा करने और धार्मिक रस्म निभाने की अनुमति दे दी। समता को संतुलित रखते हुए, न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्ह की पीठ ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद का कामकाज देखने वाली कमेटी ऑफ मैनेजमेंट अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद की याचिका पर सुनवाई करते हुए आदेश जारी किया और निचली अदालत में जारी कार्यवाही पर रोक लगाने से मना कर दिया। पीठ ने कहा कि पक्षकारों के अधिकारों को संतुलित रखने की जरूरत है और अधिकारियों को निर्देश दिया कि क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने में नमाज अदा करने एवं अन्य धार्मिक रस्म निभाने में मुस्लिमों के अधिकारों में बाधा नहीं पड़े। शीर्ष न्यायालय ने दीवानी न्यायाधीश, वाराणसी के समक्ष आगे की कार्यवाही पर रोक लगाने से मना कर दिया जो ज्ञानवापी मस्जिद से जुड़े वाद की सुनवाई कर रहे हैं। पीठ ने अपने आदेश में कहा, यह यहां वादी के रहने तक एक अंतरिम व्यवस्था है। हमें पक्षकारों के अधिकारों को संतुलित रखने की जरूरत है। न्यायालय ने याचिकाकर्ता हिंदू श्रद्धालुओं को नोटिस जारी किए और मस्जिद कमेटी की याचिका पर सुनवाई के लिए 19 मई की तारीख निर्धारित की। न्यायालय ने कहा कि वाराणसी के जिलाधिकारी उस क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करें जहां शिवलिंग मिलने की बात कही गई और इससे मुस्लिमों के नमाज अदा करने एवं अन्य धार्मिक रस्म निभाने में बाधा नहीं आए।

ज्ञानवापी मस्जिद कमेटी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने कहा कि मुस्लिमों को वजू करने की जरूरत होती है क्योंकि इसके बिना इस्लाम में नमाज का कोई मतलब नहीं रहेगा। उप्र सरकार की ओर पेश हुए सॉलीसीटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि जिस स्थान पर शिवलिंग मिलने की बात कही गई है, वहां मुस्लिम वजू करते हैं और कोई नुकसान कानून व्यवस्था की समस्या पैदा कर सकता है। उन्होंने कहा, यदि यह जरूरी है तो वे वजू कहीं और कर सकते हैं लेकिन जिस क्षेत्र में शिवलिंग पाया गया है उसकी सुरक्षा करने की जरूरत है। शीर्ष न्यायालय को सॉलीसीटर जनरल ने बताया कि वादी के वकील हरिशंकर जैन को दिल का दौरा पड़ा है और वह वाराणसी में अस्पताल में भर्ती हैं।

### अधिवक्ता आयुक्त अजय मिश्रा को न्यायालय ने हटाया

**पायनियर समाचार सेवा ।** वाराणसी

**वाराणसी** की एक अदालत ने ज्ञानवापी परिसर में वीडियोग्राफीसर्वे के लिए एडवोकेट कमिश्नर (अधिवक्ता आयुक्त) नियुक्त किए गए अजय मिश्रा को उनके एक सहयोगी द्वारा मीडिया में खबरें लीक करने के आरोप में मंगलवार को पद से हटा दिया। सहायक एडवोकेट कमिश्नर अजय प्रताप सिंह ने संवाददाताओं को बताया कि सिविल जज (सीनियर डिवीजन) रवि कुमार दिवाकर ने अधिवक्ता आयुक्त अजय मिश्रा को लापरवाही के आरोप में पद से हटा दिया है। वहीं, अधिवक्ता आयुक्त पद से हटाए गए अजय मिश्रा ने अपनी सफाई में कहा कि उनके साथ धोखा हुआ है और जो भी हुआ, उन्हें उसकी उम्मीद नहीं थी। उन्होंने कहा, मैंने जिस फोटोग्राफर को रखा, उसने धोखा दिया है। मैंने जिस पर विश्वास किया, उससे मुझे धोखा मिला। इसमें मैं क्या कर सकता हूं। इस सवाल पर विशेष अधिवक्ता आयुक्त विशाल सिंह ने उन पर असहयोग का आरोप लगाया है, मिश्रा ने कहा, हो सकता है कि उनको लगा होगा। मेरे हिसाब से मैंने कोई असहयोग नहीं किया। मिश्रा ने कहा, आयोग (शेष पेज 4)

### न्यायालय से शाही ईदगाह परिसर को सील करने की मांग

**भाषा ।** मथुरा

**वाराणसी** के ज्ञानवापी परिसर के सर्वे वीडियोग्राफी मामले के बीच मंगलवार को मथुरा की अदालत में चल रहे श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद प्रकरण में अर्जी देकर शाही ईदगाह परिसर को सील करने की मांग की गई है। मथुरा की अदालत में चल रहे श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद प्रकरण में श्रीकृष्ण जन्मभूमि आंदोलन समिति के अध्यक्ष एवं एक मामले में वादी एडवोकेट महेंद्र प्रताप सिंह ने अर्जी देकर शाही ईदगाह परिसर को सील करने की मांग की है। सिंह के अनुसार, एक जुलाई को इस मामले में सुनवाई होगी। एडवोकेट महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि जबसे इस संबंध में वाद दाखिल किया गया है प्रतिवादी पक्ष शाही ईदगाह इंतजामिया कमेटी के लोग ईदगाह से उसके हिन्दू मंदिर होने से संबंधित वहां मौजूद साक्ष्यों को नष्ट करने का प्रयास कर रहे हैं। सिंह ने इसके लिए ईदगाह पर एक विशेष सुरक्षा अधिकारी की नियुक्ति करने व साक्ष्यों से छेड़छाड़ की संभावना को समाप्त करने के लिए वहां तक अन्य किसी भी व्यक्ति की पहुंच प्रतिबंधित करने की मांग भी की है। सिंह (शेष पेज 4)

## वीजा रिश्वत केस में चिदंबरम के बेटे पर नई एफआईआर



चेन्नई में कार्ति चिदंबरम के आवास पर छापा डालने पहुंचे सीबीआई अधिकारी

- कार्ति पर 2011 में 50 लाख रुपए रिश्वत लेकर 263 चीनी नागरिकों को वीजा दिलवाने का है आरोप
- केस दर्ज कर सीबीआई ने दिल्ली और चेन्नई में चिदंबरम पिता-पुत्र के आवास समेत कई शहरों में 10 ठिकानों पर मारे छापे

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

**सीबीआई** ने एक बिजली कंपनी के लिए 263 चीनी नागरिकों को वीजा प्राप्त करने में सहायता करने के 11 साल पुराने एक आरोप की जांच को लेकर लोकसभा सदस्य कार्ति चिदंबरम के खिलाफ एक नया मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि कार्ति पर 2011 में 50 लाख रुपए की रिश्वत लेकर चीनी नागरिकों को वीजा दिलवाने का आरोप है।

उस समय कार्ति के पिता पी चिदंबरम केंद्रीय गृह मंत्री थे। अधिकारियों ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज करने के बाद मंगलवार सुबह सीबीआई के दल ने दिल्ली और चेन्नई में चिदंबरम पिता-पुत्र के आवास समेत देश के कई शहरों में 10 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। उन्होंने कहा कि 14 मई को एजेंसी द्वारा कार्ति, उनके करीबी सहयोगी एस भास्कररमन, तलवंडी साबो बिजली परियोजना के तत्कालीन सहायक उपाध्यक्ष विकास (शेष पेज 4)

## अमरनाथ यात्रियों की सुरक्षा और चिकित्सा के लिए पुख्ता इंतजाम

- फ्रीक्वेंसी आईडेंटीफिकेशन कार्ड देंगे, प्रति व्यक्ति को पांच लाख का बीमा व बेहतर मोबाइल कनेक्टिविटी प्रदान की जाएगी
- पर्याप्त संख्या में ऑक्सीजन सिलेंडर, 6,000 फुट से अधिक की ऊंचाई पर चिकित्सा बिस्तरों, एम्बुलेंस व हेलीकॉप्टर की तैनाती
- गृह मंत्री शाह ने आला अफसरों के साथ की तैयारियों और सुरक्षा की समीक्षा



नई दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह ने अमरनाथ यात्रा को लेकर बैठक की

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

**अमरनाथ** यात्रियों को इस बार फ्रीक्वेंसी आईडेंटीफिकेशन कार्ड (आरएफआईडी ), प्रति व्यक्ति पांच लाख रुपये का बीमा तथा बेहतर मोबाइल कनेक्टिविटी की सुविधा प्रदान की जाएगी। सरकार ने मंगलवार को सुगम यात्रा के लिए सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सुरक्षा और खुफिया विभाग के शीर्ष अधिकारियों के साथ जम्मू और कश्मीर के वरिष्ठ अफसरों के साथ सिलसिलेवार बैठक कर वहां ताजा हालात तथा घाटी में हाल ही में लक्षित हत्याओं के बारे में जानकारी ली और स्थिति का आकलन किया। अधिकारियों के मुताबिक केंद्र शासित प्रशासन ने पूरी सुरक्षा मुहैया कराने के लिए प्रत्येक तीर्थयात्री को आरएफआईडी टैग देने का प्रस्ताव दिया है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला के साथ-साथ वरिष्ठ अधिकारियों ने भी तीनों बैठकों में शिरकत की। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे और जम्मू-कश्मीर के पुलिस प्रमुख दिलबाग सिंह तीर्थयात्रा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा करने के लिए इन बैठकों में शामिल हुए। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने बाद में जम्मू-कश्मीर के (शेष पेज 4)

## ममता के मंत्री को सीबीआई के सामने पेश होने के निर्देश

- शिक्षक भर्ती घोटाले में आरोपी मंत्री खुद इस्तीफा न दें तो उन्हें हटाने की कार्यवाही शुरू करें ममता व राज्यपाल: अदालत

**सौगर सेनगुप्ता ।** कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल में शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में राज्य के शिक्षा मंत्री परेश अधिकारी की मुश्किलें बढ़ गई हैं। घोटाले में नाम सामने आने के बाद मंत्री पद पर खतरा मंडरा रहा है। कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल की ममता सरकार को झटका देते हुए शिक्षामंत्री परेश अधिकारी को सीबीआई के सामने पेश होने के निर्देश दिए हैं।

जस्टिस अभिजीत गंगोपाध्याय ने साथ ही गर्वनर जगदीप धनकड़ और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से सिफारिश की है कि यदि परेश इस्तीफा नहीं देते हैं तो उन्हें पद से हटाने की कार्यवाही शुरू की जाए। अदालत का यह फैसला उस जांच के बाद आया है, जिसमें मंत्री ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अन्य सफल उम्मीदवार को नजरअंदाज कर अपनी बेटी को अध्यापक की सरकारी नौकरी दिलाई थी। जांच में साफ हुआ था कि अन्य सफल आवेदक ने पेपर में मंत्री की बेटी से अधिक नंबर हासिल किए थे। इस मामले में जब अधिकारी से संपर्क किया गया तो उन्होंने कोर्ट के इस आदेश के प्रति अनभिज्ञता जाहिर की और कहा कि वह पूरे दिन राजनीति कार्यक्रमों में व्यस्त रहे हैं।

पीड़ित पक्ष के वकील ने बताया कि इस मामले में स्कूल सर्विस कमिशन ने अपनी चूक को स्वीकार करते हुए कहा था कि याचिकाकर्ता का मेरिट लिस्ट में 20वां स्थान था, मगर मंत्री की बेटी अंकिता अधिकारी का नाम डालकर उसे सूची में 21वें स्थान पर धकेल दिया गया और इस प्रकार नौकरी की सूची से योग्य उम्मीदवार को बाहर कर दिया गया। गलत तरीके से भर्ती होकर मंत्री की बेटी बंगाल के एक स्कूल में 11वीं और 12वीं के बच्चों को पढ़ा रही थी। मामले में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए टीएमसी के प्रवक्ता कुनाल घोष ने कहा कि कोर्ट के आदेश के बाद पार्टी कानून का (शेष पेज 4)

## अगले कुछ महीनों में शुरू हो जाएगी 5जी सेवा

- इस दशक के अंत तक 6जी सेवा आरंभ करने के लिए कार्य बल ने काम आरंभ किया: प्रधानमंत्री

**भाषा ।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि इस दशक के अंत तक देश में 6जी सेवा आरंभ करने के लिए सरकार की ओर से कोशिशें आरंभ हो गई हैं और एक कार्य बल ने काम शुरू कर दिया है। देश में 3जी और 4जी सेवाएं उपलब्ध हैं और अगले कुछ महीनों में 5जी सेवा की शुरुआत किए जाने की तैयारी है।

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) के रजत जयंती समारोह को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि अगले डेढ़ दशकों में 5जी से देश की अर्थव्यवस्था में 450 अरब डॉलर का योगदान होने वाला है और इससे देश की प्रगति और रोजगार निर्माण को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में संपर्क यानी कनेक्टिविटी, देश की प्रगति की गति को निर्धारित करेगी। प्रधानमंत्री ने इस अवसर एक डाक टिकट भी जारी किया और आईआईटी मद्रास के नेतृत्व में कुल आठ संस्थानों द्वारा बहु-संस्थान सहयोगी परियोजना के रूप में विकसित 5जी टेस्ट बेड की भी शुरुआत की। इस परियोजना से जुड़े शोधार्थियों और संस्थानों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा, मुझे देश को अपना, खुद से निर्मित 5जी टेस्ट बेड समर्पित करने का अवसर मिला है। ए दूरसंचार क्षेत्र में क्रिटिकल और आधुनिक टेक्नोलॉजी की आत्मनिर्भरता की दिशा में भी एक अहम कदम है। मोदी ने कहा कि 5जी के रूप में जो देश का अपना 5जी मानदंड बनाया गया है, वह देश के लिए बहुत गर्व की बात है और यह देश के गांवों में 5जी प्रौद्योगिकी पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा, 21वीं सदी के भारत में कनेक्टिविटी, देश की प्रगति की गति को निर्धारित करेगी।

इसलिए हर स्तर पर कनेक्टिविटी को आधुनिक बनाना ही होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि 5जी प्रौद्योगिकी देश के शासन में, जीवन की सुगमता में और व्यापार की सुगमता में सकारात्मक बदलाव लाने वाली है तथा इससे खेती, स्वास्थ्य, शिक्षा, अवसंरचना और हर क्षेत्र में प्रगति को बल मिलेगा। एक अनुमान का हवाला देते हुए उन्होंने कहा, आने वाले डेढ़ दशकों में 5जी से भारत की अर्थव्यवस्था में 450 अरब डॉलर का योगदान होने वाला है। इससे प्रगति और रोजगार निर्माण की गति बढ़ेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि जल्द से जल्द 5जी बाजार में आए, इसके लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, इस दशक के अंत तक 6जी सेवा आरंभ हो पाए, इसके लिए एक कार्य बल ने काम करना शुरु कर दिया है। मोदी ने 2जी को हताशा और निराशा का पर्याय बताते हुए पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधा और कहा कि वह (शेष पेज 4)

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 54,318 | ↑ 1344 | |
| निफ्टी | 16,259 | ↑ 417 | |
| सोना | 50,282 | ↑ 388 | /10g |
| चांदी | 60,957 | ↑ 1046 | /kg |

### क्विक न्यूज

**जितेंद्र नारायण त्यागी को तीन महीने की अंतरिम जमानत मिली**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने हरिद्वार धर्म संसद में मुसलमानों के खिलाफ कथित तौर पर नफरत फैलाने वाला भाषण देने के मामले में आरोपी जितेंद्र नारायण त्यागी को मंगलवार को तीन महीने की अंतरिम जमानत दे दी। न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की पीठ ने जितेंद्र नारायण त्यागी को नफरत फैलाने वाला भाषण नहीं देने का और इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल या सोशल मीडिया पर कोई टिप्पणी नही करने का वादा करते हुए एक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश भी दिया। त्यागी का नाम पहले वसीम रिजवी था। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने इस साल मार्च में त्यागी की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया था, जिसके बाद उन्होंने शीर्ष अदालत का रुख किया था।

## पेंट-वार्निश कारखानों में जा रहा 23 प्रतिशत खाद्य तेल

- भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अधिकारी ने दी चेतावनी

**भाषा ।** इंदौर



**भारतीय** कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि देश का 23 प्रतिशत खाद्य तेल पेंट और वार्निश सरीखे उत्पादों के कारखानों में जा रहा है और खाने के तेलों के मामले में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य के मद्देनजर इस प्रवृत्ति पर रोक जरूरी है। आईसीएआर अधिकारी ने यह बात ऐसे वक्त कही है, जब देश में खाद्य तेलों की महंगाई आम आदमी की रसोई का बजट बिगाड़ रही है।

आईसीएआर के सहायक महानिदेशक (तिलहन और दलहन) डॉ. संजीव गुप्ता ने इंदौर में पीटीआई-भाषा को बताया, यह एक महत्वपूर्ण विषय है कि देश का 23 प्रतिशत खाद्य तेल पेंट, वार्निश और अन्य उत्पाद बनाने वाले कारखानों में चला जाता है। खाद्य तेल के इस औद्योगिक इस्तेमाल को रोकना बेहद जरूरी है। गुप्ता ने बताया कि भारत फिलहाल अपनी जरूरत का करीब 60 फीसद खाद्य तेल आयात कर रहा है जिस पर देश को 1.17 लाख करोड़ रुपए खर्च करने पड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि सरकार इस आयात को घटाते हुए देश को खाद्य तेलों के मामले में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार कदम उठा रही है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आईसीएआर को तिलहन उत्पादन बढ़ाने की कार्ययोजना प्रस्तुत करने को कहा है।

गुप्ता ने बताया देश को खाद्य तेलों की घरेलू जरूरत पूरी करने के लिए बाहरी चुनौतियों का भी सामना करना पड़ रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते दोनों देशों से सूरजमुखी तेल की आपूर्ति बाधित हुई है। आईसीएआर अधिकारी ने बताया कि आमतौर पर भारत अपनी जरूरत का कुल 85 प्रतिशत सूरजमुखी तेल रूस और यूक्रेन से आयात करता है। गुप्ता ने बताया, हम देश में सूरजमुखी का उत्पादन बढ़ाने की योजना पर काम कर रहे हैं। इंडोनेशिया द्वारा पाम (ताड़) तेल (शेष पेज 4)

## कॉस्मेटिक सर्जरी के बाद कन्नड़ अदाकारा चेतना राज की मौत

**भाषा ।** बेंगलुरु

**शहर** के एक अस्पताल में प्लास्टिक सर्जरी के बाद टेलीविजन की उभरती अभिनेत्री चेतना राज की मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को कहा कि पीड़िता के परिवार ने एक कॉस्मेटिक सेंटर में वसा मुक्ति सर्जरी प्रक्रिया को लेकर चिकित्सकीय लापरवाही का आरोप लगाया है। चेतना राज (21) ने डोरेसानी और गीता जैसे धारावाहिक में भूमिकाओं से अपनी पहचान बनाई थी। उन्हें प्लास्टिक सर्जरी के लिए सोमवार को डॉ. शेट्टी कॉस्मेटिक सेंटर में भर्ती कराया गया था। पुलिस ने कहा कि अस्पताल में वसा मुक्ति सर्जरी के दौरान एनेस्थीसिया के बाद ऑपरेशन के दौरान चीजें बिगड़ गईं। जैसे ही अभिनेत्री को दिल का दौरा पड़ा एनेस्थेटिस्ट डॉ. मेल्विन ने उन्हें काडे अस्पताल पहुंचाया। काडे अस्पताल के (शेष पेज 4)

## गंडोला से कैंट रेलवे स्टेशन से बाबा विश्वनाथ धाम और गंगा के करीब पहुचेंगे श्रद्धालु

- पब्लिक परिवहन के लिए देश की पहली गंडोला सेवा शुरू होगी वाराणसी में, योगी सरकार ने दी हरी झंडी

**पायनियर समाचार सेवा ।** वाराणसी

**पूर्वी** भारत के गेट-वे के रूप में विकसित हो रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के विकास में एक नया अध्याय जुड़ने वाला है। काशी में श्रद्धालु गंडोला से कैंट रेलवे स्टेशन से सीधे बाबा विश्वनाथ धाम और गंगा के करीब पहुचेंगे। योगी सरकार की ओर से कैंट स्टेशन से गोदौलिया के बीच गंडोला परियोजना को हरी झंडी मिलने के बाद अब नए तरीके से धरातल पर उतारने की कवायद शुरू हो गई है।

गंडोला में 228 केबिन होंगे, एक केबिन में 10 लोग सवार होकर 17 मिनट में कैंट से गोदौलिया तक की दूरी तय कर लेंगे। नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक मैनेजमेंट कंपनी लि. द्वारा परियोजना के एलाइनमेंट का विस्तृत अध्ययन कर पुन: फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार की गयी है। नेशनल हाई वे, रिंग रोड, फ्लाईओवर, आरओबी के बाद वाराणसी के भीड़-भाड़ वाले इलाके में पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए गंडोला चलेगी। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार वाराणसी शहर में परिवहन को सुगम बनाने के लिए, पायलट प्रोजेक्ट के तहत, कैंट रेलवे स्टेशन से गोदौलिया तक गंडोला चलाएगी। काशी के पुराने इलाकों की सड़कें संकरी होने और ट्रैफिक का दबाव अधिक होने से जाम की स्थिति बनी रहती है। जिससे देशी-विदेशी पर्यटकों के अलावा स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। वाराणसी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष ईशा दुहन ने बताया कि नए प्रस्ताव में 5 स्टेशन प्रस्तावित किए गए हैं जिसमें पहला स्टेशन कैंट स्टेशन, उसके बाद विद्यापीठ स्टेशन, रथयात्रा स्टेशन, गिरजा घर क्रॉसिंग, जोकि टर्निंग स्टेशन होगा तथा अंतिम स्टेशन गोदौलिया चौक पर प्रस्तावित किया गया है।

कैंट रेलवे स्टेशन या रोडवेज पर आने वाले यात्री गंडोला से श्री काशी विश्वनाथ धाम, दशाश्वमेध घाट और गोदौलिया बाज़ार के करीब 3.75 किलोमीटर की दूरी 6.5 मीटर प्रति सेकंड की रफ़्तार से महज़ 17 मिनट में तय करेंगे। यात्रियों के लिए गंडोला की सेवा 16 घंटे उपलब्ध रहेगी। गंडोला से सफर करने वाले यात्री को वायु और ध्वनि प्रदूषण से राहत मिलेगी। गंडोला स्टेशन और ट्राली पर वाराणसी की कला, धर्म और संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। स्टेशन (शेष पेज 4)

# मोदी के मार्गदर्शन को मंत्रिपरिषद का धन्यवाद



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में धन्यवाद प्रस्ताव पास कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन के लिए आभार जताया गया। प्रस्ताव में कहा गया कि प्रधानमंत्री ने प्रोटोकाल किनारे कर राज्य के सभी मंत्रियों से संवाद कर उनका मार्गदर्शन किया। प्रधानमंत्री सोमवार को लुंबनी से लौटते हुए लखनऊ में कुछ घंटे रुके थे। उन्होंने मुख्यमंत्री आवास पर जाकर सभी मंत्रियों से सीधे संवाद किया था और साथ में रात्रि भोज भी किया था। इस बैठक में प्रधानमंत्री ने उन्हें शासन प्रशासन के जरिए जनता की बेहतरी के लिए कई अहस सुझाव दिए थे।

मंगलवार को मुख्यमंत्री ने इसी बाबत मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई। इसमें सभी मंत्री शामिल हुए। बैठक में प्रधानमंत्री के प्रति आभार जताया गया कि उन्होंने अपनी अतिव्यस्तता के बावजूद यहां के मंत्रियों के लिए समय निकाला और जनता से जुड़ने के अहम उपायों पर चर्चा की। बैठक से बाहर निकलते हुए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि किसी प्रधानमंत्री ने पहली बार मंत्रियों के साथ बैठक कर संवाद किया। इसलिए बैठक में सर्वसम्मति से प्रधानमंत्री के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव पास किया गया। मुख्यमंत्री ने इसी बैठक में 23 मई से शुरू हो रहे विधानमंडल बजट सत्र की चर्चा करते हुए कहा कि सभी मंत्री तैयारी के साथ आएं। वह अपने विषय व विभाग के काम की पूरी जानकारी कर लें। सदन में सदस्यों के सवालों का जवाब देने के लिए वह पूरी तरह

## मान्यता प्राप्त मदरसों को नहीं मिलेगा अनुदान

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार अब वर्ष 2003 तक के आलिया स्तर की स्थाई मान्यता प्राप्त मदरसों को अनुदान नहीं देगी। मंगलवार को मंत्रिमंडल की बैठक में अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय की ओर से आए प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। प्रस्ताव में कहा गया है कि वर्ष 2003 तक के मदरसों को स्थायी मान्यता प्राप्त मदरसों की अनुदान सूची पर लिए जाने की नीति को समाप्त कर दिया गया है। इसी क्रम में न्यायालय के आदेश के अनुपालन में मऊ के रहीमाबाद स्थित मदरसा इस्लामिया सफीनतुल हैदाया को अनुदान सूची पर लिए जाने का भी निर्णय लिया गया है। गोरखपुर के पीपीगंज स्थित मदरसा नूरिया खैरिया बगही भारी के प्रबंधन प्रत्यावेदन के निस्तारण के बारे में भी कैबिनेट से मंजूरी ली गई।

## यूपी बोर्ड 2021 परीक्षाफल निर्धारण प्रक्रिया को मंजूरी

**लखनऊ।** यूपी बोर्ड 2021 के परीक्षाफल निर्धारण की प्रक्रिया को कैबिनेट बैठक में अनुमति दी गई। यूपी बोर्ड 2021 में कोरोना संक्रमण के कारण हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा रदद कर दी गई थी। उस समय सरकार ने लिखित परीक्षा के अंकों का निर्धारण फार्मूला शासनादेश जारी कर तय किया था। उस समय तय किया गया था कि बाद में अंकों और परीक्षाफल निर्धारण की प्रक्रिया को कैबिनेट की अनुमति के लिए भेजा जाएगा। सरकार ने वर्ष 2021 में हाईस्कूल का रिजल्ट कक्षा 9 व कक्षा 10 के प्री बोर्ड के 50-50 फीसदी अंक और आंतरिक मूल्यांकन के अंकों को जोड़ कर जारी किया था। वहीं इंटरमीडिएट के लिखित परीक्षा के अंकों में हाईस्कूल के 50 प्रतिशत, कक्षा 11 के वार्षिक-अर्द्धवार्षिक परीक्षा के 40 प्रतिशत, कक्षा 12 के प्री-बोर्ड के 10 प्रतिशत नंबर जोड़कर तय किया गया था। इसके अलावा कैबिनेट बैठक में राज्य सरकार ने औद्योगिक विकास विभाग के दो प्रस्ताव स्वीकृत किए। इसमें गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे परियोजना और बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के विभिन्न पैकेज को शिड्यूल-एच में प्रदान की गई राहत को 31 अक्टूबर 2022 तक के लिए बढ़ाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है।

## नवनिर्वाचित सदस्यों को सम्बोधित करेंगे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**18वीं** विधान सभा के नवनिर्वाचित सदस्यों का प्रबोधन कार्यक्रम 20 और 21 मई को होगा। कार्यक्रम का उदघाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे जबकि समापन राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी।

इस कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष के अलावा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव, संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना भी उपस्थित रहेंगे। लोकसभा अध्यक्ष नव निर्वाचित सदस्यों को सदन के नियमों और कार्य संचालन प्रक्रिया के साथ-साथ सदन की परंपराओं व अनुशासन का भी पाठ पढ़ाएंगे। ई-विधान को लेकर नव निर्वाचित सदस्यों का विधिवत प्रशिक्षण तिलक हॉल में आयोजित होगा जिसमें संसदीय कार्य मंत्री, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राम गोविंद चौधरी, पूर्व मंत्री एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बीजेपी लक्ष्मीकान्त वाजपेयी, पूर्व अध्यक्ष विधान सभा हृदय नारायण दीक्षित वक्ता के रूप में नव निर्वाचित विधायकों को मार्गदर्शन देंगे। 21 मई को प्रात: 11.30 बजे राज्यपाल का संबोधन होगा। समारोह में मुख्यमंत्री भी नव निर्वाचित विधायकों को सम्बोधित करेंगे। इसके बाद विधान सभा मण्डप में ई-विधान का व्यावहारिक प्रशिक्षण समस्त सदस्यों को एनआईसी के विशेषज्ञों द्वारा दिया जाएगा।

ई-विधान का उद्घाटन भी लोकसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री, अध्यक्ष विधान सभा द्वारा किया जाएगा। ई-विधान के व्यावहारिक प्रशिक्षण में सभा मण्डप में लगाई गई टेब्लेट्स पर विधायकों को प्रशिक्षण देने की योजना है। प्रशिक्षण के माध्यम से सदस्यों को यह बताया जाएगा कि किस तरह विधान सभा मण्डप में पेपरलेस कार्यवाही सम्पादित की जाएगी।

## आपदा मित्र और आपदा सखी का होगा विस्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** सरकार राज्य में प्राकृतिक आपदाओं से निपटने की बड़ी योजना बना रही है। बारिश,ओलावृष्टि, बाढ़ के दौरान होने वाले नुकसान को रोकने और लोगों की जान बचाने का मजबूत तंत्र स्थापित किया जा रहा है। इसके लिए राज्य सरकार, राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ मिलकर प्रदेश के 25 जनपदों में आपदा मित्र और आपदा सखी योजना को विस्तार देने जा रही है। इस योजना में जनपद के 18 से 40 आयु वर्ग के ऐसे वालेंटियर्स को प्राथमिकता दी जाएगी जो सिविल डिफेंस, होमगार्ड और कम्युनिटी सर्विस व तैराकी में अनुभव रखते होंगे। आपदा रिस्पोंस ऑपरेशन्स का उनको पूर्व का भी अनुभव होगा।

आपदा मित्र और आपदा सखियों को बचाव के उपकरण व सेफ्टी किट से लैस किया जाएगा ताकि वे किसी भी आपदा से निपट सकें। इसके लिए उनको प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इस योजना के तहत प्राकृतिक आपदा जैसे बारिश, बादल फटना, ओलावृष्टि आदि से प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान की जाएगी। सरकार इस योजना के तहत स्वयं सहायता समूह की 10 लाख महिलाओं को आपदा प्रबंधन के लिए प्रशिक्षण देगी। साथ ही आपदा प्रबंधन हेल्पलाइन 1070 को 112 हेल्पलाइन से इंटीग्रेटेड भी किया जाएगा।

गौरतलब है कि सरकार जहां अगले छह महीनों में राज्य आपदा प्रबंधन योजना को आगे बढ़ाते हुए आकाशीय विद्युत के लिए लाइटनिंग सेफ्टी प्रोग्राम के क्रियान्वयन की तैयारी कर रही है। वहीं जिला स्तरीय इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटरों का सुदृढ़ीकरण करने की कार्य-योजना भी बना रही है।

## ट्रैक, टेस्ट, ट्रीट की नीति से कोविड पर नियंत्रण: योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश में ट्रैक, टेस्ट, ट्रीट और टीकाकरण की नीति के सफल क्रियान्वयन से कोविड महामारी पर प्रभावी नियंत्रण बना हुआ है। उन्होंने प्रदेश में कोविड-19 से बचाव व उपचार की व्यवस्थाओं को पूरी तरह प्रभावी बनाए रखने के रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अधिक पॉजिटिविटी दर वाले जिलों में सार्वजनिक स्थानों पर फेस मास्क लगाए जाने की व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए।

मुख्यमंत्री आज लोक भवन में टीम 9 की बैठक में प्रदेश में कोविड -19 की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोविड टीकाकरण अभियान की प्रगति संतोषजनक है किन्तु 12 से 14 आयु वर्ग के बच्चों के टीकाकरण और 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों को बूस्टर डोज दिए जाने में तेजी लाने की आवश्यकता है। बच्चों की स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर हमें सतर्क रहना होगा। प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित किया जाए कि एक भी नागरिक टीकाकवर से वंचित न रहे। बूस्टर डोज की महत्ता और बूस्टर टीकाकरण केन्द्रों के बारे में आमजन को जागरुक किया जाए। हमें पूरी सावधानी और सतर्कता बरतनी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पावन 'बड़ा मंगल' के दृष्टिगत स्वच्छता, पेयजल आदि की आवश्यक व्यवस्था करायी जाए। लोगों की धार्मिक भावनाओं का पूरा सम्मान किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि धार्मिक आयोजनों से सड़क यातायात बाधित न हो। धार्मिक कार्य निर्धारित स्थलों पर ही किये जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आकांक्षात्मक जनपदों में उत्तर प्रदेश के सभी 8 जनपदों ने विकास के विविध मानकों पर सराहनीय कार्य किया है। नीति आयोग ने विभिन्न जनपदों के प्रयासों को सराहा है। प्रदेश के सभी आकांक्षात्मक जनपदों की अद्यतन विस्तृत प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। इसी प्रकार 100 आकांक्षात्मक विकास खण्डों के विकास कार्यों में तेजी लायी जाए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के व्यापक महत्व को देखते हुए पुलिस, यातायात, बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, प्राविधिक शिक्षा, परिवहन, नगर विकास, लोक निर्माण विभाग आदि सम्बन्धित विभागों के परस्पर समन्वय के साथ जागरुकता अभियान की कार्य योजना तैयार की जाए। आगामी 18 मई को इस कार्ययोजना के साथ प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के जन-प्रतिनिधिगण और अधिकारियों के साथ संवाद किया जाएगा, जिसके उपरान्त सड़क सुरक्षा अभियान आरम्भ होगा।

### हिमाचल प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा

## पेपर लीक मामले में एसटीएफ के हत्थे चढ़े दो अभियुक्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ





**एसटीएफ** ने हिमाचल प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक कराने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह के दो सक्रिय अपराधियों को वाराणसी से गिरफ्तार किया। अभियुक्तों के कब्जे से बिना नंबर की एक स्विफ्ट डिजायर गाड़ी बरामद हुई।

एसटीएफ के मुताबिक बीती 17 मई को हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा का प्रश्न पत्र परीक्षा से एक दिन पूर्व ही लीक कराकर अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराया गया। जिससे परीक्षा की शुचिता भंग करते हुए अवैध लाभ प्राप्त किया गया। जिसके सम्बन्ध में हिमाचल प्रदेश के थाना गगल, जिला कांगडा में धारा 420, 120बी आईपीएसी के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज किया गया। इस मुकदमे में अब तक 52 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका था। गैंग के सक्रिय सदस्य शिवबहादुर सिंह के जनपद वाराणसी व आसपास के जनपदों में होने की सूचना को हिमाचल प्रदेश पुलिस के उच्चाधिकारियों द्वारा एसटीएफ से साझा करते हुए आवश्यक सहयोग मांगा गया था। इस सम्बन्ध में यूपी एसटीएफ की वाराणसी इकाई की एक टीम अभिसूचना संकलन की कार्रवाई कर रही थी। अभिसूचना संकलन के दौरान विश्वस्त सूत्र से प्राप्त सूचना के आधार पर आज मंगलवार को अभियुक्त शिवबहादुर सिंह और अखिलेश यादव को सेंट मैरी स्कूल, थाना कैंट, जनपद वाराणसी के पास से गिरफ्तार किया।

### दोनों बेदीराम गैंग के सक्रिय सदस्य

**पूछताछ** के दौरान गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि वह सन 2003 से अन्तर्राज्यीय प्रतियोगी परीक्षाओं का पेपर लीक करने वाले बेदीराम गैंग का सक्रिय सदस्य है। जिसके द्वारा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रश्न पत्र लीक कराकर परीक्षा से पूर्व ही अभ्यर्थियों को पढ़वाया जाता था और उनको उत्तर बता दिया जाता था।

अभियुक्त द्वारा पूछताछ में यह भी बताया गया कि तेलंगाना, पंजाब व चंडीगढ़ में आयोजित होने वाले विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं व भर्तियों का प्रश्न पत्र लीक कराने के प्रकरण में अभियुक्त उपरोक्त उक्त राज्यों में कई बार जेल जा चुका है। इस कार्य से इसके द्वारा लगभग 10 से 12 करोड़ रुपए कमाया गया है। उन्हीं पैसों से सन 2015 में वाराणसी के विंध्यवासिनी नगर कॉलोनी अर्दली बाजार में तीन मंजिला मकान नं. 66 को तीन करोड़ रुपए में खरीदा गया और विंध्यवासिनी नगर कॉलोनी में ही एक दूसरा मकान 40 लाख रुपए में एग्रीमेण्ट कराया गया है। अभियुक्तों से जब हिमाचल प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा के बारे में पूछताछ किया गया तो अभियुक्त शिवबहादुर द्वारा बताया गया कि हिमाचल प्रदेश पुलिस में आरक्षी भर्ती की लिखित परीक्षा का प्रश्न पत्र उपलब्ध होने पर 11 अभ्यर्थियों को प्रश्न पत्र चंडीगढ़ में परीक्षा से एक दिन पूर्व ही हल करा दिया गया। इस काम से अभी तक 7 लाख रुपए प्राप्त हुए है।

इस सम्बन्ध में हिमाचल प्रदेश में अभियोग पंजीकृत होने तथा लोगों की गिरफ्तार के सम्बन्ध में अभियुक्त को जानकारी हो गई थी। इसी डर से हम लोग लुकछिप कर रह रहे थे। दोनों अभियुक्तों को थाना कैंट, वाराणसी में दाखिल कर अग्रिम विधिक व ट्रांजिस्ट रिमांड आदि की कार्रवाई हिमाचल प्रदेश पुलिस द्वारा की जा रही है।

## सीएम के छह ओएसडी का कार्यकाल बढ़ा

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री कार्यालय में तैनात छह विशेष कार्याधिकारियों ओएसडी का कार्यकाल 31 मार्च 2023 तक बढ़ा दिया गया है। इनका कार्यकाल बीते 31 मार्च को समाप्त हो गया था। जिन ओएसडी का कार्यकाल बढ़ाया गया है उनमें नरेंद्र कुमार सिंह चौहान, अजय कुमार सिंह, राज भूषण सिंह रावत, संजीव सिंह, धर्मेंद्र चौधरी तथा उमेश सिंह शामिल हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री के गोरखपुर स्थित शिविर कार्यालय में तैनात जन सामान्य निवारण अधिकारी मोती लाल सिंह का कार्यकाल भी 30 सितंबर 2022 तक बढ़ाया गया है। इस संबंध में सचिवालय प्रशासन विभाग की ओर से आदेश जारी कर दिए गए हैं।

## यूपी बनेगा रेडीमेड गारमेंट हब

### पूर्वांचल, नोएडा, कानपुर व आगरा में उत्पादन कॉम्प्लेक्स बनेंगे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश का भारत के कपड़ा और वस्त्र उद्योग में प्रमुख योगदान रहा है और राज्य में बनने वाले हथकरघा और रेडीमेड वस्त्र देश के कोने-कोने में लोकप्रिय रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस गौरवशाली परंपरा को और समृद्ध करते हुए प्रदेश के कई जिलों में रेडीमेड गारमेंट उद्योग को बढ़ावा देने की योजना बनाई है। नयी योजना के तहत नई इकाइयां लगेंगी जिससे उत्पादों को निर्यात भी किया जाएगा और साथ में रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। औद्योगिक विकास की इस महत्वाकांक्षी कार्य योजना के अनुसार, आगामी 100 दिनों में आगरा, गोरखपुर और कानपुर में फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स का शिलान्यास कराया जाएगा। इनमें गारमेंट उत्पादन से जुड़ी इकाईयों को स्थापित किया जाना शामिल है।

लोक कल्याण संकल्प पत्र 2022 के अनुसार, आगामी 5 वर्षों में उत्तर प्रदेश को ग्लोबल टेक्सटाइल हब बना कर, 5 लाख रोजगार या स्व-रोजगार के अवसर प्रदान किये जाएंगे। भारत सरकार की पीएम मित्र योजना के अंतर्गत विश्व-स्तरीय टेक्सटाइल पार्क का विकास किया जाएगा, जिसमें प्रस्तावित निवेश-लक्ष्य रु 10,000 करोड़ है। अगले 100 दिनों में नोएडा में अपैरल पार्क बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी और जुलाई 2022 में इसका शिलान्यास होने की संभावना है। इस क्षेत्र में जून 2022 तक रु 3000 करोड़ के निवेश से लगभग 115 एक्सपोर्ट ऑरिएन्टेड टेक्सटाइल इकाइयां स्थापित की जाएंगी। साथ ही, पीपीपी मोड पर पांच नए टेक्सटाइल व अपैरल पार्क बनाने की प्रक्रिया तेज की जा रही है। आगामी 5 वर्षों में प्रदेश के प्रत्येक ब्लॉक में हथकरघा और टेक्सटाइल क्लस्टर का विकास प्रस्तावित है।

## अघोषित बिजली कटौती के चपेट में प्रदेश: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश इन दिनों गर्मी की भीषण तपिश में झुलस रहा है। बिजली व्यवस्था बेपटरी होने से जहां गांव, कस्बों और शहरों में जनजीवन बुरी तरह अस्त-व्यस्त है वहीं उद्योगधंधे भी प्रभावित हो रहे हैं। कई इलाकों में जल संकट से हालात ज्यादा बिगड़ गए हैं। अखिलेश ने कहा कि पहले से ही यह चेतावनी मौसम वैज्ञानिक दे चुके थे कि इस वर्ष गर्मी का ताप बहुत बढ़ेगा लेकिन भाजपा सरकार ने इस आपात स्थिति के समाधान पर ध्यान नहीं दिया। भाजपा सरकार और ऊर्जामंत्र बयानों के बल पर ही गवर्नेंस का नाटक करते रहे। बिजली-पानी संकट के समाधान पर उन्होंने ध्यान नहीं दिया। अखिलेश ने कहा कि यूपी के 3 करोड़ से ज्यादा विद्युत उपभोक्ताओं की मांग 6 करोड़ 60 लाख किलोवाट की है लेकिन 132 किलोवाट विद्युत सब स्टेशनों की क्षमता मात्र 5 करोड़ 21 लाख किलोवाट की है। सरकार मांग और आपूर्ति के बढ़ते अन्तर के बावजूद लापरवाह बनी हुई है। जनता को इस तरह जानबूझकर गर्मी की आग में तपने के लिए भाजपा सरकार ने छोड़ दिया है। भाजपा सरकार और उत्तर प्रदेश शासन की अकर्मण्यता का हाल यह है कि गोरखपुर में ही बड़ी संख्या में बिजली उपभोक्ता अघोषित कटौती से जूझ रहे हैं, घरों के नलों में जल नही होने के कारण कई मोहल्लों के लोग खरीद कर पानी पीने को मजबूर है। भाजपा सरकार की पर्याप्त और अबाध बिजली देने की थोथी घोषणाओं की पोलपट्टी खुल चुकी है। भाजपा सरकार ने एक भी यूनिट बिजली का उत्पादन नहीं किया है।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैं अस्फिया खानम बयान करती हूं कि मैंने अपना नाम बदलकर अस्फिया इदरीस रख लिया है। आज से मुझे इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाए। अस्फिया इदरीस फ्लैट न0 6, एक्सल टावर वरूणापुल, कैण्ट, वाराणसी।

**सूचना**

सूच्य हो कि मैंने अपना नाम गोपाल कृष्ण अग्रवाल से बदलकर गोपाल कृष्ण कर दिया है। अब से समस्त अभिलेखों में मेरा नाम गोपाल कृष्ण ही पढ़ा व समझा जाये। गोपाल कृष्ण पुत्र स्व0 नत्थामल लाठ निवासी लाठ भवन, स्टेशन रोड, तहसील व जिला सीतापुर।

**NOTICE**

In Nagar Nigam Birth certificate no. 237188/270944 ,of my daughter's names spelling Zuberiya Ansari ,my names spelling Mohd Taiyab Ansari & Mother's names spelling Akbari Khatoon as mentioned wrongly by mistake. The correct spelling of my daughters name is Juwairiya Ansari, My names spelling is Mohammad Taiyyeb Ansari, & Mothers names spelling is Akbari. - Mohammad Taiyyeb Ansari 616/139 B Block sherwani Nagar Lko.

## पन्द्रह जिलों में विकसित होंगे फूड फारेस्ट

### कृषि विविधीकरण के मॉडल बनेंगे ये इको फ्रेंडली फूड फारेस्ट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** सरकार-2 में 'फूड फारेस्ट' के जरिए हरियाली बढ़ाकर पर्यावरण संरक्षण की अभिनव पहल की गई है। इसके लिए सरकार ने अलग कृषि जलवायु क्षेत्रों (एग्रो क्लाइमेटटिक जोन) के 15 जिलों को चिन्हित किया है। इन जिलों में स्थानीय किसानों के सहयोग से अगले छह महीने में फूड फारेस्ट विकसित किए जाएंगे।



चिन्हित किए गए जिलों मे बिजनोर, अमरोहा और सहारनपुर आम की पट्टी के तथा संभल, रामपुर और बदायूं अमरूद पट्टी के हैं। इसी तरह अन्य जिले भी किसी न किसी फलपट्टी में शामिल हैं। ये पार्क इको-फ्रेंडली होने के साथ खुद में कृषि विविधीकरण की भी मिसाल होंगे। फूड फारेस्ट में संबंधित क्षेत्र के कृषि जलवायु क्षेत्र (एग्रो क्लामेटिक जोन) के अनुसार पौधों का चयन किया जाएगा। प्राकृतिक तरीके से नाइट्रोजन फिक्सेशन के लिए फूड फारेस्ट में दलहनी फसलों को भी स्थान दिया जाएगा। मसलन गोरखपुर में विकसित किए जाने वाले फूड फारेस्ट में पहले चरण में आम, अमरूद, अनार और पपीते के पौधे लगाये जाएंगे। दूसरे चक्र में जामुन, बेर यानी छोटे जंगली फलों के पौधे लगाए जाएंगे। तीसरे चक्र में अरहर, मूंग, उड़द, मटर व चने की बोआई होगी। चौथे चरण में लेमनग्रास, तुलसी, अश्वगंधा जैसे हर्बल प्लांट पार्क लगेंगे। पांचवें चक्र में गिलोय, अंगूर, दमबूटी आदि बेल प्रजाति रोपित होगी। इसी तरह पौधों का चयन अलग - कृषि जलवायु क्षेत्र के अनुसार होगा। इसमें लगी दलहनी फसलें प्राकृतिक रूप से नाइट्रोजन स्थिरीकरण (फिक्सेशन) का काम करेंगी। पक्षियों की बीट प्राकृतिक खाद का काम करेगी। फूलों पर आने वाली मधुमक्खियां और तितलियां परागण का काम करेंगी। दरअसल सरकार का मकसद किसानों की आय बढ़ाना है। धान-गेंहू की परंपरागत खेती की बजाय कृषि विविधीकरण से ही ऐसा संभव है। ये पार्क अपने आप में इसकी नजीर होंगे। इन पार्कों से प्रसंस्करण इकाइयों के लिए भविष्य में कच्चा माल मिलेगा। फलदार पौधों के रकबे के साथ हरियाली भी बढ़ेगी।

**इन शहरों में बनेंगे फूड पार्क**

**बुलन्दशहर,** सहारनपुर, मेरठ, गाजियाबाद, बिजनोर, अमरोहा, मुरादाबाद, संभल, रामपुर, बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर, पीलीभीत, गोरखपुर और गौतमबुद्धनगर।

**कानपुर नगर निगम**

**वर्ष 2022-23 में ठेकेदारों के पंजीकरण/नवीनीकरण हेतु**

**सूचना**

कानपुर नगर निगम में कार्यरत पूर्व के ठेकेदारों तथा अन्य इच्छुक ठेकेदारों से नगर निगम के अभियंत्रण कार्यों हेतु वित्तीय वर्ष 2022-23 में पंजीकरण हेतु विभिन्न श्रेणियों में ठेकेदारों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं साथ ही जिन ठेकेदारों द्वारा अपने नवीनीकरण कराये जाने है उनको भी सूचित किया जाता है कि वे निर्धारित फार्म पर वांछित औपचारिकता पूर्ण करते हुये अपने आवेदन पत्र नगर निगम में जमा कर दें। पूर्ण रूप से भरे हुये फार्म मुख्य अभियंता (सिविल) कार्यालय में जमा किये जायेंगे। पंजीकरण/नवीनीकरण हेतु नगर निगम में प्रचलित पंजीकरण नियमावली के समस्त उपबन्ध/नियम यथावत लागू रहेंगे। नवीनीकरण/पंजीकरण फार्म मुख्य अभियंता कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। शेष शर्तें पंजीकरण/नवीनीकरण फार्म में उल्लिखित हैं।

1. श्रेणीवार प्रमुख औपचारिकतायें निम्नवत है :-

| श्रेणी | अधिकृत निविदा धनराशि | जमानती धनराशि | हैसियत प्रमाण पत्र | पंजीकरण/ | नवीनीकरण शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| सुपर 'ए' (एच0एम0 पी0) | हाटमिक्स प्लान्ट से किये जाने वाले समस्त कार्य | 150000/- | 50 लाख | 50000/- | 20000.00 |
| सुपर 'ए' | रुपये 50 लाख से अधिक | 75,000/- | 30 लाख | 25000/- | 15000.00 |
| "ए" | रुपये 20 लाख से अधिक 50 लाख तक | 40,000/- | 20 लाख | 15000/- | 10000.00 |
| "बी" | रुपये 5 लाख से अधिक 20 लाख तक | 25,000/- | 10 लाख | 10000/- | 5000.00 |
| "सी" | रुपये 2 लाख से अधिक 5 लाख तक | 20,000/- | 02 लाख | 8000/- | 3000.00 |

निविदा मूल्य हेतु निम्नानुसार पूर्व स्वीकृत दरें प्राविधानित हैं:-

| अधिकृत निविदा धनराशि | निविदा मूल्य |
|---|---|
| धनांक रु0 1 लाख तक निविदा | 100.00 |
| धनांक 100001 से 5 लाख तक की निविदा | 500.00 |
| धनांक 500001 से 20 लाख तक की निविदा | 1000.00 |
| धनांक 2000001 से 30 लाख तक की निविदा | 1500.00 |
| धनांक 30 लाख से अधिक लागत की निविदा | 2000.00 |

पंजीकरण/नवीनीकरण फार्म नगर निगम की वेबसाइट www.kmc.up.nic.in पर भी उपलब्ध है।

(एस0के0 सिंह)
मुख्य अभियन्ता

(नगर आयुक्त)
नगर निगम, कानपुर

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित।
स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582



गर्मी की तपिश पर भारी पड़ा हनुमान भक्तों का उत्साह

## को नहिं जानत है जग में कपि....

# बजरंग बली के जयकारों से गूंजे मंदिर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शहर** में बड़ा मंगल पर भव्यता के साथ सुंदरकांड और भंडारे का आयोजन हुआ। हजरतगंज में महापौर द्वारा नगर निगम सहित कई भंडारों में शामिल होकर प्रसाद वितरण किया गया। हनुमान सेतु, अजीगंज पूराना और नया हनुमान मंदिर पर सुंदर कांड का आयोजन किया गया। इसके साथ ही नगर निगम सहित जलकल के अधिकारी सक्रिय रहे। साफ सफाई के स ाथ कई स्थलों पर टेंकर्स खड़े देखे गए।

मंगलवार को ज्येष्ठ माह के प्रथम बड़ा मंगल पर पूरी राजधानी बजरंगबली के जयकारे से गूंजती रही। विश्वविद्यालय रोड पर हनुमान सेुत मंदिर पर भक्तों का तांता लगा रहा। सुबह से ही भक्तों भीड़ मंदिर में हनुमान जी के दर्शन के लिए लालायित रहे। कई भक्तों ने पूड़ी सब्जी, छोला चावल बांटते दिखे। इंदिरानगर में मुंशीपुलिया, लेखराज हनुमान मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में भक्तों ने आकर शामिल हुए। यहां भक्तों ने सेवा देकर प्रसाद ग्रहण किया। महापौर संयुक्ता भाटिया ने हजरतगंज सहित विभिन्न इलाकों के भंडारों में शामिल होकर सेवा दी। भीड़ में महापौर ने प्रसाद बांटते हुए आयोजकों के कार्य और प्रबंधन को सराहा। महाबीर जी मेला पौधशाला समिति नगर निगम ने आईटी कालेज के पास भंडारे का आयोजन किया गया। यह 62वां आयोजन था, जहां कर्मचारी के साथ अधिकारियों ने भी प्रसाद ग्रहण किया। यहां अपर नगर आयुक्त अभय पांडेय अपने परिवार के साथ शामिल हुए। इंदिरानगर के तकरोही में एसके श्रीवास्तव ने सुंदरकांड का पाठ कराया, उसके पश्चात भंडारे का आयोजन किया। यहां लगातार आने वाले भक्तों को प्रसाद दिया गया। बड़ी संख्या में आए भक्तों ने ढोल मंजीरा के साथ भजन गाए। सेक्टर 14 में भंडारे का आयोजन किया गया। यहां छोला चावल और मीठा बांटकर लोगों को प्रसाद वितरण किया। भंडारे के दौरान आयोजकों ने सफाई का ख्यास ध्यान रखा। भंडारे के दौरान पत्तलों और ग्लास को पहले से निर्धारित डस्टबिन रखा गया। वहीं नगर निगम के क्षेत्रीय कर्मियों और सुपरवाइजरों ने सफाई करा कर भंडारे और मंदिरों के पास हो रहे आयोजनों को सफल बनाने में सहयोगी बने। हालांकि कई स्थलों पर पत्तल इधर उधर पड़े मिले। इ सके साथ ही पेयजल के लिए जलकल द्वारा कई स्थलोंपर टैंकर्स से पानी की सप्लाई की गयी। पेयजल बर्बाद न हो इसके लिए स्वयं सेवक भी मौके परमौजूद रहे। पूरी लक्ष्मणनगरी में हनुमान जी के जयकारों से गूंज उठी।

### अनूप जलोटा के भजनों ने श्रद्धालुओं को किया मंत्रमुग्ध



**लखनऊ।** नीलांश ग्रुप के तत्वधान में पहले बड़े मंगल के मौके पर ऐशबाग में विशाल भंडारे और भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भजन सम्राट अनूप जलोटा द्वारा गए भजनों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा, केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर, बीकेटी के भाजपा विधायक योगेश शुक्ला, महिलाहाबाद विधायक जय देवी, ग्रुप के चेयरमैन सतीश श्रीवास्तव, निदेशक संतोष श्रीवास्तव, प्रतिमा श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव व मदनलाल रावत प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# मानक नगर चश्मा कारोबारी को सरेआम गोली मारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** के मानक नगर इलाके में एक चश्मे के कारोबारी को हिस्ट्रीशीटर ने गोली मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज करते हुए एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया है जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने टीमें बनाकर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

कृष्ण नगर थाना क्षेत्र के भोला खेड़ा में अपने परिवार के साथ रहने वाले 37 वर्षीय सौजन्य शरण कृष्णा नगर क्षेत्र में ही चश्मे की दुकान चलाते हैं । सौजन्य श्रवण को मंगलवार की सुबह गोली मार दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सौजन्य शरण की हालत खतरे से बाहर बताई है लेकिन सूत्रों की माने तो हालत गंभीर है। इंस्पेक्टर मानक नगर ने बताया कि अभी ये पता नहीं चल सका है कि सौजन्य शरण को गोली क्यों मारी गई उन्होंने बताया कि उन्हें गोली मारने के आरोपी ललित सोनकर की तलाश की जा रही है । बताया जा रहा है कि सौजन्य शरण को आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर गोली मारी गई है।

### अज्ञात शव मिला

**सआदत** गंज थाना क्षेत्र के कैम्पबेल रोड पर स्थित एसएस मैरिज लॉन के करीब बनी एक अर्ध निर्मित मार्केट के जीने पर एक 35 वर्षीय अज्ञात पुरुष की लाश पड़ी होने की सूचना स्थानीय लोगों के द्वारा सहादतगंज पुलिस को दी गई । सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । लाश करीब 10 दिन पुरानी बताई जा रही है दुर्गंध आने पर स्थानीय लोगों के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई थी । इंस्पेक्टर सआदतगंज सिद्धार्थ मिश्रा ने बताया कि मृतक की शिनाख्त अभी नहीं हो सकी है संभवत मृतक नशेड़ी था क्योंकि उसका एक हाथ नीला पड़ चुका था । इंस्पेक्टर सआदतगंज सिद्धार्थ मिश्रा का कहना है कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है मृतक के शरीर पर मौजूद कपड़ों के संबंध में पूछे जाने पर इंस्पेक्टर सहादतगंज का कहना था उसके शरीर पर जींस की पैंट और टीशर्ट थी उन्होंने बताया कि आसपास के लोगों को शिनाख्त के लिए बुलाया गया था लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। सआदतगंज थाना क्षेत्र के कैम्पबेल रोड पर स्थित है अर्ध निर्मित मार्केट के जीने पर मृतक की लाश कैसे पहुंची ये भी एक सवाल है मार्केट के जीने पर मिली पुरुष की लॉश करीब 10 दिन पुरानी होने की वजह से बुरी तरह से क्षत विक्षत थी जिसकी वजह से शरीर पर चोट के जाहिरा निशान भी नजर नहीं आ रहे थे।

## प्रोफेसर के समर्थन में उतरे छात्र संगठन, प्रदर्शन

**लखनऊ।** काशी विश्वनाथ मंदिर पर विवादित बयान को लेकर चर्चा में आये लखनऊ विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर रविकांत चंदन के समर्थन में छात्र संगठन उतर आये हैं। मंगलवार को डॉ चंदन के समर्थन में आल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन और भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन से जुड़े छात्रों ने विश्वविद्यालय के गेट नंबर दो के बाहर विरोध-प्रदर्शन शुरू किया। दोपहर 12 बजे एनएसयूआइ के विशाल सिंह, आइसा के निखिल सहित अन्य छात्र संगठनों के कार्यकर्ता विश्वविद्यालय के गेट नंबर एक पर धरने के लिए पहुंचे पर, छुट्टी होने की वजह से विश्वविद्यालय का गेट बंद था। साथ ही विरोध की सूचना पर पुलिस बल भी मौजूद रहा। उसके बाद छात्र संगठन गेट नंबर दो पर पहुंच कर बाहर धरने पर बैठ गए। आइसा के संयोजक निखिल उनका कहना है कि लखनऊ विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर रविकांत चंदन एक सजग प्रोफेसर के साथ ही एक मुखर सामाजिक चिंतक व विचारक हैं। विश्वविद्यालय परिसर में घुसकर अभाविप ने उनका विरोध कर अपशब्द कहे। अलोकतांत्रिक व धमकी भरे नारे का प्रयोग कर उन्हें मारने की धमकी दी गयी। हम अभाविप के इस आक्रामक प्रदर्शन को असहिष्णुता और बहुसंख्यक सांप्रदायिकता और हिंसा के एक और उदाहरण के रूप में देखते हैं जो पूरे देश में, खासकर भाजपा शासित राज्यों में आदर्श बनता जा रहा है। इस दौरान छात्रों ने अभाविप के साथ जुड़े छात्रों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को यादगार बनाने में जुटे विश्वविद्यालय, 21 मई से होगा शुरू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**इस** बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को यादगार बनाने के लिए राज्य सरकार के निर्देश पर विश्वविद्यालयों में व्यापक स्तर पर तैयारी शुरू हो गयी है। योग दिवस पर न केवल विश्वविद्यालय अपितु इससे जुड़े महाविद्यालयों में भी इसके आयोजन होंगे। लखनऊ विश्वविद्यालय से लेकर एकेटीयू, भाषा विश्वविद्यालय, बीबीएयू और शकुंतला मिश्रा यूनिवर्सिटी में तैयारियां अभी से शुरू कर दी गई हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ 21 मई से होगा। बीबीएयू में एक माह पूर्व ही विविध आयोजन शुरू हो जाएंगे और 21 जून को बड़े स्तर पर योग दिवस मनाया जाएगा। बीबीएयू प्रवक्ता गोपाल सिंह ने बताया कि योग दिवस को खास बनाने के लिए एक महीना पूर्व 21 मई से योग आधारित कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे। जिसमें मार्डन लाइफ में योग का महत्व, योग वर्कशॉप, योग प्रदर्शन प्रतियोगिता, कॉमन योग प्रोटोकॉल जैसे कार्यक्रमों की रुपरेखा तैयार हो गई है। 21 मई को बीबीएयू सभागार में एक महीने की योग कार्यशाला शुरू होगी। छह जून से 11 जून तक विभिन्न बीमारियों में योग का महत्व विषयक कार्यशाला, 13 जून को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, 15 जून को योग प्रदर्शन प्रतियोगिता, 16 से 21 जून तक कॉमन योग प्रोटोकॉल एवं 21 जून को बीबीएयू में विशाल योग दिवस मनाया जाएगा।

### एलयू में 7500 छात्र करेंगे योग

**अन्तरराष्ट्रीय** योग दिवस पर लखनऊ विश्वविद्यालय के 7500 छात्र एक साथ योगा करेंगे। विश्वविद्यालय योग दिवस अमृत महोत्सव के परिपेक्ष्य में मनाया जाएगा। कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने बताया कि योग हमारी भारतीय जीवन शैली का एक अहम हिस्सा है और छात्रों को विशेष रूप से इससे एकाग्र होकर अपने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने समेत अनेक लाभ मिलते हैं।

### भाषा विवि में भी तैयारियां शुरू

**ख्वाजा** मुईनुद्दीन चिश्ती विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एनबी सिंह ने बताया कि अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। बड़े स्तर पर योग दिवस मनाया जाएगा जिसमें सभी वर्ग के लोग शामिल होंगे।

### शकुन्तला विवि में 100 शिक्षक, छात्रों का योगासन

**डा** शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के क्रीड़ा एवं योग प्रकोष्ठ निदेशक प्रो नागेन्द्र यादव ने बताया कि अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने की रूपरेखा बन गई है।

# राजधानी में कोरोना के 16 नए मामले, कुल संख्या तीन लाख

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** की पहली, दुसरी और तीसरी लहर में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या तकरीबन तीन लाख के करीब पहुॅच गयी है। जबकि 2694 मरीजों की मौत दर्ज की गयी है। वर्तमान में लखनऊ में 102 एक्टिव केस हैं। वहीं मंगलवार को 16 नये कोरोना के मरीज पाये गये हैं।

स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक राजधानी लखनऊ में अब तक 294393 कोरोना के मरीज मिल चुके हैं। लखनऊ में आ 16 नये कोरोना के मरीज मिले हैं। इनमें 11 पुरूष और 5 महिला रोगी शामिल है। जबकि 28 मरीजों को स्वस्थ घोषित किया गया है। लखनऊ में आज अलीगंज में 6, चिनहट में 4, एनके रोड में 2, आलमबाग में 1, रेडक्रास में 1, सरोजनीनगर में 1 कोरोना का मरीज पाया गया है। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने आज बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 70,078 सैम्पल की जांच की गयी। कोरोना संक्रमण के 129 नये मामले आये हैं। प्रदेश में अब तक कुल 11,30,12,737 सैम्पल की जांच की गयी हैं। उन्होंने बताया कि विगत 24 घण्टों में 202 लोग तथा अब तक कुल 20,53,447 लोग कोविड.19 से ठीक हुए हैं।

## एलयू के पुराने कोर्सों की परीक्षाएं आज से

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय स्नातक विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के बाद अब बुधवार यानी 18 मई से स्नातक पुराने पाठ्यक्रमों की शुरू होंगी। बीए, बीएससी, बीकॉम पुराने पाठ्यक्रम की परीक्षाएं एक जुलाई तक होंगी। विवि के परीक्षा नियंत्रक विद्यानन्द त्रिपाठी ने बताया कि वार्षिक परीक्षाओं की तैयारियां पूरी हो गई हैं। प्रवेश पत्र अपलोड कर दिया गया हैं। इन परीक्षाओं के लिए मुख्य परिसर को केन्द्र बनाया गया है। जहां दो पालियों में सुबह नौ से 12 एवं दोपहर दो से पांच बजे परीक्षाएं होंगी। बीए, बीएससी तृतीय वर्षीय गणित पुराने पाठ्यक्रम की परीक्षाएं 18 मई से 24 जून, बीकॉम तृतीय वर्षीय पुराने पाठ्यक्रम की परीक्षाएं 18 मई से नौ जून, बीए तृतीय वर्षीय पुराना पाठ्यक्रम की परीक्षाएं 18 मई से एक जुलाई तक होंगी।

# सर्विलांस टीम ने खोज निकाले 51 मोबाइल फोन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डीसीपी** मध्य जोन की सर्विलांस टीम ने 51 ऐसे लोगो की खुशियों को वापस कर दिया जिनके महंगे मोबाइल फोन गुम हो गए थे। इन 51 लोगों ने अपने महंगे मोबाइल फोन वापस मिलने की आस लगभग छोड़ दी थी । डीसीपी मध्य अपर्णा रजत कौशिक की देखरेख में सर्विलांस सेल में तैनात उपनिरीक्षक प्रशांत वर्माए उपनिरीक्षक फिरोज आलम और कांस्टेबल शरीफ खानए आशीष कुमार मिश्रा महिला कांस्टेबल शालिनी अजीत कुमार शर्मा ए विमल चंद्रपाल अखिलेश कुमार सिंह और जतिन कुमार ने मिल कर 51 लोगों के गुम हुए मोबाइल फोन को तलाश कर आज डीसीपी मध्य के कार्यालय में बरामद हुए सभी मोबाइलों के वास्तविक मालिकों को बुलाकर एडीसीपी मध्य राघवेंद्र मिश्रा की मौजूदगी में उन्हें वापस कर दिए। आपको बता दें कि लखनऊ कमिश्नरेट के मध्य जोन की 9 सदस्य वाली टीम के द्वारा तलाश किए गए 51 मोबाइलों की कीमत करीब 13 लाख 60 हजार रुपए बताई जा रही है । डीसीपी कार्यालय में अपने गुम हुए मोबाइल पाकर लोगों के चेहरों पर मुस्कान साफ नजर आई । मोबाइल पाने वालों ने सर्विलांस की टीम शुक्रिया भील अदा किया।

## बैंक के लाखों रुपए हड़पने वाला जालसाज गिरफ्तार

**लखनऊ ।** महानगर पुलिस में आज एक ऐसे शातिर जालसाज को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है जिसमें कूट रचित दस्तावेजों के माध्यम से महानगर स्थित बैंक ऑफ इंडिया से लाखों रुपए का लोन लेकर हड़प लिया था। जनवरी 2022 बैंक ऑफ इंडिया गोल मार्केट शाखा के महाप्रबंधक आलोक कुमार दीक्षित की तहरीर पर हाता गनी खां उदय गंज हुसैनगंज के रहने वाले अर्जुन सिंह के खिलाफ जालसाजी का मुकदमा दर्ज किया गया था। मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी और आज बैंक को चूना लगाने वाला जालसाज अर्जुन सिंह पुलिस के हत्थे चढ़ गया जिसे कार्रवाई करने के बाद जेल रवाना कर दिया गया।

# पीजीआई रीनल ट्रांसप्लांट में भर्ती शुरू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बड़े** मंगल पर पीजीआई के आकस्मिक चिकित्सा एवं गुर्दा प्रत्यारोपण केंद्र में भर्ती शुरू कर दी गयी। पहले मरीज के रूप में शिवम मिश्रा को भर्ती कर विभाग के प्रमुख प्रो नारायण प्रसाद ने आंशिक रूप से भवन को क्रियाशील किया। इससे पूर्व संस्थान के निदेशक प्रो आर के धीमन ने नारियल फोड़ कर और प्रथम देव श्री गणेश व महावीर बजरंगबली को पुष्पार्पण कर औपचारिक शुभारंभ किया। इस मौके मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रो गौरव अग्रवाल, नेफ्रोलाजी विभाग के संकाय सदस्य, रेजीडेंट चिकित्सको के अलावा यूपीआरएनएन के अभियंता सहित संस्थान के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। पीजीआई के इमरजेंसी एंड रीनल ट्रांसप्लांट सेन्टर का शिलान्यास और लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया था। भवन का शिलान्यास 15 अक्टूबर 2018 और लोकार्पण 8 जनवरी 2022 को किया गया था। इस भवन में 558 बेड है। जिसमें इमरजेंसी, नेफ्रोलॉजी और यूरोलॉजी विभाग अपना कार्य करेंगे।

# अवैध कब्जों पर चला एलडीए का बुलडोजर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मोती** झील के एक हिस्से पर भूमाफियाओं के अवैध कब्जा से एलडीए ने ज मीन को मुक्त कराया। ऐशबाग की बेसकीमती 12 सौ वर्ग मी नजूल जमीन पर अपार्टमेंट बनाने की तैयारी थी, जहां टीन लगाकर घेरा गया था। इसके खिलाफ 14 मई को एफआईआर दर्ज कराया, लेकिन कब्जा नहीं रखा। प्रवर्तन टीम ने टीन को बुल्डोजर से ध्वस्त कर जमीन को मुक्त कराया।मंगलवार को एलडीए के उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी द्वारा अवैध निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गयी। ऐशबाग के भदेवा क्षेत्र में स्थित नजूल भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाया गया। एलडीए के नजूल अधिकारी अरविंद कुमार त्रिपाठी ने बताया कि ऐशबाग के भदेवा मोहल्ले में मोतीझील के दक्षिण दिशा में भूमाफिया ने कब्जा किया। यहां नजूल की लगभग 1200 वर्ग मीटर भूमि पर कुछ भूमाफियाओं द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण करने की तैयर कर रहे थे। अवैध कब्जेदारों ने इस जमीन पर जगह.जगह मलबा ढेर कर पाटने का प्रयास किया। इसके के साथ ही चारों तरफ टीन शेड की बाउंड्री वॉल बना ली थी। इस प्रकरण में एलडीए के सर्वेयर उदय नारायण



द्वारा 14 मई 2022 को बाजारखाला कोतवाली में एफआईआर दर्ज करायी गयी थी। साथ ही प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी द्वारा नजूल भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के आदेश दिए गए थे। इसी आदेश पर प्राधिकरण के सक्षम अधिकारियों की मौजूदगी और स्थानीय पुलिस बल के सहयोग से अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त करके जमीन को कब्जा मुक्त करा लिया गया। कार्रवाई के दौरान इस मौके पर नजूल अधिकारी अरविंद त्रिपाठी, अधिशासी अभियंता, जोनल अधिकारी प्रवर्तन जोन. 3 कमलजीत सिंह, सहायक अभियंता राजेश सिंह तोमर, केपी गुप्ता, अवर अभियंता संजय गुप्ता, भानु वर्मा और हसन समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि इससे पहले क्षेत्रीय सांसद के प्रतिनिधि दौरा कर झील व उसके आस पास के क्षेत्र का विकास करने का आश्वासन दिया था। इसकी जिम्मेदारी एलडीए व अन्य विभागों को दी गयी थी।

## मेट्रो में सुपर सेवर कार्ड शुरू

# चौदह सौ रुपए में मिलेगी 30 दिनों तक अनलिमिटेड यात्रा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ** मेट्रो का सुपर सेवर कार्ड लॉन्च 1400 रुपए में 30 दिनों तक अनलिमिटेड यात्रा की सुविधा दी गयी है। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव द्वारा सुपर सेवर कार्ड की शुरुआत की गयी। नियमित यात्रियों के लिए सूपर सेवर कार्ड काफी साबित होगा। यूपीएमआरसी के एमडी ने इस कार्य से यात्रियो का सफर और अधिक सुगह होने क ी बात कही।

मंगलवार को उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने मेट्रो के सुपर सेवर कार्ड का शुभारंभ किया। बैगनी रंग के इस नए सुपर सेवर कार्ड से मात्र 1400 रुपये में 30 दिनों तक लखनऊ मेट्रो में यात्री असीमित यात्रा का फायदा उठा सकते हैं। यह सुपर सेवर कार्ड नियमित यात्रियों के लिए काफी किफायती है। इस कार्य से मात्र 1400 रुपए में 30 दिनों तक अनलिमिटेड यात्रा की सुविधा। कार्ड की कीमत रु 1500 जिसमें रु 100 सुरक्षा राशि रिफंडेबल है। सुपर सेवर कार्ड मेट्रो स्टेशनों के टिकट काउंटर पर बिक्री के लिए उपलब्ध। इस कार्ड को किसी भी मेट्रो स्टेशन के टिकट काउंटर या टिकट वेंडिंग मशीन से रिचार्ज कराने की सुविधा। कार्ड खरीदने के लिए सिर्फ नाम और मोबाइल नंबर ही आवश्यकता। कार्ड से कॉन्टैक्टलेस ट्रेवल की सुविधा। बार बार लाइन में लगकर टोकन खरीदने की आवश्यकता नहीं। सुपर सेवर कार्ड के



शुभारंभ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्रा ने कहा किए यात्री सुविधा की दृष्टि से लखनऊ मेट्रो का यह एक और अच्छा कदम है। सुपर सेवर कार्ड से लोगों का मेट्रो में सफर अब और भी किफायती हो जाएगा। आज देश के साथ पूरी दुनिया ग्लोबल वॉर्मिंग, प्रदूषण एवं यातायात की समस्या से जूझ रही है, जिससे परिवहन की लागत पर भी असर पड़ता है। इस सुपर सेवर कार्ड से यात्रा की लागत जहां कम होगी वहीं वातावरण पर सकारात्मक असर भी होगा। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के एमडी कुमार केशव ने कहा कि यूपीएमआरसी का हमेशा अपने यात्रियों को सुविधाजनक और सुगम यात्रा सुविधा मुहैया कराना लक्ष्य रहता है। इसी कोशिश के तहत यह कार्ड एक बार रिचार्ज करने पर यात्रियों को लखनऊ मेट्रो की 30 दिनों तक असीमित यात्रा करने का अवसर प्रदान करता है जो अपने आप में लखनऊ के लोगों के लिए एक सौगात है। इस कार्ड को लॉन्च करने के पीछे का उद्देश्य लोगों को इस ग्रीन मोबिलिटी सिस्टम का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना है जो विश्वस्तरीय होने के साथ साथ सुरक्षित और आरामदायक भी है।

**SBC EXPORTS LIMITED**

**CIN:** L18100UP2011PLC043209

**Regd. Off.:** House No.-20, Lohiya Talab, Choti Basahi P.o.: Vindhyachal Mirzapur UP 231307 IN
**Tel:** 0120-2895246, **Email:** info@sbcexportslimited.com, **Website:** www.sbcexportslimited.com

**Extract of Audited Consolidated Financial Results or the Quarter and Year ended March 31, 2022**

(Rs. in Lakh except EPS)

| Particulars | Quarter ended | | Year ended | |
|---|---|---|---|---|
| | 31.03.2022 Audited | 31.03.2021 Audited | 31.03.2022 Audited | 31.03.2021 Audited |
| Total Income from operations | 5266.12 | 5099.00 | 16920.66 | 13035.28 |
| Earning before Interest, Tax, Depreciation and Amortization (EBITDA) | 141.06 | 126.42 | 564.35 | 253.93 |
| Net Profit/(Loss) for the period (before tax, and/or exceptional items) | 141.06 | 126.42 | 564.35 | 253.93 |
| Net Profit/(Loss) for the period before tax (after exceptional items) | 141.06 | 126.42 | 564.35 | 253.93 |
| Net Profit/(Loss) from ordinary activities after tax | 141.06 | 126.42 | 327.23 | 183.57 |
| Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 150.29 | 126.52 | 392.85 | 183.76 |
| Equity Share Capital | 2166.40 | 1058.20 | 2166.40 | 1058.20 |
| Earnings Per Share (of Rs 10 each) (not annualised for quarters) | | | | |
| - Basic (Rs): | 0.07 | 1.19 | 0.16 | 1.73 |
| - Diluted (Rs): | 0.07 | 1.19 | 0.16 | 1.73 |

**Notes:**

1 The above is an extract of the detailed format of Quarterly & Yearly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Financial Results are available on the Stock Exchange websites (www.bseindia.com and www.nseindia.com) and on Company's website (www.sbcexportslimited.com).

2 The above audited financial results were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors on 17th May 2022. The figures for the quarter ended 31st March 2022 and 31st March 2021 are the balancing figures between audited figures in the respect of the full financial year and published year to date figures upto the third quarter of years ended 31st March 2022 and 31st March 2021 respectively.

3 Key numbers of Standalone financial results are as given below. The standalone financial results are available at Company's website.

| Particulars | Quarter ended | | Year ended | |
|---|---|---|---|---|
| | 31.03.2022 Audited | 31.03.2021 Audited | 31.03.2022 Audited | 31.03.2021 Audited |
| Income from operations | 5196.74 | 5099.00 | 16851.28 | 13035.28 |
| Profit/(Loss) from ordinary activities before tax | 136.87 | 126.42 | 560.15 | 253.93 |
| Profit/(Loss) from ordinary activities after tax | 146.10 | 126.52 | 390.03 | 183.77 |

4 Figures of the previous periods have been regrouped /rearranged, wherever necessary.

For and on behalf of the Board of Directors
For SBC Exports Ltd.
Sd/-
Govindji Gupta
(Managing Director)

Sahibabad
17th May 2022

# अपनी बिजली अपने घर व खेत में पैदा करें: एके शर्मा

## 2030 तक भारत कार्बन उत्सर्जन में एक अरब टन की कमी लाएगा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा है कि इस समय हमारे पास ऐसी टेक्नॉलाजी है कि हम अपनी बिजली अपने घर व खेत में पैदा करें। किसान समूह बनाकर सोलर ऊर्जा संयंत्र लगाएं। जो बिजली प्रयोग करनी हो करें शेष बिजली को ग्रिड पर दें। राज्य में एमएसएमई को भी सोलर पर लाने की जरूरत है। ऐसा करके ही हम प्रदेश में कार्बन उत्सर्जन को कम कर सकते हैं।

मंगलवार को एक होटल में आयोजित यूपी स्टेट इनर्जी इफिशिएंसी एक्शन प्लान पर चर्चा के लिए आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए ऊर्जा मंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन का खतरा सिर पर है। तापमान देखें कहां जा रहा है। इस खतरे को हमें ही टालना है। एके शर्मा ने कहा कि वैश्विक उम्मीदों के साथ ही हमारी जीवन पद्धति और संस्कृति ऐसी है जिसमें कार्बन उत्सर्जन को ज्यादा बल नहीं मिलता। हम प्रकृति के साथ तदात्म स्थापित करते हुए उसके मूल तत्व को नुकसान पहुंचाये वगैर, इसकी रक्षा करते हुए जीवन जीते हैं। फिर भी हम सभी कार्बन के दुष्प्रभावों को कम करने तथा बढ़ते हुए तापमान को नियंत्रित करने के लिए अभी से इसकी शुरूआत करनी है। उन्होंने कहा कि प्रकृति के संरक्षण व देश की आर्थिक उन्नति के लिए हम सभी अनावश्यक बिजली के उपयोग से बचें। उन्होंने कहा कि भारत विश्व के सम्मुख ग्लासगो, अमेरिका में हुये सीओपी-26 सम्मेलन में पंचामृत कार्यक्रम के तहत 5 मूल विषयों पर प्रतिबद्धता व्यक्त की थी जिसके तहत वर्ष 2030 तक कार्बन उत्सर्जन में 45 प्रतिशत की कमी कर 1 लाख टन तक कम की जायेगी और वर्ष 2070 तक देश में कार्बन का शून्य उत्सर्जन प्राप्त होगा इसके लिए हमें थर्मल ऊर्जा के स्थान पर सौर ऊर्जा और अन्य प्राकृतिक स्त्रोतों से ऊर्जा उत्सर्जन को बढ़ावा देना होगा जिसके लिए केन्द्र सरकार प्रयास कर रही है। वर्ष 2030 तक भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का 50 प्रतिशत रिन्यूएबल एनर्जी से प्राप्त करेगा और यह लगभग 500 गेगावाट तक होगा। इसी प्रकार प्रदेश वर्ष 2030 तक 40 हजार मेगावाट ऊर्जा का उत्पादन रिन्यूएबल एनर्जी से होने का लक्ष्य है। ऊर्जा मंत्री ने उदाहरण के लिए होटल के हाल में लटक रहे तीन विशालकाय झूमरों की लाइट को दिखाया। कहा कि इससे कम रोशनी में भी यह कार्यक्रम इतनी ही खूबसूरती से संचालित हो सकता है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने जलवायु परिवर्तन पर दुनिया की दादागिरी को रोका। उन्होंने जलवायु परिवर्तन पर काम को भारतीय शैली में करने के लिए क्लाइमेट जस्टिस नाम दिया। हर गांव व हर घर को बिजली देंगे लेकिन कार्बन उत्सर्जन कम करने का काम भी उससे अधिक करेंगे। जो भी कार्ययोजना बने उसमें कृषि, उद्योग, ट्रांसपोर्ट भवन निर्माण क्षेत्र पर अधिक ध्यान दिया जाए। इन क्षेत्रों में अधिक ऊर्जा बचाई जा सकती है। ऊर्जा मंत्री द्वारा बार-बार ऊर्जा बचत की बातें किए जाने का असर यह हुआ कि उनका संबोधन समाप्त होने से पहले ही झूमरों की बत्ती बुझा दी गई। वन व पर्यावरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि तामपान ऐसे ही बढ़ता रहा तो नये वायरस आएंगे। कम ऊर्जा खपत वाले उपकरणों को ही प्रयोग में लाने की जरूरत है। 2030 तक 50 फीसदी ऊर्जा सोलर व अन्य नवीनीकृत ऊर्जा के माध्यम से लेने का लक्ष्य है। एक जुलाई से 15 अगस्त तक वृक्षारोपण अभियान चलेगा। उन्होंने अपील की कि परिवार के हर सदस्य के नाम से एक पौध लोग जरूर लगाएं। उन्होंने कहा कि कार्बन के ज्यादा उत्सर्जन से गर्मी बढ़ रही है जिसके लिए जरूरी है कि बिजली की कम खपत वाले उपकरणों का उपयोग किया जाये।

# नागरिक सेवाओं के लंबित मामले सात कार्य दिवसों में निपटाए: दयाशंकर सिंह

● परिवहन मंत्री ने की विभागीय समीक्षा बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राज्य** मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिक सेवाओं से जुड़े लंबित मामले 7 कार्य दिवसों में निपटाएं, अनावश्यक आपत्ती नहीं लगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश हैं कि हम नागरिकों को एक उत्तम परिवहन सुविधा प्रदान करने के लिए कटिबद्ध है। मंत्री दयाशंकर सिंह ने यह निर्देश मंगलवार को परिवहन विभाग के सभागार कक्ष में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के दौरान दिए। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि नागरिक सेवाओं से जुड़ी जितनी सेवाओं को ऑनलाइन किया जा सकता है उसको ऑनलाइन करें उन्होंने पंजीयन से संबंधित मुद्दे पर विभागीय अधिकारियों से रिपोर्ट प्राप्त किया और खराब प्रदर्शन करने वाले सभी अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगली बैठक तक प्रदर्शन सुधार ले अन्यथा आपके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी साथ ही उन्होंने कहा कि आरटीओ कार्यालय से बाहरी व्यक्तियों के हस्तक्षेप की शिकायतें आती रहती हैं इस प्रकार की कोई भी शिकायत बर्दाश्त नहीं की जाएगी बाहरी व्यक्तियों का हस्तक्षेप बंद करें।

परिवहन मंत्री ने कहा कि डीएल के सरलीकरण की कार्रवाई चल रही है। परमानेंट डीएल बनवाने की प्रक्रिया को भी आसान करने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने कहा कि जनता को अधिक से अधिक परिवहन सुविधाएं आसान रूप में मिले जिससे कि परिवहन विभाग की एक अच्छी छवि जनता के बीच प्रस्तुत हो जा सके। ओवरलोड और डग्गामारी के खिलाफ चेकिंग अभियान जारी रखें जिससे कि इस प्रकार की शिकायतें आना बंद हो जाए। उन्होंने कहा कि खनन विभाग से सहयोग करके ओवरलोडिंग की शिकायतों को बंद करें। गलत नंबर लगाकर या नंबरों को छुपाकर गाड़ियों को चलाने की शिकायतें मिलती हैं इस पर परिवहन विभाग के अधिकारी शक्ति से कार्य करें जिससे कि इस प्रकार की शिकायतें ना आए।

**केजीएमयू अन्य विषयों की भी करायेगा जांच:** लखनऊ। किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में मेडिकल असेसमेंट टेस्ट के दौरान सीनियर के स्थान पर 21 जूनियर डॉक्टरों के परीक्षा देने का मामला प्रकाश में आने के बाद विवि का परीक्षा सिस्टम सवालों के घेरे में आ गया है। ऐसे में संस्थान प्रशासन ने अन्य पाठ्यक्रमों की कापियां भी जांचने के निर्णय लिए हैं।


कार्यालय मुख्य अभियन्ता (पारेषण दक्षिण–पूर्व) 57–जार्ज टाउन, प्रयागराज–211002 उ0 प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड (उ0प्र0 सरकार का उपक्रम) **निष्प्रयोज्य वाहन नीलामी सूचना**

विद्युत 400 के.वी. पारेषण उपकेन्द्र खण्ड सारनाथ, वाराणसी के 400के.वी. उपकेन्द्र पर निम्न विवरणानुसार निष्प्रयोज्य घोषित वाहनों की सार्वजनिक नीलामी की जायेगी। अधिकतम बोलीदाता को नीलामी सम्पन्न होने के 24 घण्टे के अन्दर 25 प्रतिशत धनराशि जी.एस.टी. एवं टी.सी.एस. सहित एन.ई.एफ.टी./आर.टी.जी.एस./नेट बैंकिंग के माध्यम से अधिशासी अभियन्ता विद्युत 400 के.वी. पारेषण उपकेन्द्र खण्ड सारनाथ, वाराणसी पंजाब नेशनल बैंक के खाता संख्या 4972002100000203, IFSC कोड सं. PUNB 0497200 में जमा करना होगा एवं शेष धनराशि जी.एस.टी. सहित एक सप्ताह के भीतर जमा कराने पर ही वाहन दिया जायेगा। इच्छुक बोलीदाता निम्नलिखित विवरणानुसार भागीदारी कर सकते हैं। **क्रम संख्या** 1. **नीलामी की तिथि एवं समय** दिनांक 08.06.2022 समय 11:00 बजे **नीलामी का स्थान** विद्युत 400 के.वी. पारेषण उपकेन्द्र, सारनाथ, वाराणसी **निष्प्रयोज्य वाहन का विवरण** UPN-O2911 MACK TRAILER (डीजल) 1. इच्छुक पार्टियों द्वारा अधिशासी अभियन्ता, विद्युत 400के.वी. पारेषण उपकेन्द्र खण्ड सारनाथ, वाराणसी के पक्ष में देय ₹ 25,590.00 (25,000.00 धरोहर धनराशि+ 590.00 टोकन धनराशि) एन.ई.एफ.टी./आर.टी.जी. एस./नेट बैंकिंग के माध्यम दिनांक 06.06.2022 को सायं 05:00 बजे तक जमा करना होगा तथा तय समय के बाद जमा धनराशि पर विचार नहीं किया जायेगा। यदि किसी पार्टी द्वारा उक्त तय समय के बाद धनराशि जमा की जाती है तो टोकन धनराशि ₹ 590.00 छोड़कर शेष धनराशि ₹ 25,000.00 (धरोहर धनराशि) अगले 3 कार्य दिवस में सम्बन्धित पार्टी को एन.ई.एफ.टी./आर.टी.जी.एस./नेट बैंकिंग के माध्यम से वापस कर दी जायेगी। 2. उक्त धनराशि में से टोकन धनराशि ₹ 590.00 की धनराशि वापस नहीं की जायेगी तथा ₹ 25,000.00 की धनराशि एन.ई.एफ.टी./ आर.टी.जी.एस.,/नेट बैंकिंग के माध्यम से सम्बन्धित पार्टी (सफल बोलीदाता को छोड़कर) को नीलामी दिवस से अगले तीन कार्य दिवस में वापस कर दी जायेगी। 3. सफल बोलीदाता द्वारा जमा किये गये ₹ 25,000.00 को उसके द्वारा जमा किये जाने वाले धनराशि में समाहित कर दिया जायेगा। यदि सफल बोलीदाता निर्धारित धनराशि ससमय नहीं जमा करता है तो उसके द्वारा जमा किये गये धरोहर राशि ₹ 25,000.00 को जब्त कर लिया जायेगा। 4. जिन पार्टियों द्वारा ₹ 25,590.00 अधिशासी अभियन्ता विद्युत 400 के.वी. पारेषण उपकेन्द्र खण्ड सारनाथ, वाराणसी के पंजाब नेशनल बैंक के खाता संख्या 4972002100000203, IFSC कोड सं. PUNB 0497200 में जमा किया जायेगा वही पार्टियाँ दिनांक 08.06.2022 को नीलामी में भाग ले सकती हैं। 5. जिन पार्टियों ने नीलामी हेतु ₹ 25,590.00 खण्ड कार्यालय के खाते में जमा किया होगा उन्हें ही U.T.R./Reference No. दिखाने के उपरान्त नीलामी में भाग लेने दिया जायेगा तथा नीलामी में भाग लेने वाली समस्त पार्टियों को उपकेन्द्र में प्रवेश करने पर अपनी फर्म का GST एवं बैंक विवरण खण्ड कार्यालय में जमा करना होगा। 6. सफल बोलीदाता को नीलामी की 25 प्रतिशत धनराशि नीलामी सम्पन्न होने के 24 घण्टे के अन्दर एवं शेष धनराशि नीलामी तिथि से एक सप्ताह के अन्दर जमा करना होगा। 7. सफल बोलीदाता द्वारा नीलामी वाहन को अधिशासी अभियन्ता के पत्र जारी करने पर तुरन्त या अधिकतम एक सप्ताह के भीतर ले जाना अनिवार्य होगा। ऐसा न करने पर प्रतिदिन 500.00 रूपया की दर से जुर्माना अदा करना होगा तथा नीलामी वाहन उनके स्वयं के जोखिम व जिम्मेदारी पर होगा। 8. नीलामी के दिन यदि किसी पार्टी द्वारा नीलामी प्रक्रिया में बाधा डालने / लड़ाई–झगड़ा इत्यादि किया जाता है तो अयोग्य करार कर नीलामी प्रक्रिया से बाहर कर दिया जायेगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित पार्टी की होगी। 9. समिति के पास बिना किसी कारण बताये बोली अस्वीकार/ निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। 10. अधिकतम बोलीदाता द्वारा यह वाहन यातायात के उपयोग हेतु सक्षम यातायात प्राधिकरण से अपने नाम पर स्थानान्तरण कराना होगा। यदि बोलीदाता द्वारा स्थानान्तरण नहीं कराया जाता है तो वाहन नियमानुसार स्क्रैप करके हस्तान्तरित किया जायेगा। जैसे ही बोली प्रक्रिया पूरी होती है वाहन की जिम्मेदारी पूर्णतया बोलीदाता की होगी। **(अजय कपूर) मुख्य अभियन्ता (पा0द0पू0), प्रयागराज** पत्रांक –1565 दिनांक – 17.5.2022 "राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें''


## पुलिस अभिरक्षा में मौत पर हंगामा, एसओ सहित चार निलंबित

**लखनऊ।** प्रदेश की हाथरस पुलिस एक बार विवादों में घिर गई है। इस बार थाना चंदपा में पुलिस हिरासत में एक व्यक्ति की मौत के बाद जमकर हंगामा हुआ। थाने पर बवाल की सूचना के बाद पुलिस-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। इस मामले में एसओ सहित चार पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है।

मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार चंदपा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम विसाना में पुरानी रंजिश के विवाद में दो पक्षों में सोमवार की देर रात मारपीट और फायरिंग हुई। इस दौरान पथराव में राजकुमार उर्फ राजू चौहान को हाथ और पैर में चोट लगी थी। जिसको घायल हालत में पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पुलिस हिरासत में ही जिला अस्पताल में घायल व्यक्ति राजकुमार की मंगलवार की सुबह मौत हो गई। इस घटना की जानकारी मिलते ही राजकुमार के परिवार और ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो गया।

## लापरवाही करने वालों पर होगी कठोर कार्यवाही: जितिन प्रसाद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पीडब्ल्यूडी** मंत्री जितिन प्रसाद ने विभाग की जिम्मेदारी संभालने के बाद से विभाग द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष बल दिया है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कार्यों को निर्धारित समयावधि में मानकों का अनुपालन करते हुए पूर्ण कराएं। कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा और लापरवाही करने वाल अधिकारियों व कर्मचारियों पर कठोर कार्यवाही भी की जाएगी। पीडब्ल्यूडी मंत्री ने निर्माण कार्यों की जांच करने के संबंध में सभी 75 जनपदों हेतु 75 राज्य स्तरीय कमेटी (एसएलसी) टीम के गठन का निर्देश दिया था जिसका गठन कर दिया गया है। पीडब्ल्यूडी विभाग के प्रमुख अभियंता विकास एवं विभागाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि मंत्री के निर्देशानुसार निर्माण कार्यों की जांच करने के संबंध में सभी 75 जनपदों हेतु दो सदस्यीय 75 राज्य स्तरीय कमेटी (एसएलसी) टीम का गठन कर दिया गया है। प्रत्येक टीम द्वारा अलग अलग जनपद में विभाग द्वारा कराए जा रहे कार्यों का औचक निरीक्षण किया जाएगा। कौन सी टीम किस किस कार्य का निरीक्षण करेगी इसकी जानकारी निरीक्षण के एक दिन पहले ही दी जाएगी।

# पांच महानगरों में दिखेगा यूपी का हुनर

● मुम्बई, कोलकाता व अहमदाबाद में भी जल्द खुलेंगे ओडीओपी के शोरूम: डॉ. नवनीत सहगल

**लखनऊ।** अपर मुख्य सचिव, सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम डॉ. नवनीत सहगल ने कहा कि जल्द ही देश की राजधानी दिल्ली सहित पांच महानगरों में उत्तर प्रदेश के हुनर की विविधता नजर आएगी। प्रदेश सरकार वहां एक जिला एक उत्पाद ;ओडीओपीद्ध का शोरूम खोलने जा रही है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के नवी मुंबई स्थित उत्तर प्रदेश भवनए कोलकाता के गरिया हाट स्थित दक्षिणायन शॉपिंग कॉम्पलेक्स और अहमदाबाद के अंबाबादी में भी ओडीओपी के शोरूम खोले जाएंगे। गुजरात में नर्मदा तट पर स्थित स्टेच्यू ऑफ यूनिटी परिसर में भी यूपी के ओडीओपी उत्पाद शान बढ़ाएंगे। सरकार के पास इन सभी शहरों के बीचों.बीच जगह उपलब्ध है। इनमें गंगोत्री शोरूम संचालित किए जा रहे हैं। सरकार इनका नवीनीकरण कराकर इनमें ओडीओपी के भी उत्पाद बिक्री के लिए उपलब्ध कराएगी। दिल्ली के कनॉट प्लेस में जहां ओडीओपी उत्पादों के लिए शोरूम खुलना हैए वहां 4000 वर्गफीट से अधिक जगह उपलब्ध है और कार्य भी प्रगति पर है। अहमदाबाद में यूपी सरकार के पास 3000 वर्गफीट तथा नवी मुंबई में 1000 वर्गफीट जमीन उपलब्ध है जहां ओडीओपी शोरूम खोलने की तैयारी है। इसके अलावा देश के सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनोंए हवाई अड्डों और प्रदेश के ऐसे सभी स्थानों पर ओडीओपी शोरूम खोलने की है जहां सरकार के पास पहले से जगह उपलब्ध है। डॉ. नवनीत सहगल बताते हैं कि ओडीओपी शोरूम बड़े परिसरों में खोलने की तैयारी है, ताकि वहां प्रदेश के ज्यादा से ज्यादा जिलों के उत्पाद प्रदर्शित किए जा सकें। शोरूम में आने वालों के लिए 100 से अधिक जायके में मुजफ्फरनगर का गुड़ए बच्चों के लिए झांसी के खिलौनेए कन्नौज का विश्व प्रसिद्ध इत्र, बनारस की रेशमी साड़ियों के अलावा लखनऊ के चिकन के कपड़ेए मुरादाबाद के पीतल के उत्पादए हाथरस की खुशबूदार हींग के साथ तमाम प्रकार के विकल्प उपलब्ध होंगे। लोग प्रदेश के हर जिले के खास उत्पाद से परिचित हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि ओडीओपी मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाली योजनाओं में है। इसके जरिए स्थानीय हुनरमंदों के हुनर की पहचान और मुकम्मल होगी। स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार उपलब्ध होंगे। जगह.जगह ओडीओपी शोरूम खुलने से यूपी के जिलों के खास उत्पादों की अच्छी ब्रांडिंग होगी।

## सड़क सुरक्षा पर सीएम की बड़ी बैठक आज

**लखनऊ।** सड़क दुर्घटनाओं को सुरक्षा के रोकने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार (18 मई) को बड़ी बैठक करने जा रहे हैं। जल्द शुरू होने जा रहे प्रदेश व्यापी वृहद अभियान की कार्ययोजना पर विमर्श के लिए हो रही इस बैठक में दर्जन भर विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों व जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ-साथ सर्किल स्तर तक के पुलिस अधिकारियों, डिप्टी कलेक्टरों, नगर आयुक्तों, नगर पालिकाओं के अधिशासी अधिकारियों की भी वर्चुअल उपस्थिति होगी। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अन्तर्विभागीय समन्वय के साथ अभियान पर चर्चा होगी।

## विधानसभा में भाजपा व सपा ने तय किए अपने पदाधिकारी

**लखनऊ।** विधानसभा का सत्र शुरू होने से पहले सत्ताधारी भाजपा व मुख्य विपक्षी दल सपा ने सदन के लिए उपनेता, मुख्य सचेतक व सचेतक तय कर दिए हैं। नेता सदन योगी आदित्यनाथ व नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने इन पदों के लिए नामित लोगों के नाम विधानसभा सचिवालय को भेज दिए। भाजपा ने राम नरेश अग्निहोत्री को मुख्य सचेतक नियुक्त किया है। इसके अलावा कृष्णा पासवान, अमित अग्रवाल, अनुराग सिंह, राजीव गुंबर, राजीव सिंह, साकेंद्र प्रताप, सुरेंद्र नैथानी, सौरभ श्रीवास्तव, राजेश त्रिपाठी, विपिन कुमार, पीयूष रंजन निषाद, सत्यपाल राठौर, राजीव सिंह पारीक्षा को सचेतक बनाया गया है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने उपनेता पद पर इंद्रजीत सरोज को नामित किया है। इस तरह वह अखिलेश यादव की अनुपस्थिति में सपा दल का सदन में नेतृत्व करेंगे। सपा ने मुख्य सचेतक के तौर पर मनोज पांडेय को नामित किया है। कमाल अख्तर को उप मुख्य सचेतक, डॉ संग्राम यादव को सचेतक, बृजेश कठेरिया को महामंत्री व सैय्यदा खातून को कोषाध्यक्ष बनाया है।


## शोध के लिए जनरल के स्तर को जानना जरूरी

**लखनऊ।** शोध के लिए जनरल के स्तर की जांच करना जरूरी है। इसके साथ ही जनरल का पता, एडिटोरियल बोर्ड के सदस्यों के बारे में जानना जरूरी होता है। जनरल का क्षेत्र व विषय वस्तु कहां है, इसे भी जानना जरूरी है। यह जानकारी मंगलवार को ग्वालियर स्थित एमिटी विश्वविद्यालय के डॉ सुमित नरूला ने लोहिया संस्थान में शोधपत्र प्रकाश और पहचान पर आयोजित कार्यशाला के दौरान दी है। अपने संबोधन में डॉ नरूला ने कहा कि आजकल देश-दुनिया में बहुत शोध हो रहे हैं। इनका जनरल में प्रकाशन भी हो रहा है। शोध की विश्वसनीयता का पता लगाने के लिए जनरल के स्तर जानना भी जरूरी है। किसी भी जनरल के स्तर का पता लगाने के लिए कुछ बातों पर ध्यान देने की जरूरत होती है। डॉ नरूला ने बताया कि कई बार ऐसा होता है कि किसी बड़े जनरल के नाम से मिलते-जुलते नाम के लोकल रिसर्च पेपर शुरू कर लिए जाते हैं। आमतौर पर मेडिकल क्षेत्र के जनरल यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन, स्कोपस और वेब ऑफसाइंस में विषय वस्तु दी जाती है।

## मांगो को लेकर पीजीआई कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**लखनऊ।** लंबित मांगों को लेकर मंगलवार को पीजाआई कर्मचारियों ने आमसभा कर संस्थान प्रशासन के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। साथ ही उन्होंने चेतावनी भी दी कि 14 दिन के भीतर संस्थान द्वारा कोई निर्णय न लिये जाने पर कर्मचारी आन्दोलन करेंगे। इस बावत कर्मचारी महासंघ ने आमसभा के बाद पीजीआई निदेशक को पत्र लिखकर अनिश्चितकालीन धरना और कार्य बहिष्कार करने की चेतावनी दी है। महासंघ के अध्यक्ष जितेन्द्र यादव व महामंत्री धर्मेश कुमार ने बताया कि संस्थान में दो साल से कर्मचारियों की मांगें लंबित हैं। कई बार वार्ता हुई। आश्वासन मिला लेकिन कुछ हुआ नहीं। उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांगों पर निर्णय नहीं होता है तो फिर वह आंदोलन को विवश होंगे। उन्होंने बताया कि 31 मई से 12 जून तक कर्मचारी काला फीता बांधकर काम करेंगे। 13 जून को धरना प्रदर्शन किया जायेगा। बता दें कि पीजीआई कर्मचारियों की संवर्ग पुर्नसंरचना, वर्दी, हॉस्पिटल पेशेंट केयर, द्विभाषीय प्रोत्साहन भत्ता और रिक्त पदों पर 1200 खाली पदों पर भर्ती की मांग लंबित है।

## नेशनल टीचिंग कम्पटीशन में सीएमएस शिक्षिका सर्वश्रेष्ठ



लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम (प्रथम कैम्पस) की विज्ञान शिक्षिका सुश्री आकांक्षा तिवारी ने अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित सेन्टा टीचिंग कोशिएंट टेस्ट (सेन्टा टी.क्यू.) में अपनी शिक्षण प्रतिभा व प्रोफेशनल कौशल का परचम लहराकर लखनऊ का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता सेन्टर फॉर टीचर एक्रिडिटेशन (सेन्टा) के तत्वावधान में आयोजित हुई। उक्त जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में सुश्री आकांक्षा ने क्लासरूम कम्युनिकेशन स्किल्स में पूरे 100 प्रतिशत अंक अर्जित कर शिक्षण प्रतिभा का सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। प्रतियोगिता के अन्तर्गत प्रतिभागी शिक्षकों को तीन मुख्य मानकों सब्जेक्ट एक्पर्टाइज, क्लासरूम कम्युनिकेशन एवं एलीमेन्ट्स ऑफवर्बल कम्युनिकेशन पर आँका गया।

## पत्रकारिता का भारतीयकरण जरूरी: प्रो द्विवेदी

● नारद जयंती पर लखनऊ में पत्रकारिता पर आयोजित हुई संगोष्ठी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भारतीय** जन संचार संस्थान नई दिल्ली के महानिदेशक प्रो संजय द्विवेदी ने कहा कि भारत की पत्रकारिता का भारतीयकरण किया जाना चाहिए। भारत की पत्रकारिता को भारतीय मूल्यों के आधार पर खड़ा करना होगा। प्रो द्विवेदी मंगलवार को बौद्ध शोध संस्थान गोमतीनगर में आयोजित देवर्षि नारद जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे।

प्रो. संजय द्विवेदी ने कहा कि मीडिया का अधिष्ठान पश्चिम के मूल्यों पर खड़ा है। वहां से ही मीडिया में नकारात्मकता का भाव आया है। आज पत्रकार होने का मतलब ही नकारात्मकता को खोजना हो गया है। इसका कारण है, हम अपने मूल्य को भूलकर पश्चिम की पत्रकारिता को अपना लिये हैं। उन्होंने कहा कि नारद जी सतत प्रवास करते थे। पत्रकार अगर बैठ जायेगा तो समाज से संपर्क टूट जायेगा। आज पत्रकारिता में विश्वसनीयता व प्रमाणिकता का संकट है। खबरों में विचार नहीं आना चाहिए लेकिन खबरों में विचार परोसे जा रहे हैं। नारद देवता और राक्षस दोनों के बीच अपनी बात कहते थे। उन्होंने कहा कि हमारे नायकों के साथ न्यायपूर्ण लेखन नहीं हुआ। समाज के हर वर्ग में गिरावट आयी है। समाज से अलग पत्रकारिता नहीं हो सकती। इसलिए सारी अपेक्षाएं पत्रकारों से ही क्यों। प्रो संजय द्विवेदी ने कहा कि पत्रकारों के अंदर सामाजिक सरोकार व समाज के लिए कुछ करने की संवेदना होती है। धन कमाने के लिए पत्रकारिता नहीं होती है। पत्रकारिता कठिन मार्ग है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो प्रदीप कुमार मिश्र ने कहा कि ज्ञान का व्यापार ही पत्रकारिता है।

# ग्रेटर नोएडा मेट्रो कॉरिडोर परियोजना में अब जल्द आएगी तेजी: नन्दी

● केंद्र सरकार को भेजा गया मेट्रो कॉरिडोर का संशोधित प्रस्ताव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नोएडा** सेक्टर 71 से ग्रेटर नोएडा नॉलेज पार्क 5 तक प्रस्तावित मेट्रो कॉरिडोर परियोजना में अब जल्द ही और तेजी आयेगी। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने मंत्रालय की जिम्मेदारी संभालने के साथ ही संशोधित डीपीआर को अपनी मंजूरी दे दी है। जिसे स्वीकृति के लिए केंद्र सरकार को भेज दिया गया है। केंद्र सरकार की सहमति मिलते ही मेट्रो का काम शुरू हो जाएगा। जिस पर करीब 2682 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। जिसे तीन वर्ष में पूरा किया जाएगा। नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन द्वारा मेट्रो कॉरिडोर परियोजना का काम कराया जाएगा। पहले चरण का नोएडा सेक्टर 71 से ग्रेटर नोएडा नॉलेज पार्क 5 तक प्रस्तावित मेट्रो कॉरिडोर परियोजना अगले तीन साल में पूरा होते ही यहां रहने के लिए आने वाले करीब दस लाख लोगों को मेट्रो की सुविधा मिल जाएगी। यह कॉरिडोर नोएडा सेक्टर-51 मेट्रो स्टेशन से इंटरचेंज के माध्यम से जुड़ेगा। फिलहाल, यहां एक लाख लोग रह रहे हैं।

नोएडा से ग्रेटर नोएडा वेस्ट को मेट्रो से जोड़ने की परियोजना पर मंथन चल रहा था। इस बाबत नोएडा मेट्रो रेल कारपोरेशन की ओर से सेक्टर 71 से नॉलेज पार्क 5 तक प्रस्तावित मेट्रो की डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) शासन को भेजी गई थीए जिसे मंजूर कर लिया गया था। लेकिन कुछ तकनीकी दिक्कतों की वजह से संशोधित डीपीआर तैयार किया गया था। संशोधित डीपीआर के स्वीकृति का इंतजार था। जिसे गंभीरता से लेते हुए और ग्रेटर नोएडा की हजारों जनता की सुविधा के लिए मंत्री नन्दी ने अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। कॉरिडोर की डीपीआर दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की ओर से तैयार की गई है।

इस परियोजना की कुल लंबाई 14.958 किलोमीटर है और इसमें 9 स्टेशन प्रस्तावित हैं। तीन लाख परिवारों और आसपास के लोगों को होगा सीधा फायदा मंत्री नन्दी ने बताया कि इस परियोजना के पूरा होने पर तीन लाख परिवारों को सीधा फायदा होगा। दो चरणों में होगा निर्माण का काम मंत्री नन्दी ने बताया कि कॉरिडोर का निर्माण कार्य दो चरणों में किया जाएगा। पहले चरण में 9.1555 किलोमीटर के कॉरिडोर का काम होगा। यह सेक्टर 71 से ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 2 तक होगा। इस कॉरिडोर पर पांच स्टेशन होंगे।


परिशिष्ट IV A
नियम 8(6) का नियम देखे
**अचल संपत्तियो की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

सिक्युरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) के नियमों को पढते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रशन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्तियो की बिक्री के लिए ई- निलामी बिक्री सूचना ।

सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गॅरेन्टर (ओं) को सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड(CIN:L65922DL2005PLC136029) (सुरक्षित लेनदार द्वारा )** द्वारा **वास्तविक कब्जा** लिया जा चुका है, को **20.06.2022** को दोपहर **02.00** से **04.00** बजे तक (निविदा दस्तावेज के संदर्भ में 5 मिनिट के अमर्यादित स्वचालित एक्सटेंशन के साथ) **''जहां है''**, **''जैसा है''**, और **''जो कुछ भी है''**, तथा **''बिना किसी समर्थन के आधार पर''** ऋण खाता नं. **HHLLKN00356874 के लिए रू.1,09,10,489/- (रुपए एक करोड़ नौ लाख दस हजार चार सौ नवासी मात्र) के लिए 09.05.2022** तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंब शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य सम्बन्धित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागूभावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ **10.05.2022** से प्रभावी जो **मोहम्मद शाहीद, फुर्कान उर्फ मोहम्मद फुर्कान अहसान और ज़ील इन्फ्राकॉन प्रा.लि.** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है की वसूली के लिए बेचा जाएगा ।

उक्त संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य **रू.1,15,00,000/- (रुपए एक करोड़ पंद्रह लाख मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट **(ईएमडी) रू.11,50,000/ - (रुपए ग्यारह लाख पचास हजार मात्र)** यानि आरक्षित मूल्य का **10%** (दस प्रतिशत) होगा और यह **DD/RTGS/NEFT** अथवा अन्य किसी उचित बैंकिंग चैनल द्वारा ऑनलाईन टेंडर जमा करने से पहले **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड के नाम, खाता नं.32180585427, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया** के साथ (IFSC: **SBIN0009995**), जिसकी शाखा **सीएजी शाखा,मुंबई (महाराष्ट्र)**, ऑनलाइन सार्वजनिक निलामी में भाग लेने के लिए निविदा प्रस्तुत करने से पहले देय होगा और सफल बोलीदाता बोली के समय स्वीकृती पर बिक्री मूल्य राशि का 25% (ई - निलामी में भाग लेने के लिए आरक्षित मूल्य का 10% कम करके)का तुरंत भुगतान करेगा यानि उसी दिन या उसके अगले कार्य दिवस के बाद नही होगा । अचल संपत्ति की बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनोके भितर बिक्री मुल्य का बकाया जमा कराना होगा ।

**अचल संपति(यों) का वर्णन**

**मकान नं. डी-45 एरिया मापित 184.386 स्के.मी मोहल्ला - महानगर विस्तार में स्थित, वॉर्ड -चांदगंज, लखनऊ-226303, उत्तरप्रदेश और जो निम्नंनुसार परिबद्ध है:**

**पूर्व :प्लॉट नं.डी-28 का भाग** — **पश्चिम: 30 फीट चौड़ा रोड**
**उत्तर :प्लॉट नं.डी-45 ए** — **दक्षिण: 40 फीट चौड़ा रोड**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तो के लिए कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट में दिए गए लिंक यानि www.indiabullshomeloans.com और www.auctionfocus.in का संदर्भ ले। सही/-

**दिनांक: 10.05.2022** — **प्राधिकृत अधिकारी**
**स्थान : लखनऊ** — **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड**


# पेज एक का शेष

### न्यायालय से...

ने वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद मामले में वहां के सिविल जज सीनियर डिवीजन द्वारा दिए गए आदेश की प्रति भी अपने प्रार्थना पत्र के साथ लगाई है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले की एक अदालत ने सोमवार को जिला प्रशासन को ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के उस हिस्से को सील करने का निर्देश दिया, जहां एक शिवलिंग मिलने का दावा किया गया है। अदालत ने सील किए गए स्थान पर किसी भी व्यक्ति का प्रवेश वर्जित किया है। वाराणसी के शासकीय अधिवक्ता राणा संजीव सिंह ने सोमवार को कहा कि हिन्दू पक्ष की ओर से सिविल जज रवि कुमार दिवाकर की अदालत में ज्ञानवापी परिसर में प्राप्त शिवलिंग को सुरक्षित करने की अर्जी दी गई थी, जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने शिवलिंग वाले क्षेत्र को सील करने का आदेश दिया है।

### अधिवक्ता आयुक्त...

की कार्यवाही विशाल सिंह के ही निर्देशन में हुई। अब विशाल जी का हृदय ही जानेगा और मेरा हृदय जानेगा कि मैंने उनका सहयोग किया है या नहीं। दरअसल, ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी परिसर की वीडियोग्राफी सर्वे के काम के लिए अदालत द्वारा नियुक्त विशेष अधिवक्ता आयुक्त विशाल सिंह ने अदालत में प्रार्थना पत्र देकर अधिवक्ता आयुक्त अजय कुमार मिश्रा और सहायक अधिवक्ता आयुक्त अजय प्रताप सिंह पर आयोग की कार्यवाही में सहयोग नहीं करने का आरोप लगाया था।

### वीजा रिश्वत...

मखारिया (जिसने कथित तौर पर रिश्वत दी), तलवंडी साबो प्राइवेट लिमिटेड (टीएसपीएल), मुंबई स्थित बेल टूल्स लिमिटेड (जिसके मार्फत कथित तौर पर रिश्वत पहुंचाई गई) के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करने के बाद यह छापेमारी की गई। सीबीआई ने प्राथमिकी में अज्ञात लोक सेवक (सेवकों) और निजी व्यक्ति (व्यक्तियों) को छठे आरोपी के तौर पर सूचीबद्ध किया है।

### अमरनाथ यात्रियों...

मुख्य सचिव के हवाले से बताया कि प्रत्येक तीर्थयात्री को आरएफआईडी प्रदान किया जाएगा और पांच लाख रुपए का बीमा किया जाएगा। शाह ने कहा कि तीर्थयात्रियों के लिए बिना किसी परेशानी के यात्रा संपन्न कराना केंद्र सरकार की प्राथमिकता है।

### ममता के...

पालन करेगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि हर मामले में राज्य के तीन अंगों यानी न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायी को अपने अधिकार क्षेत्र में रहते हुए ही काम करना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि यह मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार है कि वह किसे अपने मंत्रिमंडल में रखें और किसे हटाएं।

### अगले कुछ...

कालखंड भ्रष्ट्राचार और नीतिगत पंगुता के लिए जाना जाता था। उन्होंने कहा, इसके बाद 3जी, 4जी, 5जी और 6जी की तरफ तेजी से हमने कदम बढ़ाए हैं। ए बदलाव बहुत आसानी और पारदर्शिता से हुए और इसमें ट्राई ने बहुत भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में सरकार नई सोच और एप्रोच के साथ काम कर रही है।

### पेंट-वार्निश...

के निर्यात पर पिछले महीने रोक लगाए जाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि सरकार ने देश में ताड़ के पेड़ों का रकबा चार लाख हेक्टेयर से 10 गुना बढ़ाकर 40 लाख हेक्टेयर करने का खाका तैयार किया है। उन्होंने बताया कि देश ने 1990 के दशक के दौरान पीली क्रांति के जरिए खुद को तिलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने का बीड़ा उठाया था।

### कॉस्मेटिक सर्जरी...

गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) के डॉ. संदीप वी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार डॉ. मेल्विन ने अभिनेत्री को अस्पताल पहुंचाया और सभी को उनके निर्देशानुसार इलाज करने की चेतावनी दी। डॉ. संदीप ने यह भी कहा कि पीड़िता की नाड़ी नहीं चल रही थी और उन्हें 45 मिनट तक सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटैशन) देने की कोशिश की गई, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई। डॉ. संदीप को शक हुआ कि चेतना को मृत लाया गया है। डॉ. संदीप ने अपनी शिकायत में कहा है, हम इन डॉक्टरों के इस तरह के व्यवहार का कड़ा विरोध करते हैं और यदि आवश्यक हो तो हम उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने का निर्णय ले सकते हैं। यह घटना सामान्य नहीं लगती है।

### गंडोला से...

पर एस्केलेटर का भी प्रावधान है। कैंट रेलवे स्टेशन और गोदौलिया चौराहे पर टर्मिनल स्टेशन बनेगा। इस परियोजना की लागत करीब 461.19 रुपये है। वीडीए उपाध्यक्ष ईशा दुहन ने बताया कि नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक मैनेजमेंट कंपनी लि. जोकि एनएचएआई के पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी है, को परियोजना को क्रियान्वयन करने हेतु नामित किया गया है। एनएचएलएमएल द्वारा परियोजना के एलाइनमेंट का विस्तृत अध्ययन कर पुन: फीजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार कर निविदा आमंत्रित कर दी गई है। उक्त टेंडर एनएचएआई द्वारा हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल (एचएएम )पर है। निविदा की अंतिम तिथि दिनांक 30 जून 2022 निर्धारित की गई है।

# राज्यपाल आज सोनभद्र में, तैयारियां पूरी

संवाददाता। सोनभद्र



**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल बुधवार को सोनभद्र में होंगी। राज्यपाल सायं 4 बजे जनपद मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस पहुंचेंगी। बुधवार को ही फॉसिल्स पार्क,पंचमुखी महादेव मंदिर व इको पॉइंट का अवलोकन के साथ ही रात्रि विश्राम जनपद मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस पर ही करेंगी। गुरुवार की सुबह पुलिस लाइन से हेलीकॉप्टर द्वारा सेवा समर्पण संस्थान सेवाकुंज आश्रम कारीडांड चपकी पहुचेगी जहां बिरसा मुंडा ऑडिटोरियम में आयोजित सफाई कर्मियों का सम्मान वन अधिकार कानून 2005 के अंतर्गत लाभार्थियों को पट्टा वितरण कार्यक्रम व आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करने के साथ ही अन्य कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेंगे। राज्यपाल के आगमन कों लेकर अधिकारियों की सक्रियता भी तेज हो गई है। मंगलवार को जनपद के जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह तथा पुलिस उपमहानिरीक्षक पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अमरेंद्र प्रसाद सिंह राज्यपाल के आगमन की तैयारी का जायजा लेने सेवाकुंज आश्रम कारीडांड पहुंचे। उन्होंने तैयारी के मद्देनजर सम्बंधित विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिया। 19 मई को सेवा समर्पण संस्थान सेवाकुंज आश्रम कारीडांड चपकी में राज्यपाल के आगमन को लेकर जिलाधिकारी सोनभद्र चंद्र विजय सिंह तथा पुलिस उपमहानिरीक्षक पुलिस अधीक्षक अमरेंद्र प्रसाद सिंह मयफोर्स व सुरक्षा एजेंसी के साथ सेवाकुंज आश्रम कारीडांड पहुंचे। डीएम व एसपी ने आने जाने के मुख्य द्वार, वनाधिकार समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक का मिटिंग हाल,सेफ हाउस आदि का बारिकी से जायजा लिया। इसके साथ ही सेवा समर्पण संस्थान सेवाकुंज आश्रम कारीडांड चपकी के प्रांत सह संगठन मंत्री आनंद से कार्यक्रम के बारे में विस्तार से विचार विमर्श किया। डीएम ने तैयारी में लगे लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता व सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को अधूरे पड़े कार्यों को तत्काल पूरा कराने का निर्देश दिया। इसके बाद जिलाधिकारी व पुलिस उपमहानिरीक्षक पुलिस अधीक्षक का काफिला प्राथमिक विद्यालय असनहर तथा आंगनबाड़ी केंद्र असनहर पहुंचा जहां जोर सोर से तैयारी चल रही थी। डीएम श्री सिंह ने यहां आंगनबाड़ी, रसोईघर तथा विद्यालय के कक्षों का निरीक्षण किया। आंगनबाड़ी केंद्र में चल रहे रंगाई पुताई को यथा शीघ्र पूरा कराने का निर्देश दिया। इसके बाद डीएम कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बभनी दरनखांड पहुंचे जहां बालिकाओं का आवासीय कक्ष देखें। वही बीच मैदान में लगाये गये ट्रांसफर व ग्यारह हजार तार को हटवाने का निर्देश दिया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी सहदेव मिश्र, जिला पंचायत राज अधिकारी विशाल सिंह जिला कार्यक्रम अधिकारी एके सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हरिवंश कुमार उप जिलाधिकारी दुद्धी शैलेन्द्र मिश्र तहसीलदार दुद्धी ज्ञानेंद्र कुमार यादव खंड विकास अधिकारी रवि कुमार सहायक विकास अधिकारी पंचायत काशी राम ठाकुर खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार जिला कार्य समिति सदस्य सेवा समर्पण संस्थान आलोक कुमार चतुर्वेदी आदि लोग मौजूद रहे।

## हनुमान मंदिरों में उमड़ी भीड़

**वाराणसी।** हिन्दू धर्म में ज्येष्ठ मास का काफी महत्व होता है। ज्येष्ठ मास में पड़ने वाले मंगलवार को बड़ा मंगल कहा जाता है। मंगलवार दिन से विधि-विधान से पूजन-अर्चन करने से जीवन के सभी कष्ट दूर हो जाते है। काशी में सभी देवी-देवताओं का वास होता है इसलिए बड़ा मंगलवार को श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर, वनकटी हनुमान मंदिर, दुर्गाकुंड, नीचीबाग स्थित हनुमान मंदिर, रामापुरा स्थित विजयवीर हनुमान मंदिर, अर्दली बाजार स्थित श्री हनुमान मंदिर, कर्णघंटा स्थित श्री हनुमान मंदिर में आज सुबह से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। श्रद्धालुओं ने श्री हनुमान जी को तुलसी की माला, देशी घी के लड्डु आदि प्रसाद का भोग चढ़ाया गया। इस अवसर पर शहर के सभी हनुमान मंदिरों में ने देर रात तक दर्शन-पूजन का क्रम चलता रहा।श्री संकटमोचन मंदिर में महंत डॉ0 विश्वम्भर नाथ मिश्र ने रात साढ़े ग्यारह बजे हनुमान जी की महाआरती की।

## तमंचे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, गोवंश बरामद

संवाददाता। चकिया चन्दौली

**पुलिस** ने मुरारपुर तिराहे के पास से एक पिकअप गाड़ी में आठ राशि गोवंशों के साथ में एक नाजायज तमंचा 12 बोरएएक कारतूस 12 बोर तथा चाकू के साथ पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है।बताया गया कि पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल वह अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन सुखराम भारती के आदेशानुसार अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण व टॉप टेन वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक चकिया राजेश यादव और उनकी टीम द्वारा 11रू00 बजे यह गिरफ्तारी की गई है। गिरफ्तारी के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 89ध्2022 धारा 3ध्5एध्5बीध्8 गोवध निवारण अधिनियमए धारा 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम व मुकदमा अपराध संख्या 90ध्2022 धारा 3ध्25 आर्म्स एक्ट व मुकदमा संख्या 91ध्2022 धारा 4ध्25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने गिरफ्तार लोगों का नाम आकाश शर्मा निवासी हाटा थाना चैनपुर जनपद कैमूर भभुआ बिहार तथा सुजीत कुमार सोनी निवासी हटा थाना चांदपुर जनपद कैमूर भभुआ बिहार बताया है।गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेश यादवए उप निरीक्षक गिरीश चंद्र रायए हेड कांस्टेबल अशोक सिंहए हेड कांस्टेबल जलभरत यादवए कांस्टेबल चंद्रदेव व कांस्टेबल सूरज यादव शामिल रहे। पुलिस ने गिरफ्तार लोगों का नाम आकाश शर्मा निवासी हाटा थाना चैनपुर जनपद कैमूर भभुआ बिहार तथा सुजीत कुमार सोनी निवासी हटा थाना चांदपुर जनपद कैमूर भभुआ बिहार बताया है।

## झुलसी महिला के सहयोग में आये चिकित्सक

**सकलडीहा चन्दौली।** क्षेत्र के रानेपुर गांव की 35 वर्षीय रिंकी सिंह इनवर्टर करेंट की चपेट में आने से दोनों हाथ गंभीर रूप से झुलस गया। मंगलवार को सीएचसी पहुंचने पर सीएचसी अधीक्षक डाण् संजय यादव व डाण् बीके प्रसाद ने महिला का इलाज के साथ निरूशुल्क दवा और आर्थिक सहयोग प्रदान किया। चिकित्सकों का पहल लोगों ने सराहना किया। रानेपुर गांव के दिव्यांग संतोष सिंह की पत्नी रिंकी सुबह छत पर इनवर्टर की टूटी तार को हटाने चली गयी। इनवर्टर की तार में करेंट होने के कारण महिला की दोनों हाथ गंभीर रूप से झुलस गया। परिवार की माली हालत खराब होने के कारण सीएचसी पर इलाज के लिये पहुंची। जहां चिकित्सक डाण् बीके प्रसाद व सीएचसी अधीक्षक डाण् संजय यादव ने महिला को बेहतर दवा के साथ आर्थिक सहयोग भी प्रदान कराया। चिकित्सकों की इस पहल का ग्रामीणों ने सराहना किया। चिकित्सकों ने दोनों हाथ ठीक होने तक दवा आदि की व्यवस्था मुहैया कराने का भरोशा दिया। इस मौके पर डाण् एलबी शर्माए डाण् दिलीपए डाण् मेजर उपेन्द्र पाठकए लव मिश्रा सहित अन्य मौजूद रहे।

## देश की तरह गांव भी हो रहे विकसितः लक्ष्मण आचार्य

**सकलडीहा चन्दौली।** विधान परिषद सदस्य व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण आचार्य मंगलवार को सकलडीहा कस्बा में लोगों से रूबरू हुए। इस दौरान केन्द्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार से जानकारी दिया। अंत में एक प्रतिष्ठान पर पहुंचकर उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होकर लोगों को सम्बोधित किया। इस मौके पर काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।उद्घाटन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि लक्ष्मण आचार्य एमएलसी व प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नेतृत्व में देश की तरह गांव भी विकसीत हो रहा है। आज गांव में लोगों को रोजगारए शिक्षाए स्वास्थ्यए बिजलीए पानीए सड़क और सरोवरों को विकसीत किया जा रहा है। महिला सशक्तिकरण और महिलाओं को आत्मनिर्भर के लिये हर कदम उठाया जा रहा है।

## मदरसा बोर्ड में 1286 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

- जिला अल्पसंख्यक अधिकारी ने भ्रमण करके लिया जायजा
- दोनों पालियों की परीक्षा में 5097 परीक्षार्थियों ने लिया हिस्सा

संवाददाता। मऊ



**मदरसा** शिक्षा परिषद के अंतर्गत संचालित सेकेंड्रीए सीनियर सेकेंड्रीए कामिल व फाजिल परीक्षा की परीक्षा मंगलवार को दूसरे दिन भी काफी सख्ती के बीच हुआ। परीक्षा के हर पल की मानिटरिग वेब कास्टिग के जरिए लखनऊ मुख्यालय से होता रहा। परीक्षा के दूसरे दिन दो पालियों के दौरान 1ए286 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दियाए वहीं 5 हजार 97 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। जिला अल्पसंख्यक अधिकारी एसएन सिंह ने बताया कि परीक्षा पूरी तरह से पारदर्शी तरीके से संचालित किया जा रहा हैए स्वयं उनके द्वारा कई परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण करके जायजा लिया गया।

यूपी बोर्ड की परीक्षा सकुशल सम्पन्न होने के बाद मदरसा शिक्षा परिषद के तहत सेकेंड्रीए सीनियर सेकेंड्रीए कामिल व फाजिल परीक्षा की परीक्षा मंगलवार को दूसरे जिले के 16 केन्द्रों पर दो पालियों में हुआ। पहली पाली परीक्षा का आयोजन सुबह आठ से 11 बजे तक तो दूसरे पाली दोपहर दो से पांच बजे तक परीक्षा हुआ। परीक्षा में मुंशीए मौलवीए फाजिलए कामिल की बोर्ड परीक्षा आयोजित किया। इस दौरान शासन की तरफ मदरसों की वेब कास्टिग से हर पल की गतिविधि पर नजर रखा जा रहा था। जिला अल्पसंख्यक अधिकारी एसएन सिंह ने बताया कि परीक्षा के दौरान सुबह प्रथम पाली में कुल 2838 परीक्षार्थी पंजीकृत थेए इसमें 819 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दिया। इस प्रकार से प्रथम पाली की परीक्षा में 2019 परीक्षार्थी शामिल हुए। वहीं शाम को द्वितीय पाली की परीक्षा के दौरान कुल 3545 परीक्षार्थी पंजीकृत थेए इसमें 467 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दिया। जबकि 3078 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। सभी केंद्रों का निरीक्षण जिला अल्पसंख्यक अधिकारी एसएन सिंह ने भ्रमण करके पल.पल की गतिविधियों का जायजा लिया।

## सीएमपीए के पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से हुआ चयन

**मऊ।** कम्बाइंड मेडिकल एसोसिएशन ;सीएमपीएद्ध की तरफसे सोमवार को कोपागंज स्थित एक क्लीनिक पर बैठक का आयोजन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया। इस दौरान अध्यक्ष के रुप में डॉण् न्याज अहमदए उपाध्यक्ष के रुप में डॉण् अजीत यादवए सेक्रेटरी के रुप में डॉण् राशेदुल खैरए ज्वाइंट सेक्रेटरी के रुप में डॉण् कमरुज्जमाए कोषाध्यक्ष के रुप में डॉण् शादिकए मीडिया प्रभारी के रुप में डॉण् शाहिद को जिम्मेदारी सौंपा गया। साथ ही साथ संरक्षक के रुप में डॉण् वसीउल्लाहए डॉण् रिजवानए डॉण् राशिदए डॉण् अब्दुल गनीए डॉण् अख्तर हाशमी का चयन किया गया। सीएमपीए के अध्यक्ष डॉण् न्याज एवं सेक्रेटरी ने सभी पदाधिकारियों को बधाई दिया। इस अवसर पर मुख्य रुप से डॉण् जमीलुरर्हमानए डॉण् अब्दुल गनीए डॉण् मकसूदए डॉण् फैकुज्जमाए डॉण् सोहैल लारीए डॉण् इसरारए डॉण् अबुलैसए डॉण् एहसानए डॉण् उस्मानए डॉण् अजहरए डॉण् इफ्तेखारए डॉण् शहजादए डॉण् रेहानए डॉण् खालिदए डॉण् खलीकुज्जमाए डॉण् कलीमुल्लाहए डॉण् फहीम आदि उपस्थित रहे।

## लोगों की लापरवाही से बढ़ रहा अस्थमा का दायरा

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**ग्लोबलबर्डन** ऑफ डिज़ीज़ (जीबीडी) अध्ययन के मुताबिक भारत में 30 मिलियन से ज्यादा लोग अस्थमा का शिकार हैं, जोपूरे विश्व में अस्थमा के भार के 13.09 प्रतिशत के बराबर है। जबकि अस्थमा से होने वाली मौतों के मामले में भारतका योगदान 42 प्रतिशत से ज्यादा है। ग्लोबलअस्थमा नेटवर्क (जीएएन) अध्ययन का उल्लेख करते हुए, डॉ. विकास जैसवाल, डीटीसीडी, ने अस्थमा से जुड़े सामाजिक कलंक को दूर किए जाने के महत्व पर बल दिया।उन्होंने कहा,''जब अस्थमा का मरीज डॉक्टर से संपर्क करता है, तोकेवल 71 प्रतिशतडॉक्टर ही उसकी बीमारी को अस्थमा का नाम देते हैं, जबकिअन्य एक तिहाई डॉक्टर (29 प्रतिशत) इस बीमारी को किसी और नाम से बुलाते हैं।

## शिशु के लिए अमृत के समान है मां का दूधः डॉ. विभा

संवाददाता। सोनभद्र



**बनवासी** सेवा आश्रम गोविंदपुर स्थित चिकित्सालय की महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विभा प्रेम का कहना है कि मां का दूध शिशु के लिए अमृत के समान होता है तथा शिशु एवं बाल मृत्यु दर में कमी लाने के लिए आवश्यक है कि जन्म के एक घंटे के अंदर शिशु को स्तनपान प्रारम्भ करा दिया जाए। मां का पहला गाढ़ा और पीला दूध कुदरती टीके का काम करते हुए तमाम बीमारियों से शिशु की रक्षा करता है। छह माह की आयु तक शिशु को केवल स्तनपान कराना ही पर्याप्त होता, अलग से पानी देने की जरूरत नहीं होती। मां के दूध से ही शिशु अपने लिए पर्याप्त पानी भी ग्रहण कर लेता है। इसके साथ ही उसका पोषण भी पूरा हो जाता है। एन एफएच एस-5 के रिपोर्ट के अनुसार शुरुआत के 6 माह तक स्तनपान कराने का जनपद में औसत 66.8 प्रतिशत रहा है मां का पहला गाढ़ा और पीला दूध शिशु को अवश्य पिलाएं। कुछ लोग नवजात शिशु को शहद या फिर घुट्टी देने का प्रयास करते हैं, लेकिन वह सब गलत है। शिशु के लिए मां का दूध अमृत समान है और छह माह तक शिशु को मां के दूध के अलावा कुछ भी देने की जरूरत नहीं होती। छह माह के बाद ही शिशु को मां के दूध के साथ अर्द्ध ठोस आहार देना शुरू करना चाहिए।

जिला कार्यक्रम अधिकारी अजीत कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार के आदेश पर जनपद में पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाओं के अन्तर्गत विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी संकेतकों में सुधार के लिए विभिन्न विभागों से समन्वय करके समेकित बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से यह गतिविधियां संचालित की जा रही हैं जिसमें से एक आवश्यक संकेतक छह माह तक के शिशुओं को केवल स्तनपान सुनिश्चित कराना है। इसी परिपेक्ष में जनपद के आंगनबाडी केन्द्रों पर नवजात को स्तनपान कराया जा रहा है। उन्होंने बताया-गर्मी में शिशुओं में केवल स्तनपान संबंधी व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए 10 मई से 30 जून 2022 तक समस्त कन्वर्जेंस विभागों बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, बेसिक शिक्षा एवं खाद्य एवं रसद विभाग, जनप्रतिनिधियों तथा डेवलपमेंट पार्टनर्स के सहयोग से पानी नहीं केवल स्तनपान अभियान आयोजित किया जा रहा है। जिससे न केवल स्तनपान की दर में वृद्धि होने के अपेक्षित परिणाम प्राप्त होंगे बल्कि शिशु मृत्यु दर में भी सुधार लाया जा सकेगा।

## बेसिक शिक्षा विभाग चलाएगा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार के निर्देश के क्रम में जनपद में चलाये जाने वाले सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के क्रम में दिनांक 18 व 19 मई 2022 को बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा सड़क् सुरक्षा जागरूकता अभियान के अन्तर्गत विविध कार्य आयोजित किये गये है। बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री गौतम प्रसाद ने बताया कि इस अभियान के अन्तर्गत दिनांक 18 मई 2022 को जनपद के समस्त विद्यालयो में छात्र.छात्राओ की प्रभात फेरी करायी जायेगीए विद्यालयो में प्रार्थना सभा के समय सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण बच्चो के मध्य क्वीजनिबन्ध पोस्टरपेटिंग प्रतियोगिता का आयोजन कराया जायेगा। प्रतियोगिता में स्थानीय यातायात समस्याओ एवं नियमो के विषय को सम्मिलित किया जायेगा। मास्टर ट्रेनर के माध्यम से शिक्षको को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जायेगा।

## मिर्जापुर में 15 जून तक तम्बाकू नियन्त्रण माह मनाया जाएगा

संवाददाता। मिर्जापुर

**बीड़ी** सिगरेट व अन्य तम्बाकू उत्पादों का सेवन कर लोग तरह.तरह की बीमारियों को गले लगा रहे हैंद्य इस लतसे छुटकारा दिलाकर बीमारियों से बचाने को लेकर समय.समय पर जागरूकता कार्यक्रम चलाये जाते हैं द्य इसीक्रम में जनपद में 15 मई से 15 जून तक तम्बाकू नियन्त्रण माह मनाया जा रहा हैए जिसकी विधिवत शुरुआत मंगलवार को सीएमओ सभागार में बैठक के दौरानकी गयी द्य यह जानकारी मुख्यचिकित्सा अधिकारी डॉण् राजीव सिंघल ने दी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि इस बार कातम्बाकू नियन्त्रण माह तम्बाक ।शौक.किश्तों में मौत,आइएजीवन चुनें, तम्बाकूनहीं थीम पर मनाया जा रहा है ।जिले के मण्डलीय चिकित्सालयए 16 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के अलावा 53 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर यह माह मनाया जायेगा। केन्द्रों पर आने वालों को जागरूक करने के लिए बैनर व पोस्टर लगाये जा रहे हैंएकेन्द्र पर आने वालों को पम्पप्लेट भी दिया जा रहा हैएजिसमें जागरूकता सम्बन्धी जानकारी विस्तारपूर्वक है। इसके साथ ही इस कार्यक्रम में आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी लगाया गया है जो अपने क्षेत्रों मेंघर.घर जाकर लोगों को जागरूक करने का कार्य करेंगी।इसके अलावा जुलूस व स्कूल. कालेजों में हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जायेगा।

अपर मुख्यचिकित्सा अधिकारी डॉण् वी0के0 भारती ने बताया कि इस दौरान एक दिवसीय कार्यशाला का भी आयोजन किया जायेगाए जिसके बारे में सभी अपर मुख्यचिकित्साधिकारियों व स्वास्थ्यकर्मियों को पत्र के माध्यम से अवगत करा दिया जायेगा।यदि किसी आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को को तम्बाकू से ग्रसित व्यक्ति मिलता है तो वह अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर ले जाकर उपचार कराएंगी।

जिलासलाहकारडॉण् राजेश ने बताया कि नशा से मुक्ति के लिए सभी केन्द्रों पर नि:शुल्क उपचार व दवा उपलब्ध हैऔरगम्भीर स्थिति होने पर शहर के नजदीक स्थित नशामुक्ति उपचार चिकित्सालय में भेजा जाता हैद्य अभीतकवर्ष 2019.2020 में 435 व्यक्ति व 2020.2021 में 896 व्यक्तियों को नशा से मुक्त करा कराया जा चुका है ।तम्बाकू का सेवन करने से विभिन्न प्रकार की बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। जैसे.. मुंहकाकैंसर ,फेफड़े का कैंसर, स्मोकरगेंगरिन,प्रजनन क्षमता में कमी व गर्भाशय कैंसर प्रमुख रूप से शामिल हैं।

## जनता और जनप्रतिनिधियों के संग मर्यादित व्यवहार करे पुलिस:अंजनी

संवाददाता। कमालपुरचन्दौली



**जिला** पंचायत सदस्य अंजनी सिंह ने कमालपुर में बीते दिनों ग्राम प्रधान एवं धीना पुलिस के बीच हुवे दुखदपूर्ण ब्यवहार पर अपने समर्थकों संग रोष प्रदर्शन करते हुए उत्तर प्रदेश की योगी जी की सरकार से ग्राम पंचायत स्तर से लेकर क्षेत्र जिला पंचायत व प्रदेश के सदन तक प्रतिनिधियों के सम्मान में प्रोटोकॉल लागू करने की मांग उठाई है ताकी किसी विभाग के कर्मचारी अधिकारी पुलिस दरोगा मर्यादित व्यवहार करें । उन्होंने कमालपुर ग्राम प्रधान सुदामा जायसवाल के साथ बीते दिनों पुलिस द्वारा किए गए दुर्ब्यवहार पर कड़ा एतराज जताते हुये प्रदेश पुलिस के आला अधिकारियों एवं प्रदेश सरकार से इस मामले व ऐसे सभी मामलों में संज्ञान लेने की मांग किया है साथ ही साथ उन्होंने जिला के हर पंचायत प्रतिनिधियों पूर्व व वर्तमान सबको एक मंच पर आकर जनप्रतिनिधियों के सम्मान में एकजुट होने की अपील किया है । उन्होंने कहा आज सुदामा जायसवाल के साथ जो व्यवहार हुआ है कल किसी और प्रतिनिधि के साथ होगा मैं धानापुर सैयदराजा चंदौली के हर प्रधान क्षेत्रपंचायत जिलापंचायत सम्मानित जनता के सम्मान के लिए हमेशा यूं ही लड़ता रहूंगा । पार्टी पुरवा की बात अपनी जगह पर है लेकिन सभी जनता जनप्रतिनिधियों का सम्मान मेरी निगाह में एक बराबर है श्री सिंह ने कहा पुलिस के हर अच्छा काम पर उतर प्रदेश की पुलिस को में बधाई दूंगा लेकिन उतर प्रदेश पुलिस को जनता या जनप्रतिनिधि किसी से गाली देकर या तू तड़ाम करके बात करने का कोइ कानूनी अधिकार नहीं अपराध की श्रेणी में जो कानून आम जनता पर लागू होता है वही कानून पुलिस व अन्य विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों पर भी लागू होना चाहिए ।

## रविन्द्रपुरी में ब्लिस वेदास हेल्थ केयर का उद्घाटन 20 को

**वाराणसी।** पराड़कर स्मृति भवन में आयोजित प्रेसवार्ता में डा0 सरिता मिश्रा (फाउंडर ब्लिस वेदास) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ ने पत्रकार वार्ता के दौरान मंगलवार को बताया कि वाराणसी के हृदय क्षेत्र रविन्द्रपुरी एक्सटेंशन में स्त्री स्वास्थ्य की सम्पूर्ण रक्षा के लिये ब्लिस वेदास हेल्थ केयर जो कि अपनी तरह का प्रथम होलिस्टिक हेल्थ केयर ब्रांड है, के मुख्यालय एवं क्लिनिक का उद्घाटन 20 मई दिन शुक्रवार को पद्मश्री डा0 प्रो0 के. के. त्रिपाठी एवं डीन आयुर्वेद संकाय. बी. एच.यू. वाराणसी प्रो0 डा0 के. एन. द्विवेदी द्वारा सायं 7 बजे होगा। ब्लिस वेदा हेल्थकेयर में स्त्री रोग प्रसूति रोग, पंचकर्म आयुर्वेदीय कास्मेटिक केयर गर्भ संस्कार, मर्म चिकित्सा, योग, आसन, डाइट और लाइफस्टाइल काउंसिलिंग एवं प्रकृति परीक्षण की सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त ब्लिस वेदास हेल्थ केयर अपने कस्टमाइज कॉस्मेटिक उत्पादों की पूरी श्रृंखला भी लांच करने जा रहा है।



ज्ञानवापी मामले में सुनवाई के बाद कोर्ट से बाहर निकलते अधिवक्तागण

## बदलती दुनिया
### भारत की तटस्थता

**दुनिया** भर में तथाकथित 'तटस्थ' देशों की संख्या घटती जा रही है। यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद से दुनिया में काफी उलटफेर वाली स्थिति है। राष्ट्रों के परस्पर व्यवहार तथा स्वयं को सुरक्षित रखने के राजनीतिक सिद्धान्तों में भी परिवर्तन आ रहा है। यह संकट समाप्त होने तक दुनिया में यह अवधारणा एकदम बदलने की संभावना है कि देशों को अलग-अलग या समूह के रूप में एक-दूसरे के साथ कैसे व्यवहार करना चाहिए। इस टकराव ने दुनिया का ध्यान भारत तथा उसके द्वारा रूस की निन्दा न करने के दृष्टिकोण की ओर खींचा है। कई सप्ताह तक पश्चिम ने भारत पर अपना दृष्टिकोण बदलने के लिए दबाव डाला और इसके लिए राहतों के प्रस्ताव के साथ परोक्ष रूप से धमकियां भी दीं। लेकिन भारत अपने दृष्टिकोण से जरा भी विचलित नहीं हुआ। उसने संयुक्त राष्ट्रसंघ के उन प्रस्तावों पर मतदान में भाग नहीं लिया जिनमें रूस की भारी निन्दा की गई थी। इसके साथ ही भारत ने यूक्रेन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के उसके अधिकार का सम्मान किया। उसने इस देश को चिकित्सकीय व अन्य सहायता भेजी तथा भेज रहा है। यह समझने के लिए काफी कुछ लिखा गया कि भारत ने रूस के साथ दीर्घकालीन मैत्री का सम्मान किया तथा इसके साथ ही वह क्वाड में अमेरिका का सहयोगी रहा, ब्रिक्स में उसने चीन को सहन किया तथा जी-7 शिखर सम्मेलन में अतिथि बनाने के लिए यूरोप का धन्यवाद दिया। कहा जाता है कि भारत ने गुटनिरपेक्षता के नेहरूवादी दृष्टिकोण को छोड़ कर वर्तमान बहु-ध्रुवीय माडल अपनाया है। अपना राष्ट्रीय स्तर बदलने वाला नवीनतम देश फिनलैंड है और इसके बाद स्वीडेन का नंबर आता है। ये देश दशकों से प्रतिबद्ध रूप से तटस्थ रहे हैं,



लेकिन अब नाटो में शामिल होना चाहते हैं क्योंकि रूस उनको असुरक्षित कर रहा है। उनकी उपस्थिति से नाटो व प्रकारान्तर से अमेरिका के हौसले बढ़े हैं। लेकिन हम इस दिशा में नहीं जा रहे हैं। फिनलैंड की रूस के साथ लंबी सीमा है और अतीत में पूर्व कम्युनिस्ट देश के साथ उसके संबंध असहज रहे हैं। एक सीमा तक यूक्रेन पर हमले को फिनलैंड द्वारा अपनी तटस्थता छोड़ने का उचित कारण कहा जा सकता है। फिनलैंड व स्वीडेन के नाटो में शामिल होने के बाद से यूरोप में 'तटस्थ' देशों की संख्या घटी है। अन्य देश भी अपनी तटस्थ स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं। यूरोप का सर्वाधिक लोकप्रिय तटस्थ देश स्विटजरलैंड इस बात पर विचार कर रहा है कि रूस के खिलाऊ यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों का समर्थन करने के बाद वह स्वयं को तटस्थ कैसे कह सकता है। उसकी घटती तटस्थता आने वाले दिनों में यूरोपीय राजनीति को झकझोर देगी। आयरलैंड ने रूस के खिलाफ प्रतिबंधों का समर्थन किया है, पर वह सैनिक रूप से तटस्थ है और उसने यूक्रेन को केवल गैर-आयुध सहायता भेजी है। माल्टा, आस्ट्रिया और साइप्रस अब भी अपनी तटस्थता का मूल्यांकन कर रहे हैं। यूरोप ने सबसे पहले राजनीति और अर्थनीति के बीच संबंधों पर गौर किया जिससे यह जागरूकता पैदा हुई कि नाटो जैसे सैनिक गठबंधन उसकी सामूहिक सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं। लेकिन सभी तटस्थ देशों ने यह अवधारणा स्वीकार नहीं की। कुछ देशों ने यूरोपियन इकोनोमिक कम्युनिटी-ईईसी में शामिल होने से इनकार कर दिया क्योंकि इससे उनकी तटस्थ स्थिति कमजोर होती थी। आयरलैंड ने इस तर्क के साथ समूह में शामिल होने का निर्णय किया कि इसके परिणामस्वरूप मिलने वाली आर्थिक समृद्धि से तटस्थता को कोई खतरा नहीं पैदा होगा। स्पेन इस विश्वास से नाटो व ईईसी, दोनों में शामिल हुआ कि वह ईईसी से आर्थिक लाभ उठा कर नाटो में शामिल होने का खामियाजा चुका सकता है। लेकिन तत्कालीन सोवियत खतरे ने कभी उनके निर्णयों को प्रभावित नहीं किया। यह स्थिति वर्तमान समय में फिनलैंड के उलट है। उसे रूसी खतरे से अधिक अपनी बुढ़ाती जनसंख्या तथा घटते निर्यात आंकड़ों को देखते हुए अपना कल्याणकारी राज्य माडल बनाए रखने की चिन्ता है। केवल आने वाला समय ही बताएगा कि क्या नाटो में शामिल होने के बाद फिनलैंड की गैर-सुरक्षा समस्याओं का कोई समाधान सामने आएगा?

# खाद्यान्न नीति और सब्सिडी सुधार

### चोरी रोकने पर भी काफी बचत की संभावना है। लेकिन सस्ती कीमतों पर खाद्यान्न सप्लाई की वर्तमान व्यवस्था में यह संभव नहीं है।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना-पीएमजीकेवाई का विस्तार 6 महीने और बढ़ा कर इसे 30 सितंबर, 2022 तक कर दिया है। यह योजना अप्रैल, 2020 से चल रही है और इसके पांचवें चरण की समाप्ति 31 मार्च, 2022 को हुई। पहले पांच चरण में इस पर 2,60,000 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। अप्रैल-सितंबर, 2022 तक इसके लिए 80,000 करोड़ रुपये और खर्च होंगे। सवाल है कि क्या इसका विस्तार करना उचित है? मार्च, 2020 में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इसकी घोषणा की थी। उस समय कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण लोगों की आर्थिक गतिविधियों में व्यापक व्यवधान पैदा हुआ था जिससे उनके रोजगार छिने थे तथा आमदनी प्रभावित हुई थी। इस योजना के अंतर्गत सरकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली-पीडीएस के माध्यम से 800 मिलियन लोगों का प्रति व्यक्ति पांच किलो चावल या गेंहू प्रति माह 'मुफ्त' दे रही है। इसके साथ ही प्रति परिवार को एक किलो दाल भी 'मुफ्त' दी जा रही थी।

इसके अतिरिक्त पहले से ही 800 मिलियन लाभार्थियों को बहुत सस्ती कीमतों पर प्रति व्यक्ति पांच किलो अनाज मिल रहा था। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून-एनएफएसए के अंतर्गत उनको 3 रुपये प्रति किलो चावल, 2 रुपये प्रति किलो गेंहूं तथा 1 रुपये प्रति किलो मोटा अनाज मिल रहा था। 30 जून, 2020 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 30 नवंबर, 2020 तक योजना को पांच महीने विस्तार की घोषणा की, हालांकि थोड़ा परिवर्तन कर प्रत्येक परिवार को प्रति माह एक किलो मुफ्त अनाज की व्यवस्था थी। तीसरे दौर में इसका विस्तार चार महीने के लिए 31 मार्च, 2021 तक किया गया। 2021-22 में इस योजना को दो बार और विस्तार मिला जो 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुआ। 2020-21 में आर्थिक गतिविधि पूरे साल बाधित रही तथा पहली दो तिमाहियों में जीडीपी की वृद्धि दर क्रमशः 24.4 प्रतिशत 'नकारात्मक' तथा 7.4 प्रतिशत रही। तीसरी और चौथी तिमाही में सुधार 0.5 व 1.6 प्रतिशत के साथ आंशिक था, जबकि जीडीपी 'नकारात्मक' 6.6 प्रतिशत थी। इसके परिणामस्वरूप बड़े पैमाने पर आय के साधन घटे तथा लोगों की मूल भोजन के रूप में सहायता के लिए पीएमजीकेवाई उचित थी। कोविड की दूसरी विनाशकारी लहर का प्रभाव 2021-22 की पहली दो तिमाहियों में पड़ा तथा बड़े पैमाने पर लोग अस्पतालों में भर्ती हुए व मरे, लेकिन इससे आर्थिक पुनर्जीवन में बाधा नहीं पड़ी।

वास्तव में 2021-22 की पहली और दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 20.3 व 8.5 प्रतिशत रही। तीसरी लहर के बावजूद तीसरी और चौथी तिमाही में वृद्धि दर जारी रही और इस वर्ष के अंत में जीडीपी वृद्धि दर 8.9 प्रतिशत थी। स्पष्ट रूप से 2021-22 आर्थिक पुनर्जीवन का साल था जिससे काम और आमदनी के स्रोत खुले। इसलिए खासकर दूसरी छमाही में सहायता जारी रखने का औचित्य काफी कम था। 2022-23 में अर्थव्यवस्था मजबूती के चरण में प्रवेश कर गई। लेकिन खासकर यूक्रेन संकट के बाद भू-राजनीतिक उथलपुथल ने नकारात्मक प्रभाव पैदा किया। इस कारण पिछले वर्ष हुई 8.9 प्रतिशत वृद्धि दर प्रभावित हो सकती है, हालांकि इससे रोजगार या आमदनी में ज्यादा नुकसान की संभावना नहीं है। इसलिए वर्तमान वर्ष में योजना का विस्तार उचित नहीं कहा जा सकता है। मुफ्त भोजन सप्लाई से खजाने पर भारी बोझ पड़ता है। इस योजना के अंतर्गत खर्च कई गुना बढ़ा है।

किसानों से अधिक दाम पर न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी के अंतर्गत खरीदारी तथा हैंडलिंग व वितरण खर्च-एचडीसी बढ़ने से लाभार्थियों को दिए जाने वाले गुणवत्तापूर्ण अनाज पर सभी 6 चरणों में लगभग 3,40,000 करोड़ रुपये खर्च हुए। पांचवें व छठे चरण का विस्तार न कर सरकार लगभग 1,50,000 करोड़ रुपये बचा सकती थी।

हालांकि, पीएमजीकेवाई में कोविड जैसी असाधारण विपदा के कारण एक बार सब्सिडी दी गई, लेकिन ज्यादा चिन्ता का विषय केन्द्र द्वारा एनएफएसए के अंतर्गत दी जाने वाली सब्सिडी है। इसके अंतर्गत 800 मिलियन लोगों को प्रति माह पांच किलो अनाज 2,3,1 रुपये प्रति किलो पर दिया जाता है जो लगभग मुफ्त है। यह सब्सिडी लगातार देनी पड़ती है। खाद्य सब्सिडी पर खर्च 2019-20 में 2,19,000 करोड़, 2020-21 में 5,25,000 करोड़ तथा 2021-22 में 2,86,000 करोड़ रुपये था। इस प्रकार कुल मिला कर तीन साल में इस पर 10,30,000 करोड़ रुपये खर्च हुए। यदि इस कालखंड में पीएमजीकेवाई के अंतर्गत खर्च 2,60,000 करोड़ को हटा दिया जाए तो भी एनएफएसए के अंतर्गत सब्सिडी पर 7,70,000 करोड़ का भारी-भरकम खर्च हुआ। इस बीच 2022-23 के लिए बजट आबंटन 2,07,000 करोड़ रखा गया है। इस प्रकार चार साल में कुल 10,00,000 करोड़, यानी हर साल 2,50,000 करोड़ खर्च होगा। साल दर साल बढ़ती खाद्य सब्सिडी और बढ़ती उर्वरक सब्सिडी के कारण राजकोषीय घाटे की सीमा में रियायत दी जा रही है। यह रास्ता उचित नहीं है क्योंकि इससे कर्ज बहुत अधिक असहनीय सीमा तक पहुंच जाएगा।

सरकार को सब्सिडी घटाने पर विचार करना चाहिए। वास्तव में इसकी असाधारण संभावनायें हैं। वर्तमान समय में जनसंख्या के लगभग दो तिहाई हिस्से, यानी 820 मिलियन लोगों को सब्सिडी दी जाती है। मूलभूत रूप से सस्ता भोजन केवल गरीबों के लिए होना चाहिए और उनकी संख्या बहुत कम है। 2015 में आई शांताकुमार कमेटी रिपोर्ट के अनुसार, सस्ते भोजन के लिए उपयुक्त लोगों की संख्या 67 प्रतिशत से घटा कर 40 प्रतिशत की जानी चाहिए। 27 प्रतिशत या 380 मिलियन को सब्सिडी न देने से हर साल सरकार को 64,000 करोड़ की बचत होगी। यह गणना इस आधार पर है कि लाभार्थी अपने हिस्से का पांच किलो अनाज हर महीने लेंगे।

समिति ने यह सुझाव भी दिया था कि 'अंत्योदय अन्न योजना' के अंतर्गत सर्वाधिक गरीबों को छोड़ कर अन्य को एमएसपी के 50 प्रतिशत का भुगतान करना चाहिए जिनकी संख्या लगभग 320 मिलियन है। उनसे 10 रुपये प्रति किलो गेंहूं का दाम लिया जाना चाहिए जिससे उनको प्रति किलो 8 रुपये की बचत होगी। इस संस्तुति पर अमल करने से हर वर्ष 15,000 करोड़ रुपये की बचत होगी। वर्तमान मुद्दा यह है कि एनएफएसए कानून के अंतर्गत गेंहूं, चावल व मोटे अनाजों के लिए 2,3 व 1 रुपये किलो मूल्य निर्धारित हैं। यह कानून 2013 में लागू हुआ था और कीमतों को तीन साल के लिए निर्धारित किया गया था। इस प्रकार 2016 के बाद से दाम बढ़ाने पर कोई विधिक रोक नहीं है। एक रुपया प्रति किलो की वृद्धि से हर साल 5,000 करोड़ रुपये की बचत होगी। चोरी रोकने पर भी काफी बचत की संभावना है। लेकिन सस्ती कीमतों पर खाद्यान्न सप्लाई की वर्तमान व्यवस्था में यह संभव नहीं है। यदि सब्सिडी को सीधे लाभार्थी के खाते में डीबीटी से भेजा जाए तभी चोरी रोकी जा सकती है। लेकिन हमारे राजनेताओं में पुरानी व्यवस्था में मामूली परिवर्तन का भी साहस नहीं है। इसका कारण यह है कि हर चुनाव में विजय की संभावनायें जनसंख्या के बड़े हिस्से की 'मूलभूत आवश्यकतायें' सस्ती कीमतों पर या मुफ्त पूरी करने से जुड़ी होती हैं।

# पीएम मोदी की नेपाल यात्रा के निहितार्थ

**ऋषि गुप्ता**
(लेखक विवेकानंद अंतरराष्ट्रीय फाउंडेशन में शोधकर्ता हैं)



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने के मध्य में नेपाल के लुंबिनी में उनके जन्मस्थान पर भगवान बुद्ध की जयंती के अवसर पर एक संक्षिप्त यात्रा पर हैं। मोदी की यात्रा योजना में उत्तर प्रदेश में हाल ही में उद्घाटन किए गए कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से नेपाल में लुंबिनी के लिए हेलीकॉप्टर से उड़ान भरना शामिल था। प्रधानमंत्री की हेलीकॉप्टर की सवारी दोनों देशों के बीच साझा बौद्ध विरासत के इतिहास में एक महत्वपूर्ण घटना होगी। मोदी की नेपाल यात्रा अप्रैल में नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा की हाल ही में संपन्न भारत यात्रा की पृष्ठभूमि में हो रही है।

उल्लेखनीय है कि भगवान बुद्ध का जन्म नेपाल के लुंबिनी में हुआ था और उन्होंने भारत के कुशीनगर में महानिर्वाण प्राप्त किया था। और प्रधान मंत्री मोदी की यात्रा भारत और नेपाल के बीच धार्मिक पर्यटन और कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए किए गए प्रयासों का प्रतीक है। इसलिए, यात्रा सामाजिक-सांस्कृतिक, धार्मिक, आर्थिक और संपर्क के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। मई 2019 में फिर से चुने जाने के बाद यह प्रधान मंत्री मोदी की पहली नेपाल यात्रा है और पिछले आठ वर्षों में पांचवीं ऐसी यात्रा है जहां नेपाली प्रधान मंत्री शेर बहादुर देउबा उनका स्वागत करेंगे। दोनों प्रधानमंत्रियों के बीच द्विपक्षीय वार्ता भारत की 'पड़ोसी पहले नीति' के साथ-साथ अप्रैल में पीएम देउबा की दिल्ली यात्रा के दौरान हस्ताक्षरित समझौतों को एक बड़ा धक्का देगी।

सांस्कृतिक बंधन को फिर से जीवंत करना-हाल के वर्षों में, भारत-नेपाल संबंधों के बारे में रणनीतिक चर्चाओं ने सांस्कृतिक और सांस्कृतिक पर अधिक ध्यान केंद्रित करने के बजाय आर्थिक और विकास सहयोग के आधार पर द्विपक्षीय संबंधों के निर्माण का सुझाव दिया है। रोटी-बेटी कथा। नेपाली पर्यवेक्षकों में यह भी भावना है कि रोटी-बेटी संबंधों के पर्दे के पीछे मुख्यधारा के मुद्दों को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। नतीजतन, साझा विकास को सुविधाजनक बनाने के लिए आर्थिक संबंधों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। 2015 में भारत-नेपाल सीमा पर आर्थिक व्यवधानों के आलोक में इस तरह की चर्चा अधिक प्रमुख हो गई थी। हालांकि, भारत की नेपाल नीति पर इन टिप्पणियों के विपरीत, पर्यवेक्षकों को नेपाल के साथ सांस्कृतिक कूटनीति के लिए चीन का नया प्यार एक प्रभावशाली पहल लगता है।



यह भी उल्लेखनीय है कि चीन नेपाल के साथ अपने संबंधों के इर्द-गिर्द सांस्कृतिक आख्यान बनाने में सामाजिक-सांस्कृतिक और धार्मिक तत्वों को लाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। जबकि 1950 में तिब्बत पर कब्जा करने के बाद चीन को नेपाल के साथ अपने अधिकांश सामाजिक-सांस्कृतिक और धार्मिक संबंध विरासत में मिले, नेपाल और भारत के बीच ऐसे बंधन प्राचीन, सहज और स्वाभाविक रहे हैं। साथ ही, नेपाल में चीनी पदचिह्न के बढ़ने से भारत-नेपाल संबंधों में अचानक गिरावट आई थी। हालांकि, लोगों से लोगों के बीच संबंध और सांस्कृतिक आदान-प्रदान हमेशा दृढ़ रहे। चीन ने 2014 के मध्य में नेपाल में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में शीर्ष स्थान को पीछे छोड़ दिया था, जिसके बाद मई 2017 में नेपाल द्वारा बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव पर हस्ताक्षर किए गए थे। हालांकि, सात वर्षों के भीतर, चीन का बुलबुला फट गया है, इस पर कोई प्रगति नहीं हुई है। बहुप्रतीक्षित बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के तहत समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

इस आलोक में, प्रधान मंत्री मोदी की लुंबिनी की यात्रा, जहां वह पूजा करने के लिए पवित्र मायादेवी मंदिर की यात्रा करने वाले हैं और लुंबिनी मठ क्षेत्र के भीतर बौद्ध संस्कृति और विरासत के लिए एक केंद्र की नींव रखते हैं, भारत और नेपाल के बीच बौद्ध संबंध को फिर से जीवंत करता है। यह बंधन कुशीनगर, बोधगया और सारनाथ सहित भारत में बौद्ध स्थलों पर जाने वाले लाखों नेपाली पर्यटकों से दिखाई देता है, और वे प्रसिद्ध हिंदू मंदिरों में भी जाते हैं और अपने पूर्वजों के लिए प्रार्थना करने के लिए बनारस जाते हैं। इसी तरह, भारतीय पर्यटक पशुपतिनाथ और अन्य पवित्र स्थलों की यात्रा के लिए हर साल भारी संख्या में नेपाल जाते हैं। इसलिए, प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा सांस्कृतिक संबंध को फिर से जीवंत करने की दिशा में एक स्वागत योग्य कदम है।

कार्यालय में पहले दिन से, पीएम मोदी ने 'पड़ोस पहले' रखने पर जोर दिया है और भूटान और नेपाल की उनकी शुरुआती यात्राएं इस संबंध में प्रमाण हैं। इन विदेश नीति के लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में, भारत ने प्राचीन संबंधों और वर्तमान जरूरतों के बीच एक अच्छा संतुलन बनाया है। जबकि वर्तमान यात्रा प्राचीन सांस्कृतिक बंधनों को फिर से जीवंत करती है, नेपाल के प्रधान मंत्री देउबा की अप्रैल में दिल्ली की यात्रा ने सहयोग के दो क्षेत्रों में संभावनाओं पर ध्यान केंद्रित किया। कनेक्टिविटी सर्वोच्च प्राथमिकता पर है जिसमें सीमा पार भूमि कनेक्टिविटी में सुधार, भारतीय बंदरगाहों के माध्यम से नेपाल के लिए तीसरे देशों से माल के आयात के लिए पारगमन बिंदुओं का आधुनिकीकरण और भारत से नेपाल के सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों में रेलवे कनेक्टिविटी का विस्तार शामिल है। दूसरा, अप्रैल में विद्युत क्षेत्र पर विजन स्टेटमेंट जारी करना बहुप्रतीक्षित राजनयिक घोषणाओं में से एक था। नेपाल में जलविद्युत की विशाल क्षमता है और भारत इस क्षेत्र में एक प्रमुख तकनीकी विशेषज्ञ के रूप में, दोनों देशों को पारस्परिक प्रगति और विकास में स्वाभाविक भागीदार बनाता है। साथ ही, भारत और अन्य पड़ोसी देशों को अतिरिक्त बिजली निर्यात करने के लिए भारत नेपाल के लिए एक विश्वसनीय बाजार है। इसलिए जलविद्युत सहयोग दोनों देशों के लिए फायदे का सौदा है।

सात साल की तनावपूर्ण अवधि के बाद, भारत-नेपाल संबंध सामान्य स्थिति की ओर बढ़ रहे हैं। देशों के बीच हाल के उच्च-स्तरीय आदान-प्रदान साझा प्राचीन सामाजिक-सांस्कृतिक, धार्मिक, दार्शनिक और ऐतिहासिक विरासत के मूल सिद्धांतों के आधार पर एक सौहार्द का संकेत देते हैं। साथ ही, ये आदान-प्रदान संभावनाओं और संभावित विकास सहयोग के अनुरूप हैं।

## आप की बात

### वीआईपी के कारण जाम

**प्रधानमंत्री** के लखनऊ आगमन पर लखनऊ कानपुर मार्ग पर लोगों को जाम से परेशान होना पड़ा। कोई भी वीआइपी यदि किसी भी सड़क से वह गुजरता है।तो उसे सुरक्षित रास्ता उपलब्ध कराना प्रशासन का काम है।प्रधानमंत्री के कारण रूट बदलना किसी भी प्रकार उचित नही है।उस भयंकर जाम में फंसे छोटे छोटे मासूम बच्चे, बूढ़े और दूसरे लोग 43 डिग्री तापमान में बिलबिला रहे थे। मैं स्वयं उस जाम में फंसा था। साढ़े तीन बजे उन्नाव से चला। 18किलोमीटर का रास्ता 4घण्टे में पूरा करके घर रात साढ़े 7बजे पंहुचा। मैंने इन चार घण्टो में इतनी गर्मी खाई।रात में खाना नही खाया।केवल रात के ग्यारह बजे तक पानी पीता रहा। कृपया केंद्र और राज्य सरकारें किसी भी वीआईपी के आगमन में सामान्य यातायात व्यवस्था रखे। सामान्य लोगों की तरह ही उन्हें गंतव्य तक पहुचाने की व्यवस्था होनी चाहिये। हमारे सुरक्षा जवान जो माननीयों के साथ है। उनकी सुरक्षा करने में पूर्ण सक्षम है। केवल तन्त्र की ओर ध्यान देना होगा जो प्रोटोकाल को लीक कर देता है। कोई भी वी आई पी सुरक्षित तरीके से सड़क से जा सकेगा। केवल इसकी जानकारी किसी को न दी जाए। जाम समस्या से आमजन परेशान हो। यह लोकतंत्र के लिये चिन्तनीय है।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

### कब समझेगा हिंदू समाज?

**एक** ऐसी सन्तान जिसके माता पिता को उसके तथाकथित मित्रों ने एक छोटे से कमरे में कैद कर दिया हो। उन्हें कैदी से भी बद्तर स्थिति, गंदगी व कीचड़ से भरे स्थान पर रखा हो। प्रतिदिन उनके ऊपर थूका हो, अपने पैरों से रौंदा हो। क्या ऐसे व्यक्तियों को अब भी अपना मित्र मानने वाले पुत्र या पुत्री को सन्तान कहलाने का अधिकार मिलना चाहिए। कल्पना करनी चाहिए जिन महादेव को सम्पूर्ण हिन्दू समाज अपना परमपिता परमेश्वर मानता है उन महादेव को सैकड़ो वर्षों से इस स्थिति में रखने वाले वर्तमान मुस्लिम समाज को दोषी न मानकर केवल औरंगजेब आदि को दोष देकर, वर्तमान मुस्लिम समाज से भाईचारे का कायरतापूर्ण संबंध रखना क्या किसी भी सनातनी को महादेव की सन्तान या भक्त होने का अधिकार दे सकता है। हिन्दू समाज किस अधिकार से महादेव पर आभिषेक कर पा रहा है जब उनके आराध्य का ही घोर अपमान किया जा रहा है। हिन्दू समाज यह कब समझ पायेगा की कट्टरपंथियो का लक्ष्य ही कुफ्र अर्थात काफ़िर को समाप्त कर गजवा ए हिन्द को पूरा करना है। असंख्य प्राचीन शिवलिंग व धर्मस्थल ऐसे है जिन्हें मुस्लिम आक्रांताओं द्वारा खंडित किया गया एवं मुस्लिम समाज उन स्थलों को इबादतगाह के रूप में काबिज किए हुए है। – **दिव्य अग्रवाल**, गाज़ियाबाद

### बढ़ते अग्निकांड

**दिल्ली** के मुंडका इलाके में हुआ अग्निकांड ही नहीं, देश के तमाम शहरों में ऐसे अग्निकांडों की लंबी फेहरिस्त है जो आग से बचाव के उपायों के मामले में लापरवाही, नियम-कानूनों की अनदेखी और इमारतों के निर्माण में प्रयोग होने वाली सामग्रियों जैसे कई सवाल खड़े करती है! रिहायशी क्षेत्रों में गुपचुप रूप से औद्योगिक कार्य करना! उसमें भी भारी मात्रा में प्लास्टिक के पहाड़ से इकट्ठे करके रखना! अग्निशमन का कोई साधन नहीं होने के साथ ही साथ कई तरह की लापरवाहियां देश भर में निर्मित भवनों में व्याप्त है! संबंधित विभाग के कर्मचारियों को इनका निरीक्षण करने का समय ही नहीं है! ऐसा ही कोई बड़ा हादसा होने पर थोड़े दिन तक चहल-पहल रहती है हाय तोबा होती है उसके बाद वही ढाक के तीन पात। इसी प्रकार आवासीय बस्तियों के मध्य अटाला व्यापारियों द्वारा बड़े-बड़े गोदामों में प्लास्टिक व अन्य प्रकार का ज्वलनशील अटाला इकट्ठा करके रखा गया है! जिन में आग लग जाने की स्थिति में पूरा क्षेत्र जलकर खाक हो सकता है। मगर इन्हें रोकने टोकने वाला कोई नहीं है।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**हम** प्रधानमंत्री के निर्देशों पर राज्य के लगातार विकास के लिए काम करते रहेंगे।

– **मानिक साहा**
त्रिपुरा के मुख्यमंत्री

**महामारी** का मुकाबला करने में सारी चीजें योजनाओं के अनुसार नहीं चलीं।

– **स्काट मोरीसन**
आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री





**उद्धव** का बाबरी शक्ति केन्द्र गिराए बिना मैं चैन से नहीं बैठूंगा।

– **देवेंद्र फड़नवीस**
महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 18 मई, 2022



# तुरंत दें गन्ने का बकाया

● मण्डलायुक्त चीनी मिल मोतीनगर के अध्यासी को पेराई सत्र 2021-22 के बकाया गन्ना मूल्य व विकास अंशदान के भुगतान को लेकर हुए सख्त

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री द्वारा त्वरित गन्ना मूल्य भुगतान हेतु दिये गये निर्देशों के क्रम में गन्ना विकास विभाग ने भुगतान के मुद्दे पर सख्त रुख अपना लिया है। इसी क्रम में मण्डलायुक्त अयोध्या द्वारा चीनी मिल मोतीनगर के अध्यासी, महाप्रबन्धक (गन्ना) एवं उप गन्ना आयुक्त अयोध्या की उपस्थिति में अपने कार्यालय में समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में मण्डलायुक्त द्वारा चीनी मिल मोतीनगर को तत्काल बकाये गन्ना मूल्य का भुगतान कृषकों के खाते में किये जाने का निर्देश दिया गया। साथ ही साथ गन्ना विभाग को प्राप्त होने वाले विकास अंशदान का भी त्वरित भुगतान कराये जाने के निर्देश दिये गये। अध्यासी चीनी मिल मोतीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि अब तक पेराई सत्र 2021.22 में कुल देय गन्ना मूल्य अंकन रू. 410.82 करोड़ के सापेक्ष अंकन रू. 301.39 करोड़ का भुगतान कराया जा चुका हैए जो कुल के सापेक्ष 73.36 प्रतिशत है तथा अवशेष भुगतान तत्काल कराये जाने की कार्ययोजना तैयार करा ली गई है। जल्द ही अवशेष समस्त गन्ना मूल्य का भुगतान गन्ना कृषकों को करा दिया जायेगा। अध्यासी द्वारा गन्ना विकास विभाग को देय विकास अंशदान का भी जल्द ही भुगतान करने का आश्वासन मण्डलायुक्त को दिया गया। उल्लेखनीय है कि चीनी मिल मोतीनगर द्वारा कुल गन्ना कृषकों 66239 के सापेक्ष 61625 कृषकों को गन्ना मूल्य का भुगतान किया गया है। मण्डलायुक्त द्वारा उप गन्ना आयुक्त के स्तर से उपलब्ध कराई गई सूचना का अवलोकन करने पर कहा गया कि चीनी मिल मोतीनगर द्वारा लगभग 13.36 लाख कुन्टल चीनी का उत्पादन किया गया है, जिसमें दिनांक 30 अप्रैल 2022 को 11.67 लाख कुन्टल चीनी मिल अवशेष है। अप्रैल 2022 को 11.67 लाख कुन्टल चीनी मिल अवशेष है। उत्पादित चीनी के सापेक्ष सीसीएल 190 करोड़ ही स्वीकृत कराई गई है। इससे स्पष्ट हो रहा कि चीनी मिल सीसीएल पर ब्याज देने से बचना चाहती हैए जबकि गन्ना कृषकों को भुगतान न देकर ब्याज कमाना चाहती है। इस पर मण्डलायुक्त द्वारा चीनी मिल को आड़े हाथ लिया है तथा रोष व्यक्त करते हुए उनके द्वारा प्रस्तुत कार्ययोजना को सिरे से खारिज कर तत्काल भुगतान कराये जाने के निर्देश दिये हैं।

# विद्यालय के कैम्पस में कायाकल्प योजना पर अमल के दिये निर्देश

**अम्बेडकरनगर।** राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डॉक्टर देवेंद्र शर्मा सदस्य डॉ सुचिता चतुर्वेदी ने प्रा. विद्यालय और आंगनबाड़ी सेंटर पसिया पारा का औचक निरीक्षण किया, जिनके साथ जिला कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार मिश्र, बाल विकास परियोजना अधिकारी बलराम सिंह, बाल विकास पदाधिकारी राजेश यादव, बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेंद्र प्रताप सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी राकेश कुमार मौके पर मौजूद थे। प्रा. विद्यालय के निरीक्षण में अध्यक्ष ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से विद्यालय के कैंपस को कायाकल्प योजना अंतर्गत उन्नत करने के लिए दिशा निर्देश दिया। आंगनबाड़ी केंद्र से लेकर सभी कमरों में बच्चों के लिए छत के पंखे के व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। आंगनबाड़ी सेंटर में अध्यक्ष के साथ सुचिता मैडम ने चार गर्भवती महिलाएं जिनका नाम ज्ञानवती, अंजनी, नीतू और नीलम है की गोद भराई मौसमी फ्लों और सब्जियों की डलिया से करके उनके खानपान और आंगनबाड़ी द्वारा दी जाने वाली व्यवस्थाओं के बारे में पूछा। जिसमें वह संतुष्ट नजर आए इसके पश्चात दो बच्चे जिनकी उम्र लगभग 6 माह हो गई थी जिनके नाम हैं अदिति और अभिज्ञ का अन्नप्राशन स्वयं अपने हाथों से करा कर बच्चों को उचित देखरेख के लिए उनकी माता को दिशा निर्देश किया। काफिला जिला अस्पताल के औचक निरीक्षण के लिए निकल गया। पोषण पुनर्वास केंद्र में पहुंची टीम ने पोषण पुनर्वास केंद्र के 10 भरे सीटों को देखकर बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की जमकर तारीफकी वही बच्चों के खान-पान और पोषण पुनर्वास केंद्र के रसोइए का सघन निरीक्षण किया इसके पश्चात टीम ने जिला अस्पताल के एसएनसीयू और अन्य वार्डो का गहन निरीक्षण किया।



# जिला शिक्षा व अनुश्रवण समिति की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न



**अयोध्या।** डीएम नितीश कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। डीएम ने जनपद में संचालित समस्त 1794 परिषदीय विद्यालयों में आपरेशन कायाकल्प योजनान्तर्गत 19 मूलभूत सुविधाओं के संतृप्तीकरण के स्थिति की ब्लाकवार विस्तृत एवं गहन समीक्षा की तथा कायाकल्प योजना के 19 पैरामीटरों (यथा.ड्रिंकिंग वाटर, ब्लैक बोर्ड, मल्टीपल हैण्ड वाशिंग यूनिट, व्वाय, गर्ल्स व द्विव्यांग शौचालय, किचेन शेड, विद्युत कनेक्शन, टाइलिंग, बाउण्ड्रीवाल आदि को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, नगर निगम/नपा/नगर पंचायत व विद्युत को अपने-अपने विभाग से सम्बंधित कार्यो को 15 दिवस के भीतर पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

डीएम ने जनपद के जिन परिषदीय विद्यालयों में रैम्प व रेलिंग नही है वहां 10 दिवस में रैम्प व रेलिंग बनवाने की समय सीमा निर्धारित की। डीएम ने समस्त विद्यालयों में कम्पोजिट ग्रांट का बेहतर ढंग से सद्उपयोग करने के निर्देश दिये। डीएम ने सभी एबीएसए को विद्यालयों में पूर्व में आये फर्नीचर्स को आवश्यकतानुसार मरम्मत कराने तथा जिन विद्यालयों में फर्नीचर नही है फर्नीचर की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की कार्यवाही करने के निर्देश बीएसए को दिये।

डीएम ने स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत शैक्षिक सत्र 2022.23 में प्रदेश स्तर से जनपद के लिए निर्धारित 46217 नवीन नामांकन लक्ष्य के सापेक्ष आपेक्षित प्रगति न होने पर नाराजगी व्यक्त की तथा विद्यालयवार योजना बनाकर एबीएसए प्रत्येक विद्यालय के प्रधानाचार्य व अध्यापकों/शिक्षामित्रों की जिम्मेदारी तय करते हुये नामांकन में आपेक्षित सुधार लाने के निर्देश दिये। बैठक में सीडीओ, बेसिक शिक्षा अधिकारी, डीआईओएस, डीसी मनरेगा, सभी एबीएसए सहित नगर निगम, पंचायती राज, एक्सईएन विद्युत, नगर पंचायत/पालिका के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पहले बड़े मंगल पर उमड़ा आस्था का सैलाब

● हनुमान जी के स्मरण से सुख और बुद्धि की प्राप्ति होती है दुख का हरण होता है: राम दास

**अयोध्या।** भगवान श्री राम के अनन्य भक्त और कलयुग में अयोध्या के राजा सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी पर हनुमान जी के दरबार में ज्येष्ठ मास के पहले मंगलवार को आस्था का उमड़ा जनसैलाब लाखों श्रद्धालुओं ने दरबार में लगाई हाजिरी दर्शन पूजन कर हनुमान जी महाराज का लिया आशीर्वाद। ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4 बजे हनुमान जी महाराज की मंगला आरती होती है और इस आरती के दर्शन के लिए हजारों श्रद्धालु कतार बद्ध होकर के हनुमानगढ़ी पर अपनी बारी का इंतजार करते देखे गए और साथ ही साथ मां सरयू में भी ब्रह्म मुहूर्त से श्रद्धालु स्नान ध्यान करके सरयू तट पर स्थित नागेश्वर नाथ महादेव भगवान को जलाभिषेक कनक भवन और श्री राम जन्म भूमि सहित अयोध्या के अन्य




मंदिरों में भी दर्शन पूजन किए सुबह से ही पूरी अयोध्या श्रद्धालुओं से खचाखच भरी रही अयोध्या के अंदर भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित था सोमवार को ही प्रशासन ने रूट डायवर्जन चार्ट सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से प्रचारित प्रसारित कर दिया था जिसका पुलिस प्रशासन सुबह से ही कड़ाई से पालन करा रहा है। इस वर्ष मई के प्रारंभ से ही गर्मी भी बहुत तेज हो गई है तो श्रद्धालुओं को राहत देने के लिए अयोध्या में दर्जनों स्थानों पर शरबत लस्सी लड्डू पानी श्रद्धा भाव से पिलाते दिखाई दिए।

नाका हनुमानगढ़ी पर ज्येष्ठ मास के प्रथम मंगलवार को हनुमान जी महाराज की विशेष आरती की गई और भक्तों द्वारा दिए गए चांदी के मुकुट और मालाओं से श्रृंगार करके कदली फ्ल का भोग लगाया गया। नाका हनुमानगढ़ी के महंत रामदास जी महाराज ने बताया कि हनुमान जी महाराज प्रभु श्री राम के भक्त हैं और कलयुग में प्रत्यक्ष देवता हैं जो भी व्यक्ति मनोयोग से हनुमान जी का स्मरण करता है उसके सभी दुख को हरण कर लेते हैं सुख संपदा और बुद्धि ही प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि हनुमान जी महाराज को प्रत्येक दिन स्मरण करना चाहिए लेकिन मंगलवार दिन विशेष फ्लदाई माना गया है और वह मंगलवार यदि ज्येष्ठ मास का हो तो सर्वोत्तम होता है। उन्होंने बताया कि सुबह ब्रह्म मुहूर्त में हनुमान जी महाराज का पंचामृत से अभिषेक कर विशेष श्रृंगार किया गया और कदली फ्ल का भोग लगाया गया साथ ही साथ सुबह से ही हनुमान जी के दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा आज श्रद्धालुओं ने चांदी का मुकुट व माला अर्पित भी अर्पित की।

# पूर्व राज्यपाल ने किया आशिमा की पुस्तक का लोकार्पण

**प्रयागराज।** श्वेता प्रकाशन द्वारा अशिमा सिंह की पुस्तक सर जमीन ए हिंद का लोकार्पण आज पूर्व राज्यपाल पंडित केशरी नाथ त्रिपाठी ने किया। उन्होंने कहा कि आज जब पूरा देश आजादी के 75 वर्ष अमृत महोत्सव के रूप में मना रहा है। उस समय अशिमा की यह पुस्तक अत्यंत समीचीन जान पड़ती है। प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। दूरदर्शन एवं प्रसार भारती के निदेशक लोकेश शुक्ला ने मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की। इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम की शुरुआत करने वाले प्रथम शहीद मंगल सिंह के प्रपोत्र भगवान पांडेय का सम्मान जस्टिस सुधीर नारायण ने किया। भगवान पांडेय ने अपने जीवन के अनुभव साझा किए। अशिमा सिंह ने पुस्तक लिखने के संबंध में कहा कि उन्हें सदैव यह लगता रहा इतिहास इतिहास का पुनर्गठन की आवश्यकता है। इस पुस्तक में उन घटनाओं को समेटने की कोशिश की है।जिनका जिक्र इतिहास में नहीं हुआ या बहुत कम हुआ। प्रोफेसर हेरम्ब चतुर्वेदी ने




लोकार्पण करते पूर्व राज्यपाल केशरी नाथ त्रिपाठी।

पुस्तक की समीक्षा करते हुए कहा कि आशिमा ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के विस्तार को शब्दों में समेटने का एक दुष्कर कार्य किया है। उन्होंने प्रतिरोध कि किसी भी घटना को नहीं छोड़ा जिसने ब्रिटिश औपनिवेशिक सत्ता को चुनौती प्रदान करके व्यापक तथा चैतन्य स्वतंत्रता संग्राम की पृष्ठभूमि निर्मित की थी। दिल्ली से आए अंतिम मुगल शासक शाह जफ्र के प्रपौत्र फैजुद्दीन खान ने आशिमा जी को उनकी इस कृति के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह एक बहुत महत्वपूर्ण पुस्तक प्रकाशित हुई है। जिसमें इतिहास से जुड़ी सच्ची घटनाओं का जिक्र है। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदुस्तानी एकेडमी के अध्यक्ष डा उदय प्रताप सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन डा शान्ति चौधरी और संचालन संजय पुरुषार्थी ने किया। इस अवसर पर बस्ती की राजमाता आशिमा सिंह उनके पुत्र बस्ती राजा ईश्वर सिंह नंदिता सिंह श्वेता सिंह डा आशुतोष चौधरी डा श्वेता चौधरी और डा आस्था चौधरी पार्षद आनन्द घिल्डियाल उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मिल्कीपुर अयोध्या।** खण्डसा थाना के कंदई काला चौकी के पाराखानी पुरे तुला दुबे गांव में 19 वर्षीय युवती द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष खंडासा संतोष कुमार सिंह ने युवती का शव कब्जे में लेकर पंचायत नामा कराने के उपरांत पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक खंडासा थाने के कंदई कला चौकी क्षेत्र अंतर्गत पारा खानी गांव के पूरे तुला दुबे निवासी काली प्रसाद दुबे उर्फपरहा दुबे की 19 वर्षीय बेटी नंदिनी का शव दुपट्टे के सहारे कमरे के छत में लगे फैन हुक से लटका देख परिवारीजन दंग रह गए और परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी पाकर भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और उन्होंने घटना की जानकारी खंडासा थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और उन्होंने युवती का शव फंदे से नीचे उतरवाकर कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। युवती की आत्महत्या को लेकर गांव में चर्चाओं का बाजार पूरी तरह से गर्म है ग्रामीणों का कहना है कि लगभग एक माह पहले ही गावं के ही एक युवक द्वारा युवती के साथ छेड़खानी सहित गंभीर वारदात को अंजाम दिया गया था। मामला चौकी पुलिस के पास पहुंचने के बाद चौकी पुलिस ने आरोपियों के प्रभाव में आकर मामले को रफा.दफा करा दिया था। मामले में आरोपी मन बढ़ युवक के खिलाफप्रभावी कार्यवाही न होने के चलते युवक का मनोबल बढ़ गया था और वह 5 दिन पूर्व युवती के घर भी पहुंच गया था। शिकायतों के बाद पीआरबी 112 पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई थी। हालांकि मन बढ़ युवक मौके से भाग निकला था। युवक द्वारा युवती का वीडियो वायरल किए जाने की भी धमकी दी जा रही थी। उधर मृतका की बड़ी बहन की शादी आगामी 5 जून को सुनिश्चित होने के चलते पीड़ित युवती व उसके परिवारीजन लोक लाज के भय तथा चौकी पुलिस से न्याय न मिल पाने की संभावनाओं के चलते दोबारा पुलिस से शिकायत करना मुनासिब नहीं समझे थे। उधर मनबढ़ युवक अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा था। जिससे आजिज होकर युवती ने मौत को गले लगा लिया और फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

### एप की सहायता से रेल यात्रियों को मिली मेडिकल सुविधा

**प्रयागराज।** प्रयागराज मण्डल अपने रेल यात्रियों को बेहतर से बेहतर सुविधा देने के लिए प्रयत्नशील है। इसी उद्देश्य के लिए प्रयागराज मंडल विभिन्न माध्यमों से मिलने वाली शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करता है। रेल प्रशासन द्वारा रेल मदद ऐप को यात्रा के दौरान ट्रेन के अंदर तथा स्टेशन पर रेल यात्रियों की परेशानी का तत्काल निराकरण करने के उद्देश्य से बनाया गया है। इसमें सभी हेल्पलाइन सेवा को भी मर्ज कर दिया गया है जो भी शिकायतें रेल मदद पर आती हैं। उस पर संबंधित मंडल कार्यालय त्वरित कार्यवाही करता है और सम्बंधित मंडल शिकायत कर्ता से संपर्क करता है और यात्री की समस्या का निदान करता है। इस ऐप के माध्यम से रेल यात्रा के दौरान पानी की समस्या साफसफाई तथा मेडिकल जैसी शिकायतों का तत्काल निराकरण किया जाता है। इसी क्रम में प्रयागराज मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा गत वित्तीय वर्ष में ट्रेनों के अंदर 2540 रेल यात्रियों को मेडिकल की सुविधा उपलब्ध कराई गई इसी क्रम में एक मई 2022 से 16 मई 2022 तक 211 रेल यात्रियों को वाणिज्य विभाग द्वारा मेडिकल सुविधा पहुचाई गयी।

### एनसीआर महिला कल्याण संगठन द्वारा समर हॉबी कोर्स का शुभारंभ

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन मुख्यालय प्रयागराज की ओर से 17 मई से रेलवे अधिकारियों कर्मचारियों के बच्चों तथा नॉन रेलवे बच्चों के लिए समर हॉबी कोर्स का शुभारंभ पूनम कुमार अध्यक्षा द्वारा किया गया। इस कोर्स की क्लासेस कलरव रेलगॉव कालोनी सूबेदारगंज में आयोजित की गयी। यह 10 जून तक चलने वाले समर हॉबी कोर्स में स्केटिंग ताइक्वान्डो आर्ट एवं क्राफ्ट एवं डांस कोर्सो को प्रशिक्षित प्रशिक्षकों के द्वारा सिखाया जायेगा। इस अवसर पर सचिव वन्दना मिश्रा अलका मेहता गीतांजलि वर्मा पूर्णिमा सिंह अलका अग्रवाल रिचा वर्मा रेणु पोनिया माधुरी सिंह एवं मौसमी चौधरी उपस्थित रहीं।

### किसानों को ध्यान में रखकर किए गए हैं कार्य

**प्रयागराज।** आधुनिक भारत के प्रगतिशील किसानों को अधिक उत्पादकता आराम और आसान परिचालन का लाभ मिलेगा। साथ ही उन्हें कम लागत में ज़्यादा फ़ायदे का विकल्प भी प्राप्त होगा। दुनिया के तीसरे सबसे बड़े ट्रैक्टर निर्माता टैफे ट्रैक्टर्स एंड फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड समूह के आयशर ट्रैक्टर्स ने आयशर प्राइमा जी थ्री सीरीज़ लांच करने की घोषणा की है। प्रीमियम ट्रैक्टरों की एक पूरी नई रेंज। आयशर प्राइमा जी थ्री सीरीज़ नए ज़माने के भारतीय किसानों को ध्यान में रख कर निर्मित की गई है। जो बेहतरीन स्टाइल वाले कार्यक्षम और मज़बूत ट्रैक्टर की चाह रखते हैं। जो दशकों के बेजोड़ अनुभव के साथ विकसित की गई शानदार स्टाइलिंग उन्नत टेक्नोलॉजी और बेहतरीन आराम प्रदान करती है। टैफे की सीएमडी मल्लिका श्रीनिवासन ने कहा दशकों से आयशर कृषि और कॉमर्शियल दोनों क्षेत्रों में अपने भरोसे विश्वसनीयता मजबूती और बहुमुखी उपयोगिता के लिए जाना जाता है।

## शिक्षा को लेकर बेहतरीन अनुभव की होगी प्रतिबद्धता

**प्रयागराज।** आधुनिकता के बीच हर दिन नए नए प्रचार और प्रसार हो रहे हैं। वीवो ने आज पूरी तरह से नए वीवो वाई वन को लांच करने की घोषणा की है। जिसमें पांच हजार एमएएच की बड़ी बैटरी है। शानदार डिजाइन के साथ स्मार्टफोन एक इमर्सिव अनुभव के लिए रिवर्स चार्जिंग और एचडी प्लस डिस्प्ले प्रदान करता है। वीवो वाई वन कई शानदार विशेषताओं से भरा हुआ है। जो एक किफायती मूल्य पर एक सहज अनुभव सुनिश्चित करने का वादा करता है। आठ हजार नौ सौ निन्यानवे रुपए की कीमत पर नया वीवो वाई वन वीवो इंडिया ई स्टोर और सभी पार्टनर रिटेल स्टोर पर दो रंगों एलिगेंट ब्लैक और सफायर ब्लू में उपलब्ध होगा। वीवो इंडिया के ब्रांड स्ट्रेटजी डायरेक्टर योगेंद्र श्रीरामुला ने कहा कि लोगों की बदलती मांगों को पूरा करने के लिए सर्वोत्तम मूल्य पर शीर्ष तकनीक की पेश करने की अपनी प्रतिबद्धता के साथ कायम है। चाहे वह शिक्षा हो गेमिंग हो मनोरंजन हो या वर्चुअल कनेक्टिविटी हो।

# प्रमुख बाजारों में चल रहा जुआ-सट्टे का खेल

● अगर हो छापेमारी तो पकड़े जायेंगे कई अपराधी

**अम्बेडकरनगर।** अम्बेडकरनगर। जिले के प्रमुख बाजारों एवं ग्रामीण इलाकों में दबंगई के बल जुआ-सट्टा का कारोबार जोरों पर चल रहा है वही पुलिस जुआ कारोबारियों को पकड़ने के बजाय वसूलने में लगी है बताया जाता है कि जिले में प्रतिदिन लाखो रुपये, जुवा के खेल में इधर उधर होता है। सरकार अवैध कारोबार के धंधे को खत्म करने के बड़े बड़े दावे करती है और इन कारोबारों को खत्म करने की जिम्मेदारी जिनकी होती है उन्ही के नाक के नीचे बड़े खेल खेले जा रहे है जिला में इस समय जुआ और सट्टा का कारोबार जोरो पर चल रहा है और आस पास के जिले के लोग शाम होते ही लग्जरी गडियो से जुआ अड्डे पर पहुच जाते है और पूरी रात जुआ का कारोबार चलता है सूत्रों की माने तो इस खेल में कई बाहुबली और



हिस्ट्रीशीटर भी शामिल है।

### इन जगहों पर होता है जुए का धंधा

**अम्बेडकरनगर।** सूत्रों की माने तो जिले में दर्जनो जगह ऐसे है जहां जुआ और सट्टा का खेल खेला जाता है। बड़ी बात तो यह है कि कई जगह ऐसे है जो पुलिस थाना और चौकी से नजदीक है फिर भी पुलिस आँख मुद कर बैठी है थाना सम्मनपुर के बरियावन बाजार में जुआ का बड़ा कारोबार होता है। सम्मनपुर थाने से चंद कदम की दूरी पर जुआ का खेल होता है तो बरियावन टांडा रोड पर नहर के पास एक मुर्गी फार्म पर जुआ खेला जाता है जिसमे बड़े बड़े खिलाड़ी आते है वही टांडा के छज्जा पुर हाटे में आलापुर में चहौड़ा घाट पर अकबरपुर थाने के मीरानपुर आमरूदिया बाग में ,फैजाबाद रोड 50 नंबर ट्यूबेल पर शाहजहांपुर कब्रिस्तान, चौक नाला शहजादपुर, मालीपुर थाना इलाके के जाफरगंज प्राइमरी स्कूल स्टेशन रोड पर गन्ना क्रेशर पर जुआ का खेल खेला जाता है।

### पुलिस करे छापेमारी तो कई हिस्ट्रीशीटर होंगे अंदर

अम्बेडकरनगर। जिले में जुआ के कारोबार में कई हिस्ट्रीशीटर और दबंग किस्म के लोग है जो अपने दबंगई के बल पर जुआ का खेल खेलवाते है वही शाम होते ही सुल्तानपुर बस्ती आजमगढ़ अयोध्या संतकबीर नगर के जुवाड़ी चिन्हित स्थान पर आ जाते है सूत्रों की माने तो कई हिस्ट्रीशीटर इस खेल को खेलने यहां आते है लेकिन अपराधियो के टांग में गोली मारने वाली पुलिस को ख़बर नही लगती है। अगर पुलिस इस अवैध व्यवसाय को खत्म करने के लिए छापेमारी करे तो कई हिस्ट्रीशीटर जेल के सलाखों में पहुच जायेगे।

# अगर कोई करे छेड़खानी तो 1090 पर करें शिकायत

**टाण्डा, अम्बेडकरनगर।** महिलाएं एवं छात्राएं निर्भीक होकर कही भी आ जा सकती है। उक्त उदगार क्षेत्राधिकारी टाण्डा सन्तोष कुमार ने डीएवी एकेडमी टाण्डा मे मिशन शक्ति अन्तर्गत छात्राओ के जागरूक हेतु आयोजित कार्यक्रम मे ब्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अगर कोई पुरूष द्वारा आप की स्वतन्त्रता मे दखलंदाजी करने का मामला आया तो उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने मे पुलिस प्रशासन तनिक भी संकोच नही करेगा। उन्होनें पुरूषों को सन्देश देते हुए कहा कि आप महिलाओं का सम्मान करे और कही भी किसी महिला का उत्पीडन व असम्मान पूर्वक व्यवहार करते देखे तो 112पर अवश्य सूचित करे।

महिलाओं की सुरक्षा व आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश से पुलिस प्रशासन द्वारा चलाया जा रहा मिशन शक्ति अन्तर्गत क्षेत्राधिकारी सन्तोष कुमार के नेतृत्व मे सर्किल परिक्षेत्र मेचल रहे अभियान मे डी, ए वी एकेडमी टाण्डा मेजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमे महिला पुलिस रजनी सिह व बन्दना सिह ने छात्राओं को सुरक्षा के क ई टिप्स बताए। किसी भी तरह के उत्पीड़न से निपटने हेतु1090 या 112पर काल करजानकारी देने का सुझाव दिया। सभी थानो व तहसील मे महिला हेल्प डेस्क बनाया गया हैजहा महिला कर्मी द्वारा समस्या सुन कर उसका निस्तारण किया जाता है। कार्यक्रम को सम्वोधित करते हुये महिला.पुलिस रजनी सिह ने कहा कि आप पर होने वाले जुल्म व अत्याचार को आप न सहे बल्कि उसका विरोध करे और पुलिस की मदद ले आवश्यकता पडने पर 1090 पर फोन करे। आप की पहचान गुप्त रखा जाय गा और कार्यवाही की जायगी। घरेलू हिंसा के खिलाफ असम्मान जनक व्यवंहार करने वालो के विरूद्ध आवाज अवश्य उठाये। महिला पुलिस बन्दना सिह ने कहा कि आप को कोई फोन या इन्टरनेट के द्वारा परेशान करता है अथवा सार्वजनिक या कार्य स्थल पर छेडखानी करता है तो उसकी शिकायत 1090पर अवश्य करे।

# 30 मई से 15 जून तक सेवा सुशासन और गरीब कल्याण पखवाड़ा चलाएगी भाजपा: लक्ष्मण आचार्य

● 75 घंटे भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता बूथों पर रहकर घर.घर देंगे दस्तक

**प्रयागराज।** भाजपा की आगामी कार्यक्रमों को लेकर एक बैठक भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी की अध्यक्षता में बीजेपी जिला कार्यालय सिविल लाइन पर आयोजित हुई। जिला पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधि की संयुक्त बैठक में मोदी सरकार के 30 मई को 8 साल पूरे होने पर भाजपा 8 अभियानों व कार्यक्रमों के माध्यम से जनता के बीच में जाएगी। बैठक में स्थानीय निकाय चुनाव व 21 जून को मनाए जाने वाले विश्व योग दिवस के कार्यक्रमों पर भी चर्चा की गई। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य लक्ष्मणाचार्य ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार के 30 मई को 8 वर्ष पूर्ण होने वाले हैं। जिसके उपलक्ष्य में पार्टी 30 मई से 15 जून तक सेवा सुशासन और गरीब कल्याण पखवाड़ा का आयोजन करेगी। जिसके साथ पार्टी के मंडल और उसके ऊपर के पदाधिकारी मोर्चा व प्रकोष्ठों के पदाधिकारी 75 घंटे अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति पिछड़ा वर्ग किसानों युवाओं महिलाओं अल्पसंख्यकों के बीच जाकर के केंद्र सरकार की ओर से जनहित में किए जा रहे कार्यों और उपलब्धियों की चर्चा करेंगे। भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने बताया कि कि मोदी सरकार के 8 साल पूरा होने पर पार्टी 8 अभियानों व कार्यक्रमों के माध्यम 30 मई से 15 जून तक बूथों पर घर घर जाकर दस्तक देगी केंद्र सरकार की उपलब्धियों का पत्रक बांटेगी। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया की 8 अभियानों में रिपोर्ट टू नेशन 1 से 14 जून तक बूथ संपर्क अभियान विकास तीर्थ बाइक रैली 7 से 13 जून गरीब कल्याण जनसभा 1 जून से 13 जून के बीच 21 जून को विश्व योग दिवस बूथ सशक्तिकरण अभियान 25 मई से 31 जुलाई व स्थानीय निकाय चुनाव आदि को लेकर कार्यक्रम किए जाएंगे।

संचालन कुंज बिहारी मिश्रा ने किया। बैठक में महापौर अभिलाषा गुप्ता एमएलसी डा केपी श्रीवास्तव अवधेश चंद्र गुप्ता डा कृतिका अग्रवाल शशि वार्ष्णेय अनीता सचान रणजीत सिंह कुंज बिहारी मिश्रा वरुण केसरवानी राजेश केसरवानी राजू पाठक आशीष गुप्ता रामलोचन साहू श्याम हेला गिरजेश मिश्रा शिखा रस्तोगी अर्चना शुक्ला बृजेश मिश्रा प्रमोद मोदी राघवेंद्र सिंह सचिन जायसवाल सुभाष वैश्य राजन शुक्ला मनोज कुमार कुशवाहा राजेश सोनकर राहिल हसन एवं सभी मंडल अध्यक्ष मौजूद रहे।

## चिकित्सा इकाई में दस अतिरिक्त बेड की मांग

**अम्बेडकरनगर।** डॉक्टर देवेंद्र शर्मा अध्यक्ष एवं डॉक्टर सुचिता चतुर्वेदी सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान संयुक्त जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अध्यक्ष सदस्य द्वारा के.एम.सी इकाई, बेबी फीडिंग एरिया, सी 2 विंग, एस.एन.सी.यू वार्ड, बाल गहन चिकित्सा इकाई एल2 पीडियाट्रिक कोविड फैसिलिटी विंग, डेंगू वार्ड, पीकू वार्ड का बारीकी से जायजा लिया गया। अध्यक्ष सदस्य ने बाल गहन चिकित्सा इकाई एल2 पीडियाट्रिक कोविड फैसिलिटी विंग मे प्रत्येक बच्चे के स्वास्थ्य के बारे में उपस्थित चिकित्सकों से जानकारी प्राप्त की। जिला चिकित्सालय के सभी वार्डो के निरीक्षण के दौरान व्यवस्था सुदृढ़ पाई गयी। इस दौरान मौके पर उपस्थित सीएमएस डा. ओमप्रकाश ने बाल गहन चिकित्सा इकाई में 10 अतिरिक्त बेड की व्यवस्था कराने का अनुरोध किए। जिला चिकित्सालय की व्यवस्था देख अध्यक्ष ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि इसी प्रकार के सभी व्यवस्थाएं हमेशा चार- चौकस रहने चाहिए जिससे कि मरीजों को किसी प्रकार का कोई दिक्कत का सामना ना करना पड़े। इस दौरान मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्रीकांत शर्मा, सीएमएस ओम प्रकाश सहित संबंधित डॉक्टर मौके पर उपस्थित रहे।

# सरयू नदी में दो लाख मछलियों को छोड़ा गया

**अयोध्या।** भा.कृ.अनु.प. केन्द्रीय अन्तर्स्थलीय मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान बैरकपुर, कोलकाता पहली बार ष्राष्ट्रीय रैन्चिंग कार्यक्रम-2022 बड़े धूमधाम से मनाने जा रहा है। हालांकि इस तरह के कार्यक्रम की शुरूआत सन 2018 से ही कर दिया गया था जिसके तहत लगभग 45 लाख से ज्यादा रोहू, कतला, कलबासु और मृगाल/नैनी मत्स्य प्रजातियों के फिंगरलिंग/अंगुलिका आकर के मत्स्य बीज गंगा नदी के नदीय मार्ग में आने वाले राज्यों (उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखण्ड और पश्चिम बंगाल) के विभिन्न नदी घाटों से छोड़ा जा चुका है। लेकिन उक्त कार्यक्रम को इस बार मिशन स्तर पर किया जा रहा है, जिसके तहत पंद्रह दिन के भीतर ही बीस लाख से ज्यादा मत्स्य बीज को छोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। इस कार्यक्रम को सफ्ल बनाने के लिए संस्थान ने गंगा के बहने वाले राजकीय नदीय मार्ग जैसे उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखण्ड और पश्चिम बंगाल में नमामी गंगे परियोजना के तहत 14 मई 2022 से कई विभिन्न कार्यक्रम जैसे मत्स्य बीज को गंगा नदी में छोड़ना, डॉल्फिन व जल संरक्षण और जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। रैन्चिंग कार्यक्रम का शुभारंभ 14 मई 2022 को बैरकपुर से राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के महानिदेशक जी. अशोक कुमार के करकमलों से हुआ और आज यह कार्यक्रम सरयू नदी के तट पर स्थित अयोध्या में किया गया। इसके अंतर्गत दो लाख भारतीय प्रमुख कार्प मछलियों के अंगुलिकाओ को सरयू नदी में छोड़ा गया जिससे इन मछलियों का नदी में पुनर्स्थापन होगा तथा नदी की मत्स्य और मात्स्यिकी में गुणात्मक परिवर्तन आएगा। इन अंगुलिकाओ का प्रजनन गंगा नदी से पकड़ी गई ब्रूडर से किया गया हैं स इस कारण नदी में छोड़ने के बाद मछलियों का आनुवंशिक शुद्धता बना रहेगा। इस कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक तथा परियोजना के मुख्य अन्वेषक डॉ बी के दास ने परियोजना के प्रमुख उद्देश्यों के बारे में बताया जिसमे मछली की विविधता का अन्वेषण, सर्वेक्षण, बहुमूल्य मछलियों जैसे रोहू, कतला, कलबासु, मृगाल/नैनी और महासीर के स्टॉक मूल्यांकन के साथ.साथ चयनित मछली प्रजातियों के बीज का उत्पादन और उसके स्टॉक में वृद्धि शामिल है।

उन्होंने कहा कि रोहूए कलबासु और मृगालध्नैनी जैसी मछलियाँ न केवल नदी के स्टॉक में वृद्धि करेंगी बल्कि नदी की स्वच्छता को बनाए रखने में भी मदद करेंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वेद प्रकाश गुप्ता, मा. विधायक अयोध्या तथा विशिष्ट अतिथि नितीश कुमार जिलाधिकारी अयोध्या ने सभा को संबोधित किया और सभ में उपस्थित सक्रिय 25 मछुआरों को मछली पकड़ने के लिए कास्ट नेट, फेंकने वाला जाल दिया जिससे इनके जीविका में सुधार होगा। नदी में मत्स्य बीज को छोड़ने से पारिस्थितिकीय और आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण मत्स्य प्रजातियों का पुनरूद्धार होगा जिसके फलस्वरूप नदी में मत्स्ययन से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े लोगों की आजीविका सुनिश्चित होगा साथ ही साथ उनके आय में बढ़ोतरी करने में भी मददगार होगा। इस कार्यक्रम में आस.पास गाव के मत्स्य पालक, मत्स्य व्यवसायी तथा नदी तट पर रहने वाले स्थानीय लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में संस्थान के केन्द्राध्यक्ष डा. डीएन झा ने उपस्थित लोगों का स्वागत किया तथा कार्यक्रम के बारे में संक्षिप्त जानकारी दिया। अंत में डॉ वेंकटेश ठाकुरए वैज्ञानिक ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए आस्वस्त किया कि समाज के भगीदारी से हम इस परियोजना के उद्देष्यों को पाने में सफलता प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम में संस्थान के वैज्ञानिक डॉ हिमान्सू स्वाइन, डॉ रामटेक, डॉ विकास कुमार तथा अन्य शोधार्थीयों एवं कर्मियों ने भाग लिया।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 18 मई, 2022



हे दु:ख भंजन मारूति नंदन, सुन लो मेरी पुकार

# हनुमान मंदिरों में उमड़ी भीड़, हुआ भंडारा

संवाददाता। सीतापुर



**विश्वप्रसिद्ध तीर्थ** नैमिषारण्य में ज्येष्ठ मास के प्रथम मंगलवार को तीर्थ के हनुमान मन्दिरो में बजरंगबली के भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। हनुमान गढ़ी में प्रात: काल महंत बजरंग दास व पवनदास ने दक्षिणेश्वर हनुमान का चोला श्रंगार किया। मंदिर के गर्भगृह को सुगन्धित पुष्प व आकर्षक झांकियो द्वारा सजाया गया। मंदिर में आयोजित भंडारे में साधू ब्राह्मणों को दक्षिणा भी बांटी। श्रद्धालुओं ने सुंदर कांड, हनुमान चालीसा, बजरंग बाण का पाठ किया। वहीं कालीपीठ में स्थित भास्कर शास्त्री के सानिध्य में वरदानी हनुमान जी का श्रंगार पूजन व प्रसाद वितरण किया गया। अयोध्या हनुमान मन्दिर, माँ ललिता देवी मन्दिर में शर्बत वितरण का दौर चलता रहा। इसके अलावा भारतीय स्टेट बैंक के कर्मचारियों द्वारा प्रसाद वितरण, कालीपीठ चौक पर संजय कश्यप, चक्रतीर्थ पर सनातन ऋषि सत्संग महाआरती सेवा समिति द्वारा शर्बत व तरबूज वितरण किया गया।

ज्येष्ठ माह के प्रथम बड़े मंगल पर लहरपुर के विभिन्न चौराहों व स्थानों पर स्टाल लगाकर भक्तों व राहगीरों को शरबत, हलुवा इत्यादि वितरण किया गया। इसी क्रम में नगर के मोहल्ला बेहटी स्थित टीले वाले मंदिर पर प्रसाद वितरण किया गया। वहीं एसआर पब्लिक स्कूल और जोशी ताल के निकट शुक्ला मेडिकल स्टोर के सामने राहगीरों को शरबत पिलाकर भक्तों ने बालाजी का आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं, मिश्रिख क्षेत्र के जसरथपुर स्थित वैष्णों धाम आश्रम के प्राचीन हनुमान मंदिर के पुजारी बाबा रामरतन दास रसिक व मिस्त्री वसंत कुमार वर्मा ने भंडारे का आयोजन किया। इस मौके पर सत्यप्रकाश पांडेय, अधिवक्ता अजय पांडेय, दीपकचंद, अनुज, अनूप, आशीष, दीपू, धर्मेंद्र आदि मौजूद थे।

ज्येष्ठ माह के प्रथम बड़े मंगल पर गोल्डी स्टूडियो द्वारा शरबत का वितरण किया गया। वितरण से पहले हनुमान जी की प्रतिमा पर गौरव गोल्डी शुक्ला द्वारा पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर विभु शुक्ला, पवन तिवारी, निशांत शुक्ला, बउआ, मनीष राठौर, धीरज यादव, अमन, फुरकान आदि मौजूद थे। वहीं, कमलापुर कस्बे में चौराहे पर डॉ. सुशांत विश्वास ने भंडारे का आयोजन किया। इस मौके पर बिसवां विधायक निर्मल वर्मा, पूर्व विधायक महेन्द्र यादव, दिनेश चन्द मिश्रा, अरविंद पांडेय, सत्यदेव शुक्ला, उमंग जयसवाल, रामजी तिवारी, विनय शुक्ला, ऋषी मिश्रा, पवन तिवारी, मनू मिश्रा, कमलसेन, चन्द्रप्रकाश सिंह आदि मौजूद थे।

मुनादी कराई और जब्त कर ली सट्टा माफिया की पांच करोड़ की संपत्ति

# प्रशासनिक और पुलिस अफसरों की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

संवाददाता। सीतापुर

- एसडीएम सदर व सीओ सिटी के नेतृत्व में कार्रवाई को दिया गया अंजाम, लगभग पांच करोड़ रुपये बताई जा रही जब्त संपति की कीमत

**अपराध नियंत्रण** को लेकर जरायम पेशा लोगों की आपराधिक कृत्यों से अर्जित संपति जब्त करने की मुहिम यूपी पुलिस चला रही है। इस अभियान के तहत एक सट्टा माफिया की अवैध रूप से कमाई गई पांच करोड़ की संपति प्रशासनिक व पुलिस की संयुक्त टीम ने जब्त करने की कार्रवाई की है। बाकायदा मुनादी कराते हुए अफसरों ने पूरी कार्रवाई को अंजाम दिया। जब्तीकरण को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस ने सयुंक्त रूप से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। यूपी के कासगंज जनपद में सदर कोतवाली क्षेत्र अंर्तगत मोहल्ला बड्डू नगर निवासी असलम पुत्र सलीम के के खिलाफ वर्ष 1997 से 2022 तक कई मुकदमें पंजीत हुए, इस दौरान ये भी जानकारी में आया कि असलम द्वारा विगत वर्षों में अवैध धन अर्जित किया गया है। जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर मंगलवार को सीओ सिटी डीके पंत और एसडीएम सदर पंकज कुमार ने अपनी देखरेख में पहले मुनादी करवाई गई और फिर सट्टा माफिया की संपत्ति को कुर्क कर लिया गया। जब्त संपति की कीमत लगभग पांच करोड़ रुपये बताई जा रही है। कार्रवाई को लेकर एसपी कासगंज ने मीडिया को जानकारी दी।

## क्विक न्यूज

### रामगंगा में मिला लापता बच्चे का शव

**बरेली** । बुद्ध पूर्णिमा के दिन परिजनों के साथ राम गंगा मे स्नान को गया बच्चा अचानक लापता हो गया आज सुबह उसकी लाश राम गंगा में ही पाई गई गोताखोर की मदद से शव को पानी से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव सहजनपुर निवासी पत्रकार योगेश पांडे के 12 वर्षीय बेटे अभिनव पांडे उर्फदेव पांडे का शव आज सुबह रामगंगा में कैंट के चौबारी गांव के पास पाया गया।ज्ञात हो की कक्षा 6 का छात्र अभिनव पांडे अपने माता पिता के साथ बुद्ध पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान के लिए चौबारी घाट पर गया था जहां स्नान के बात घर के लोग बाहर निकल आए लेकिन अभिनव पांडे फिर से रामगंगा मे स्नान करने चला गया लेकिन घरवालों का ध्यान इधर-उधर भटकने के चलते अभिनव फिर से रामगंगा मे चला गया और गहरे पानी में डूब गया लेकिन इसकी जानकारी घरवालों को नहीं हुई कुछ देर इंतजार के बाद वह उसे तलाशने में जुट गए लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला तब गोताखोरों की मदद ली गई लेकिन शाम तक अभिनव का कुछ पता नहीं चला आज सुबह होते ही फिर से पुलिस ने गोताखोरों की मदद से अभिनव के शव को रामगंगा में तलाशने का अभियान शुरू किया और कुछ देर बाद ही गोताखोरों ने रामगंगा में उसके शव को चौबारी गांव के पास पानी से निकाल दिया मौके पर मौजूद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जैसे ही घटना की जानकारी मृतक के घर वालों को मिली घर में कोहराम मच गया मृतक अपने माता-पिता का अकेला बेटा था।

### आरएसएस जिला सेवा प्रमुख ने वरिष्ठ पत्रकार पंकज सिंह गौर को किया सम्मानित

**सीतापुर**। भगवान नारद आदि पत्रकार की जयंती पर मंगलवार को सह जिला सेवा प्रमुख राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ बिसवां सत्य प्रकाश सिंह द्वारा वरिष्ठ पत्रकार पंकज सिंह गौर को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान सृष्टि के प्रथम पत्रकार भगवान नारद को नमन करते हुए वर्तमान समय में पत्रकारिता के क्षेत्र में आने वाली विभिन्न प्रकार की चुनौतियों पर चर्चा की गई।

### सफाई कर्मियों को वायु प्रदूषण से निपटने में उनकी अहम भूमिका की दी गयी जानकारी

**सीतापुर**। प्रवाह संस्था के बैनर तले यह एक सोच फाउंडेशन द्वारा कार्यशाला की गई। इसके तहत नगर के बेगम बाग इलाके में सफाई कर्मियों को वायु प्रदूषण से निपटने में उनकी अहम भूमिका के बाबत बताया गया। कार्यशाला प्रभारी समीर अख्तर ने सफाई कर्मियों को संबोधित करते हुए उनके द्वारा समाज के लिए किए जा रहे कार्यो की प्रशंसा की। जगह जगह पर कूड़ा डालने व कूड़ा जलाने से होने वाले नुकसान की जानकारी भी दी। इस कार्यशाला में दीपक विश्वास, जुनैद शेख, रुचि गुप्ता, दीपाली जायसवाल, राजवीर मिश्रा, रोहित शुक्ला, मोहम्मद रिजवान, अनुज गुप्ता व सफाई कर्मियों में मनोज, श्याम काली, मीनू, मुन्नी देवी, छेदा लाल, चंद्रपाल, संजय, आदि मौजूद थे।

### साइबर जैगुआर वाह हिंदी साहित्य परिषद ने किया जीवंत कविता पाठ का आयोजन

**सीतापुर**। साइबर जैगुआर वाह हिंदी साहित्य परिषद द्वारा गजानंद काम्प्लैक्स में जीवंत कविता पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शीर्षक 'अटपटी चटपटी काव्यगोष्ठी' फेसबुक पेज हिंदी साहित्य परिषद पर लाइव कराया गया। जिसमें मुख्य अतिथि कवित्री अमोदिनी विनोदिनी रस्तोगी, विशेष अतिथि के रुप में मनोज अवस्थी जी, कार्यक्रम संचालक अवधेश शुक्ल, कार्यक्रम संयोजक चंदन वैश्य, निदेशक साइबर जगुआर व प्रधान दुबावां कुशाग्र दीक्षित प्रधान, कवियित्री छाया त्यागी, कवियित्री लक्ष्मी वर्मा जी, ओज कवि कौशलेंद्र अवस्थी, व अम्बुज द्वारा कविता पाठ किया गया।

### भारतीय बौद्ध महासभा ने बुद्ध पूर्णिमा पर किया कार्यक्रम

**बरेली**। भारतीय बौद्ध धाम दर्शन सार सोसाइटी चन्द्र मणि बुद्ध विहार डेलापीर बरेली के तत्वाधान में वैशाख पूर्णिमा बुद्ध पूर्णिमा का पावन पर्व बहुत ही हर्षोल्लास से मनाया गया। हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया ।प्रात: 8.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक शर्बल वितय किया गया ।अपरान्ह 4 बजे से 9.00 बजे तक बुद्ध बन्दना के पश्चात धम्म देशना का कार्यक्रम हुआ । चन्द्र मणि कुट बिहार के अध्यक्ष श्रद्धेय जागन सिंह राकेश महासचिव , ओम प्रकाश बौद्ध , हरि पालसिंह , नरेंद्र भान सिंह , दीन दयाल उपाध्यक्ष , ई राजबीर सिंह , प्रबुद्ध महिला संघ बरेली के पदाधिकारियों द्वारा धम्म देशना की गई ।

# पानी के लिए बहा खून, एक की मौत

संवाददाता। सीतापुर

मिश्रिख कोतवाली इलाके के मुड़ियारा मजरा शिवपुरी की है घटना

- रविवार को दिन दहाड़े पीट-पीटकर बुजुर्ग को किया मरणासन्न, तोड़ा दम

**कोतवाली इलाके** में पानी के लिए खून बहा दिए जाने की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। इस खूनी संघर्ष में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। गांव के ही चार हमलावरों पर मृतक के बेटे ने केस दर्ज कराया है। हांलाकि वारदात के 36 घंटे बाद भी पुलिस चार आरोपियों में से सिफ दो आरोपियों को ही गिरफ्तार कर सकी है। दिन दहाड़े अंजाम दी गई इस वारदात को लेकर ग्रामीणों में खासा आक्रोश व्याप्त है। दरअसल, मिश्रिख कोतवाली इलाके के मुड़ियारा मजरा शिवपुरी निवासी 60 वर्षीय सुमेर चंद पुत्र छेद्दू विगत 15 अप्रैल की दोपहर लगभग 11 बजे घर के पास लगे हैंडपंप पर पानी भरने गया था। इसी बीच पड़ोसी अशोक पुत्र नन्हे भी हैंडपंप पर पानी लेने पहुंच गया। हैंडपंप पर पानी भरने को लेकर दोनों में विवाद हो गया। देखते ही देखते गाली गलौज और मारपीट शुरू हो गई। तभी अशोक के पक्ष से विनोद, अमरपाल व नन्हे पुत्रगण रामप्रसाद भी वहां पहुंच गए और सभी ने मिलकर सुमेर की जमकर लाठी डंडो से पिटाई कर दी। हमले में बुरी तरह से जख्मी सुमेर को परिजन आनन-फानन में सीएचसी ले गए। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देख उसे लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान सोमवार को सुमेर की मौत हो गई। मृतक के बेटे मुकेश ने अशोक, विनोद, अमरपाल व नन्हे को नामजद करते हुए पुलिस को तहरीर दी। कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया गया है। दो आरोपी अशोक व विनोद की गिरफ्तारी भी कर ली गई है। अन्य दो आरोपी भी शीघ्र गिरफ्तार कर लिए जाएंगे। उधर, मामूली बात पर पीट-पीटकर हत्या की वारदात से गांव में खासा आक्रोश व्याप्त है। तनाव को देखते हुए मंगलवार को मृतक का अंतिम संस्कार पुलिस की निगरानी में कराया गया।

# काम को अंजाम दे रहा निलंबित जेई

अरूण सिंह 'आचार्य'। लहरपुर सीतापुर

- विकासखंड परसेंडी में व्याप्त भ्रष्टाचार की जांच कराए जाने की मांग
- जिलाधिकारी सहित मुख्य विकास अधिकारी मुख्य सचिव ग्रामीण अभियंत्रण विभाग ग्राम विकास, मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री को भी दिया गया प्रार्थना पत्र

**विकासखंड परसेंडी** के अंतर्गत ग्राम देवरिया पोस्ट कसरैला निवासी लेखराज लोधी ने जिलाधिकारी अनुज सिंह के समक्ष प्रार्थना पत्र देते हुए विकासखंड परसेंडी में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं की जांच किसी वरिष्ठ अधिकारी से कराए जाने की मांग की है। लेखराज लोधी ने प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि विकासखंड परसेंडी में तैनात अवर अभियंता ललित वर्मा कभी भी विकास खंड कार्यालय पर निर्मित आवास / ऑफिस में नहीं मिलते हैं एवं कार्य भी नहीं करते हैं तथा किसी भी जनप्रतिनिधि का फोन भी नहीं उठाते हैं उनके स्थान पर अन्य जे0ई0 पुष्पेंद्र वर्मा सम्बद्ध जनपद गोंडा (निलंबित) द्वारा ब्लॉक के समस्त कार्य ब्लॉक के बाहर सीतापुर से मनमाने ढंग से संचालित किए जाते हैं। पुष्पेंद्र वर्मा निलंबित अवर अभियंता द्वारा ग्राम प्रधानों से बड़े पैमाने पर मनमाने प्राक्कलन तैयार कर अवर अभियंता द्वारा ग्राम प्रधानों से बड़े पैमाने पर मनमाने प्राक्कलन तैयार कर स्वयं कार्य ठेके पर करवाने के बाद भुगतान का दबाव अपने सहयोगी फर्म पर करवाते हैं। भुगतान न करने पर प्रधान पर दबाव बनाया जाता है एवं जांच की धमकी देकर चुप करा दिया जाता है उक्त निलंबित अवर अभियंता को संयुक्त विकास आयुक्त फैजाबाद मंडल व तकनीकी ब्यूरो की जांच में गबन का दोषी पाए जाने पर स्थानीय तालगांव कोतवाली में दिनांक 14 मई 2020 में एफ0 आई0 आर0 भी दर्ज हुई थी परंतु कुछ रसूखदारो के द्वारा संरक्षण दिए जाने पर ब्लॉक पर पुष्पेंद्र वर्मा जे0ई0 का बोलबाला है और कोई कार्रवाई भी नहीं हुई है। जिससे समस्त प्रधानों में भय का माहौल है एवं यह भी जांच का विषय है कि उपरोक्त अवर अभियंता द्वारा सीतापुर में हेरफेर के द्वारा कई करोड़ की चल व अचल संपत्तिया अपने तथा अपने परिवार के नाम पर अर्जित की गई है। पीड़ित लेखराज लोधी ने जिलाधिकारी को मामले से अवगत कराते हुए कार्यवाही करने की मांग की है।

# सर्राफा बाजार में एसडीएम ने की चहलकदमी



संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

- अवैध अतिक्रमण को लेकर डीएम ने दिए थे निर्देश

**सर्राफा मार्केट** से अवैध पक्का अतिक्रमण हटाने को लेकर डीएम द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में मंगलवार को एसडीएम सदर ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। एसडीएम ने साथ मौजूद लेखपालों को पूरी पारदर्शिता के साथ काम करने के निर्देश दिए। वहीं नगर पालिका को भी अपेक्षित सहयोग करने को कहा। एसडीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। कहीं भी अवैध अतिक्रमण होने नहीं दिया जाएगा। एसडीएम की चहलकदमी से अवैध अतिक्रमण करने वालों में हड़कम्प मचा नजर आया। इस दौरान एसडीएम के साथ सदर लेखपाल राजेश शुक्ला व राकेश वर्मा सहित नगर पालिका के कर्मी उपस्थित रहे।

# अज्ञात कारणों से लगी आग, जला घर

**बम्हनपुर खीरी।** निघासन क्षेत्र के मजरा गंगा बेहड़ के ग्राम द्वारिका पुरवा में अज्ञात कारणों के चलते लगी आग समें पूरा घर गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। बताते चलें कि बहोरी लाल पाल अपने एक बेटे व चार पोते पोतियो के साथ में सो रहे थे। रात्रि करीब 1 बजे अचानक उनका छप्पर नुमा घर जलने लगा। उसकी आंच में आंखें खुल गई तो किसी तरह से पूरा परिवार घर से बाहर अपनी जान बचाकर निकल आया। पर रात्रि का समय था वहां आग बुझाता कौन तब तक पूरा घर जलकर राख हो गया। गृहस्वामी के अनुसार घर में रखे 6200 रुपए की नकदी व 1 जोड़ी चांदी की पायल सहित गृहस्ती का पूरा सामान जलकर राख हो गया है। सूचना पाकर पहुंचे प्रधान प्रतिनिधि गुड्डू मौर्या ने तत्काल हल्का लेखपाल को सूचना देकर बुलवाया तथा पीड़ित परिवार के लिए खाने-पीने की व्यवस्था करा दी। हल्का लेखपाल राजेश कुमार ने बताया कि मौका मुआयना कर लिया गया है। पीड़ित परिवार की हर संभव मदद की जाएगी।



### लापरवाह बिजलीकर्मियों की सीएम से शिकायत

**लखीमपुर-खीरी।** फूलबेहड़ फीडर क्षेत्र के ग्राम बल्हवापुर निवासी करमजीत सिंह पुत्र बूटा सिंह ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की है। जिसमें कहा है कि 18 अप्रैल को उन्होंने पावर हाउस पर ढीली लाइन व तार चिपकने की संभावना से संबंधित शिकायत दर्ज कराई थी। यह शिकायत पावर हाउस के शिकायती रजिस्टर पर भी दर्ज है। इसके बावजूद सात दिनों तक कोई भी कर्मचारी मौके पर पहुंचा ही नहीं। करमजीत ने बताया कि दिनांक 25 अप्रैल को उसके खेत के ऊपर से गुजरी ढीली लाइन के तार आपस में चिपक गए जिससे निकली चिंगारियों के चलते उसके खेत में आग लग गई। आग से खेत में मौजूद भूसा व फसल का काफी नुकसान हो गया। इसके बाद भी उसने कई बार कर्मचारियों से कहा मगर आज तक लापरवाही बिजली महकमे के कर्मचारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की है। पीड़ित ने मुख्यमंत्री से संबंधित फीडर के लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### महिलापरक योजनाओं की दी गई जानकारी

**लखीमपुर खीरी।** खीरी में प्रदेश सरकार के निर्देश पर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के मार्गदर्शन व डीपीओ संजय कुमार निगम के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज-4 के तहत विभिन्न गतिविधियों व कार्यक्रमों का नियमित आयोजन किया जा रहा। मंगलवार को जिला महिला चिकित्सालय में महिला परक योजनाओं पर आधारित एक कार्यशाला आयोजित हुई। जिसमें चिकित्सालय में आने वाली महिलाओं व बालिकाओं को केंद्र व प्रदेश सरकार की महिला परक योजनाओं की न केवल जानकारी दी गई बल्कि योजनाओं की बुकलेट देकर जागरूक किया। महिला शक्ति केंद्र के जिला समन्वयक निक्की गुप्ता व सरोजिनी देवी ने मिलकर योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, निराश्रित महिला पेंशन, पीएम केयर्स योजना सहित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की पात्रता शर्तें एवं मिलने वाले लाभ की जानकारी दी।

# आंख के कैंसर को लेकर जागरूकता सप्ताह आयोजित

संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी

- बच्चों की नियमित नेत्र जांच कराने के निर्देश

**डॉ श्रॉफ** चैरिटी आई हॉस्पिटल मोहम्मदी व साइट सेवर्स इंटरनेशनल के संयुक्त तत्वाधान में रेटिनाब्लास्टोमा जागरूकता सप्ताह मनाया गया। जिसमें मुख्य रूप से विजन सेंटर के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों में रेटिनाब्लास्टोमा नामक कैंसर को रोकने के लिए आवश्यक कदम क्या उठाये जाने चाहिए पर बैठकें की गई। कार्यक्रम अधिकारी विपिन पांडेय ने कहा कि अब जरूरत है कि हमें अपने नौनिहालों की आँखों की रक्षा करने की। समय रहते रेटिनाब्लास्टोमा नामक जानलेवा कैंसर को जान समझ कर बच्चों की जान बचाने के लिए नियमित तौर पर नेत्र जांच कराते रहना है। डा. श्राफ चैरिटी आई हॉस्पिटल के मुख्य प्रशासन अधिकारी अनुराग मिश्रा ने बताया कि हम अपने सभी नेत्र जांच केंद्रों पर रेटिनाब्लास्टोमा से ग्रसित बच्चों की आँखों की जांच व इलाज के लिए समुदाय में हमेशा सेवा के लिए उपलब्ध हैं। जिसमें बच्चों की आंखों की जांच व इलाज मुख्यत: सम्मिलित है। उन्होंने बताया कि जन्म से 5 वर्ष तक के बच्चों की नियमित जांच से जानलेवा बीमारी से बचा जा सकता है और देश के भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं। जागरूकता कार्यक्रम में विनीत मिश्रा, अजीत, अदित सिंह अमित, रितेश मोहित, प्रभात, अंशुल व शिशुपाल के द्वारा समुदाय में रेटिनाब्लास्टोमा को लेकर जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। विपिन पांडे ने कहा कि अगर हम अब न चेते तो वह दिन दूर न होगा जब हम इस जानलेवा कैंसर को पैर पसारने देंगे। इसलिए समय-समय पर अपनी आंखों की देखभाल के लिए खुद को पहल करनी पड़ेगी।

# जिला महिला अस्पताल में सफाई व व्यवस्थाओं पर रहेगी दस टीमों की नजर

**लखीमपुर-खीरी।** मंत्री समूह द्वारा जिला महिला अस्पताल के निरीक्षण के बाद दिए गए निर्देशों के क्रम में सीएमओ डा. शैलेंद्र भटनागर की अध्यक्षता में सीएमएस ज्योति मेहरोत्रा की निगरानी में 10 टीमों का गठन किया गया है। यह टीमें अब साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं पर नजर रखेगी। इन टीमों को अलग-अलग कमरों व क्षेत्र की जिम्मेदारी दी जाएगी। इसके लिए एक बैठक जिला महिला चिकित्सालय सीएमएस आफिस में सीएमओ डा. शैलेंद्र भटनागर की अध्यक्षता में हुई।

जनपद के नोडल बनाए गए वित्त एवं संसदीय कार्य विभाग मंत्री सुरेश खन्ना की अगुवाई में मंत्री दानिश अंसारी व मंत्री समूह द्वारा जिला महिला अस्पताल का 12 मई को स्थलीय निरीक्षण किया गया था। इस निरीक्षण के क्रम में दिए गए निर्देशों के अनुपालन हेतु सीएमओ डा. शैलेंद्र भटनागर द्वारा तीनों अस्पतालों सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारियों को 13 मई को बैठक कर व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए थे। इन्हीं व्यवस्थाओं के निरीक्षण के क्रम में सीएमओ डा. शैलेंद्र भटनागरए एसीएमओ डा. अश्वनी कुमार व एसीएमओ डा. बीसी पंत ने जिला महिला अस्पताल का स्थलीय निरीक्षण कर एक बैठक की। जिसमें मंत्री समूह द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराए जाने को लेकर एक रूपरेखा तैयार की गई। इसके अंतर्गत कमरों व हाल सामने व साइड की साफ-सफाई, किचन (खाने-पीने) कार्यालय और जिला चिकित्सालय में मौजूद 92 कमरों की साफ-सफाई और देखरेख के लिए योजना बनाई गई। इस योजना के क्रम में जिला महिला अस्पताल में तैनात 10 डाक्टर्स की एक टीम बनाई जाएगी। जिसमें अस्पताल में तैनात 108 अधिकारी/कर्मचारियों की टीम बनाकर विभाजित किया जाएगा। इसमें डाक्टर सहित पैरामेडिकल स्टाफ, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी और सफाई कर्मचारी सहित अन्य वर्ग के कर्मचारी शामिल होंगे। साथ ही अवकाश पर चल रहे पांच नियमित डाक्टर को सीएमओ ने फोन पर मीटिंग की संपूर्ण जानकारी दी। इस टीम को बनाने के लिए सीएमएस डा. ज्योति मेहरोत्रा को मंगलवार शाम तक रिपोर्ट देने को कहा गया है। जिसके बाद यह रिपोर्ट डीएम महेंद्र बहादुर सिंह को भेजी जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि अब मंत्री समूह के निर्देशों के अनुपालन में 19 मई, 26 मई व 2 जून को सीएमओ टीम द्वारा जिला महिला अस्पताल का स्थलीय एवं भौतिक निरीक्षण किया जाएगा। जिसमें मंत्री समूह द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन को किया जाना सुनिश्चित करवाया जाएगा। बैठक में जिला महिला अस्पताल की सीनियर डा. पुष्प लता, डा. अभिषेक साहू, डा. राजेंद्र कुमार, डा. ब्रजमोहन सहित जिला अस्पताल से डा. आईआरके रामचंदानी व डा. आरपी वर्मा सहित फार्मासिस्ट इंद्र कुमार अवस्थी, हास्पिटल मैनेजर शिप्रा वर्मा, हेल्प डेस्क मैनेजर सुष्मिता वर्मा सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

# ट्रांसफार्मर से तेल चुराने वाले तीन लोग गिरफ्तार



**लखीमपुर-खीरी।** मैगलगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार के नेतृत्व में थाना में पंजीकृत मुकदमें का 24 घंटे में अनावरण करते हुए पुलिस टीम ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान प्रकट सिंह पुत्र बलविन्दर सिंह, कावल सिंह पुत्र बलविन्दर व जीवन सिंह पुत्र बलविन्दर निवासीगण जंडयाला गुरु थाना जंडयाला जिला अमृतसर राज्य पंजाब के रूप में हुई। इनके कब्जे से पुलिस को ट्रांसफार्मर से चोरी किए गए तेल से संबंधित एक आरी, बोल्ट खोलने वाला चूड़ीदार पाइप, एक प्लास्टिक की बाल्टी, दो प्लास्टिक के पाइप, दो प्लास्टिक में भरा 35 लीटर तरह पदार्थ, एक छोटी सरिया, बरामद की गई। पूछताछ में अभियुक्तों ने अपना जुर्म कुबूल कर लिया है। इसके बाद सभी को विधिक कार्यवाही करते हुये न्यायालय भेज दिया गया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उप निरीक्षक प्रभात कुमार गुप्ता, कांस्टेबल नीरज यादव व किशन यादव मौजूद रहे।

# परिषदीय विद्यालयों के बच्चों ने दिखाया हुनर



**लखीमपुर खीरी।** डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की नवाचार पहल के तहत मंगलवार को कलेक्ट्रेट में कक्षा 2 के विद्यार्थियों की जनपद स्तरीय उड़ान परीक्षा 2022 हुई। डीएम की पुत्री व कक्षा दो की छात्रा मायरा सिंह ने 90 नंबर पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। परीक्षा में परिषदीय विद्यालयों के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। परिषदीय विद्यालयों के विजेता विद्यार्थियों को शिक्षकों व अभिभावकों संग डीएम ने ब्रेकफास्ट पर आमंत्रित किया। सुबह 11 बजे डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप जलाकर उड़ान प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इसके बाद डीएम ने प्रश्न पत्रों की स्वयं सीलिंग खोली। अपने सामने प्रश्नपत्र वितरित कराए। इस परीक्षा का पर्यवेक्षण व अनुश्रवण एसडीएम रेनू व बीएसए डा. लक्ष्मीकांत पांडेय ने किया। परीक्षा में सूरज शुक्ला, आदित्य गुप्ता, विक्रम सिंह तोमर संजीव रस्तोगी व रितेश पांडेय ने कक्ष निरीक्षक की भूमिका अदा की। उड़ान प्रतियोगिता में परिषदीय विद्यालयों के 46 मेधावी बच्चे सहित दो निजी विद्यालयों के 4 बच्चे ने प्रतिभाग किया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि विजेता बच्चों के अध्यापक गण भी सम्मानित किए जाएंगे। बच्चों के मुख्य संरक्षक अध्यापक व उनके अभिभावक बच्चों संग डीएम आवास पर ब्रेकफास्ट कार्यक्रम में आमंत्रित किए जाएंगे। ब्लॉक स्तर पर आयोजित उड़ान प्रतियोगिता में विजेता सभी बच्चों को ब्लॉकवार सम्मानित किया जाएगा। इसी तर्ज पर अगले चरण में कक्षा 4 के विद्यार्थियों की उड़ान प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। शेष कक्षाओं की परीक्षा इसी तर्ज पर कराने की योजना है। बताते चलें कि डीएम की अभिनव पहल ष्उड़ानष् का उद्देश्य परिषदीय स्कूलों के अध्ययन में सुधार का स्तर बढ़ाने व बच्चों के मध्य प्रतिस्पर्धा उत्पन्न करने के साथ ही बच्चों, अभिभावकों व शिक्षकों को मोटिवेट करना है। बताते चलें कि डीएम की अभिनव पहल उड़ान का उद्देश्य परिषदीय स्कूलों के अध्ययन में सुधार का स्तर बढ़ाने व बच्चों के मध्य प्रतिस्पर्धा उत्पन्न करने के साथ ही बच्चों, अभिभावकों व शिक्षकों को मोटिवेट करना है।

# फिल्मों की समृद्ध विरासत व सांस्कृतिक विविधता भारत की विशिष्टता: मोदी

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने मंगलवार को कहा कि फिल्म बनाने के लिए भारत में कहानियों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय फिल्म निर्माताओं से कहा कि वे भारत में फिल्म बनाने की निर्बाध संभावनाओं का फायदा उठाएं। एक संदेश में प्रधानमंत्री ने इस वर्ष कान फिल्म समारोह में भारत की कंट्री ऑफ ऑनर के रूप में भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त की।

उन्होंने कहा, इस आयोजन में भारत की भागीदारी देश की आजादी के 75 वर्ष, कान फिल्म महोत्सव की 75वीं वर्षगांठ और भारत तथा फ्रांस के बीच राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष के सुखद संयोग के महत्वपूर्ण अवसर को प्रतिबिंबित करती है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा फिल्म निर्माता देश है और यहां फिल्म क्षेत्र



का बहुआयामी स्वरूप उल्लेखनीय है। उन्होंने कहा कि फिल्मों की समृद्ध विरासत एवं सांस्कृतिक विविधता भारत की विशिष्टता है। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत के पास कहने के लिए बहुत सारी कहानियां हैं और इस देश में वास्तव में दुनिया का कंटेंट हब बनने की अपार संभावनाएं हैं। फिल्म क्षेत्र में व्यापार की सुगमता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए मोदी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय फिल्म सह-निर्माण को सुविधाजनक बनाने से लेकर देश भर में कहीं भी फिल्मांकन की अनुमति के लिए सिंगल विंडो क्लीयरेंस की प्रणाली सुनिश्चित करने के जरिए भारत दुनिया भर के फिल्म निर्माताओं को निर्बाध संभावनाएं मुहैया कराता है। उन्होंने सत्यजीत रे की जन्म शताब्दी के अवसर पर इस महान फिल्मकार की एक फिल्म को कान क्लासिक श्रेणी में दिखाए जाने के उद्देश्य से संरक्षित किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस फिल्म समारोह में पहली बार की जा रही कई पहल में से एक के तौर पर, भारत के स्टार्टअप सिने-जगत के सामने अपनी क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि इंडिया पवेलियन भारतीय सिनेमा के विभिन्न पहलुओं को प्रदर्शित करेगा और अंतरराष्ट्रीय साझेदारी एवं सीख को प्रोत्साहित करेगा।

## जम्मू कश्मीर के बडगाम में लश्कर के दो सहयोगी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** सुरक्षा बलों ने मंगलवार को जम्मू कश्मीर के बडगाम जिले से लश्कर-ए-तैयबा के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा, पुलिस ने सुरक्षा बलों के साथ बडगाम में प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से आपत्तिजनक सामग्री, विस्फोटक और गोला-बारूद भी बरामद किया गया है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों ने बडगाम के चांदपोरा में एक जांच चौकी स्थापित की और जांच के दौरान आतंकवादियों के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया, जिनकी पहचान जाहिद अहमद शेख और साहिल बशीर डार के रूप में की गई। उन्होंने कहा, उनके कब्जे से लश्कर-ए-तैयबा की आपत्तिजनक सामग्री, एक हथगोला, पिस्तौल की दो मैगजीन और एके-47 राइफल की 15 राउंड गोलियां सहित विस्फोटक सामग्री और गोला-बारूद बरामद किया गया है।

# सुरक्षा खतरों से निपटने को तैयार रहें सशस्त्र बल: नायडू

- भारतीय सेना को भविष्य का बल बनाया जाए: उप राष्ट्रपति

**भाषा।** उधगमंडलम (तमिलनाडु)



**उप राष्ट्रपति** एम वेंकैया नायडू ने मंगलवार को कहा कि भारत अत्यंत जटिल और अप्रत्याशित भू-राजनीतिक माहौल में कई सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर रहा है। उन्होंने सशस्त्र बलों से किसी भी चुनौती से निपटने और किसी भी सुरक्षा संबंधी खतरे को दृढ़ता से रोकने के लिए पूरी तरह तैयार रहने को कहा। पिछले 52 साल में वेलिंग्टन स्थित रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज का दौरा करने वाले पहले उप राष्ट्रपति नायडू ने कहा कि संघर्ष के नए और उभरते क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए सशस्त्र बलों को भारतीय सेना को भविष्य का बल बनाना चाहिए।

नायडू से पहले 1970 में तत्कालीन उप राष्ट्रपति गोपाल स्वरूप पाठक ने कॉलेज का दौरा किया था। उप राष्ट्रपति ने कॉलेज के अधिकारियों और स्टाफ को संबोधित करते हुए कहा कि ऐतिहासिक रूप से भारत का नजरिया कभी विस्तारवादी नहीं रहा और उसका रुख हमेशा शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व का रहा है। उन्होंने कहा, देश को भरोसा है कि शत्रुवत ताकतों द्वारा भारत की संप्रभुता को चुनौती देने की किसी भी कोशिश से हमारे सुरक्षा बल मजबूती से निपटेंगे। उप राष्ट्रपति ने कहा कि आज जंग केवल मैदान में नहीं लड़ी जाती, बल्कि कई मोर्चों पर लड़ी जाती है। उन्होंने कहा कि युद्ध की मिश्रित प्रकृति परंपरागत तरीके से विजेता और पराजित का फैसला करने में मुश्किल पैदा करती हैं। नायडू ने कहा कि साइबर युद्ध, ड्रोनों तथा रोबोटिक्स के बढ़ते प्रयोग एवं अंतरिक्ष आधारित परिसंपत्तियों ने युद्ध क्षेत्र में आमूल-चूल बदलाव लाया है। उन्होंने कहा, इसलिए, हमारे सशस्त्र बलों को संघर्ष के इन नए और उभरते क्षेत्रों में विकास क्षमताओं पर ध्यान देना चाहिए। भारतीय सेना को भविष्य का बल बनाने की हमारी सोच होनी चाहिए।

# कर्नाटक के गृह मंत्री ने धर्मांतरण-रोधी कानून को सख्ती से लागू करने की बात दोहराई

**भाषा।** बेंगलुरु

**प्रस्तावित धर्मांतरण-रोधी** कानून को सख्ती से लागू करने के कर्नाटक सरकार के वादे को दोहराते हुए राज्य के गृह मंत्री अरागा ज्ञानेंद्र ने मंगलवार को कहा कि यह किसी धर्म के खिलाफ नहीं है, लेकिन जबरन या प्रलोभन के जरिए धर्मांतरण की कानून में कोई जगह नहीं है। ईसाई समुदाय की आशंकाओं को दूर करने की कोशिश करते हुए मंत्री ने स्पष्ट किया कि प्रस्तावित कानून में ऐसा कुछ नहीं है जो धार्मिक अधिकार प्रदान करने वाले संवैधानिक प्रावधानों में कटौती करता हो।

उल्लेखनीय है कि पिछले हफ्ते कर्नाटक मंत्रिमंडल ने धर्मांतरण के खिलाफ विवादास्पद कानून को प्रभावी करने के लिए एक अध्यादेश जारी करने का फैसला किया था और यह अब राज्यपाल की स्वीकृति के लिए उनके पास है। कर्नाटक धार्मिक स्वतंत्रता संरक्षण विधेयक को पिछले साल दिसंबर में राज्य विधानसभा ने पारित किया था। हालांकि, यह विधानपरिषद में लंबित है, जहां सत्तारूढ़ भाजपा के पास बहुमत नहीं है। मंत्री ने अध्यादेश का पुरजोर बचाव करते हुए कहा कि समाज में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए यह कदम उठाया गया है। धर्मांतरण रोधी कानून का विरोध करते हुए एक ज्ञापन के साथ ईसाई समुदाय के नेताओं के सोमवार को राज्यपाल थावरचंद गहलोत से मिलने पर मंत्री ने कहा, प्रस्तावित कानून में ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है जो संविधान में प्रदत्त धार्मिक अधिकारों की कटौती करता हो।

बेंगलुरु के आर्चबिशप पीटर मैचडो ने ज्ञापन में राज्यपाल से धार्मिक स्वतंत्रता संरक्षण अध्यादेश को मंजूरी नहीं देने की अपील की है। ज्ञानेंद्र ने कहा, अध्यादेश को मंजूरी मिल जाने पर इसे प्रभावी तरीके से लागू किया जाएगा। उन्होंने याद दिलाया कि धर्मांतरण रोधी कानून लाने की अतीत में कांग्रेस की योजना थी। उन्होंने कहा, हमारी सरकार ने न केवल इसे मजबूत किया है, बल्कि वह इसे सख्ती से लागू करने के लिए भी प्रतिबद्ध है।

## ज्ञानेंद्र ने टीपू मस्जिद में हनुमान की पूजा की मांग पर हिंदू संगठन को चेतावनी दी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के गृह मंत्री अरागा ज्ञानेंद्र ने मंगलवार को एक हिंदू संगठन को कानून-व्यवस्था को चुनौती नहीं देने की चेतावनी दी। संगठन का दावा है कि मांड्या जिले के श्रीरंगपटना में मस्जिद-ए-अला पहले एक हनुमान मंदिर था और उन्हें वहां पूजा करने की अनुमति दी जानी चाहिए। नरेंद्र मोदी विचार मंच (एनएमवीएम) नामक एक संगठन ने 13 मई को मांड्या के उपायुक्त से संपर्क किया और दावा किया कि मस्जिद-ए-अला मूडला बगिलु अंजनेया स्वामी मंदिर था, जिसे 18वीं शताब्दी के मैसूर शासक टीपू सुल्तान ने नष्ट कर दिया था और वहां पर मस्जिद बनाई थी। संगठन के सचिव सी टी मंजूनाथ के नेतृत्व में संगठन ने मांग की कि हिंदुओं को मस्जिद के अंदर हनुमान की पूजा करने की अनुमति दी जानी चाहिए।

घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए ज्ञानेंद्र ने कहा कि उन्हें घटनाक्रम की जानकारी है और लोगों से आह्वान किया कि वे इस विवाद को अपने मुताबिक सुलझाने के लिए कानून-व्यवस्था को चुनौती न दें। उन्होंने कहा, अगर कोई कानून-व्यवस्था को चुनौती देता है तो उससे उसी के मुताबिक निपटा जाएगा। इसलिए सभी को सौहार्दपूर्ण तरीके से रहना चाहिए। हम अदालत के आदेश का पालन करेंगे। मांड्या के उपायुक्त को अपनी याचिका में मंजूनाथ ने कहा कि कई इतिहासकारों ने मूडला बगिलु अंजनेया स्वामी मंदिर के अस्तित्व का दस्तावेजीकरण किया है, जिसे टीपू सुल्तान ने कथित तौर पर अपने शासन के दौरान नष्ट कर दिया था और एक मस्जिद में परिवर्तित कर दिया था। उन्होंने कहा, लुइस राइस के मैसूर गजेटियर, शाही दरबार की कार्यवाही, महाराजा का जीवन, तारिख-ए-टीपू और हैदर-ए-निशानी तथा टीपू द्वारा फारस के खलीफा को लिखा गया पत्र, हमारी बात को साबित करता है। मंजूनाथ ने उपायुक्त को अपनी याचिका में लिखा, इसलिए, हम आपसे पुरातत्व विभाग के दस्तावेजों की समीक्षा करने और हिंदुओं के लिए मूडला बगिलु अंजनेया स्वामी मंदिर (मौजूदा मस्जिद) में कानूनी तौर पर पूजा करने का प्रावधान करने का अनुरोध करते हैं।

## मुंबई में 1993 के बम धमाकों के चार आरोपियों को गुजरात पुलिस ने पकड़ा

**अहमदाबाद।** गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने 1993 में मुंबई में हुए सिलसिलेवार बम बिस्फोटों में वांछित चार लोगों को गिरफ्तार किया है, जो 29 साल से फरार चल रहे थे। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि चारों आरोपियों की पहचान अबु बकर, सैयद कुरैशी, मोहम्मद शोएब कुरैशी और मोहम्मद यूसुफ इस्माइल के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि ए सभी मुंबई के रहने वाले हैं। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अमित विश्वकर्मा ने संवाददाताओं को बताया कि उन्हें 12 मई को अहमदाबाद के सरदारनगर इलाके से पकड़ा गया। उन्होंने कहा, अपनी वास्तविक पहचान छिपाने के लिए, उन्होंने जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल कर पासपोर्ट तैयार किए थे। प्रारंभिक जांच में यह पता चला कि ए चारों 1993 के मुंबई सिलसिलेवार धमाकों के मामले में वांछित हैं।

## क्विक न्यूज

### उच्च न्यायालय ने वरदराजा पेरुमल मंदिर में श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए व्यवस्था तय की

**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि कांचीपुरम के वरदराजा पेरुमल मंदिर में पहली दो से तीन कतारों में तेनकलाई पंथ के श्रद्धालुओं को लगने की अनुमति होनी चाहिए और उनके पीछे वडकलाई पंथ और अन्य श्रद्धालुओं को शेष बची जगह में बैठने की अनुमति दी जाए। न्यायमूर्ति एस एम सुब्रमण्यम ने 14 मई की आधी रात को मंदिर के सहायक आयुक्त/अधिशासी न्यासी द्वारा जारी एक नोटिस को चुनौती देने वाली एस नारायणन नामक व्यक्ति की रिट याचिका पर आदेश पारित करते हुए यह निर्देश दिया। नोटिस में तेनकलाई पंथ के लोगों को ही प्रबंधम (तमिल गीतों का संग्रह) गाने की और मंदिर में चल रहे ब्रह्मोत्सवम की रस्मों में शामिल होने की अनुमति दी गई थी। तेनकलाई और वडकलाई वैष्णव पंथ हैं। न्यायाधीश ने कहा, तथ्यों और परिस्थितियों पर विचार करते हुए इस अदालत की राय है कि श्रद्धालुओं, अनुयायियों के धार्मिक अधिकारों का संरक्षण करना होगा।

### वाईएसआर कांग्रेस ने आंध्रप्रदेश में राज्यसभा चुनाव के वास्ते उम्मीदवार घोषित किए

**अमरावती।** आंधप्रदेश में सत्तारूढ़ पार्टी वाईएसआर कांग्रेस ने इस राज्य से राज्यसभा की चार सीटों के लिए 10 जून को होने वाले द्विवार्षिक चुनाव के लिए मंगलवार को चार उम्मीदवारों की घोषणा की। उनमें दो उम्मीदवार पड़ोसी राज्य तेलंगाना से है। वाईएसआरसी के अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री वाई एस जगनमोहन रेड्डी के वकील एन निरंजन रेड्डी और बीसी वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष आर कृष्णैया को पार्टी ने राज्यसभा की दो सीटों के लिए चुनाव मैदान में उतारा है। पार्टी ने इन दो सीटों के लिए तेलंगाना के स्थानीय नेताओं की अनदेखी की है। ए दोनों तेलंगाना से आते हैं। वर्तमान सांसद वी विजयसाई रेड्डी को फिर से पार्टी ने नामित किया है। राज्यसभा में उनका वर्तमान कार्यकाल अगले महीने पूरा हो रहा है। पूर्व तेदेपा विधायक बीडा मस्थान राव को चौथी सीट के लिए पार्टी ने प्रत्याशी बनाया गया है। आंध्रप्रदेश से राज्यसभा की इन चारों सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया 24 मई को अधिसूचना जारी होने के साथ शुरू होगी और 31 मई तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकते हैं। जरूरत पड़ने पर 10 जून को मतदान होगा। विधानसभा में संख्याबल को देखते हुए वाईएसआरसी के इन चारों सीटों के आसानी से जीत लेने की संभावना है।

### महाराष्ट्र के मंत्री ने सिंधिया से औरंगाबाद हवाई अड्डे का नाम संभाजी के नाम पर करने की मांग की

**औरंगाबाद।** महाराष्ट्र के मंत्री और शिवसेना नेता सुभाष देसाई ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से औरंगाबाद हवाई अड्डे का नाम छत्रपति संभाजी के नाम पर करने की मांग की। एक अधिकारी ने यहां मंगलवार को यह जानकारी दी। एक विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि देसाई ने नई दिल्ली स्थित राजीव भवन में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री सिंधिया के साथ मुलाकात के दौरान यह मांग की। यह भी बताया कि देसाई के साथ केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री भागवत कराड भी थे। औरंगाबाद के अभिभावक मंत्री देसाई ने सिंधिया से यह भी कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा पहले ही इस तरह की मांग सर्वसम्मति से पारित कर चुकी है। सिंधिया ने देसाई को आश्वासन दिया कि उनका मंत्रालय औरंगाबाद हवाई अड्डे से संबंधित सभी मांगों समेत अन्य शहरों तक संपर्क बढ़ाने और संभाजी की प्रतिमा लगाने से जुड़ी उनकी मांग पर विचार करेगा। देसाई ने कहा कि मुंबई और औरंगाबाद के बीच सुबह में उड़ान सेवा होनी चाहिए, ताकि मराठवाड़ा क्षेत्र के सबसे बड़े शहर में कारोबार और पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सके। अधिकारी ने राज्य के मंत्री के हवाले से कहा कि यहां रनवे का विस्तार करने की जरूरत है और स्थानीय प्रशासन जमीन का अधिग्रहण करेगा।

### अयोध्या यात्रा से पहले उत्तर भारतीयों से माफी मांगें राज ठाकरे: अठावले

**ठाणे।** केंद्रीय मंत्री और रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आरपीआई-ए) के प्रमुख रामदास अठावले ने महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे से अगले महीने उत्तर प्रदेश में अयोध्या जाने से पहले उत्तर भारतीयों से माफी मांगने को कहा है। ठाणे के दौरे पर आए अठावले ने सोमवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि महाराष्ट्र को एक ब्राह्मण मुख्यमंत्री की जरूरत है। केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता रावसाहेब दानवे ने भी इस महीने की शुरुआत में कहा था कि वह महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में ब्राह्मण समुदाय के सदस्य को देखना चाहते हैं। फिलहाल महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री शिवसेना के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे हैं। हाल ही में भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने पांच जून को राज ठाकरे की प्रस्तावित अयोध्या यात्रा का विरोध किया और चेतावनी दी कि जब तक वह उत्तर भारतीयों को अपमानित करने के लिए सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगेगे, तब तक उन्हें उत्तर प्रदेश में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। मनसे ने मराठी मानुस का समर्थन करते हुए 2008 में एक आंदोलन शुरू किया था, जिस दौरान रेलवे परीक्षा देने के लिए मुंबई के कल्याण पहुंचे उत्तर भारत के उम्मीदवारों के साथ कथित तौर पर मारपीट की गई थी। पिछले महीने राज ठाकरे ने मांग की कि महाराष्ट्र में मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटा दिए जाएं। उनके इस रुख का राज्य के मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने समर्थन किया था। अठावले ने कहा अयोध्या जाने से पहले राज ठाकरे को उत्तर भारतीयों से माफी मांगनी चाहिए। आरपीआई (ए) नेता ने यह भी कहा कि महाराष्ट्र को ब्राह्मण मुख्यमंत्री की जरूरत है। उन्होंने दावा किया कि (भाजपा के वरिष्ठ नेता) देवेंद्र फडणवीस मुख्यमंत्री पद के लिए सही विकल्प हैं। केंद्रीय मंत्री ने यह भी दावा किया कि महाराष्ट्र में सरकार बनाने के लिए शिवसेना ने कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के साथ गठजोड़ कर गंभीर भूल की है।

### भाजपा विधान पार्षद मलकापुरे कर्नाटक विधान परिषद के कार्यवहक सभापति नियुक्त

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने मंगलवार को भाजपा के वरिष्ठ विधान पार्षद रघुनाथ राव मलकापुरे को कर्नाटक विधान परिषद का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया है। विधान परिषद के अध्यक्ष पद पर नए व्यक्ति के निर्वाचित होने तक वह सभापति का दायित्व संभालेगे। बसवराज होराती ने सोमवार को अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था और उपाध्यक्ष का पद रिक्त है। इसलिए इस पद पर नियुक्ति की जरूरत उत्पन्न हुई। आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया है, भारत के संविधान के अनुच्छेद 184 के खंड (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, थावरचंद गहलोत, कर्नाटक के राज्यपाल विधान परिषद के सदस्य रघुनाथ राव मलकापुरे को विधान परिषद के अध्यक्ष के कार्यालय के कर्तव्यों का पालन करने के लिए नियुक्त करता हूं। इसमें कहा गया है कि यह 17 मई से नए सभापति के विधिवत निर्वाचित होने तक प्रभावी रहेगा। बीदर जिले के रहने वाले मलकापुरे दो बार विधान पार्षद रह चुके हैं, वह पार्टी में विभिन्न पदों पर भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। होराती ने कहा कि यह पहला मौका है जब इस तरह की नियुक्ति हुई है क्योंकि अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों पद खाली है। होराती ने सोमवार को विधान परिषद अध्यक्ष और विधान पार्षद के पद से इस्तीफा दे दिया था। वह जल्दी ही भाजपा में शामिल होंगे, और पार्टी उन्हें पश्चिम शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से आगामी चुनावों के लिए उम्मीदवार बना सकती है।

# 'आदतन अपराधी हैं आजम'


- यूपी सरकार ने कोर्ट में सपा नेता की जमानत याचिका का विरोध किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**उत्तर प्रदेश** सरकार ने जेल में बंद समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान की जमानत याचिका का मंगलवार को विरोध किया और उन्हें भूमि कब्जा करने वाला और आदतन अपराधी करार दिया। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एस वी राजू ने न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना की पीठ को बताया कि खान ने जमीन हड़पने के मामले में जांच अधिकारी को कथित रूप से धमकी दी थी। एएसजी ने पीठ से कहा, वह (खान) जमीन हड़पने वाले शख्स हैं। उनके खिलाफ निजी शिकायतें दर्ज की गई हैं...वह आदतन अपराधी हैं। इस व्यक्ति ने सब कुछ जाली काम किया है। एएसजी ने कहा कि खान अंतरिम जमानत का अनुरोध कर रहे हैं, जिसे मंजूर नहीं किया जा सकता। राजू ने कहा, उनके खिलाफ ऐसे मामले हैं जिनमें आजीवन कारावास की सजा भी हो सकती है। उनके अतीत की भी जांच की जानी चाहिए क्योंकि वह आदतन अपराधी हैं और भूमि कब्जा करने वाले शख्स हैं। खान की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि चूंकि उनका मुवक्किल दो साल से जेल में है, तो वह किसी को कैसे धमकी दे सकता है। शीर्ष अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया।

अदालत ने पूर्व में राज्य सरकार से मामले में अपना जवाब दाखिल करने को कहा था। शीर्ष अदालत ने इससे पहले खान की जमानत अर्जी पर सुनवाई में देरी पर नाराजगी जताते हुए कहा था कि यह न्याय का मजाक है। पीठ ने कहा था, वह (खान) एक को छोड़कर सभी मामलों में जमानत पर बाहर हैं, यह न्याय का मजाक है।

## भारत और उसके मूल्यों को पहचान रही पूरी दुनिया : दीपिका



**नई दिल्ली।** कान फिल्म महोत्सव में 2013 में विद्या बालन के बाद महोत्सव की जूरी का सदस्य चुनी जाने वाली पहली भारतीय अभिनेत्री दीपिका पादुकोण का कहना है कि यह एक निजी उपलब्धि है, लेकिन यह दक्षिण एशियाई समुदाय की जीत और भारत और उसके मूल्यों के लिए एक मान्यता भी है। 17 से 28 मई तक आयोजित होने वाले महोत्सव में आठ सदस्ईय कान प्रतियोगिता जूरी का हिस्सा बनने वालीं पादुकोण भी उम्मीद कर रही हैं कि इस बार मीडिया में चर्चा भारतीय प्रतिभा और सिनेमा के उत्सव के बारे में अधिक होगी और फैशन पर कम होगी। इससे पहले बालान की फैशन शैली पर कुछ ज्यादा चर्चा हुई थी। दीपिका ने पीटीआई-भाषा से बात करते हुए कहा मुझे उम्मीद है कि हम महसूस करेंगे कि और भी बहुत कुछ है।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मुंबई में दो स्वदेश निर्मित युद्धपोतों का जलावतरण किया

**भाषा।** मुंबई

**मुंबई में** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मझगांव डॉक पर भारतीय नौसेना के अग्रिम पंक्ति के स्वदेश निर्मित दो युद्धपोतों सूरत और उदयगिरी का मंगलवार को जलावतरण किया। मझगांव डॉक लिमिटेड (एमडीएल) ने एक बयान में बताया कि पहली बार स्वदेश निर्मित दो युद्धपोतों का जलावतरण किया गया है। एमडीएल, प्रमुख जहाज एवं पनडुब्बी निर्माण करने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की रक्षा कम्पनी है।



नौसेना ने बताया कि जहाज सूरत, प्रोजेक्ट 15बी कार्यक्रम के तहत बनने वाला चौथा और अंतिम विध्वंसक पोत है, जिसमें रडार को चकमा देने की प्रणाली है। यह पी15ए (कोलकाता श्रेणी) विध्वंसक के एक महत्वपूर्ण बदलाव का परिचायक है। गुजरात की वाणिज्यिक राजधानी और मुंबई के बाद पश्चिमी भारत के दूसरे सबसे बड़े वाणिज्यिक केंद्र सूरत शहर के नाम पर इसका नाम रखा गया है।

प्रोजेक्ट 15बी श्रेणी के जहाज भारतीय नौसेना की अगली पीढ़ी के स्टेल्थ (रडार को चकमा देने में सक्षम) निर्देशित मिसाइल विध्वंसक हैं, जिन्हें मुंबई में मझगांव डॉक लिमिटेड (एमडीएल) में बनाया जा रहा है। दूसरा पोत उदयगिरि प्रोजेक्ट 17ए फ्रिगेट कार्यक्रम का हिस्सा है। उदयगिरि पोत का नाम आंध्र प्रदेश की पर्वत श्रृंखला के नाम पर रखा गया है। यह प्रोजेक्ट 17ए फ्रिगेट्स के तहत तीसरा पोत है। यह पी17 फ्रिगेट (शिवालिक श्रेणी) का उन्नत संस्करण है, जो बेहतर हथियार, सेंसर तथा मंच प्रबंधन प्रणाली से लैस है। इन 15बी और पी17ए दोनों जहाजों का डिजाइन नौसेना डिजाइन निदेशालय द्वारा तैयार किया गया है।

# साइकिल की सवारी में पश्चिम बंगाल व उप्र अव्वल

- प. बंगाल में 78.9% और उत्तर प्रदेश में 75.6% परिवारों के पास साइकिल
- राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण में सभी राज्यों में साइकिल के प्रति रूचि के आंकड़े पेश किए गए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/कोलकाता



**यात्रा** के आधुनिक संसाधनों की आसान उपलब्धता के बावजूद देश में साइकिल की लोकप्रियता कम नहीं हुई है। छोटी दूरी के लिए लोग आज भी साइकिल से चलना पसंद करते हैं। पर्यावरण संरक्षण में कारगर सवारी के रूप में मशहूर साइकिल पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक पसंद की जाती है।

दोनों राज्यों में क्रमश: 78.9 और 75.6 प्रतिशत परिवारों के पास साइकिल है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5) के आंकड़ों से यह पता चलता है कि यह संख्या देश में सर्वाधिक है। सर्वेक्षण के अनुसार देश में औसतन 50.4 प्रतिशत परिवारों के पास साइकिल हैं। एनएफएचएस की 2019-22 की रिपोर्ट के मुताबिक, बिना तेल-बिजली खर्च और प्रदूषण स मुक्त साइकिल ओडिशा के लोगों की भी पसंदीदा सवारी है। यहां 72.5 प्रतिशत परिवारों के पास साइकिल हैं। छत्तीसगढ़ में 70.8, असम में 70.3, पंजाब में 67.8, झारखंड में 66.3 और बिहार में 64.8 प्रतिशत परिवार सवारी के रूप में साइकिल रखते हैं। केंद्र और राज्य सरकारें प्रदूषण मुक्त भारत के लिए साइकिल को बढ़ावा देने के लिए तमाम प्रचार अभियान चलाती हैं। लोगों को साइकिल चलाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए मैराथन आयोजित किए जाते हैं।

सर्वे के अनुसार दिल्ली में 27.2 प्रतिशत परिवारों के पास साइकिल हैं। राष्ट्रीय राजधानी में वाहनों के धुएं से होने वाला प्रदूषण हमेशा बड़ा मुद्दा रहा है और विशेषज्ञ छोटी दूरी की यात्रा के लिए साइकिल के प्रयोग की सलाह देते हैं। बच्चों के लिए तो जन्मदिन या अन्य मौकों पर मिलने वाले उपहारों में पहली चाहत साइकिल ही होती है। रिपोर्ट के मुताबिक, नगालैंड में सबसे कम 5.5 प्रतिशत परिवारों के पास, जबकि सिक्किम में 5.9 प्रतिशत परिवारों के पास साइकिल हैं। अन्य राज्यों में गुजरात में 29.9 प्रतिशत परिवार साइकिल रखते हैं। पश्चिम बंगाल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार की सबूज साथी योजना के कारण पश्चिम बंगाल शीर्ष स्थान पर है। यही मुख्य वजह है कि पश्चिम बंगाल में हमने साइकिल उपयोगकर्ताओं में इतनी वृद्धि दर्ज की। यह योजना न केवल विद्यार्थियों बल्कि उनके परिवारों को भी मदद कर रही है।

# नीमच में दरगाह के पास मूर्ति रखने को लेकर विवाद, तनाव

**भाषा।** नीमच

**मध्य प्रदेश** के नीमच में एक दरगाह के पास मूर्ति स्थापित करने को लेकर दो गुटों के बीच विवाद होने से इलाके में तनाव पैदा हो गया जिसके बाद शहर के एक हिस्से में निषेधाज्ञा लगा दी गई है। अधिकारी ने बताया कि सोमवार रात दो समूहों में कहासुनी और फिर उनके बीच पथराव होने के बाद पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। बाद में अतिरिक्त जिलाधिकारी नेहा मीणा ने नीमच शहर थाना सीमा में आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 (पांच या अधिक लोगों के जमा होने पर रोक) लगाने का आदेश दिया। नीमच के पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार वर्मा ने पत्रकारों को बताया कि अब तक चार मामले दर्ज कर नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उनके अनुसार हिंसक घटना में एक पुलिस अधिकारी के घुटने में चोट आई है। उन्होंने कहा कि नीमच शहर थाना क्षेत्र में कुछ लोगों ने दरगाह के पास (भगवान हनुमान की) एक मूर्ति रख दी जिसके बाद वहां दो समूहों के लोग जमा हो गए और उनके बीच विवाद हो गया। अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने दोनों समूहों के लोगों को चर्चा के लिए पुलिस नियंत्रण कक्ष में आने के लिए कहा लेकिन कुछ लोगों ने कथित तौर पर पथराव शुरु कर दिया और कुछ दोपहिया वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया।

उन्होंने बताया कि घटना में अब तक किसी नागरिक के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। बाद में इलाके में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया और लोगों को घर में ही रहने की लिए कहा गया है। अधिकारी ने कहा कि दोनों समूहों के लोग घटनास्थल पर जमा हो गए क्योंकि यह मिश्रित आबादी वाला इलाका है। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े।

# भारत की आत्म-निर्भरता की खोज का अर्थ अलगाव नहीं: रामनाथ कोविंद

भाषा। किंग्सटन

**राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद** ने यहां कहा कि भारत एक बदलाव के मार्ग पर चल रहा है और आत्मनिर्भरता की उसकी तलाश का अर्थ अलगाव नहीं, बल्कि ऐसी क्षमताओं का निर्माण करना है जो पूरी मानवता की मदद कर सकें। उन्होंने कैरेबियाई देश में भारतीय मूल के लोगों से आग्रह किया कि वे सरकार की नीतियों का लाभ उठाएं और देश की विकास गाथा का हिस्सा बनें। इस द्वीपीय देश का दौरा करने वाले पहले भारतीय राष्ट्रपति कोविंद ने जमैका में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि नया भारत सभी को अपनी प्रगति और समृद्धि का हिस्सा बनने के अपार अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा, हम इस नए भारत के लिए आपका समर्थन चाहते हैं जो प्रगति और समृद्धि के साथ लाखों घरों को रोशन करने का वादा करता है। एक ऐसा भारत जो हर किसी की परवाह करता है।

कोविंद ने कहा, भारत बदलाव के पथ पर है। आत्मनिर्भर भारत पहल भारत सरकार द्वारा उठाया गया बड़ा कदम है। उन्होंने कहा, आत्मनिर्भरता के लिए भारत की खोज का मतलब अलगाव नहीं है। वह उन क्षमताओं का निर्माण करना चाहता है जो वसुधैव कुटुम्बकम की सच्ची भावना में पूरी मानवता की मदद कर सकें। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत नीति की कुछ देशों में हो रही आलोचनाओं को रेखांकित करते हुए उपरोक्त बात कही। राष्ट्रपति ने कहा, कोविड-19 महामारी की अड़चनों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से पटरी पर लौट रही है। अपनी तीव्र गति वाली वृद्धि के लिए हम नई अवसंरचनाएं बना रहे हैं।

राष्ट्रपति ने कहा, हम डिजिटल अर्थव्यवस्था, नई प्रौद्योगिकियों, जलवायु परिवर्तन से संबंधित कार्वाई और ज्ञानपूर्ण समाज के विकास के क्षेत्रों में नेतृत्व करने का प्रयास कर रहे हैं। कोविंद ने कहा कि भारत और जमैका साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, इतिहास के सामान्य संबंधों, राष्ट्रमंडल में सदस्यता, अंग्रेजी भाषा के उपयोग और क्रिकेट के प्यार के आधार पर सौहार्दपूर्ण और मैत्रीपूर्ण संबंधों का आनंद लेते हैं। उन्होंने कहा कि भौगोलिक दूरी सहित बाधाओं के बावजूद दोनों देशों के बीच आर्थिक और वाणिज्यिक संपर्क लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, व्यापार और निवेश में वृद्धि की हालांकि काफी संभावनाएं हैं। विकासशील देश और विभिन्न बहुपक्षीय मंचों के सदस्य होने के नाते, हम आर्थिक विकास, गरीबी उन्मूलन, लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार और समानता को बढ़ावा देने के लिए समान चिंताओं और समान आकांक्षाओं को साझा करते हैं। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद दो देशों की यात्रा के पहले चरण में रविवार को जमैका पहुंचे थे और यहां 18 मई तक रुकेंगे। इसके बाद वह सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस जाएंगे।

## राष्ट्रपति ने किंग्सटन में आंबेडकर के नाम पर बनी सड़क का किया उद्घाटन




**किंग्सटन।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने जमैका की राजधानी किंग्सटन में डॉ. बी आर आंबेडकर के नाम पर बनी एक सड़क और भारत के संविधान के वास्तुकार के कार्यों पर प्रकाश डालने वाले एक स्मारक का उद्घाटन किया। सरकारी एजेंसी जमैका इन्फॉर्मेशन सर्विस (जेआईएस) ने बताया कि डॉ. आंबेडकर एवेन्यू किंग्सटन में टॉवर स्ट्रीट का हिस्सा है। जेआईएस ने बताया कि स्थानीय सरकार एवं ग्रामीण विकास मंत्री डेसमंड मैकेंजी और राष्ट्रपति कोविंद ने डॉ. आंबेडकर के बहुमूल्य कार्यों पर प्रकाश डालने वाले एक स्मारक का भी उद्घाटन किया। राष्ट्रपति कार्यालय ने ट्वीट किया, राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने डॉ. बी आर आंबेडकर के सम्मान में किंग्सटन शहर में डॉ. आंबेडकर एवेन्यू का उद्घाटन किया। राष्ट्रपति ने इस मौके पर कहा, यह मेरे लिए बेहद गर्व की बात है कि भारत के सबसे महान सपूतों में से एक को उसके घर से इतनी दूर पहचाना जा रहा है। डॉ. बी आर आंबेडकर को औपचारिक रूप से भारतीय संविधान के निर्माता के रूप में जाना जाता है। उन्होंने भारतीय संविधान में वंचित वर्गों के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रगतिशील विचार पेश किए। डॉ. आंबेडकर ने असमानता को दूर करने की दिशा में काम करने के लिए लोगों को शिक्षित एवं प्रेरित किया।

# मारियुपोल के इस्पात संयंत्र से अपने सैनिकों की निकासी में जुटा यूक्रेन

**कीव।** मारियुपोल में अंतिम ठिकाने की रक्षा करने वाले यूक्रेन के सैकड़ों सैनिकों को रूस समर्थित अलगाववादियों द्वारा नियंत्रित क्षेत्रों में ले जाया गया है और अधिकारी बाकियों को भी मंगलवार को निकालने में लगे रहे। संयंत्र से सैनिकों की निकासी के साथ शहर में यह घेराबंदी की समाप्ति का संकेत हो सकता है जो यूक्रेन के प्रतिरोध का प्रतीक बन चुका है। रूस ने अभियान को सामूहिक आत्मसमर्पण कहा है। यूक्रेन ने इस शब्द का इस्तेमाल नहीं किया लेकिन कहा कि उसका अभियान पूरा हो चुका है। शहर में यूक्रेन के सैनिकों के अंतिम गढ़ एक इस्पात संयंत्र से सोमवार को 260 से ज्यादा सैनिकों को निकाला गया जिनमें से अधिकतर घायल थे। इन सैनिकों को अलगाववादियों के कब्जे वाले दो शहरों में ले जाया गया है। कुछ सैनिक अब भी अजोवस्टल इस्पात संयंत्र में हैं जिनकी संख्या के बारे में पता नहीं है। यह संयंत्र 11 वर्ग किलोमीटर से भी ज्यादा क्षेत्र में फैला हुआ है। अब इस संयंत्र को छोड़कर समूचे मारियुपोल शहर पर रूसी सैनिकों का कब्जा हो चुका है। संयंत्र पर पूर्ण कब्जा एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर होगा। यह रूस को युद्ध की अब तक की सबसे बड़ी जीत दिलाएगा और पूर्वी यूक्रेन के औद्योगिक गढ़ में कहीं और आक्रामक कार्रवाई के लिए सैन्य बलों को पहुंचाने में मदद कर सकता है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा, यूक्रेन को जिंदा रहने के लिए अपने नायकों की जरूरत है। यह हमारा सिद्धांत है। उन्होंने कहा कि गोलाबारी में तबाह हो चुके संयंत्र से निकासी का काम जारी है। जेलेंस्की ने कहा, उनमें से कई सैनिक गंभीर रूप से घायल हैं। उन्हें चिकित्सा मदद दी जा रही है। उन्हें घर लाने का काम जारी है और इसके लिए संवेदनशीलता एवं समय की जरूरत है। यूक्रेन की उप रक्षा मंत्री हन्ना मलियार ने कहा कि 260 से अधिक सैनिकों को संयंत्र से निकाला गया जिनमें से 53 गंभीर रूप से घायल थे। वहीं, रूस के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता इगोर कोनाशेनकोव ने कहा कि 265 सैनिक निकाले गए जिनमें से 51 गंभीर रूप से घायल थे।

# राष्ट्रपति गोटाबाया के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव गिरा

**कोलंबो।** श्रीलंका के सबसे खराब आर्थिक संकट के कारण राजपक्षे के इस्तीफे की मांग को लेकर देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों के बीच, राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे के खिलाफ विपक्ष द्वारा पेश किया गया अविश्वास प्रस्ताव मंगलवार को संसद में विफल साबित हुआ। स्थानीय अखबार इकोनॉमी नेक्स्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, विपक्षी तमिल नेशनल एलायंस (टीएनए) के सांसद एम ए सुमंथिरन द्वारा राष्ट्रपति राजपक्षे को लेकर नाराजगी जताने वाले मसौदे पर बहस के लिए संसद के स्थाई आदेशों को निलंबित करने का प्रस्ताव पेश किया था। रिपोर्ट में बताया गया कि 119 सांसदों ने इस प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया।

केवल 68 सांसदों ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया जिससे यह अविश्वास प्रस्ताव असफल हो गया और इसने 72 वर्षीय राष्ट्रपति को सहज जीत दिलाई। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रस्ताव के साथ विपक्ष ने यह दिखाने की कोशिश की कि राष्ट्रपति राजपक्षे के इस्तीफे की देशव्यापी मांग देश की विधायिका में कैसे परिलक्षित होती है। मुख्य विपक्षी दल समागी जन बालवेगया (एसजेबी) के सांसद लक्ष्मण किरीला ने प्रस्ताव का समर्थन किया था। एसजेबी सांसद हर्षा डी सिल्वा के अनुसार, प्रस्ताव के खिलाफ मतदान करने वालों में श्रीलंका के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे भी शामिल थे। मानवाधिकार वकील भवानी फोन्सेका ने वोट के बाद ट्वीट किया कि प्रस्ताव के विफलता ने राष्ट्रपति राजपक्षे की रक्षा करने वाले सांसदों को बेनकाब कर दिया। नए प्रधानमंत्री विक्रमसिंघे की नियुक्ति के बाद मंगलवार को पहली बार संसद की बैठक हुई, क्योंकि देश अपने अब तक के सबसे खराब आर्थिक संकट के बीच बड़े संवैधानिक सुधार करने के लिए तैयार है। सुमनथिरन जिन्होंने प्रस्ताव पेश किया, बहस को जारी रखने के लिए संसद के स्थाई आदेशों को निलंबित करना चाहते थे। सरकार ने स्थाई आदेशों को निलंबित करने पर आपत्ति जताई। इसके बाद अध्यक्ष ने स्थाई आदेशों को निलंबित करने के प्रश्न पर मतदान का आदेश दिया।

## श्रीलंका की संसद ने सत्तारूढ़ दल के सांसद को उपाध्यक्ष चुना

**कोलंबो।** श्रीलंका की संसद ने मंगलवार को तीखी बहस के बाद सत्तारूढ़ दल के सांसद अजित राजपक्षे को सदन का उपाध्यक्ष चुना। रनिल विक्रमसिंघे को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किए जाने के बाद यह संसद की पहली बैठक है। अजित राजपक्षे (48) को गुप्त मतदान के जरिए कराए गए चुनाव में सदन का उपाध्यक्ष चुना गया। सत्तारूढ़ श्रीलंका पोदुजना पेरमुना (एसएलपीपी) के उम्मीदवार अजित को 109 वोट मिले, जबकि मुख्य विपक्षी दल सामगी जन बालवेगया (एसजेबी) की रोहिणी कविरत्ने को 78 मतों से संतोष करना पड़ा। अजित राजपक्षे का सत्तारूढ़ राजपक्षे परिवार से कोई संबंध नहीं है, लेकिन वह उसी हम्बन्टोटा जिले से आते हैं जहां का सत्तारूढ़ राजपक्षे परिवार निवासी है।

## फलस्तीनी युवक के अंतिम संस्कार के बाद यरुशलम में हिंसा भड़की

**यरुशलम।** इजराइली पुलिस ने सोमवार को एक फलस्तीनी युवक के अंतिम संस्कार के बाद पथराव कर रही फलस्तीनी प्रदर्शनकारियों की भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और रबर की गोलियां चलाईं। पुलिस के साथ 22 अप्रैल को हुई हिंसक झड़प में घायल फलस्तीनी युवक वलीद शरीफ की शनिवार को मौत हो गई थी। यरुशलम के संवेदनशील धार्मिक स्थल पर पथराव कर रहे फलस्तीनी प्रदर्शनकारियों पर इजराइली पुलिस ने रबर की गोलियां चलाई थीं, जिनकी चपेट में आने से शरीफ के सिर पर गंभीर चोट लगी थी। उसके अंतिम संस्कार में सैकड़ों लोग शामिल हुए। ओल्ड सिटी के बाहर एक कब्रिस्तान में शरीफ का पार्थिव शरीर ले जाने से पहले उसे अल अक्सा मस्जिद ले जाया गया था। इस दौरान भीड़ में शामिल कुछ लोगों ने कहा, अपनी आत्मा और खून से, हम तुम्हारी शहादत का बदला लेंगे।

# अमेरिका 21वी सदी में दुनिया का नेतृत्व करने के लिए बेहतर स्थिति में: बाइडन



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने बोस्टन क्षेत्र के एक प्रख्यात भारतीय-अमेरिकी नागरिक से कहा है कि अमेरिका 21वीं सदी में दुनिया का नेतृत्व करने के लिए किसी भी अन्य देश की तुलना में बेहतर स्थिति में है। एशियाई विरासत माह के जश्न के बीच उन्होंने कहा, हमारा देश कई चुनौतियों का सामना कर रहा है और जिस मार्ग पर हम एक साथ यात्रा करेंगे, वह हमारे इतिहास में सबसे कठिन मार्ग में से एक होगा। बेहद कठिन समय के बावजूद मैं अमेरिका के भविष्य के लिए पहले कभी इतना आशावादी नहीं रहा। बोस्टन स्थित भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक अभिषेक सिंह को हाल ही में लिखे एक पत्र में बाइडन ने कहा, मेरा मानना है कि 21वीं सदी में नेतृत्व करने के लिए हम दुनिया के किसी भी देश से बेहतर स्थिति में हैं, न केवल अपनी शक्ति के परिचय के जरिए, बल्कि अपने मिसाल होने की शक्ति के जरिए भी। सिंह फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशन, न्यू इंग्लैंड के अध्यक्ष हैं। उन्होंने पिछले सप्ताह न्यूयॉर्क और न्यूजर्सी में एफआईए के साथ वाशिंगटन में आजादी का अमृत महोत्सव के सामुदायिक उत्सव का शुभारंभ किया था, जिसमें सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया था। सिंह को लिखे अपने पत्र में बाइडेन ने सभी अमेरिकियों का राष्ट्रपति बनने का संकल्प जताया। उन्होंने लिखा, मुझे विश्वास है कि हम अमेरिका को अधिक न्यायपूर्ण, समृद्ध और सुरक्षित राष्ट्र बनाने की दिशा में साझा आधार खोजने के लिए मिलकर काम कर सकते हैं।

## क्विक न्यूज

### त्रिपोली में भीषण संघर्ष के बाद नवनियुक्त प्रधानमंत्री को छोड़ना पड़ा शहर

**काहिरा।** लीबिया के प्रतिद्वंद्वी प्रधानमंत्रियों में से एक द्वारा त्रिपोली में अपनी सरकार बनाने की कोशिश के चलते मंगलवार को यहां प्रतिस्पर्धी मिलिशिया के बीच संघर्ष शुरू हो गया जिससे नव नियुक्त प्रधानमंत्री को शहर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस घटनाक्रम ने युद्धग्रस्त देश में नाजुक हालात को रेखांकित किया, जबकि दोनों प्रतिद्वंद्वी प्रधानमंत्रियों ने इस स्थिति के लिए एक दूसरे को जिम्मेदार ठहराया। प्रधानमंत्री फथी बाशाघा के कार्यालय ने कहा कि वह एक अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने के लिए उनकी नियुक्ति के तीन महीने बाद मंगलवार तड़के कई कैबिनेट मंत्रियों के साथ त्रिपोली पहुंचे थे। इस कदम से लीबिया के प्रतिद्वंद्वी प्रशासनों के बीच तनाव और बढ़ने की संभावना थी और सुबह स्थानीय मीडिया ने मध्य त्रिपोली और शहर में अन्य जगहों पर विभिन्न मिलिशिया और प्रतिद्वंद्वी बलों के बीच संघर्ष की सूचना दी। संकटग्रस्त प्रधानमंत्री अब्दुल हामिद दबेबा की त्रिपोली स्थित सरकार ने अपने प्रतिद्वंद्वी (बशाघा के संदर्भ में) को फटकार लगाते हुए मंगलवार के घटनाक्रम को लीबिया की राजधानी में एक सशस्त्र समूह की आतंक और अराजकता फैलाने की कोशिश करार दिया। स्थानीय निवासियों ने शहर में भारी गोलीबारी की सूचना दी। शहर के स्कूल में एक शिक्षक सलीम अहमद ने कहा, हर जगह गोलीबारी और गोलियां चलने की आवाजें आ रही थीं। राजधानी के कुछ स्कूलों ने कक्षाएं निलंबित कर दी।

### चार महीने के अंदर ड्रोन पायलट प्रशिक्षण का शुल्क घटेगा: सिंधिया

**नई दिल्ली।** ड्रोन पायलट प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का शुल्क अगले तीन-चार महीनों में कम हो जाएगा। नागर उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को इसकी जानकारी देते हुए कहा कि इस पाठ्यक्रम को संचालित करने वाले संस्थानों की संख्या बढ़ने जा रही है, जिससे प्रशिक्षण शुल्क में कमी आएगी। एक किसान ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए सिंधिया के साथ बातचीत के दौरान ड्रोन पायलट प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के लिए उच्च शुल्क का मुद्दा उठाया था। सिंधिया ने कहा कि बीते पांच महीनों में विमानन नियामक डीजीसीए ने ड्रोन पायलटों के प्रशिक्षण के लिए 23 संस्थानों को मान्यता दी है। मंत्री ने मोबाइल फोन की कीमत का उदाहरण दिया और बताया कि कैसे भारत में पिछले कुछ वर्षों में यह सस्ता हुआ है। मंत्री ने कहा, जैसे-जैसे स्कूलों की संख्या बढ़ेगी, ड्रोन पायलटों के प्रशिक्षण की लागत भी कम होगी। अगले तीन से चार महीनों के अंदर आप उस क्रांति को भी देखेंगे, क्योंकि हम ऐसे स्कूलों की संख्या बढ़ाते रहेंगे। सिंधिया ने कहा कि देश को निश्चित रूप से अधिक ड्रोन पायलटों की जरूरत है और यही कारण है कि उनकी प्रमाणन प्रक्रिया पूरी तरह से विकेंद्रीकृत हो गई है। उन्होंने कहा, अब केवल डीजीसीए ही ड्रोन स्कूलों को प्रमाणित करेगा, और संबंधित ड्रोन स्कूल पायलटों को प्रमाण पत्र देंगे।

### मांडविया का दावा, खरीफ सत्र में नहीं होगी उर्वरकों की कमी

**नई दिल्ली।** रसायन और उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने दावा किया है कि आगामी खरीफ सत्र में महत्वपूर्ण उर्वरकों की कोई कमी नही होगी। सरकार ने पहले ही पर्याप्त मात्रा में डीएपी आपूर्ति का इंतजाम कर रखा है तथा पोटाश एवं फॉस्फेटिक उर्वरकों के आयात के लिए जॉर्डन के साथ दीर्घकालिक समझौता भी किया है। पिछले सप्ताह भारत और जॉर्डन की कंपनियों के बीच डीएपी बनाने में इस्तेमाल होने वाले 30 लाख टन रॉक फॉस्फेट, तीन लाख टन पोटाश, 2.50 लाख टन डीएपी और एक लाख टन फॉस्फोरिक एसिड की वार्षिक आपूर्ति अगले पांच साल तक करने के लिए एक दीर्घकालिक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। भारत ने बहुत पहले से खरीफ सत्र के लिए आवश्यक 30 प्रतिशत डाई-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) का इंतजाम कर लिया था और कंपनियों से वैश्विक बाजार से उच्च दरों पर खरीदारी नहीं करने को भी कहा गया था। मंत्री ने दावा किया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में डीएपी की कीमतों में कमी आई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में डीएपी का दाम 1,030 डॉलर प्रति टन से घटकर 920 डॉलर प्रति टन रह गया है। वैश्विक स्तर पर उर्वरक का संकट है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा उर्वरक आयातक देश है और उसे कम दरों पर आपूर्ति मिलनी चाहिए ... कई देशों में उर्वरक को राशन की तरह दिया जाता है। हमने ऐसा नहीं किया है। हमने खरीफ सत्र के दौरान उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख उर्वरकों की अग्रिम खरीद की है।

### सरकार ने बीते वित्त वर्ष का मौद्रीकरण लक्ष्य पार किया

**नई दिल्ली।** नीति आयोग के सीईओ अमिताभ कांत ने मंगलवार को कहा कि सरकार ने राष्ट्रीय मौद्रीकरण पाइपलाइन (एनएमपी) के तहत वित्त वर्ष 2021-22 में 88,000 करोड़ रुपए जुटाने के अपने लक्ष्य को पार कर लिया है। सरकार ने इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के तहत बीते वित्त वर्ष के दौरान एक लाख करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व जुटाया। पब्लिक अफेयर्स फोरम ऑफ इंडिया (पीएएफआई) की तरफ आयोजित एक कार्यक्रम में कांत ने कहा कि भारत को उच्च वृद्धि दर हासिल करने के लिए विनिर्माण और सेवाओं समेत सभी अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़ने की जरूरत है। भारत सबसे बड़ा संपत्ति मौद्रीकरण कार्यक्रम चला रहा है। बीते वित्त वर्ष के लिए मेरा संपत्ति मौद्रीकरण अनुमान 88,000 करोड़ रुपए था, जो 12,000 करोड़ रुपए अधिक रहा।

# रिजर्व बैंक ने बैंकिंग लाइसेंस के छह आवेदनों को किया खारिज

**मुंबई।** आरबीआई ने बैंकों के गठन के छह आवेदनों को खारिज कर दिया है। इनमें लघु वित्त बैंकों की स्थापना से संबंधित आवेदन भी हैं। इन आवेदनों को उपयुक्त नहीं पाए जाने के बाद खारिज कर दिया गया है। इन आवेदनों की पड़ताल की प्रक्रिया निर्धारित मानदंडों के तहत पूरी कर ली गई है। ये आवेदन बैंकों की स्थापना के लिए सैद्धांतिक मंजूरी देने के लायक नहीं हैं। बैंक श्रेणी में अनुपयुक्त पाए गए आवेदन यूएई एक्सचेंज एंड फाइनेंशियल सर्विसेज लि., रिपेट्रिएट्स कोऑपरेटिव फाइनेंस एंड डेवलपमेंट बैंक लि., चैतन्य इंडिया फिन क्रेडिट प्राइवेट लि. और पंकज वैश्य एवं अन्य के थे। लघु वित्त बैंक श्रेणी में वीसॉफ्ट टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लि. और कालीकट सिटी सर्विस कोऑपरेटिव बैंक लि. के आवेदन अनुपयुक्त पाए गए हैं। आरबीआई को बैंक एवं लघु वित्त बैंक श्रेणी के तहत कुल 11 आवेदन मिले थे। पांच आवेदन अभी भी लाइसेंस प्रक्रिया का हिस्सा बने हुए हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा कि शेष आवेदनों की अभी जांच की जा रही है। बचे हुए आवेदन लघु वित्त बैंकों की स्थापना से संबंधित हैं। वेस्ट एंड हाउसिंग फाइनेंस लि., अखिल कुमार गुप्ता, द्वारा क्षेत्रीय ग्रामीण फाइनेंस सर्विसेज प्राइवेट लि., कॉस्मी फाइनेंशियल होल्डिंग्स प्रा. लि. और टेली सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड ने ए आवेदन किए हुए हैं।

## एसएस मूंदड़ा होंगे बीएसई के नए चेयरमैन

**नई दिल्ली।** देश के प्रमुख शेयर बाजार बीएसई ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने एसएस मूंदड़ा को नया चेयरमैन नियुक्त किया है। निदेशक मंडल की बैठक में मूंदड़ा को कंपनी का नया चेयरमैन बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बीएसई के लोकहित निदेशक मूंदड़ा चेयरमैन के रूप में न्यायमूर्ति विक्रमजीत सेन का स्थान लेंगे। मूंदड़ा जुलाई, 2017 में आरबीआई के डिप्टी गवर्नर के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। वह बैंक ऑफ बड़ौदा के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक रहे थे। करीब चार दशक के अपने बैंकिंग करियर में मूंदड़ा यूबीआई के कार्यकारी निदेशक के पद पर भी रहे।

# शेयर बाजारों में रौनक लौटी, सेंसेक्स व निफ्टी 2.5 प्रतिशत से ज्यादा उछले

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों में मजबूती के बीच धातु, ऊर्जा और बैंकिंग कंपनियों के शेयरों में भारी लिवाली होने से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में 2.5 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी दर्ज की गई। मानक सूचकांक सेंसेक्स पिछले तीन महीनों में एक दिन का सर्वाधिक 1,345 अंक उछलते हुए 54,000 के पार पंहुच गया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,344.63 अंक यानी 2.54 प्रतिशत बढ़कर 54,318.47 पर पंहुच गया। यह पिछले एक सप्ताह का सर्वोच्च स्तर है। सेंसेक्स कारोबार के दौरान एक समय 1,425.58 अंक के उछाल के साथ 54,399.42 अंक तक पहुंच गया था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक निफ्टी भी 417 अंक यानी 2.63 प्रतिशत की बढ़त के साथ 16,259.30 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी में सूचीबद्ध सभी 50 शेयर लाभ में रहे जिनमें सर्वाधिक बढ़त इस्पात एवं ऊर्जा शेयरों में रही। सेंसेक्स और निफ्टी में 15




फरवरी, 2022 के बाद किसी एक दिन में दर्ज की गई यह सबसे बड़ी वृद्धि है। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील में सबसे अधिक 7.62 प्रतिशत का उछाल आया। रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी, लार्सन एंड टूब्रो, विप्रो, आईसीआईसीआई बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एसबीआई और मारुति के शेयर भी बढ़त के साथ बंद हुए।

शेयर बाजार की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस का शेयर 4.26 प्रतिशत चढ़ गया जिससे सेंसेक्स को पिछले एक सप्ताह के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंचने में मदद मिली। जियोजित फाइनेंशल सर्विसेज के प्रमुख शोधकर्ता विनोद नायर ने कहा, लंबे समय के बाद शेयर बाजार में इतना मजबूत उछाल देखा गया है। एशियाई बाजारों की तेजी से भी घरेलू बाजार को समर्थन मिला। इसके अलावा बीएसई स्मॉलकैप में इस दौरान 2.78 प्रतिशत और बीएसई मिडकैप में 2.51 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। एशियाई बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कंपोजिट कोविड-19 प्रतिबंधों में ढील की उम्मीद के बीच बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोपीय शेयर बाजार दोपहर के सत्र के दौरान लाभ में थे जबकि अमेरिकी शेयर बाजार सोमवार को मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.49 प्रतिशत बढ़कर 114.8 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। विदेशी निवेशकों का घरेलू बाजारों से निकासी का सिलसिला जारी है। उन्होंने सोमवार को 1,788.93 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

## लखनऊ को मिला भारत का पहला स्मार्ट मोबिलिटी हब

**लखनऊ।** इंडिया का पहला ई इलेक्ट्रिक स्मार्ट मोबिलिटी हब राजधानी के निशातगंज में गुड्स ई व्हीलर्स के नाम से खुला है जहां पर उपभोक्ता अपने पसंदीदा वाहन को ऑनलाइन बुक करने के साथ ही साथ 800 से अधिक वाहनों का चुनाव कर सकेंगे। यहां पर गुड्स ई व्हीलर्स के साथ व्यक्तिगत मोबिलिटी में क्रांति लाने की तैयारी है। इसका उद्घाटन मंगलवार को वीके सोनकिया अतिरिक्त परिवहन आयुक्त ने किया। एनयू आलम प्रोपराइटर गुड्स ई-व्हीलर्स, वासु देवा रेड्डी बीराला, ई-व्हीलर्स मोबिलिटी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक सीईओ, स्वाति कुमार बिजनेस हेड, धीरज गुप्ता स्टेट हेड ई-व्हीलर्स मोबिलिटी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड और कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। सनद रहे कि यह स्मार्ट मोबिलिटी हब ग्राहकों को माइक्रोमोबिलिटी वाहनों का अनुभव करने और ई व्हीलर्स डॉट इन पर अपने पसंदीदा वाहन को ऑनलाइन बुक करने की सुविधा प्रदान करेगा।

# एलआईसी के शेयर की कमजोर शुरुआत, आठ प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ सूचीबद्ध

भाषा। नई दिल्ली

**देश** की सबसे बड़ी बीमा कंपनी जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की मंगलवार को शेयर बाजारों में कमजोर शुरुआत हुई। शेयर बाजारों में कंपनी का शेयर अपने निर्गम मूल्य पर आठ प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ सूचीबद्ध हुआ। कारोबार के अंत तक कंपनी का शेयर निर्गम मूय से नीचे रहा। बीएसई पर कंपनी का शेयर 949 रुपए के निर्गम मूल्य के मुकाबले 872 रुपए प्रति शेयर के भाव पर सूचीबद्ध हुआ। वहीं एनएसई पर एलआईसी के शेयर 867.20 रुपए पर सूचीबद्ध हुए। यह निर्गम मूल्य से 77 रुपए कम है। जिस कीमत पर एलआईसी के पॉलिसीधारकों और खुदरा निवेशकों को शेयर आवंटित किए गए थे, शेयर उससे भी कम कीमत पर सूचीबद्ध हुए।

एलआईसी के पॉलिसीधारकों और खुदरा निवेशकों को क्रमश: 889 रुपए और 904 रुपए प्रति शेयर के भाव पर शेयर मिले थे। शेयर पूरे दिन के कारोबार में निर्गम मूल्य से नीचे बना रहा और एनएसई पर 873 रुपए तथा बीएसई पर 875.45 रुपए प्रति शेयर के भाव पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में शेयर ने 860 रुपए के निचले स्तर को छुआ।




पहले दिन एनएसई पर 4.87 करोड़ और बीएसई पर 27.52 लाख शेयरों का कारोबार हुआ। शेयरों के सूचीबद्ध होने के साथ ही एलआईसी 5.54 लाख करोड़ रुपए के बाजार पूंजीकरण के साथ पांचवीं सबसे मूल्यवान कंपनी बन गई है। सरकार को 20,557 करोड़ रुपए के इस आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए घरेलू निवेशकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी।

एलआईसी का आईपीओ नौ मई को बंद हुआ था और 12 मई को बोली लगाने वालों को इसके शेयर आवंटित किए गए। सरकार ने आईपीओ के जरिए एलआईसी के 22.13 करोड़ से अधिक शेयर यानी 3.5 प्रतिशत हिस्सेदारी की पेशकश की है। इसके लिए कीमत का दायरा 902-949 रुपए प्रति शेयर रखा गया था। एलआईसी के आईपीओ को करीब तीन गुना अभिदान मिला था। इसमें घरेलू निवेशकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जबकि विदेशी निवेशकों की प्रतिक्रिया ठंडी रही। यह देश के इतिहास का सबसे बड़ा आईपीओ है।

# अमेरिका ने उम्मीद जताई, भारत गेहूं निर्यात पर रोक के फैसले पर पुनर्विचार करेगा

भाषा। न्यूयॉर्क

**अमेरिका** ने उम्मीद जताई है कि भारत गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने के अपने फैसले पर फिर से विचार करेगा। अमेरिका ने साथ ही कहा कि वाशिंगटन देशों को निर्यात प्रतिबंधित नहीं करने के लिए प्रोत्साहित करेगा, क्योंकि इससे यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बीच खाद्यान्न की कमी बढ़ जाएगी। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा गेहूं उत्पादक है और देश ने भीषण गर्मी के कारण गेहूं उत्पादन प्रभावित होने की चिंताओं के बीच घरेलू कीमतों को काबू में रखने के लिए गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस ग्रीनफील्ड ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रैंस के जरिए मीडिया से बातचीत के दौरान कहा, हमने भारत के फैसले की रिपोर्ट देखी है। हम देशों को निर्यात को प्रतिबंधित नहीं करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं, क्योंकि हमें लगता है कि निर्यात पर किसी भी प्रतिबंध से भोजन की कमी बढ़ेगी।

उन्होंने आगे कहा, भारत सुरक्षा परिषद में हमारी बैठक में भाग लेने वाले देशों में से एक होगा, और हमें उम्मीद है कि वे अन्य देशों द्वारा उठाई जा रही चिंताओं पर ध्यान देंगे और उस स्थिति पर पुनर्विचार करेंगे। वह गेहूं के निर्यात को प्रतिबंधित करने के भारत के फैसले पर एक सवाल का जवाब दे रही थीं। अमेरिकी राजदूत ने कहा कि यूक्रेन विकासशील दुनिया की भोजन संबंधी जरूरत को पूरा करता था, लेकिन जब से रूस ने महत्वपूर्ण बंदरगाहों को अवरुद्ध करना शुरू किया है, तब से अफ्रीका और मध्य पूर्व में भूख की स्थिति और भी विकट हो गई है। अमेरिका मई महीने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अध्यक्ष है और वह इस सप्ताह रूस-यूक्रेन युद्ध जैसे अंतरराष्ट्रीय संघर्षों की पृष्ठभूमि में खाद्य सुरक्षा पर एक हस्ताक्षर कार्यक्रम की मेजबानी करेगा।

# थोक मुद्रास्फीति अप्रैल में बढ़कर 15.08 प्रतिशत के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंची

भाषा। नई दिल्ली

**थोक कीमतों** पर आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल में बढ़कर 15.08 प्रतिशत के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गई। यह तेजी खाद्य वस्तुओं से लेकर जिंसों तक के महंगा होने की वजह से हुई। थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति मार्च में 14.55 प्रतिशत और पिछले साल अप्रैल में 10.74 फीसदी थी। माना जा रहा है कि मुद्रास्फीति बढ़ने के कारण रिजर्व बैंक अगले महीने नीति समीक्षा बैठक में ब्याज दरों को बढ़ाने का फैसला कर सकता है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा, अप्रैल, 2022 में मुद्रास्फीति की ऊंची दर मुख्य रूप से खनिज तेलों, मूल धातुओं, कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस, खाद्य वस्तुओं, गैर-खाद्य वस्तुओं, खाद्य उत्पादों, रसायनों और रासायनिक उत्पादों आदि की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण हुई। डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति पिछले साल अप्रैल से लगातार 13वें महीने दो अंक में बनी हुई है। समीक्षाधीन माह में खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति 8.35 प्रतिशत थी। इस दौरान सब्जियों, गेहूं, फल और आलू की कीमतों में तेज वृद्धि देखी गई थी। ईंधन और बिजली खंड में मुद्रास्फीति 38.66 प्रतिशत थी, जबकि विनिर्मित उत्पादों और तिलहन में यह क्रमश: 10.85 प्रतिशत और 16.10 प्रतिशत थी। कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की मुद्रास्फीति अप्रैल में 69.07 प्रतिशत थी।

पिछले सप्ताह जारी आंकड़ों के मुताबिक खुदरा मुद्रास्फीति अप्रैल में बढ़कर आठ साल के उच्च स्तर 7.79 प्रतिशत पर पहुंच गई है। महंगाई पर काबू पाने के लिए आरबीआई ने इस महीने की शुरुआत में रेपो दर में 0.40 प्रतिशत और नकद आरक्षित अनुपात में 0.50 प्रतिशत की वृद्धि की थी। रेटिंग एजेंसी इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि चीन में कमजोर मांग के परिणामस्वरूप जिंस कीमतों में कुछ नरमी से रुपए में गिरावट की भरपाई हो सकती है। उन्होंने कहा कि मई में डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति 15 प्रतिशत से कम रह सकती है, हालांकि यह उच्चस्तर पर बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति लगातार दो अंक में बनी हुई है, इसलिए जून, 2022 में मौद्रिक नीति की समीक्षा में रेपो दर में बढ़ोतरी की संभावना बढ़ गई है। नायर ने कहा कि जून, 2022 में 0.40 प्रतिशत और अगस्त में 0.35 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान है।

## पूर्व विधायक सर्वेश सिंह हत्याकांड

# माफिया ध्रुव सिंह समेत सात लोगों को उम्रकैद

**भाषा।** आजमगढ़

**आजमगढ** जिले की एक अदालत ने पूर्व विधायक सर्वे सिंह उर्फ सीपू सिंह की हत्या के जुर्म में कथित माफिया ध्रुव सिंह उर्फ कुंटू सिंह समेत सात लोगों को आजीवन कारावास और 5050 हजार रुपए अर्थदंड की सजा मंगलवार को सुनाई। विशेष लोक अभियोजक विनय मिश्रा ने बताया कि इस मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों की फाइल को अदालत ने अलग कर दिया है। उन्होंने बताया कि अभियोजन पक्ष की तरफ से पूर्व विधायक सर्वेश सिंह की पत्नी पूर्व विधायक वंदना सिंह, बड़े भाई संतोष सिंह उर्फ टीपू सिंह समेत 12 गवाहोंकी गवाही हुई। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद विशेष गिरोहबंद अधिनियम (गैंगस्टर एक्ट) अदालत के न्यायाधीश रमानंद की अदालत ने सात दोषियों ध्रुव सिंह उर्फ कुंटू सिंह, संग्राम सिंह, शिव प्रकाश उर्फ प्रकाश यादव, राजेंद्र यादव, रामप्रवेश, दिनेश सिंह उर्फ रंपत और मृत्युंजय को आजीवन कारावास की सजा व प्रत्एक को 50-50 हजार रूपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

मिश्रा ने बताया कि जुलाई 2013 में आजमगढ़ जिले की सगडी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सर्वेश सिंह सीपू और भरत राय की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने 11 लोगों को आरोपी बनाया था। बाद में घटना की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने की और दो लोगों को आरोपी बनाया। इस हत्याकांड में कुल 13 आरोपियों ध्रुव सिंह, संग्राम सिंह, मोहम्मद रिजवान, अरविंद कश्यप, विजय यादव, अभिषेक सिंह भोनू ,शिव प्रकाश उर्फ प्रकाश यादव, राजेंद्र यादव, रामप्रवेश, मृत्युंजय, दिनेश, कन्हैया उर्फ गिरधारी के विरुद्ध आरोपपत्र दाखिल किया गया। एक आरोपी कन्हैया उर्फ गिरधारी को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया। दो आरोपियों अभिषेक व अरविंद कश्यप तथा एक नाबालिग आरोपी की पत्रावली पहले ही अलग कर दी गई थी। कुल नौ आरोपितों को अदालत ने दोषी पाया था। सजा सुनाए जाने के दिन तक पुलिस दोनों फरार आरोपियों रिजवान और विजय को अदालत में पेश नहीं कर सकी इसलिए इन दोनों की भी पत्रावली अदालत ने अलग कर दी।



प्रयागराज में बड़ा मंगल के अवसर पर संगम के पास बड़े हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए उमड़े श्रद्धालु

## शाहजहांपुर में मुस्लिम युवक ने हिंदू धर्म अपनाया

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर जिले में इस्लाम को मानने वाले 29 वर्षीय युवक गुलनाज ने मंगलवार को हिंदू धर्म स्वीकार कर लिया और अब उसका नया नाम विराट होगा। विश्व हिंदू परिषद के नेता राजेश अवस्थी ने यह जानकारी दी। अवस्थी ने बताया कि शहर के थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के मिश्रीपुर मोहल्ले के रहने वाले युवक गुलनाज ने मंगलवार को हिंदू धर्म स्वीकार कर लिया। उन्होंने बताया कि अब गुलनाज का नया नाम विराट होगा। अवस्थी के अनुसार, युवक को आज खिरनी बाग स्थित मंदिर में पहले गंगाजल से स्नान कराया गया और बाद में उसने मंदिर में स्थित हिंदू देवीदेवताओं की पूजा भी की। गुलनाज से विराट बने युवक ने फोन पर पीटीआईभाषा को बताया, हमने अपनी मर्जी से इस्लाम छोड़कर सनातन धर्म अपनाया है। युवक ने कहा, हमारे पूर्वज पहले हिंदू थे, बाद में हम लोग मुस्लिम हो गए थे, ऐसे में हम चाहते है कि हमें सनातन धर्म के लोग भी स्वीकार करें। युवक के परिवार में मां और भाई बहन है और वह अभी अविवाहित है। अवस्थी ने बताया कि जिस समय गुलनाज अपना धर्म परिवर्तन कर रहा था, उस समय मंदिर के बाहर पुलिस तथा स्थानीय अभिसूचना इकाई के कर्मचारी भी मौजूद थे। हालांकि इस संबंध में पुलिस अधीक्षक (नगर) संजय कुमार ने पूछे जाने पर बताया कि उन्हे इस संबंध में कोई जानकारी नही है और यदि ऐसा है तो जानकारी ली जाएगी।

## तीर्थ पुरोहित महासभा की अपील, भड़काऊ बयानों से बचें दोनों पक्ष

**मथुरा।** मंदिर के पुजारियों के निकाय अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा ने हिंदू और मुस्लिम समूहो से भड़काऊ बयान नही देने का आग्रह करते हुए कहा है कि इससे मथुरा और वाराणसी में पर्यटन क्षेत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश पाठक ने यहां कहा, वाराणसी और मथुरा में माहौल खराब करने से न केवल तीर्थ पुरोहितो को नुकसान होगा, बल्कि प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पर्यटन उद्योग से जुड़े व्यापारियो और लोगो को भी नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि दोनो शहरों की अर्थव्यवस्था पहले ही कोविड महामारी से बुरी तरह प्रभावित हुई है। उन्होने ऑल इंडिया मजलिस इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के कथित भड़काऊ बयानों की निंदा की। पाठक के मुताबिक, हिंदू भी ऐसे बयान देने में पीछे नही है। उन्होंने कहा कि उनके बयान से माहौल खराब हो सकता है, इसलिए इन्हे रोका जाना चाहिए।

## नवागत सीडीओ ने ग्रहण किया पदभार



**गोंडा।** नवागत मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार में अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। विकास भवन सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान मीडिया से मुखातिब होते हुए सीडीओ ने कहा कि शासन द्वारा संचालित विकास परक योजनाओं एवं विकास परक कार्यक्रमों का लाभ प्रत्येक लाभार्थी तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से सूचनाओं का आदान प्रदान व मीडिया से संवाद बराबर होता रहेगा। बता दें कि नवागत सीडीओ 2000 18 बैच के आईएएस अधिकारी हैं उन्होंने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित 2017 की परीक्षा में 34 वां स्थान हासिल किया था।

## गले में तख्ती डालकर थाने पहुंचा लूट का आरोपी बोला, गोली मत मारो

**बदायूं।** बदायूं जिले के फैजगंज इलाके में पिछले महीने एक गल्ला व्यापारी के साथ हुई साढ़े पांच लाख रुपए की लूट का एक आरोपी मंगलवार को गले मे तख्ती डालकर थाने पहुंचा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ओ. पी. सिंह ने यहां बताया, फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के परमानंदपुर गांव मे गत पांच अप्रैल को एक गल्ला व्यवसाई से दिनदहाड़े साढे पांच लाख रुपए की लूट हुई थी। इस लूट के खुलासे में गत आठ मई को पुलिस ने मुठभेड मे कमर नामक व्यक्ति को पकड़ा था। जिसने गल्ला व्यापारी से हुई लूट को कुबूल किया। कमर के साथ एक अन्य बदमाश भी था। जो अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया था। पता लगा कि वह बदमाश सम्भल जिले के कुढ़फतेहगढ़ का निवासी फुरकान है। उस पर 25 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया गया था। उन्होंने बताया कि मंगलवार को फुरकान अपने गले मे तख्ती डालकर फैजगंज बेहटा थाने पहुंचा। उसकी तख्ती पर लिखा था, मै सदुआ उर्फ फुरकान पुत्र जमा खां नि0 कन्हई नगला थाना कुढ फतेहगढ जनपद संभल का निवासी हूं। मै थाना फैजगंज बेहटा के गल्ला दुकानदार से हुई लूट में शामिल था।

## बाल श्रमिक संभावित प्रतिष्ठानों पर की गयी छापेमारी

**संवाददाता।** फतेहपुर

**जनपद में** पुलिस अधीक्षक के निर्देश में बाल श्रम की बढ़ती समस्या के विरुद्ध शासन के निर्देशानुसार चाइल्ड लाइन 1098, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट पुलिस के संयुक्त अभियान में विभिन्न क्षेत्रों में सघन रुप से बालश्रम उन्मूलन अभियान का संचालन किया गया। जिसमें जनपद के कई जगह होटलों एवं ढाबों में बाल श्रमिक संभावित प्रतिष्ठानो पर छापेमारी कर जागरूकता अभियान चलाया गया।

जिसमें एएचटीयू थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि बाल श्रम कराना कानूनन जुर्म है। इस कुप्रथा को खत्म करना सबकी जिम्मेदारी है। बच्चे देश के धरोहर हैं। इनको किसी भी ढाबों, होटल एवं प्रतिष्ठानों में बंधुआ मजदूरी या 14 साल से कम बच्चों की काम में लगाना अपराध है। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के अनुपम होटल, गौर होटल, मोटू होटल, शुक्ला होटल सहित जीत होटल में जागरूकता अभियान चलाया गया। सभी होटल मालिकों को होटल में लगे हुए कार्मिकों के आधार एवं उनका रजिस्टर में पंजीकरण करा कर संबंधित थाने में पंजीयन कराना अनिवार्य करने के लिए बताया गया। साथ ही किसी भी नाबालिग बच्चे को होटल में रखने पर मुकदमे की चेतावनी दी गई। अभियान में चाइल्ड लाइन 1098 जिला समन्वयक अजय सिंह चौहान ने बताया कि बाल श्रम कराना कानून अपराध है। अगर कोई बाल श्रम कराता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी क्योंकि बच्चे देश व समाज के महत्वपूर्ण धरोहर हैं। जिनकी समुचित सुरक्षा, पालन पोषण, शिक्षा एवं विकास का दायित्व भी राष्ट्र और समुदाय का होता है क्योंकि कालांतर में यही बच्चे देश के निर्माण और राष्ट्र के उत्थान के आधार स्तंभ बनते हैं। इस अभियान के दौरान विशेष किशोर पुलिस इकाई से एएचटीयू उप निरीक्षक अंसार अहमद, हरिशंकर शुक्ला व चाइल्डलाइन 1098 टीम मेंबर अजय कुमार आदि मौजूद रहे।

## दलित महिला के दुष्कर्म-हत्या मामले में आरोपी 12 साल तक जेल में रहने के बाद दोष मुक्त

**बांदा।** उत्तर प्रदेश के बांदा जिले की एक विशेष अदालत ने एक दलित महिला के कथित दुष्कर्म एवं हत्या मामले में 12 साल से जेल में बंद आरोपी को सोमवार शाम दोष मुक्त कर दिया। मुख्य कानूनी अधिवक्ता मूलचंद्र कुशवाहा ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 28 जुलाई 2010 की सुबह बबेरू कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में अनुसूचित जाति की एक महिला का शव खेत से बरामद हुआ था, जिसके मृतका के पति चंद्र किशोर ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ दुष्कर्म के बाद पत्नी की हत्या करने का आरोप लगाते हुए एक प्राथमिकी दर्ज करवाई थी। कुशवाहा के मुताबिक, पुलिस ने जांच के दौरान बदौसा थाना क्षेत्र के पौहार गांव निवासी मुलायम सिंह नामक व्यक्ति को आरोपी बनाकर जेल भेज दिया था। उन्होंने बताया कि सिंह पिछले 12 वर्षों से जेल में बंद है, क्योंकि जेल में उससे न तो कोई कभी मुलाकात करने पहुंचा, न ही किसी ने कभी जमानत के लिए उसकी पैरवी की। कुशवाहा के अनुसार, मुख्य कानूनी अधिवक्ता होने के नाते मैंने सिंह की पैरवी की और अभियोजन व बचाव पक्ष की दलीलें सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश ने सोमवार शाम सुनाए गए फैसले में आरोपी को दोष मुक्त कर दिया। उन्होंने कहा, सिंह को अदालत ने निर्दोष करार दिया है। पुलिस ने उसे गलत तरीके से फंसाया था। कुशवाहा ने आरोप लगाया, सिंह के मानवाधिकारों का हनन हुआ हुआ है। उसे इंसाफ दिलाने के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में याचिका दायर की जाएगी।

# डबल डेकर बस पलटी, तीन की मौत

## हादसे में 25 यात्री घायल

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले के बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार को एक डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 अन्य घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, दुर्घटनाग्रस्त बस जयपुर से बिहार जा रही थी और उसमें लगभग 85 यात्री सवार थे। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक महिला ने जिला अस्पताल में इलाज के दौरान तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि हादसे में घायल 25 लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से 22 को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बांगरमऊ के उपजिलाधिकारी अंकित शुक्ला के अनुसार, डबल डेकर बस मंगलवार सुबह लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर सिरधरपुर गांव के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। उन्होंने बताया कि बस में बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों समेत लगभग 80 से 85 यात्री सवार थे। इनमें से 55 यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं और प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें घर जाने की सलाह दी है। शुक्ला के मुताबिक, मामूली रूप से चोटिल 55 यात्रियों को खाना खिलाने के बाद अलग-अलग वाहनों के जरिए उनके गंतव्य स्थान की ओर रवाना कर दिया गया है। जिलाधिकारी रवींद्र कुमार और पुलिस अधीक्षक ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल लिया। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को घायलों को समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। पुलिस के मुताबिक, हादसे में मारे गए तीनों यात्रियों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं और मृतकों की शिनाख्त की कोशिश की जा रही है।

**जीजा ने सात वर्षीय साली के साथ दुष्कर्म किया, गिरफ्तार:** बलरामपुर। जिले में उतरौला कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में जीजा द्वारा कथित तौर पर सात वर्षीय अपनी साली के साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। उतरौला कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह ने मंगलवार को बताया कि पीड़िता की मां की तहरीर पर मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी युवक रविवार को अपनी ससुराल आया था और अपनी पत्नी के साथ एक कमरे में था। इसी बीच उसकी सात वर्षीय साली अपनी बड़ी बहन को बुलाने आ गई। आरोप के अनुसार पत्नी के कमरे से जाते ही मासूम को अकेला पाकर जीजा ने बच्ची के साथ दुष्कर्म कर दिया। बच्ची की हालत बिगड़ने पर उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्वाई में जुटी है।

## नहर में नहाने गए दो युवक डूबे

**सहारनपुर।** सहारनपुर जिले के रामपुर मनिहारन क्षेत्र में नहर में नहाने गए दो दोस्तों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक (देहात) सूरज राय ने मंगलवार को बताया कि रामपुर मनिहारन क्षेत्र के रेडी मलकपुर निवासी अभिषेक अपने दोस्तों युवराज और देवेश के साथ सोमवार देर शाम यमुना नहर में नहाने गए थे, इसी दौरान गहरे पानी में चले जाने से वे तीनों डूबने लगे। उन्होंने बताया कि शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और अभिषेक को बचा लिया लेकिन युवराज (20) और देवेश (21) पानी की तेज धारा में बह गए। राय ने बताया कि सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से कई घंटों की मशक्कत के बाद दोनों के शव बाहर निकाले गए। आज दोनों का अन्तिम सस्कार कर दिया गया।



## निर्माणाधीन पानी टंकी का डीएम ने किया निरीक्षण

**गोंडा।** मंगलवार को जिलाधिकारी डा0 उज्वल कुमार ने विकास खंड झंझरी के अंतर्गत ग्राम पंचायत इमलियामिश्र में बन रहे निर्माणाधीन पानी टंकी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पानी टंकी में निर्माण के दौरान प्रयोग किए जा रहे सामग्रियों के गुणवत्ता की जानकारी ली। जिस पर असंतोष व्यक्त करते हुए नाराजगी व्यक्त की। इसके साथ ही ग्राम पंचायत छाछपारा कानूनगो में बन रहे पानी की टंकी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण में प्रयोग किए जा रहे हैं पाइप की गुणवत्ता की जानकारी ली। जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को फटकार लगाई हुए समय से कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, एक्सईएन जल निगम व कार्यदायी संस्था व अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बलिया में प्रश्नपत्र लीक मामले में एक और अध्यापक पर रासुका की कार्रवाई

**भाषा।** बलिया

**उत्तर प्रदेश** माध्यमिक शिक्षा परिषद की इंटर परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक करने के मामले में एक अध्यापक के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत कार्वाई की गई है। प्रश्न पत्र लीक मामले में इसके पहले अन्य चार लोगों पर रासुका के तहत कार्वाई की जा चुकी है। मंगलवार को एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। रसड़ा के पुलिस उपाधीक्षक शिवनारायण वैस ने मंगलवार को बताया कि जिले की नगरा पुलिस ने माध्यमिक शिक्षा परिषद की इंटर परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक करने के मामले में सुभाष इंटर कॉलेज, ताड़ी बड़ागांव के अंग्रेजी के अध्यापक अविनाश गौतम के विरुद्ध रासुका के तहत कार्वाई की है। उनके अनुसार अध्यापक समेत अब तक इस मामले





में कुल पांच लोगों के विरुद्ध रासुका के तहत कार्वाई कर दी गई है। गौतम इस समय आजमगढ़ जेल में बंद है। इसके पहले बलिया जिले में माध्यमिक शिक्षा परिषद की इंटरमीडिएट की अंग्रेजी परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक होने के मामले में मां लछिया मूरत यादव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य अक्षय लाल यादव, प्रश्नपत्र लीक मामले के मास्टरमाइंड महराजी देवी स्मारक इंटर कॉलेज के प्रबंधक निर्भय नारायण सिंह, नकल माफिया राजू प्रजापति और डीआरआर पब्लिक स्कूल के प्रबंधक रविंद्र सिंह पर भी रासुका लगाया जा चुका है।

उल्लेखनीय है कि इस मामले में पुलिस ने अब तक 52 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है, जिनमें जिला विद्यालय निरीक्षक ब्रजेश मिश्र और तीन पत्रकार अजीत कुमार ओझा, दिग्विजय सिंह व मनोज गुप्ता शामिल हैं। हालांकि, जिला जज की अदालत से जमानत मिलने के बाद जिला विद्यालय निरीक्षक मिश्र और तीनों पत्रकार जेल से रिहा हो गए हैं। गौरतलब है कि मार्च में बलिया जिले में इंटरमीडिएट का अंग्रेजी का प्रश्न पत्र लीक हो गया था, जिसके बाद बलिया समेत 24 जिलों में इसकी परीक्षा स्थगित कर दी गई थी। यह परीक्षा बाद में कराई गई थी।

## बच्चों के सर्वांगीण विकास में पिता की भागीदारी जरूरी

**लखनऊ।** बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और सर्वांगीण विकास के लिए उनके जीवन में पिता की भागीदारी सुनिष्चित करने के लिये डैडी कूल पहल के दूसरे चरण की शुरूआत की गयी है। यह पहल एचसीएल फाउण्डेषन और सेसमी वर्कशॉप इण्डिया ट्रस्ट ने की है। ष्डैडी कूलष् पहल के दूसरे चरण में शहर के डालीगंज और लव कुश नगर में रेहड़ी



लगाने और कचरा उठाने का काम करने वाले 240 पिताओं को जोड़ने का लक्ष्य है। यह पहल विभिन्न कार्यशालाओंए आपसी संवाद और विशेष रूप से तैयार मल्टीमीडिया सामग्री के जरिये बच्चों की परवरिश की सकारात्मक रणनीतियां एवं सिद्धांत सीखने में इन पिताओं की मदद कर रही है। बच्चों की परवरिश और विकास में पिताओं की सकारात्मक भागीदारी में सुधार लाने से जुड़ी इस पहल पर एचसीएल फाउंडेशन की निदेशक निधि पुंढीर ने कहाए ष्हम इस पहल के दूसरे चरण की शुरुआत को लेकर बेहद उत्साहित हैं। डैडी कूल पहल के जरियेए हम ऐसे पिताओं की जनजाति तैयार करने की कोशिश कर रहे हैंए जो इस बात को मान्यता देते हैं कि बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और सर्वांगीण विकास के लिए उनके जीवन में पिता की भागीदारी ज़रूरी है। यह समाज द्वारा निर्धारित पिता के पारंपरिक किरदार से कहीं ज्यादा अहम है। सेसमी वर्कशॉप इंडिया ट्रस्ट की प्रबंध ट्रस्टी सोनाली खान कहती हैं, हम बच्चों को छोटी उम्र में किन गतिविधियों में शामिल करते हैं, यह उनकी सोच को आकार देने और व्यवहार को निर्धारित करने में अहम भूमिका निभाता है। इस पहल के तहत सेसमी वर्कशॉप इंडियाए पिताओं के लिए साप्ताहिक सत्र आयोजित करता हैए ताकि वे बच्चों के साथ समय बिताने के महत्व को समझ सकें और अपनी सकारात्मक भागीदारी बढ़ा पाएं।

## अवैध रूप से नेपाल सीमा पार कर रहे चार बांग्लादेशी गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर जिले की पुलिस एवं सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की संयुक्त टीम ने नेपाल सीमा पर ककरहवा के पास जांच के दौरान अवैध रूप से सीमा पार करने वाले चार बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। विधिक प्रक्रिया पूरी कर चारों को जेल भेज दिया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सिद्धार्थनगर के पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह ने बताया कि भारतनेपाल सीमा पर एसएसबी तथा मोहाना पुलिस की संयुक्त टीम जांच कर रही थी, उसी समय ककरहवा सीमा से नेपाल जाने की अवैध ढंग से कोशिश कर रहे बांग्लादेश के चार निवासियों रसेल अहमद उर्फ जमान, साईम भुईयान, शकीब अहमद हुसैन और मोहम्मद नजमुल हुसैन को गिरफ्तार कर लिया गया।

# ज्ञानवापी प्रकरण ध्यान भटकाने की कोशिश

**भाषा।** आजमगढ़

**समाजवादी** पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ज्ञानवापी प्रकरण को मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश करार दिया है। आजमगढ़ जिले में दो स्थानों पर शोक संवेदना प्रकट करने आए सपा मुखिया ने वाराणसी के ज्ञानवापी विवाद पर कहा, ज्ञानवापी मस्जिद बहुत पुरानी है। ए भाजपा द्वारा जानबूझकर की जा रही साजिश है। भाजपा के अदृश्य सहयोगी जो समय-समय पर बाहर निकल कर आते है और जानबूझकर नफरत के बीज बोते हैं। उन्होंने कहा, जहां तक अदालत का सवाल है तो इससे पहले सुप्रीम कोर्ट (उच्चतम न्यायालय) ने भी और दूसरे फैसलों में भी कहा गया है कि पुरानी चीजों को नहीं उठाया जा सकता है, बावजूद इसके भाजपा हिन्दू-मुस्लिम लोगों के बीच नफरत फैली रहे, इसके लिए ए मुद्दे उठा रही है। भाजपा नहीं चाहती कि बुनियादी सवालों पर चर्चा हो।



गौरतलब है कि दिल्ली निवासी राखी सिंह तथा वाराणसी की रहने वाली पांच अन्य महिलाओं की याचिका पर वाराणसी की स्थानीय अदालत ने ज्ञानवापीश्रृंगार गौरी परिसर में वीडियोग्राफीसर्वे के आदेश दिए थे। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने अदालत के इस फैसले को पूजास्थलों सम्बन्धी वर्ष 1991 के कानून का उल्लंघन करार दिया है। बहरहाल, यह सर्वे सोमवार को सम्पन्न हुआ। हिन्दू पक्ष ने मस्जिद के वजूखाने में शिवलिंग मिलने का दावा किया है, जिसे मुस्लिम पक्ष ने यह कहते हुए खारिज किया है कि जिसे शिवलिंग कहा जा रहा है वह वजूखाने के फौव्वारे का हिस्सा है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में बुलडोजर चल रहा है लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लखनऊमें जिस निजी अस्पताल का उद्घाटन किया, वह भी अवैध है। यादव ने अपने इस्तीफे के कारण रिक्त हुई आजमगढ़ लोकसभा सीट के उपचुनाव में अपनी पत्नी डिम्पल को पार्टी उम्मीदवार बनाए जाने के कयासों पर कहा कि इसका फैसला पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं की बैठक में लिया जाएगा। उन्होंने भाजपा पर तंज करते हुए कहा कि वन नेशन, वन राशन का नारा देने वाले कहीं एक देश एक पूंजीपति का नारा न दे दे। यादव ने फूलपुर पवई के पूर्व विधायक श्यामबहादुर यादव के घर पर पहुंचकर उनकी दिवंगत मां को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद वह दीदारगंज थाना क्षेत्र के गद्दोपर गांव

## शिवलिंग पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोपी सपा नेता गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में शिवलिंग को लेकर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में मंगलवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के एक स्थानीय नेता को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी कुलदीप सिंह ने यह बताया कि सपा नेता मोहसिन अंसारी को एकता विहार क्षेत्र में गिरफ्तार किया गया। सिंह ने बताया कि सपा नेता पर व्हाट्सएप पर शिवलिंग को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है। अंसारी समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी का प्रदेश सचिव भी रह चुका है। सिंह ने बताया कि इस मामले में पुलिस उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार की तहरीर पर नगर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# सनराइजर्स हैदराबाद की जीत में त्रिपाठी चमके

## मुंबई इंडियंस को 3 रन से हराया

भाषा। मुंबई

**सनराइजर्स हैदराबाद** ने मुंबई इंडियंस को 3 रन से हरा दिया। हैदराबाद के 193 रन का पीछा करने उतरी मुंबई के टीम निर्धारित ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 190 रन बना सकी। उमरान मलिक ने 3 विकेट लिए। रोहित-48, इशान-43 व डेविड ने 46 रन बनाए।

इससे पहले राहुल त्रिपाठी के 44 गेंद में 76 रन की मदद से सनराइजर्स हैदराबाद ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग के करो या मरो के मैच में छह विकेट पर 193 रन बनाए। त्रिपाठी ने अपनी पारी में नौ चौके और तीन छक्के जड़कर सत्र में अपना तीसरा अर्धशतक पूरा किया। प्रियम गर्ग (42) और निकोलस पूरन (38) ने उनका बखूबी साथ निभाया। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर सनराइजर्स ने गर्ग को शीर्षक्रम पर उतारा जिसका फायदा मिला। 21 वर्ष के इस बल्लेबाज ने त्रिपाठी के साथ 78 रन की साझेदारी की। फॉर्म में चल रहे अभिषेक शर्मा (नौ) तीसरे ही ओवर में आउट हो गए थे। गर्ग को दस के स्कोर पर जीवनदान मिला जिसका पूरा फायदा उठाकर उन्होंने 26 गेंद की अपनी पारी में चार चौके और दो छक्के जड़े। दूसरे छोर पर त्रिपाठी ने पांचवें ओवर में जसप्रीत बुमराह को एक छक्का और दो चौके लगाए। त्रिपाठी और गर्ग ने पावरप्ले में 57 रन बनाए और रनगति अच्छी बनाए रखी। दोनों ने दस रन प्रति ओवर की दर से रन बनाना जारी रखा। गर्ग को मध्यम तेज गेंदबाज रमनदीप सिंह ने रिटर्न कैच लेकर पवेलियन भेजा। सिंह ने तीन ओवर में 20 रन देकर तीन विकेट चटकाए। पूरन ने रिले मेरेडिथ को 13वें ओवर में लांग आन पर लगातार दो छक्के और डीप बैकवर्ड स्क्वेयर पर एक छक्का लगाया। इसके बाद मयंक मार्कंडेय को अगले ओवर में एक चौका और एक छक्का जड़ा। मुंबई के गेंदबाजों ने आठ गेंद के भीतर पूरन, त्रिपाठी और एडेन मार्कराम (दो) को आउट करके वापसी की कोशिश की। सनराइजर्स के कप्तान केन विलियमसन आठ रन बनाकर नाबाद रहे लेकिन बड़े शॉट नहीं लगा सके जिससे टीम 200 के पार नहीं पहुंच पाई। आखिरी दो ओवरों में 19 रन ही बने और एक ही चौका लगा।


राहुल त्रिपाठी के 76 रन

### स्कोरबोर्ड

**सनराइजर्स हैदराबादः** अभिषेक का मार्कंडेय बो सैम्स 09, गर्ग का एवं बो रमनदीप 42, त्रिपाठी का वर्मा बो रमनदीप 76, पूरन का मार्कंडेय बो मेरेडिथ 38, मार्कराम का डेविड बो रमनदीप 02, विलियमसन नाबाद 08, वाशिंगटन सुंदर बो बुमराह 09, **अतिरिक्तः** 09, **कुलः** 20 ओवर में छह विकेट परः 193 रन, **विकेट पतनः** 1-18, 2-96, 3-172, 4-174, 5-175, 6-193, **गेंदबाजीः** सैम्स 4-0-39-1, मेरेडिथ 4-0-42-1, यादव 2-0-23-0, बुमराह 4-0-32-1, मार्कंडेय 3-0-31-0, रमनदीप 3-0-20-3

## रहाणे मांसपेशियों में खिंचाव के कारण आईपीएल से बाहर

**मुंबई।** केकेआर के बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे मांसपेशियों (हैमस्ट्रिंग) में खिंचाव के कारण आईपीएल के बचे हुए सत्र से बाहर हो गए हैं। फ्रेंचाइजी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। केकेआर ने अपने ट्विटर हैंडल पर पोस्ट की गई एक आधिकारिक घोषणा में बताया, अजिंक्य रहाणे हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण आईपीएल 2022 के बचे हुए मुकाबलों से बाहर हो गए हैं। हम आपके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। केकेआर को आपकी कमी खलेगी। रहाणे का स्कैन कराया गया था, जिससे पता चला कि उनकी मांसपेशियों में चोट है। टीम के द्वारा पोस्ट किए गए एक अन्य ट्वीट में मैंने टीम के साथ मैदान के बाहर और अंदर अपने समय का लुत्फ उठाया। मैंने यहां एक क्रिकेटर के रूप में काफी कुछ सीखा। मैं निश्चित रूप से अगले साल और मजबूत होकर वापस आऊंगा। मुझे यकीन है कि हम अगले मैच में एक टीम के रूप में अच्छा प्रदर्शन करेंगे और उम्मीद है कि केकेआर प्ले-ऑफ में पहुंचेगी। केकेआर 13 मैचों में छह जीत से 12 अंकों के साथ तालिका में छठे स्थान पर है। टीम अपने अगले मैच में अगर लखनऊ को बड़े अंतर से हराने में सफल रहती है तब भी उसे प्लेऑफ में क्वालीफाई करने के लिए अन्य मैचों के नतीजे पर निर्भर रहना होगा।

## भारत के लिए सभी प्रारूपों में खेलने वाला बल्लेबाज बन सकता है तिलक वर्माः गावस्कर

भाषा। मुंबई



**पूर्व भारतीय** कप्तान सुनील गावस्कर ने मुंबई इंडियन्स के कप्तान रोहित शर्मा के इस नजरिए का समर्थन किया है कि युवा तिलक वर्मा भारत के लिए सभी प्रारूपों में खेलने वाले बल्लेबाज बन सकते हैं। इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में उभरकर आने वाले खिलाड़ियों में शामिल वर्मा ने मुंबई इंडियन्स के निराशाजनक प्रदर्शन के दौरान 12 मैच में 368 रन बनाकर प्रभावित किया है। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, तिलक वर्मा की मानसिकता गजब की है। चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ वह उस समय क्रीज पर उतरा जब टीम दबाव में थी लेकिन शुरुआत में उसने जिस तरह एक और दो रन लेकर पारी को आगे बढ़ाया वह प्रभावशाली था। उन्होंने कहा, उसके पास विविध शॉट हैं और वह स्ट्राइक रोटेट करता रहता है। यह दर्शाता है कि उसे क्रिकेट की अच्छी समझ है और मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण है। इस महान सलामी बल्लेबाज ने कहा, अगर आपके पास अच्छा क्रिकेट दिमाग होता है तो आप उस समय मुश्किल से बाहर निकलने में सफल रहते हो जब चीजें आपके पक्ष में नहीं हो रही होती। आप अपने खेल का विश्लेषण कर सकते हो और दोबारा रन बना सकते हो।

## दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज जुबैर हमजा डोपिंग नियमों के उल्लंघन के कारण निलंबित

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने डोपिंग निरोधक नियमों का उल्लंघन करने वाले दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज जुबैर हमजा को नौ महीने तक क्रिकेट से जुड़ी हर गतिविधि से निलंबित कर दिया। हमजा ने दक्षिण अफ्रीका के पार्ल में 17 जनवरी 2022 को टूर्नामेंट से इतर नमूने दिए थे जिनमें प्रतिबंधित पदार्थ फुरोसेमाइड के अंश पाए गए जो वाडा की प्रतिबंधित सूची में शामिल है। उन्होंने निलंबन की बात स्वीकार की लिहाजा उन पर 22 मार्च 2022 से प्रतिबंध लगाया गया है जो 22 दिसंबर 2022 तक जारी रहेगा। इसके साथ ही 17 जनवरी से 22 मार्च 2022 तक उनका व्यक्तिगत प्रदर्शन अमान्य हो गया है।

### इंग्लैंड क्रिकेट में उथल-पुथल जारी, सीईओ हैरिसन का इस्तीफा

**लंदन।** इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) में उथल-पुथल का दौर जारी है और अब टीम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉम हैरिसन ने मंगलवार को घोषणा की कि वह अपना पद छोड़ देंगे। टेस्ट क्रिकेट में लगातार खराब प्रदर्शन के बाद इस साल की शुरुआत से, पुरुष टीम के टेस्ट कप्तान, मुख्य कोच, क्रिकेट निदेशक और अब सीईओ ने अपने-अपने पद छोड़ दिए। हैरिसन पर अपने कार्यकाल के दौरान टेस्ट क्रिकेट की जगह छोटे प्रारूप को तरजीह देने का आरोप भी लगा। उनके कार्यकाल के दौरान ही इंग्लैड में 100 गेंद की टूर्नामेंट द हंड्रेड की शुरुआत हुई।

### चीन में हांगझोउ एशियाई पैरा खेल स्थगित

**बीजिंग।** चीन के हांगझोउ में नौ से 15 अक्टूबर तक होने वाले एशियाई पैरा खेलों को कोविड-19 महामारी से जुड़ी चिंताओं के कारण स्थगित कर दिया गया है। आयोजकों ने मंगलवार को आधिकारिक तौर पर इसकी घोषणा की। एशियाई पैरालंपिक समिति (एपीसी) ने बयान में कहा, हांगझोउ 2022 एशियाई पैरा खेल आयोजन समिति (एचएपीजीओसी) और एशियाई पैरालंपिक समिति आज 2022 एशियाई पैरा खेलों को स्थगित करने की घोषणा करते है जिसका आयोजन पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नौ से 15 अक्टूबर 2022 तक होना था।

### दो अंतरराष्ट्रीय चैलेंजर्स की मेजबानी की योजना बना रहा है बीएआई

**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने 2028 के ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए देश मे दो बीडब्ल्यूएफ अंतरराष्ट्रीय चैलेंजर्स का आयोजन, 30 कोच की नियुक्ति और अंडर-11 वर्ग मे राष्ट्रीय चैंपियनशिप आयोजित करने का फैसला किया है। यह फैसले कार्यकारी परिषद की बैठक मे किए जो भारत की बैंकॉक मे थॉमस कप मे ऐतिहासिक जीत के बाद आयोजित की गई। भारत ने फाइनल मे इंडोनेशिया को 3-0 से हराया था।

### वर्मा क्वालीफिकेशन में शीर्ष तीन में, भारत चौथे स्थान पर

**ग्वांग्जू।** अनुभवी कंपाउंड तीरंदाज अभिषेक वर्मा ने क्वालीफिकेशन दौर मे शीर्ष तीन मे स्थान हासिल किया जबकि भारत को यहां चल रहे विश्व कप दूसरे चरण मे टीम वर्ग मे चौथी वरीयता मिली है। विश्व कप के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता वर्मा ने 720 मे से 709 अंक बनाए। दूसरे स्थान के लिए दक्षिण कोरिया के दिग्गज किम जोंगहो से उनका कड़ा मुकाबला था जो दस के भीतर अधिक स्कोर के कारण बाजी मार ले गए। भारत के अमन सैनी 702 अंकों के साथ 13वें स्थान पर रहे जबकि रजत चौहान 698 अंक बनाकर 31वें स्थान पर थे।

### फीफा ने विश्व कप से पहले कैमरून को नए खिलाड़ियों को चुनने की मंजूरी दी

**ज्यूरिख।** फुटबॉल की वैश्विक निकाय फीफा ने आगामी विश्व कप से पहले कैमरून को अपनी राष्ट्रीय टीम मे फ्रांस के पूर्व अंडर-21 खिलाड़ी जॉर्जेस-केविन एनकोउडौ को शामिल की मंजूरी दे दी। फीफा ने इस खिलाड़ी को अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधित्व के मामले मे बदलाव की मंजूरी दे दी है। एनकोउडौ ने अपने मौजूदा क्लब बेसिक्टास से जुड़ने से पहले मार्सिले और टोटेनहम का प्रतिनिधित्व किया है।

## थॉमस कप की जीत व्यक्तिगत उपलब्धि से बड़ी : पादुकोण

**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन के पूर्व दिग्गज प्रकाश पादुकोण का मानना है कि थॉमस कप की ऐतिहासिक जीत से भारत ने इस खेल के वैश्विक पटल पर अपना नाम दर्ज करा लिया है क्योंकि यह किसी भी व्यक्तिगत सफलता से काफी बड़ी उपलब्धि है। पादुकोण ने पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा, मुझे उम्मीद नहीं थी कि यह इतनी जल्दी होगा। मुझे लगता था कि इसमें कम से कम और आठ से 10 साल लगेंगे। मेरा मानना है कि हम अब वैश्विक शक्ति बन गए हैं और अब भारत को इस खेल का महाशक्ति माना जाएगा। इससे खेल को बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। भारत की ओर से पहली बार ऑल इंग्लैंड चैम्पियनशिप (1980) का खिताब जीतने वाले पादुकोण ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह भारतीय बैडमिंटन का स्वर्णिम पल है और इस शानदार सफलता को भुनाने की जरूरत है। यह एक संपूर्ण टीम प्रयास और एक प्रभावशाली जीत और एक महत्वपूर्ण अवसर था।

## प्लेऑफ के लिए केकेआर को लखनऊ के खिलाफ बड़ी जीत की जरूरत






भाषा। नवी मुंबई

**कोलकाता नाइट राइडर्स** (केकेआर) को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में पहुंचने की धुंधली उम्मीदों को बनाए रखने के लिए अपने अंतिम लीग मुकाबले में बड़ी जीत की जरूरत है तो वही लखनऊ सुपर जायंट्स बुधवार को इस मैच को अपने नाम कर तालिका में शीर्ष में जगह बनाने की कोशिश करेगा। केकेआर 13 मैचों में छह जीत से 12 अंकों के साथ तालिका में छठे स्थान पर है और अगर टीम इस मैच को बड़े अंतर से जीतने में सफल रहती है तब भी उसे प्लेऑफ में क्वालीफाई करने के लिए अन्य मैचों के नतीजे पर निर्भर रहना होगा। लखनऊ की टीम प्ले-ऑफ में जगह पक्की करने से एक कदम दूर है। टीम के 13 मैचों में 16 अंक है और इस मैच में जीत से उसका प्लेऑफ का टिकट पक्का हो जाएगा। दो बार की चैम्पियन केकेआर की टीम पिछले साल फाइनल में पहुंची थी लेकिन इस सत्र में वह लय को बरकरार नहीं रख पाई। टीम ने हालांकि पिछले दो मैचों में मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत दर्ज कर अपनी उम्मीदों को बनाए रखा है। श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली टीम ने पिछले मैच में आंद्रे रसेल के हरफनमौला खेल और गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन से सनराइजर्स हैदराबाद को 54 रन से मात दी। इस मैच में शीर्ष क्रम के लड़खड़ाने के बाद रसेल और सैम बिलिंग्स ने टीम को छह विकेट पर 177 रन तक पहुंचाया और फिर गेंदबाजों ने शानदार तरीके से अपना काम किया। शीर्ष क्रम में अजिंक्य रहाणे ने पूरे सत्र में संघर्ष किया। वह हालांकि मांसपेशियों में खिंचाव के कारण मौजूदा सत्र से बाहर हो गए। पिछले सत्र के नायक वेंकटेश अय्यर ने इस सत्र में निराश किया। नितीश राणा और श्रेयस अय्यर लगातार अच्छा प्रदर्शन करने में विफल रहे हैं। चोट से उबरने के बाद उमेश यादव ने टिम साउदी का अच्छा साथ दिया और रसेल ने भी कुछ अहम विकेट लिए। सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती की स्पिन जोड़ी ने भी पिछले कुछ मैचों में लय हासिल कर ली। लखनऊ की टीम इस मुकाबले में लगातार दो हार के सिलसिले को तोड़ना चाहेगी। इन दोनों मैचों में टीम के बल्लेबाजों ने निराश किया है। टीम कप्तान लोकेश राहुल पर जरूरत से ज्यादा निर्भर है। उन्होंने सत्र में दो शतक लगाए है लेकिन पिछले तीन मैच में बड़ा स्कोर खड़ा करने में नाकाम रहे है।

## पहलवान सतेंदर ने राष्ट्रमंडल खेलों के ट्रायल के दौरान रेफरी पर किया हमला, आजीवन प्रतिबंध

भाषा। नई दिल्ली



**सेना के पहलवान** सतेंदर मलिक ने मंगलवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों के ट्रायल के दौरान 125 किग्रा फाइनल हारने के बाद रेफरी जगबीर सिंह पर हमला कर दिया, जिसके बाद बाद राष्ट्रीय महासंघ ने उन पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया। वायु सेना का यह पहलवान निर्णायक मुकाबले के खत्म होने से 18 सेकंड पहले 3-0 से आगे था लेकिन मोहित ने उसे टेक-डाउन करने के बाद मैट से बाहर धकेल दिया। मुकाबले के रेफरी विरेन्द्र मलिक ने हालांकि मोहित को टेक डाउन के दो अंक नहीं दिए और इस पहलवान ने उनके फैसले को चुनौती दी। इस बाउट के जूरी सत्यदेव मलिक ने निष्पक्षता का हवाला देते हुए खुद को इस निर्णय से अलग कर लिया। सत्यदेव मोखरा गांव के है जहां से सतेंदर भी आते है। इसके बाद अनुभवी रेफरी जगबीर सिंह से इस चुनौती पर गौर करने का अनुरोध किया गया। उन्होंने टीवी रिप्ले की मदद से मोहित को तीन अंक देने का फैसला सुनाया। इसके बाद स्कोर 3-3 हो गया और आखिर तक बरकरार रहा। मैच का अंतिम अंक हासिल करने पर मोहित को विजेता घोषित किया गया। इस फैसले से सतेंदर अपना आपा खो बैठा और वह 57 किग्रा के मुकाबले के मैट पर चले गए जहां रवि दहिया और अमन के बीच फाइनल मैच हो रहा था, जहां जगबीर भी मौजूद थे।

### पंजाब के खिलाफ गेंदबाजी में मिश्रण करने का फायदा हुआः शारदुल

**नवी मुंबई।** तेज गेंदबाज शारदुल ठाकुर ने पंजाब किंग्स के खिलाफ सफलता का श्रेय गेंदबाजी में मिश्रण करने के अपने फैसले को दिया, जिससे उनकी टीम मैच को 17 रन से जीतकर प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ में बनी हुई है। अक्षर पटेल (14 रन पर दो विकेट और कुलदीप यादव (14 रन पर दो विकेट) की स्पिन गेंदबाजों की जोड़ी ने बीच के ओवरों में दिल्ली लिए शानदार गेंदबाजी की जबकि शारदुल ने आईपीएल करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी (36 रन पर चार विकेट) कर दिल्ली को लगातार दूसरी जीत दिलाई। इस जीत से टीम 13 मैचों में 14 अंक के साथ तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद मिशेल मार्श की 48 गेंद में 63 रन की पारी के दम पर दिल्ली ने सात विकेट पर 159 रन बनाने के बाद पंजाब की टीम को नौ विकेट पर 142 रन पर रोक दिया। शारदुल ने कहा, मैदान के दोनों ओर की बाउंड्री की दूरी में काफी अंतर था।

## निकहत, मनीषा और परवीन की नजरें विश्व चैम्पियनशिप में स्वर्ण पर


मनीषा मून

भाषा। नई दिल्ली

**निकहत जरीन,** मनीषा मून और परवीन हुड्डा इस्तांबुल में बुधवार को आईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप सेमीफाइनल में उतरेंगे तो उनका इरादा अपने पदक का रंग बदलने का होगा। तीनों ने सोमवार को क्वार्टर फाइनल में रोमांचक जीत दर्ज करके कम से कम कांस्य पदक पक्के कर लिए थे। महिला टीम के मुख्य कोच भास्कर भट्ट ने इस्तांबुल से पीटीआई से कहा , प्रदर्शन संतोषजनक रहा। मुक्केबाजों ने अच्छा खेल दिखाया और रिंग में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। निकहत (52 किलो) का सामना ब्राजील की कैरोलिन डे अलमीडा से होगा। पूर्व युवा विश्व चैम्पियन निकहत ने फरवरी में स्ट्रांजा मेमोरियल टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीता था। यहां पर भी उन्होंने सभी मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की। पहली बार चैम्पियनशिप में उतरी परवीन 63 किलो में यूरोपीय चैम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेता आयरलैंड की एमी ब्रॉडहर्स्ट से खेलेगी। मनीषा 57 किलो में तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता और पूर्व यूरोपीय चैम्पियन इटली की इरमा तेस्ता का सामना करेगी।

## महिला पिस्टल निशानेबाजों को जूनियर विश्व कप में पांच स्वर्ण

भाषा। नई दिल्ली



**मनु भाकर,** इशा सिंह और रिदम सांगवान की तिकड़ी ने मंगलवार को सुहल में आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप की 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा के फाइनल में मेजबान जर्मनी को 16-2 से हराया जिससे भारत की महिला पिस्टल निशानेबाजों ने पांचों स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाले। भारत ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन मिश्रित टीम स्पर्धा में भी रजत पदक हासिल किया जब पंकज मखीजा और सिफ्ट कौर सामरा की जोड़ी को स्वर्ण पदक के मुकाबले में पोलैंड के माइकल चोजनोवस्की और यूलिया पियोत्रोवस्का की जोड़ी के खिलाफ 12-16 से हार का सामना करना पड़ा था। भारत ने प्रतियोगिता में अब तक 11 स्वर्ण, 13 रजत और चार कांस्य पदक जीत लिए हैं। भारत का चैंपियन बनना तय है। इटली की टीम चार स्वर्ण पदक के साथ दूसरे स्थान पर है। शॉटगन स्पर्धाओं के पदक अभी बाकी है जिससे इटली की टीम अपने और भारत के बीच के अंतर को कम करने का प्रयास करेगी। स्वर्ण पदक के मुकाबले में पहुंची भारत की महिला पिस्टल टीम दूसरे क्वालीफिकेशन चरण में माइकला बोसेल, वेनेसा सीगर और मिया फॉक्स की जर्मनी की तिकड़ी के बाद दूसरे स्थान पर रही थी।

### ओडिशा ने राष्ट्रीय महिला हॉकी चैम्पियनशिप जीती

**भोपाल।** ओडिशा ने रोमांचक मुकाबले में कर्नाटक को 2-0 से हराकर मंगलवार को 12वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप जीत ली। ओडिशा के लिए पूनम बारला ने 34वें और अशीम कंचन बारला ने 59वें मिनट में गोल दागे। दोनों टीमों की शुरूआत अच्छी रही और गोल करने के कई मौके बनाए। दोनों का डिफेंस भी बेहतरीन था जिसकी वजह से हाफटाइम तक स्कोर गोलरहित बराबरी पर था। पूनम ने तीसरे क्वार्टर में पहला गोल करके ओडिशा को बढत दिलाई। इसके बाद अशीम ने दूसरा गोल किया। तीसरे स्थान के मुकाबले में झारखंड ने हरियाणा को 3-2 से हराया। दीप्ति टोप्पो (28वां), अलबेला रानी टोप्पो (40वां) और बेटन डुंगडुंग (43वां मिनट) ने झारखंड के लिए गोल किए। हरियाणा के लिए अमनदीप कौर ने 55वें और भारती सरोहा ने 56वें मिनट में गोल दागे।

### चैंपियंस ऑफ टुमारो फाइनल्स में दीपक व जया चमके

**मुंबई।** टाटा टी जागो रे ने एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से रांची में चैंपियंस ऑफ टुमारो ऑल इंडिया फ़ाइनल्स सीजन-2 का आयोजन किया। इस खेल पहल में 00 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर की दौड़, लंबी कूद और गोला फेंक शामिल हैं। फ़ाइनल में कुल 500 प्रतिभागियों में से चुने गए अव्वल 10 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। विभिन्न खेलों में चैंपियंस ऑफ़टुमारो ऑल इंडिया फाइनल सीज़न-2 के विजेताओं की सूची : लंबी कूद में दीपक मुंडा रांची और जया हांसदा कोलकाता, गोला फेंक में सिद्धांत किरण लालचंदानी पुणे और अमृता काटके पुणे, 800 मीटर दौड़ में मो.समद चंडीगढ़ और मौमिता रॉय कोलकाता 400 मीटर दौड़ में अरिजीत राणा कोलकाता और मौमी जाना कोलकाता 100 मीटर दौड़ में रवि राय लखनऊ और श्रेया शेडगे पुणे। इस अवसर पर टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के अध्यक्ष पुनीत दास मौजूद रहे।

### स्टब्स और पर्नेल भारतीय दौरे के लिए द. अफ्रीकी टीम में

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका ने भारत के खिलाफ नौ जून से शुरू होने वाली पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला के लिए ट्रिस्टिन स्टब्स के रूप में नया चेहरा अपनी टीम में शामिल किया है जबकि वायने पर्नेल की पांच साल बाद वापसी हुई है। दक्षिण अफ्रीका ने भारत दौरे के लिए तेम्बा बावुमा की अगुवाई में 16 सदस्यीय टीम चुनी है। दक्षिण अफ्रीका पिछले साल आईसीसी टी20 विश्व कप के बाद पहली बार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा। इक्कीस वर्षीय स्टब्स ने क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) के टी20 चैलेंज में प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। उन्होंने सात पारियों में 293 रन बनाए थे, जिसमें 23 छक्के शामिल हैं। उनका स्ट्राइक रेट 183.12 था। वह जिम्बाब्वे दौरे के लिए दक्षिण अफ्रीका की ए टीम का भी हिस्सा थे जिसके बाद उन्हें मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग के लिए मुंबई इंडियन्स ने अपनी टीम में शामिल कर दिया था।

### तमीम के शतक से बांग्लादेश का पलड़ा भारी

**चटगांव।** सलामी बल्लेबाज तमीम इकबाल के 10वें टेस्ट शतक से बांग्लादेश ने श्रीलंका के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन मंगलवार को यहां पहली पारी में तीन विकेट पर 318 रन बनाकर अपना पलड़ा भारी रखा। मांसपेशियों में जकड़न के कारण रिटायर्ड हर्ट होने से पहले तमीम ने 217 गेंद में 15 चौकों से 133 रन की पारी खेली।

### मैट पर राज करने वाला बजरंग जल्दी लौटेगा

**नई दिल्ली।** तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया ने राष्ट्रमंडल खेलों के लिए 65 किलोवर्ग का ट्रायल जीतने के बाद कहा कि 2018 में मैट पर राज करने वाले बजरंग की जल्दी ही वापसी होगी। बजरंग के अलावा रवि दहिया और दीपक पूनिया ने भी अपने अपने मुकाबले जीत लिए। एशियाई चैम्पियनशिप के बाद से अपने दांव में आक्रामकता के अभाव के लिए बजरंग की आलोचना होती आई है। उन्होंने सुजीत (4-0) और विशाल कालीरमन (2-1) को हराकर राष्ट्रीय टीम में जगह बनाई। बजरंग ने कहा , मैने लंबे ब्रेक के बाद खेलना शुरू किया है। मैं चोटिल भी था तो शुरूआत में आक्रमण में कुछ हिचक थी। लेकिन आप जल्दी ही 2018 वाले बजरंग को देखोगे जिसका दुनिया भर में मैट पर राज चलता था।

## अश्मिता और मालविका थाईलैंड ओपन के मुख्य ड्रॉ में पहुंचे

भाषा। बैंकॉक





**भारतीय** बैडमिंटन खिलाड़ियों अश्मिता चालिहा और मालविका बंसोड़ ने मंगलवार को यहां थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में महिला एकल के मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई किया। अश्मिता ने पहले दौर के मुकाबले में अमेरिका की जेनी गेई को 21-16 21-18 से हराया जबकि मालविका ने हमवतन अनुपमा उपाध्याय को 21-18 21-8 से शिकस्त देकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। भारत की थॉमस कप विजेता टीम के सदस्य प्रियांशु राजावत, किरण जॉर्ज और शुभंकर डे हालांकि पुरुष एकल क्वालीफिकेशन के दूसरे दौर के मुकाबले में हार गए। प्रियांशु ने पहले दौर में फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव को 21-17 21-16 से हराया लेकिन दूसरे दौर में उन्हें चीन के ली शी फेंग के खिलाफ 10-21 24-22 12-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। ओडिशा ओपन चैंपियन किरण ने पहले दौर में डेनमार्क के विक्टर स्वेंडसन को 21-19 13-21 21-13 से हराया लेकिन दूसरे दौर में उन्हें जर्मनी के केई शेफर के खिलाफ 17-21 21-14 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। शुभंकर ने पहले दौर में फ्रांस के आर्नोड मर्कल को 21-16 17-21 21-17 से शिकस्त दी।

### जोशना ने बीमारी के कारण पीएसए विश्व चैंपियनशिप में वाकओवर दिया

**काहिरा।** भारत की दिग्गज महिला स्क्वाश खिलाड़ी जोशना चिनप्पा मंगलवार को बीमारी के कारण पीएसए विश्व चैंपियनशिप के प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले से हट गई। बारहवीं वरीय जोशना को स्थानीय दावेदार और आठवीं वरीय रोवन इलारेबी से भिड़ना था लेकिन उन्होंने विरोधी खिलाड़ी को वाकओवर दे दिया और मुकाबले के लिए नहीं उतरी। दुनिया के 14वें नंबर की खिलाड़ी जोशना ने इससे पूर्व पहले दौर में इंग्लैंड की केटी मेलिफ को 3-0 (11-6 11-8 11-9) से हराया था और फिर अगले दौर में वेल्स की 18वीं वरीय एमिली विटलॉक को 3-0(11-8 12-10 11-5) से शिकस्त दी। जोशना महिला वर्ग में हिस्सा ले रही एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं।

# मंडलायुक्त व आईजी जोन ने परौंख गांव का किया भ्रमण, कार्यों का लिया जायजा

**● संबंधित अधिकारी अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराएं, कार्यों को पूर्ण कराये जाने में किसी भी तरह की न बरते लापरवाही:-मंडलायुक्त**

संवाददाता। कानपुर देहात

**राष्ट्रपति के** पैतृक गांव परौंख में संभावित दौरे के दृष्टिगत मंडलायुक्त डॉ. राजशेखर व आईजी जोन कानपुर प्रशांत कुमार ने परौख गांव का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी नेहा जैन, पुलिस अधीक्षक स्वप्रिल ममगाई व मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय मौजूद रहे, इस मौके पर मंडलायुक्त व आईजी जोन ने हेलीपैड स्थल पर हाईटेंशन लाइन एवं पेड़ों व गांव की लाइन की जानकारी ली तथा संपूर्ण कार्य समय से पूर्ण कराए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए, इसके पश्चात कार्यक्रम स्थल, झलकारी बाई इंटर कॉलेज, पथरी देवी मंदिर, प्राथमिक विद्यालय, खेल का मैदान, अंबेडकर पार्क मिलन केंद्र, अमृत सरोवर आदि में चल रहे कार्यो का जायजा लिया, मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि चल रहे कार्यों का तत्काल पूर्ण कराएं इसमें किसी प्रकार की लापरवाही ना की जाए, उन्होंने कहा कि गांव में साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए एवं रंगाई पुताई भी भवनों में कराया जाए, गांव के सभी हैंडपंप दुरुस्त रहें, विद्युत लाइने सही रहे तथा जहां कहीं भी जर्जर तार है उन्हें तत्काल चेंज कराएं। वही मंडलायुक्त ने ग्रामीण जनों की समस्याओं को सुना तथा उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस मौके पर मंडलायुक्त व आईजी जोन कानपुर ने पंचायत भवन में अधिकारियों के साथ कार्यक्रम के संबंध में बैठक की। बैठक में मंडलायुक्त ने कार्यक्रम की रूपरेखा के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा की। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन गरिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जेपी गुप्ता अपर पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया, जिला विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, उप जिलाधिकारी डेरापुर साक्षी शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ ए के सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव, जिला पूर्ति अधिकारी सुनील कुमार आदि जिला स्तरीय अधिकारी गण मौजूद रहे।



मण्डलायुक्त राजशेखर व आईजी प्रशांत कुमार राष्ट्रवति के पैत्रक गांव परौंख का निरीक्षण करने के दौरान

# एसपी के आदेश के बावजूद आरोपियों के खिलाफ नहीं हो रही कार्रवाई

**● आरोपियों का संरक्षणदाता है भूमाफिया, आर्म्स एक्ट के आरोपी ने पीड़ित महिला के घर बोला धावा**

**कानपुर देहात।** विगत 15 जनवरी को सामूहिक दुष्कर्म की शिकायत के बावजूद छेडखानी में दर्ज हुये मुकदमें के आरोपियों के खिलाफ एसपी के आदेश के बावजूद कार्यवाही न होने से रूरा पुलिस की कार्यप्रणाली पर गॅभीर सवालिया निशान खडे हो गये है। आक्रोशित पीडिता व उसके परिजनों ने उच्चाधिकारियों के यहॉ शिकायत कर न्याय की गुहार लगायी है।

रूरा थाना क्षेत्र के एक गॉव में विवाहिता के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को शमीम, जाविद, सलमान व चॉदबाबू ने अॅजाम दिया था। पीडिता ने बताया कि उसने सामूहिक दुष्कर्म की शिकायत थाने पर की थी, परन्तु मेरे अशिक्षित होने का फायदा उठाते हुये रूरा पुलिस ने छेडखानी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मेरा मेडिकल तथा माननीय न्यायालय में कलमबन्द बयान भी हो चुके है, परन्तु आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं की गयीं, 9 मई को एसपी स्वपनिल ममगाई से मामले की शिकायत कर दर्ज मुकदमें की विवेचना किसी अन्य पुलिस अधिकारी से कराने की मॉग की गयी थी, एसपी ने सात दिन के अन्दर कार्यवाही आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही का आश्वासन दिया था, परन्तु शिकायत के आठ दिन बीतने के बाद भी आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं की गयी। पीडिता ने आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही, माननीय न्यायालय में आरोपत्र दाखिल करने व जॉच दूसरे पुलिस अधिकारी को ट्रान्सफर करने की मॉग उच्चाधिकारियों से की है। पीडिता ने यह भी बताया कि आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही न होने से उनको सॅरक्षण प्रदान करने वाले आर्म्स एक्ट के आरोपी तथा वन विभाग की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले भूमाफिया रहीश व उसके परिजनों ने घ्धर में घुसकर हमला कर दिया, जिस पर मेरी शिकायत पर पुलिस द्वारा कार्यवाही न कर दोनों पक्षों के खिलाफ शॉति भॅग की कार्यवाही की गयी।

## क्विक न्यूज

### प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को किसान दिवस का आयोजन आज, किसानों की सुनी जायेंगी समस्याएं

**कानपुर देहात।** उप कृषि निदेशक, कानपुर देहात विनोद कुमार यादव ने बताया कि शासन की मंशानुसार कृषकों की समस्याओं के निराकरण हेतु जनपद स्तर पर प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को (राजकीय अवकाश की दशा में अगले कार्य दिवस पर) किसान दिवस का आयोजन विकास भवन सभागार, माती में पूर्वान्हः 11:00 बजे से अपरान्हः 02:00 बजे तक किया जायेगा, जिसमें कृषि एवं कृषि समावेशी विभागों के साथ-साथ कृषको से सम्बन्धित विभागों यथा कृषि विभाग, उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य पालन विभाग, सहकारिता विभाग, मण्डी समिति, लघु सिंचाई विभाग, सिंचाई विभाग, विद्युत विभाग, जल निगम, कृषि विज्ञान केन्द्र, अग्रणी बैंक मैनेजर, नेडा एवं फसल बीमा कम्पनी के जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी नेहा जैन एवं मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर कृषकों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण का कार्य किया जायेगा तथा जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं कृषि वैज्ञानिकों द्वारा कृषकों को विभागीय योजनाओं/कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान करने के साथ ही नवीनतम एवं उन्नत कृषि तकनीकी के सम्बन्ध में जागरूक करने का कार्य भी किया जायेगा। उक्त के क्रम में माह मई, 2022 में किसान दिवस का आयोजन दिनांक 18.05.2022 को किया जायेगा।

### लाल दरवाजे से कादरी गेट की तरफ चला बुलडोजर

**फर्रुखाबाद।** मंगलवार को अतिक्रमण अभियान शहर में फिर दाखिल हुआ। लाल दरवाजे से लेकर कादरी गेट तक अतिक्रमण अभियान चला। जिसमे कई जगह प्रशासन को तीखी नोकझोंक का सामना करना पड़ा। लेकिन जो बुलडोजर के सामने नतमस्तक नही हुआ उसके अतिक्रमण को कुछ देर में ही जमीन से मिला दिया गया। नगर मजिस्ट्रेट दीपाली भार्गव के नेतृत्व में बुलडोजर अभियान लाल दरवाजे से शुरू हुआ। सड़क किनारे बने मधुबन होटल की दीवार तोड़ने पर उसके मालिक सुरेन्द्र यादव की पालिका कर्मी आरके चतुर्वेदी से तीखी नोकझोंक हो गयी। सुरेन्द्र यादव ने सभी को कोर्ट में खीचनें की धमकी दी। लेकिन तब तक बुलडोजर नें अपना काम कर लिया। वहीं प्लाई विक्रेता विजय मिश्रा की तीन मजिल भवन पूरा ही अतिक्रमण की जद में आ गया। उन्हें 24 घंटे का समय अतिक्रमण हटानें के लिए दिया गया। इसके साथ ही उनका नक्शा दिखानें को कहा। सिटी मजिस्ट्रेट दीपाली भार्गव ने कहा कि यदि नक्शा नही दिखा पाये तो तोड़नें का खर्चा भी उन्हें से पालिका लेगी। इंद्रभान कबाड़ी की दुकान भी चूना डाला गया। रामबाबू प्लाई विक्रेता की दुकान के भीतर तीन मीटर फीता चला गया। उन्हें भी दुकान गिरानें को कहा गया। लटूरी सिंह की दो दुकानें भी अतिक्रमण की जद में आ गयी जिन्हें तोड़ दिया गया। जिनकी दुकानों या मकान में चूना डाला गया है उन्हें मंगलवार तक अतिक्रमण तोड़ लेनें की मोहलत दी गयी है। नगर मजिस्ट्रेट नें कादरी गेट चौकी इंचार्ज राजेश राय को निर्देश दिये की वह लाल दरवाजे पर गंगा पार जानें वाले टैम्पों खड़े ना होनें दें। उनका अड्डा लाल दरवाजा-कादरी गेट मार्ग पर पुलिया के निकट बनायें।

### शार्ट सर्किट से लगी आग, तीन घर राख

**फर्रुखाबाद।** बिजली के शार्ट सर्किट से लगी आग से तीन घरों की झोपड़ी में आग लग गयी। जिससे अफरा-तफरी मच गयी। कड़ी मस्कत के बाद आग पर काबू पाया। कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के ग्राम खिमसेपुर नगला जोगी निवासी ममता पत्नी संतोष के नाम बिजली का कनेक्शन है। बीती रात लगभग 1 बजे अचानक बिजली के शार्ट सर्किट से आग लग गयी। जिससे ममता की 2 हजार की नकदी व घरेलू सामान जल गया। आग नें भूपेंद्र पुत्र मनोहर नाथ की नकदी लगभग 2 हजार व झोपड़ी को भी जद में ले लिया। उसकी भी जेबरात व अन्य कीमती सामान राख हो गया। लक्ष्मी पत्नी नरेश कुमार की झोंपड़ी भी जलकर राख हो गयी। ग्रामीण सर्वेश नें आग लगनें पर डायल 112 पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद डायल 112 व चौकी इंचार्ज मदनपुर अशोक कुमार मौके पर पंहुचे। दमकल को भी मौके पर बुलाया गया।

### आज जिले में होंगे मंत्री धर्मपाल सिंह

**फर्रुखाबाद।** बुधवार को जिले में योगी कैबिनेट के मंत्री धर्मपाल सिंह होंगे। वह विभागीय अधिकारियों से वार्ता भी करेंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार वह 11. 30 बजे भाजपा नेता शैलेन्द्र राजपूत के जहानगंज आवास पर पंहुचेगें। तकरीबन आधा घंटे बाद रुकेंगे। इसके बाद 12. 15 बजे वह निरीक्षण भवन पंहुचेंगे। इसके साथ ही वह निरीक्षण भवन में अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। दोपहर 1. 45 बजे वह नारायण आश्रम में पंहुचेंगे। शाम को पांच बजे वह लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

### अमृत सरोवर योजना: चिहिन्त स्थलों का डीएम ने लिया जायजा

**फतेहपुर।** जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे ने तेलियानी विकास खण्ड के ग्राम चितौरा व ग्राम चखेड़ी में अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत जीर्णोद्धार पुनर्जीवित किये जाने वाले तालाबों जो कि आबादी के पास है जिसका कार्य मनरेगा योजनांतर्गत कराये जाने हेतु स्थलीय जायजा लिया। उन्होंने कहा कि तालाब के किनारे पौध रोपण, इंटरलॉकिंग, बैठने की व्यवस्था, ध्वजारोहण के लिए प्लेटफार्म आदि तैयार करे। तालाब को वास्तविक स्वरूप देने के लिए बिंदुवार कार्ययोजना बनाकर कार्य को शुरू किया जाए। तालाबो का जीर्णोद्धार के कार्य मे ध्यान रहे कि गांव का गंदा पानी तालाब में न जाने पाए कि व्यवस्था को कार्ययोजना में अवश्य शामिल करें। ग्राम पंचायत चखेड़ी में अमृतसर सरोवर योजनांतर्गत जिस तालाब का जीर्णोद्धार कराया जाना है। उसमें मौके पर पानी भरा पाया गया, जिसके पानी का निस्तारण पास के तालाब में कराकर शिल्ट सफाई कराते हुए पुनरोद्धार का कार्य कराया जाय। इस तालाब के किनारे शौचालय, ग्राम पंचायत के लोगो को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पथ विक्रेताओं के लिए प्लेटफार्म भी तैयार किया जाए। इस अवसर डीसी मनरेगा, खंड विकास अधिकारी तेलियानी, जेई, ग्राम प्रधान आदि उपस्थित रहे।

### अभियोजन कार्यों की मासिक बैठक में डीएम ने कसे पेंच

**फतेहपुर।** अभियोजन कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के निर्देश अनुसार लम्बित वादों का निस्तारण नियमानुसार समय से कराए। जिससे कि पीड़ितों को त्वरित न्याय मिल जाय और दोषियों को सजा हो सके। अभियोजन अधिकारी, शासकीय अधिवक्ता, मुकदमों की पैरवी बेहतर तरीके से करते हुए अधिक से अधिक दोषियों को सजा दिलायें। परिवारिक न्यायालय, गुमशुदा बच्चों, रानी लक्ष्मी बाई, फौजदारी, पाक्सो एक्ट आदि के लम्बित वादों की समीक्षा किया। उन्होंने पिछली बैठक में उठाये गए बिन्दुओ के अनुपालन की आख्या की पुष्टि किया। थानों में दर्ज मुकदमों सूची, थानेवार बनाकर अगली बैठक लाने के निर्देश पुलिस विभाग को दिये। जिन सरकारी विभागों के लम्बित प्रकरण हैं वह प्रकरणो की प्रगति की रिपोर्ट के साथ अगली बैठक में आये। बैठक में सभी पुलिस क्षेत्राधिकारी, प्रोबेशन अधिकारी को बैठक आने के निर्देश सम्बन्धित को दिये। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी विनय कुमार पाठक, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर, जिला पूर्ति अधिकारी, सहायक श्रमायुक्त, एसपीओ सहित शासकीय अधिवक्ता एवं अन्य संबंधित आदि उपस्थित रहे।

### बड़ी बहन से लड़ किशोरी ने लगाई फांसी, मौत

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मनीपुर में सुबह बड़ी बहन से लड़कर 13 वर्षीय किशोरी ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार मनीपुर गांव निवासी हरिशंकर तिवारी की गाजीपुर कस्बा में परचून की दुकान है। सुबह वह अपनी दुकान चला गया जबकि घर में उसकी बड़ी बेटी कंचन देवी, किशोरी खुशबू व एक छोटी बहन थी। बताते हैं कि किसी बात को लेकर कंचन से खुशबू का विवाद हो गया। जिससे गुस्से में आकर उसने घर के अंदर पंखे में रस्सी का फंदा डाल फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम सीतापुर एनएच-2 में देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से 22 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार खागा कस्बा के मोहल्ला कमलानगर निवासी प्रमोद पांडेय का पुत्र विकास पांडेय देर रात बाइक द्वारा रिश्तेदारी में जा रहा था। बताते हैं कि बाइक जैसे ही थरियांव थाने के सीतापुर एनएच-2 पर पहुंची तभी अज्ञात वाहन की चपेट मं आकर उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई।

### युवक ने किया जान देने का प्रयास

**फतेहपुर।** बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पोरवां में देर शाम मामूली बात को लेकर 30 वर्षीय युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। पोरवां गांव निवासी इकबाल हुसैन के पुत्र इजहार ने सोमवार की रात मामूली विवाद को लेकर जहर खा लिया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

### आग से बालक झुलसा

**फतेहपुर।** हथगांव थाना क्षेत्र के ग्राम वासलाबाद में दोपहर जलती आग में सेनेटाइजर डाल देने से 09 वर्षीय बालक बुरी तरह झुलस गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। वासलाबाद गांव निवासी पुरूषोत्तम लाल का पुत्र सचिन दोपहर अपने हमजोली साथियों के साथ गांव के बाहर आग जलाकर उसमें सेनेटाइजर डाल रहे थे। इसी बीच सचिन चपेट में आ गया और बुरी तरह झुलस गया। परिजन उसे तत्काल उसे सरकारी एंबलेंस द्वारा सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

# युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**फर्रुखाबाद।** बीती रात घर से जागरण देखनें की कहकर निकले युवक का शव सुबह खेत में पेड़ पर फंसी पर झूलता मिला। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना जहानगंज क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मण नगला निवासी 35 वर्षीय संजू पुत्र रामशरण राठौर खेती का कार्य करता था । रामशरण नें बताया की उनका पुत्र संजू रात में जहानगंज में जागरण की कहकर घर से निकला था। लेकिन सुबह तक घर नही पंहुचा। सुबह जब गाँव का एक किशोर खेत की तरफ चारा लेनें गया तो पता चला की संजू का शव उसके ही खेत में खड़े नीम के पेड़ पर गमछे के फंद्दे में लटक रहा था। संजू के फंसी पर झूलने की खबर से कोहराम मच गया। जिसके बाद मृतक की पत्नी विन्ध्यवासिनी व माँ सुशीला का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

# भौंरा-काशीपुर रिन्द नदी पुल के निर्माण में मिट्टी के साथ गिट्टी का प्रयोग कर रहे ठेकेदार

**रूरा, कानपुर देहात।** भौंरा को काशीपुर गॉव से जोडने वाले रिन्द नदी पुल के निर्माण में कार्यदायी सॅस्था व ठेकेदार मिट्टी के साथ गिट्टी का प्रयोग कर गुणवत्ता का खुलेआम मजाक उडाते नजर आ रहे है। ग्रामीणों ने निर्माणदायी कार्यसॅस्था के खिलाफ शिकायत कर मामले की जॉच तत्काल कर कार्यवाही की मॉग की है। उप्र राज्य सेतु निगम लि. द्वारा भौंरा गॉव को काशीपुर से जोडने वाले रिन्द नदी के पुल का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सडक पर निर्माण दायी कार्यसंस्था व ठेकेदार विजय प्रताप सिंह व कैलाश सक्सेना पर मिट्टी के साथ गिट्टी का प्रयोग कर रहे है। जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर ग्रामीणों ने प्रश्नचिन्ह खडा करते हुये आवश्यक कार्यवाही की मॉग की है। भौंरा गॉव के ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ सीएम को मामले का संज्ञान देते हुये जिम्मेदारों पर प्रभावी कार्यवाही कर गुणवत्ता पूर्ण निर्माण की मॉग की है।



मिट्टी के साथ गिट्टी का प्रयोग कर बनायी जा रही सड़क

# अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलन्द

**रूरा, कानपुर देहात।** कस्बे में निर्माणाधीन ओआरबी के पिलरों के नीचे आटोचालक अवैध रूप से अतिक्रमण कर सॅकरे हुये मार्ग पर आवागमन करने वाले लोगों के लिये परेशानी का सबब बने हुये है, मुख्यमांर्गो पर भी फलों के दुकानदारों ने फुटपाथों पर अवैध कब्जा कर पहले से ही व्याप्त जाम की समस्या को और ज्यादा विकराल कर दिया। पुलिस सहित जिम्मेदारों की अतिक्रमण के खिलाफकार्यवाही मात्र दिखावे के लिये की जाती है, जिससे थोडी ही देर में स्थिति जस की तस हो जाती है।

कस्बे में वर्तमान समय में दिल्ली हावडा रेलवे लाइन पर ओआरबी का निर्माण किया जा रहा है, निर्माण में लेटलतीफी से वैसे ही कस्बाईयों व यहॉ से गुजरने वाले वाहन सवारों को पिछले दो से अधिक वर्षो से समस्याओं का सामना करना पड रहा है। बेहताशा सडको पर बढे आटो चालकों व फुटपाथ तक पर कब्जा किये फल दुकानदारों ने स्टेट बैंक के सामने, नहर पुल व मुख्य तिराह पर स्थिति और ज्यादा खराब कर दी है। फल दुकानदारों के फुटपाथ पर अवैध कब्जे के चलते लोगों को जाम की समस्या से दो चार होना पड रहा है। हलॉकि आटो चालकों के खिलाफ पुलिस ने कार्यवाही मात्र खाना पूरी के लिये की, जिससे आटो चालकों द्वारा ओआरबी पुल के पिलरों के आस पास अवैध जमावडा लोगों की परेशानियों को और ज्यादा बढा रहा है। नगर पॅचायत की मुनादी भी अवैध कब्जाधारकों पर बेअसर साबित हो रही है। अधिशासी अधिकारी पवन किशोर मौर्या ने बताया कि फिलहाल महामहिम राष्ट्रपति के उनके पैत्रक गॉव परौंख में आगमन को लेकर व्यस्त है, शीघ्र ही अवैध कब्जाधारकों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही कर उनसे जुर्माना वसूला जायेगा।



ओआरबी के पिलरों के पास अवैध कब्जा किये सीएनजी आटो चालक

# आरबीएसके टीम ने लौटाई श्रीहन और आर्यांश के चेहरे पर मुस्कान

**● जनपद में 22 मूक बधिर बच्चों का हुआ इलाज**

**फतेहपुर।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम आरबीएसके टीम ने मूक बधिर श्रीहन और आर्यांश का सफल इलाज कराकर दोनों बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लौटाई है। जिले में अब तक आरबीएसके टीम ने 22 मूक बधिर बच्चों का इलाज कराकर उनकी जिंदगी खुशहाल बनाया है। टीम लगातार स्कूलों में कैंप करके ऐसे बच्चों को चिन्हित कर रही हैं। शहर के रहने वाले हंसराज और बीना देवी के 05 वर्षीय पुत्र श्रीहन जन्म से मूक बधिर थे। स्वास्थ्य केंद्र के माध्यम से आरबीएसके टीम ने बच्चे की स्क्रीनिंग करवाई। इसके बाद श्रीहन की कानपुर के एक निजी चिकित्सालय में सर्जरी कराई गई। सर्जरी के बाद अब श्रीहन बोल और सुन सकते है। इसी प्रकार कारीकान धाता गांव के रहने वाले अवध नरायन तिवारी और कविता तिवारी के 05 वर्षीय बेटे आर्यांश को भी जन्म से बोलने और सुनने की समस्या थी। आरबीएसके के डीईआईसी मैनेजर विजय सिंह ने बताया कि गांव में कैंप के दौरान बच्चे की समस्या पता चली थी। इसके बाद बच्चे की कानपुर के एक निजी हास्पिटल में सर्जरी कराई गई। डीईआईसी मैनेजर ने बताया कि यदि कोई बच्चा जन्मजात बीमारी से जूझ रहा है तो बच्चे को तुरंत अपने नजदीकी स्वास्थ्य लेकर आइये वहां पर प्रारंभिक जांच के बाद आरबीएसके टीम बेहतर इलाज करायेगी।

सीएमओ डॉ राजेंद्र सिंह ने बताया कि आरबीएसके टीम गांव में जाकर स्कूलों में कैंप लगाकर जन्मजात बीमार बच्चों को चिन्हित करती है। इसके बाद बच्चों की स्क्रीनिंग करके उनका हायर सेंटर में इलाज कराया जाता है। सीएमओ ने बताया कि आरबीएसके कार्यक्रम के अंतर्गत जन्म से कटे होंठ, कटे तालू, दिल में छेद, कान का बहना, त्वचा रोग, दंत रोग, विटामिन डी व ए की कमी वाले बच्चों, क्लब फूट से पीडित बच्चों का इलाज कराया जाता है।

# पत्रकारों ने देवर्षि नारद जन्मोत्सव पर किया नमन

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**प्रिंट एवं** इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एसोसिएशन एवं फर्रुखाबाद प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वाधान में पत्रकारिता के आदि पुरूष एवं सनातन पत्रकारिता के ज्योति स्तम्भ देवर्षि नारद जन्मोत्सव के मौके पर कलमकार भवन में एकत्र हुए कलम के सिपाहियों ने देवर्षि को नमन निवेदित किया और मूलनिष्ठापूर्वक पत्रकारिता को स्थापित रखने का संकल्प दोहराया।

कलमकारों ने कहा कि हम अपनी कलम के साथ न्याय कर सके, निष्पक्षता सदैव अंगीकार करते रहें, सच कहने की हिम्मत जुटा सकें। इस प्रकार का आशीर्वाद हमें देवर्षि नारद से मिले यही उनके जन्मोत्सव की सार्थकता होगी। लाल सराय स्थित कलमकार भवन में जुटे पत्रकारों ने देवर्षि नारद को नमन निवेदित किया। इस मौके पर प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एसोसिएशन के कानपुर मण्डल प्रभारी व प्रेस क्लब फर्रुखाबाद के अध्यक्ष, वरिष्ठ पत्रकार सर्वेन्द्र कुमार अवस्थी इन्दु ने कहा कि नारद हमारे धर्म पुरूष हैं। जो अजर और अमर हैं उन्हीं की प्रेरणा से कलमकार अपनी बात को कहने का जज्बा पैदा कर पाते हैं। आदि पत्रकारिता के ज्योति स्तम्भ देवर्षि नारद के चरित्र और कार्यों का अध्ययन करें और उनके सिद्धांतों का अनुसरण करते हुए वर्तमान की पत्रकारिता में मूल्यों की स्थापना करें। प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय सिंह ने प्राचीन और वर्तमान पत्रकारिता पर शोधात्मक विचार प्रस्तुत किये। देवर्षि नारद ने देवीदेवताओ को लोकहित में सूचना्ओ का् आदान प्रदान किया व पत्रकारिता को अलौकित किया।। वरिष्ठ पत्रकार ओम प्रकाश शुक्ला ने कहा कि प्राचीन काल में देवो और दत्यो के बीच संवाद स्थापित करने और लोक मंगल की कामना से देवर्षि नारद ने पत्रकारिता को अलौकित किया। मोहन लाल गौड ने पत्रकारिता के इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर रविन्द्र भदौरिया, ब्रजभान सिंह यादव ,अरविंद यादव, ताहिर खाँ, उपकार मणि उपकार इंतखाब, अभय प्रताप, इमरान हुसैन, अरविंद शर्मा,सहित प्रमुख पत्रकार व कलमकार मौजूद रहे।




# फांसी पर लटका मिला ट्रैक्टर चालक का शव

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम गुधरौली गांव में दो दिन से घर के बाहर निकले ट्रैक्टर चालक का शव सुबह अमरूद के बाग में पेड़ से लटका मिला। वहीं मृतक के पिता ने पड़ोस की रहने वाली एक महिला पर अत्या का आरोप लगाया है। गुधरौली गांव निवासी केशनलाल का 25 वर्षीय पुत्र रिंकू निषाद ट्रैक्टर चालक था। बताते हैं कि दो दिन पूर्व वह घर से निकला था। आज सुबह गांव से 50 मीटर की दूरी पर अमरूद के बाग में पेड़ से लटका शव शौचक्रिया करने गए ग्रामीणों ने देखा। जिसकी जानकारी परिजनों को दी। घटनास्थल पहुंचने परिजनों ने पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के पिता केशनलाल ने बताया कि उसके पुत्र का पड़ोसी गांव की रहने वाली एक महिला के साथ काफी दिनों से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। उसने बताया कि रात में पंजाब में नौकरी करने वाला महिला का पति का फोन उसके घर आया।

# जिला बार एसो. की मतदान प्रक्रिया पूरी, मतगणना आज




**● हाईप्रोफाइल वार्षिक चुनाव में ज्यादातर पदों पर है नजदीकी मुकाबला**

**● प्रमोद रायजादा अध्यक्ष व बुद्धप्रकाश बन सकते हैं सचिव**

संवाददाता। फतेहपुर

**जिला बार** एसो. के लिये आज तीन अलग अलग बूथों पर वोट डालें गये। इस हाईप्रोफाइल वार्षिक चुनाव में इस बार अप्रत्याशित रूप से सिर्फ लगभग 78.50 फीसदी अधिवक्ताओं ने ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस चुनाव में अपने कुल 1498 वोटर थे, जबकि निर्धारित समय सीमा तक सिर्फ 1176 अधिवक्ता ही मतदान करने पहुँचे।

इस चुनाव में आज शाम 05 बजें वोटिंग की समय सीमा समाप्त हुई, जिनकी गिनती कल बुधवार को सुबह 08 बजें से शुरू होगी। इस चुनाव में कई प्रमुख पदों पर नजदीकी मुकाबला अनुमानित है। मौके के हालातों के मुताबिक अध्यक्ष पद पर वरिष्ठ अधिवक्ता प्रमोद रायजादा व मंत्री पद पर बुद्ध प्रकाश सिंह की संभावनायें बलवती कहीं जा सकती है। इस चुनाव में अलग अलग 23 पदों के लिये कुल 66 प्रत्याशी मैदान पर हैं।

आज मतदान के दौरान अधिवक्ता संगठनों द्वारा मतदाताओं को अपने अपने पाले में लाने के लिये जोर आजमाईस की जाती रही। चुनाव को लेकर पुलिस बल तैनात रहा। बता दें कि जिला बार एसो0 के चुनाव मे अध्यक्ष पद के लिए गया प्रसाद, प्रमोद रायजादा, सुनील कुमार बाजपेई, महामंत्री पद के लिए दिनेश कुमार सिंह, बुद्ध प्रकाश सिंह, बृजेश कुमार बाजपेई चुनाव मैदान मे है। इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद मे 03, उपाध्यक्ष पद के लिए 06, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए 05, कोषाध्यक्ष पद के लिए 04, संयुक्त सचिव प्रशासन पद के लिए 03, संयुक्त सचिव पुस्तकालय के लिए 04, संयुक्त सचिव प्रकाशन पद के लिए 03, वरिष्ठ सदस्य के 15 एवं कनिष्ठ सदस्य पद के लिए 16 प्रत्याशी चुनाव मैदान मे है। जिसमें 1498 अधिवक्ताओ मे 1176 अधिवक्ता मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मुख्य चुनाव अधिकारी सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि 1498 अधिवक्ता मतदाताओं मे 1176 अधिवक्ताओ ने मत का प्रयोग किया। मतदान के दौरान पुलिस बल तैनात रहा। जिला बार एसो चुनाव के लिए मंगलवार को शांतिपूर्ण ढंग से मतदान प्रक्रिया सम्पन्न हो गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी सुरेन्द्र प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि बुधवार को सुबह 08 बजे से मतों की गणना की जायेगी।

# फलदार वृक्षों का नामकरण शहीदों के नाम पर करने की मांग उठाई



**फतेहपुर।** डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के तत्वाधान में यूथ आइकॉन डॉ अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में कई सामाजिक संगठनों के प्रमुखों के साथ बिंदकी स्थित बावनी इमली स्मारक वाली सड़क के पुर्ननामकरण हेतु जिलाधिकारी को निवेदनपत्र दिया गया। डॉ अनुराग ने जिलाधिकारी से मुगल रोड स्थित बावनी इमली वाले मार्ग का नाम बावनी इमली स्मारक मार्ग किये जाने की मांग की साथ ही बावनी इमली स्मारक के बगल में पड़ी जमीन में 52 फलदार वृक्षों का रोपण कर वृक्षों का शहीदों के नाम पर नामकरण व उस स्थान का नाम जोधा सिंह अटैया स्मृति उपवन किया जाए। इससे लोगों व पर्यटकों में देशभक्ति के प्रति भावना जागृत होगी। साहित्यकार मधुसूदन दीक्षित ने जिलाधिकारी को जोधा सिंह अटैया के ऊपर स्वरचित पुस्तक भेंट की। इस अवसर पर महेश चंद्र त्रिपाठी, समाजसेवी महेंद्र शुक्ल, आचार्य रामनारायण, विवेक श्रीवास्तव, कवि प्रवीण प्रसून श्रीवास्तव, सर्व फार ह्यूमैनिटी से गुरमीत सिंह, राष्ट्रीय खिलाड़ी सागर कुमार, अभिनव श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# डीएम ने की कर-करेत्तर, राजस्व कार्यों व वसूली की गहन समीक्षा

संवाददाता। अमेठी


समीक्षा बैठक में डीएम

**जिलाधिकारी राकेश** कुमार मिश्र की अध्यक्षता में आज कर-करेत्तर, राजस्व वसूली व राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में परिवहन, आबकारी, विद्युत, व्यापार कर, खनन, स्टाम्प, नगर निकाय सहित अन्य विभागों के राजस्व वसूली की समीक्षा किया तथा कम वसूली वाले विभागों को प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने भू-राजस्व, विविध देय में कम वसूली करने पर नाराजगी जाहिर की, इसके साथ ही वसूली की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व वसूली में कई विभागों की स्थिति ठीक नहीं है और उनकी क्रमिक उपलब्धि भी मासिक वसूली के सापेक्ष पीछे हैं। उन्होंने कहा कि इस माह विशेष प्रयास कर वसूली में सुधार लाए। डीएम ने सभी एसडीएम को निर्देश दिया कि अपनी-अपनी तहसील अंतर्गत सबसे कम वसूली करने वाले रेगुलर व सीजनल अमीनो को चिन्हित कर उन पर कार्यवाही करें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आडिट आपत्तियों का समयांतर्गत निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी ने जन शिकायतों व राजस्व वादों के निस्तारण को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का संबंधित लेखपालों द्वारा गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं किया जा रहा है जिसके कारण संपूर्ण समाधान दिवस व जनता दर्शन में दूर-दराज के गांव से शिकायतकर्ताओं को बार-बार आना पड़ता है, यह स्थिति संतोषजनक नहीं है, उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी भूमि, चकमार्ग, खलिहान आदि पर कब्जों की शिकायत पर तत्काल संबंधित लेखपाल द्वारा निस्तारण किया जाए। इसके साथ ही अवैध कब्जे को लेकर एसडीएम, तहसीलदार व नायब तहसीलदार स्वयं गांव में जाकर अवैध कब्जों, वरासत व अन्य राजस्व के कार्यों को लेकर जन समस्याएं सुने एवं उनका मौके पर ही गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अजीत कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक आर0के0 द्विवेदी, समस्त उप जिलाधिकारी/तहसीलदार, जिला आबकारी अधिकारी, एआरटीओ, एक्सईएन विद्युत, एआईजी स्टाम्प, अधिशासी अधिकारी, सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# बाइक की टक्कर से युवक की मौत


मृतक युवक की फाइल फोटो

संवाददाता। तिलोई,अमेठी


रोते बिलखते परिजन

**शिवरतनगंज थाना** क्षेत्र के गांव पूरे रिसालदास निवासी युवक की मार्ग दुर्घटना में घायल होने से मौत हो गयी।मौत की सूचना से परिजनों में हाहाकार मच गया।

थाना क्षेत्र के गांव पूरे रिसालदास मजरे लौली निवासी युवक अर्जुन पुत्र राम लखन उम्र 23 वर्ष बीते रविवार को बाराबंकी जनपद के हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र के पूरे कुमेदान मजरे अंसारी अपनी ससुराल गया था।वहाँ से वापस आते समय गांव के बाहर रायबरेली हैदरगढ़ मार्ग पर सड़क पार करते समय बाइक संख्या यूपी 41एजे 1159 ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ ले गए जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।जहां दो दिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। ग्राम प्रधान सर्वेश विश्वकर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम हेतु बाराबंकी भेजा गया है।

## एक वर्ष पूर्व ही हुई थी शादी

मृतक अर्जुन की एक वर्ष पूर्व 16 मई को ही शादी हुई थी।मार्ग दुर्घटना में मौत ने सबको झकझोर कर रख दिया है।पत्नी चांदनी को जैसे ही पति की मौत की सूचना मिली दहाड़े मारकर रोने लगी। करुण क्रंदन सुनकर हर किसी की आंखे नम हो गयी। 16 मई को वैवाहिक वर्षगांठ के उपलक्ष्य में कुछ सूक्ष्म कार्यक्रम का भी आयोजन था। मार्ग दुर्घटना में घायल होने के सूचना के बाद कार्यक्रम निरस्त कर दिया गया।एक साल में ही दोनों परिवारों की खुशियां काफूर हो गयी।

# बड़े मंगल पर लगे भंडारे व शर्बत पिलाने के कार्यक्रम

संवाददाता। तिलोई,अमेठी


प्रसाद वितरण करते हुए

**ज्येष्ठ माह** के प्रथम बड़े मंगल पर तहसील तिलोई क्षेत्र के गांव गलियारों में भण्डारा एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या राहगीरों व नागरिकों ने प्रसाद ग्रहण किया।भक्तिमय गीतों के बीच भक्तों ने खूब धमाल भी मचाया और सुंदरकाण्ड व हनुमान चालीसा के पाठ से माहौल भक्तिमय नजर आ रहा था।

क्षेत्र के कस्बा सेमरौता स्थित रामगंज चौराहे पर राकेश सैनी के प्रतिष्ठान पर प्रात: सुंदरकाण्ड पाठ के बाद विशाल भंडारा आयोजित किया गया जिसमें भक्तों को पूड़ी सब्जी व बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया।

मार्ग से गुजरने वाले हजारों की संख्या में राहगीरों ने आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

वही सिंहपुर ब्लाक क्षेत्र के संत पथिक इंटर कालेज महेशपुर में प्रबंधक श्रीकांत त्रिपाठी द्वारा बड़े मंगल पर शर्बत का वितरण किया गया जिसमें विद्यालय के छात्रों के अलावा हजारों राहगीरों ने प्रसाद प्राप्त किया। बड़े मंगल के अवसर पर क्षेत्र में अन्य तमाम जगहों पर भी सुंदर कांड पाठ के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया।इस अवसर पर रामू मिश्रा, चंद्रमणि पांडेय,राकेश सैनी,राजा सैनी,सम्मू नेता,रवि सैनी,राम किशोर तिवारी, प्रशांत मिश्र, शिवांश, सत्यांश, प्रसून, डब्बू शुक्ला, मुन्ना मिश्र, हिमांशु अवस्थी आदि लोग मौजूद रहे।

# महाविद्यालय में स्मार्ट फोन वितरित किए

संवाददाता। तिलोई,अमेठी

**सिंहपुर क्षेत्र** अंतर्गत कुकहा रामपुर स्थित राम स्वरूप तिवारी जनता महाविद्यालय में मंगलवार को पांच छात्रों को स्मार्ट फोन वितरित किए गए।मंगलवार को विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खेखरूआ ग्राम पंचायत के प्रधान प्रतिनिधि धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ हीरा सिंह ने महा विद्यालय के प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार तिवारी तथा महाविद्यालय के प्रबंधक जगदम्बा प्रसाद तिवारी की मौजूदगी में शासन से मिले पांच स्मार्ट फोन छात्रों में वितरित किए गए।विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार तिवारी ने बताया कि अभी सिर्फ पांच स्मार्ट फोन शासन से मिले थे शेष अगले दो तीन दिनों में मिलने की संभावना है इस लिहाज से अगली वितरण की तारीख सोमवार को नियत की गई है।

# संकुल गुन्नौर की बैठक सम्पन्न

संवाददाता। मुसाफिरखाना,अमेठी



**प्राथमिक विद्यालय** अनखरा विकास खण्ड मुसाफिरखाना अमेठी में संकुल स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक सहायक अध्यापक हरि प्रसाद यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । कार्यक्रम का संचालन नोडल संकुल शिक्षक विवेक मिश्रा ने किया । संकुल बैठक में शत प्रतिशत नामांकन,हाउस होल्ड सर्वे योगा,दीक्षा एप रीड एलॉन्ग प्रेरणा लक्ष्य ऐप पर विशेष चर्चा- परि चर्चा की गई ।

बैठक में शत प्रतिशत हाउसहोल्ड सर्वे और नामांकन स्कूल चलो अभियान चलाकर डोर टू डोर अभिभावकों से सम्पर्क कर नामांकन के लक्ष्य को पूरा करने,ड्रापआउट बच्चों की स्थिति को बिभाग को अवगत कराने 18 व 19 जून को स ?क सुरक्षा के अंतर्गत होने वाले कार्यकर्मो पर चर्चा ग्रीष्म कालीन अवकाश के समय के गृहकार्य दिए जाने के सम्बंध में विशेष चर्चा की गई। बैठक को मुख्य रूप से ए आर पी अर्चना मौर्य राज कुमार यादव सहायक अध्यापक अंकुर यादव उमेश कुमार विश्वकर्मा अमित यादव सन्दीप यादव राजेन्द्र यादव सौरभ सिंह शरद कांत, अशर्फीलाल मोहम्मद खुर्शीद राजकुमारी यादव उपमा मिश्रा सलिक राम मौर्य आदि ने सम्बोधित किया। इस मौके पर संकुल गुन्नौर के समस्त स्कूलों के अध्यापक एव समस्त स्टाप मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### व्यापार मंडल ने किया भंडारे का आयोजन

**महराजगंज रायबरेली।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी जेष्ठ माह के पहले बड़े मगंल के अवसर पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की अगुवाई में रंधावा रोड पर मुकेश मोदनवाल के प्रतिष्ठान पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया व्यापार मंडल के संरक्षक एमडी पासी ने हनुमान स्वामी जी के तस्वीर पर पुष्पमाला अर्पित कर धूप अगरबत्ती आदि प्रकार से पूजन अर्चन किया जिसके पाश्चत प्रसाद के रूप हलवा का वितरण आम जनमानस में किया गया इस अवसर पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष रिंकू जायसवाल मुकेश मोदनवाल मुकेश वैश्य विनीत वैश्य सूरज गुप्ता शिव प्रकाश सुरेश शिव भजन स्वर्णकार शिव कैलाश सोनी सिद्धार्थ जायसवाल वंशिका गुप्ता काव्य वैष्णवी गुड्डू वर्मा आयुष चौधरी सहित आदि लोग उपस्थित रहे वहीं व्यापार मंडल अध्यक्ष रिंकू जायसवाल ने बताया की भंडारे का आयोजन जेष्ठ माह के पांचों बड़े मंगलवारों को किया जाएगा।

### जेष्ठ माह के प्रथम बड़े मंगल पर डिडौली गांव में आयोजित हुआ विशाल भंडारा

**रायबरेली।** जेष्ठ मास के प्रथम बड़े मंगलवार को लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर डिडौली गांव में स्थित हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना के साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।भंडारे के आयोजक हरिश्चंद्र सिंह ने बताया कि कल ही हनुमान मंदिर पर श्री राम चरित मानस पाठ का आयोजन कराया गया था।आज उसके समापन के उपरांत विधिवत हवन पूजन के साथ ही भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजित भंडारे में पूड़ी सब्जी हलवा चना व बूंदी का प्रसाद राहगीरों में वितरित किया गया ।इसके साथ ही शरबत पिलाकर लोगों की प्यास बुझाई गई।भंडारे में हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।प्रसाद वितरण दोपहर से लेकर साम तक प्रभू की इच्छा तक चलता रहा।भंडारे के आयोजन में महेंद्र सिंह,अभय सिंह,प्रधान प्रतिनिधि डिडौली राजकुमार सिंह, रज्जन,कल्लू सिंह,अमित सिंह,सुखदेव पटेल सहित कई लोगो का मुख्य योगदान रहा।

### असलहे के साथ युवक गिरफ्तार

**ऊंचाहार,रायबरेली।** कोतवाली पुलिस ने सोमवार की शाम चेकिंग के दौरान जमुनियाहार गांव के पास से दो युवकों को गांजे के साथ गिरफ्तार किया, जबकि कमालपुर गांव के निकट से एक युवक को अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार किया है।पकड़े गए युवकों के विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेजा गया है। कोतवाल शिवशंकर सिंह ने बताया कि धीरेंद्र कुमार उर्फराजा निवासी भटनिया मजरे कंदरांवा के पास से 1200 ग्राम व राम सिंह निवासी झालाबाग मजरे डेलौली के पास से 1100 ग्राम गांजा बरामद हुआ है।जबकि अनुज सिंह पुत्र पुष्पेंद्र सिंह निवासी मवई के पास से 315 बोर का तमंचा मय कारतूस बरामद किया गया है, सभी आरोपियों को सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज कर जेल भेजा गया है।

### कंटेनर की टक्कर से साइकिल सवार बुजुर्ग घायल

**ऊंचाहार,रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर पूरे बाबा गांव के निकट कंटेनर की टक्कर से साइकिल सवार बुजुर्ग दंपति घायल हो गये,राहगीरों की मदद से घायलों को जगतपुर सीएचसी ले जाया गया, जहां महिला को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है, ग्रामीणों ने टक्कर मारकर भाग रहे कंटेनर चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। क्षेत्र के जगदीश पुर मजरे मिर्जापुर एहारी गांव निवासी सजनलाल पटेल 64 वर्ष अपनी पत्नी मुन्नी देवी 62 वर्ष को मंगलवार की सुबह साइकिल से दवा लेने मनेहरु गांव जा रहा था, तभी पूरे बाबा गांव के निकट प्रयागराज की तरफ से लखनऊ जा रहे कंटेनर ने साइकिल में टक्कर मार दी, जिससे गिरकर बुजुर्ग दंपति घायल हो गये, राहगीरों ने घायलों को जगतपुर सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मुन्नी देवी को मृत घोषित कर दिया, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है, ग्रामीणों ने भाग रहे चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया, वहीं मृतका के भतीजे ओमप्रकाश पटेल ने कंटेनर चालक के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर दी है।वहीं इस घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।जगतपुर सीएचसी अधीक्षक डॉ सत्यपाल ने बताया कि मृत अवस्था में महिला को सीएचसी लाया गया था।कोतवाल शिवशंकर सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है तहरीर मिली है आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

# मार्ग पर हो रहे अतिक्रमण को रोकने के लिए जिलाधिकारी से लगायी गुहार



संवाददाता। जगतपुर रायबरेली

**लक्ष्मणपुर रेलवे** स्टेषन रोड पर पूरे कुमेदान मदारदीन के दर्ज मार्ग पर अतिक्रमण कर बनाया जा रहा हैं मकान। जिसकी षिकायत करने जगतपुर क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य राकेष सिंह राना सहित क्षेत्रीय लोगों ने रायबरेली जिलाधिकारी कार्यालय आकर मार्ग संख्या 478/0.125 पर बनाये जा रहे मकान का विरोध कर तहसील प्रषासन द्वारा नापकर अवैध निर्माण को रोकने के लिए जिला पंचायत सदस्य राकेष सिंह राना ने बताया कि डलमऊ जगतपुर मार्ग से चकमार्ग लक्ष्मणपुर रेलवे स्टेषन को जाता है। जो कि राजस्व अभिलेखो में दर्ज है। इस मार्ग पर संतराम पुत्र बाबूलाल ने भवन का निर्माण करके रास्ते का अतिक्रमण कर रहे है। जिससे रेलवे स्टेषन जाने के लिए मार्ग बाधित होगा। कोई वाहन आ जा नहीं पायेगा। शादी विवाह में आने-जाने वाले वाहन भी आ-जा नहीं सकेंगे। इसी रास्ते से बाजार विद्यालय जाने का यह मुख्य मार्ग है। तहसील प्रषासन से क्षेत्रीय लोगों ने मांग की है कि इसका चिन्हांकन कर क्षेत्रीय लोगों के रास्ते का अतिक्रमण रोका जाये। इस अवसर पर अंकित द्विवेदी, रमेष कुमार, अवनीष पाण्डेय, भानु प्रताप श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

# साइकिल से खेत जा रहे किसान को पीछे से कार ने मारी टक्कर, मौके पर हुई मौत

संवाददाता। बछरावां रायबरेली



**राष्ट्रीय राजमार्ग** पर अनियंत्रित वाहनों के कारण दुर्घटनाओं का सिलसिला क्षेत्र में का नाम ही नहीं ले रहा है मामला बछरावां थाना क्षेत्र के प्रयागराज लखनऊ राजमार्ग पर दिव्यांशी ढाबा के पास का है जहां पर हुंडई कंपनी की कार यूपी 32 एम के 3895 से कार सीख रही महिला ने साइकिल से अपनी खेत देखने जा रहे किसान रामदास पुत्र सर्वजीत उम्र लगभग 50 वर्ष निवासी ग्राम जलालपुर विकासखंड बछरावां रायबरेली को पीछे से टक्कर मार दी कार की टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार किसान सुबह लगभग 5रू00 बजे साइकिल अपने खेत की ओर जा रहा था तब ही कार चलाना सीख रही महिला ने पीछे से टक्कर मार दी और किसान की दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना आसपास के लोगों द्वारा बछरावां पुलिस को दी गई बछरावां पुलिस ने तत्काल एंबुलेंस की सहायता से किसान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया जहां पर चिकित्सकों ने परीक्षण करके मृत घोषित कर दिया। किसान की मौत की जानकारी जैसे ही गांव वासियों को कोई वैसे ही गांव समेत पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। राजमार्ग पर इन अनियंत्रित वाहनों वाहन चलाना सीख रहे लोगों के खिलाफ कोई कार्यवाही ना होने के कारण आए दिन राहगीरों को यमलोक भेजने का काम कर रहे हैं। वही इस संबंध में बछरावां थाना अध्यक्ष जगदीश यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामले की जानकारी हुई है डेड बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए रायबरेली भेजा जा रहा है वही तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही भी की जाएगी।

# चुरुआ हनुमान मंदिर पर प्रथम बड़े मंगल पर भक्तों का सैलाब, किया पूजन-अर्चन

संवाददाता। बछरावां रायबरेली



**बछरावां विकासखंड** के अंतर्गत जनपद के सिंहद्वार पर स्थित चुरूवा हनुमान मंदिर पर आज जेष्ठ माह के प्रथम बड़े मंगल के अवसर पर भक्तों ने बजरंग बली बाबा का दर्शन व विधि विधान से पूजन अर्चन किया। मंदिर के पुजारी चंद्रमणि अवस्थी व अनूप अवस्थी ने बताया की मंदिर प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं के पूजन अर्चन व दर्शन की व्यवस्था कर दी गई है जिससे श्रद्धालुओं को अव्यवस्था का सामना ना करना पड़े। भक्तों ने भी संयम का परिचय देते हुए खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार किया और मंदिर की चौखट पर अपनी मनौती मानकर मत्था टेका लोगों ने बताया मंदिर बहुत प्रसिद्ध है इस मंदिर पर सभी भक्तों की मनोकामना अवश्य पूरी होती है।लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर होने के कारण आने जाने वाले छोटे से लेकर बड़े अधिकारी तक इस मंदिर की चौखट पर मत्था टेकते हुए मनौती मांगते हैं। वही श्रद्धा अनुसार मंदिर में आकर सहयोग भी करते हैं। लोगों का ऐसा मत है की पिपलेश्वर धाम से आज तक कोई निराश नहीं लौटा बस मन में विश्वास होना चाहिए। यहां वैसे तो सैकड़ों की संख्या में हर मंगलवार भक्त लोग आते हैं किंतु जेष्ठ के मंगलो में दर्शन पूजा का विशेष महत्त्व है। जिसके कारण प्रत्येक मंगलवार से ज्यादा पूजा अर्चना करने हजारों की संख्या में महिला पुरुष भक्त यहां पहुंचते हैं। मंदिर की पूरी व्यवस्था पुजारी चंद्रमणि अवस्थी व उनके पिताजी की देखरेख में छोटे पुजारी अनूप अवस्थी, गोलू पंडित, विजय, विनय सबसे ज्यादा छोटे पुजारी ऋषि अवस्थी का योगदान रहता है। सभी हनुमान भक्तों को टीका लगाकर आशीर्वाद देते हैं।

# महावीर स्टडी स्टेट कालेज में जेष्ठ माह के प्रथम मंगलवार पर सुंदर काण्ड का पाठ



**महराजगंज- रायबरेली।।** महावीर स्टडी स्टेट सीनियर सेकेंण्ड्री कालेज में जेष्ठ माह के प्रथम मंगलवार पर बच्चों तथा स्टाफके द्वारा सुंदर काण्ड का सस्वर पाठ किया गया तत्पश्चात शब्जी पूड़ी हलवा का प्रसाद समस्त कॉलेज के बच्चों स्टॉफ व कॉलेज गेट के बाहर समस्त जन समुदाय को वितरित किया गया बच्चों ने सामाजिक कार्य में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया प्रधानाचार्य कमल बाजपेई ने हनुमंत लला को नमन किया तथा समस्त जन सामान्य पर हनुमान स्वामी जी महाराज की कृपा बरसे इसकी कामना की बच्चों का अनुष्ठान में सहयोग वर्क एजुकेशन की प्रक्रिया का ही रूप बताया इस अवसर पर राजीव मिश्रा सौरभ श्रीवास्तव अनिमेष मिश्रा सुरेंद्र नीरू लक्ष्मी ज्योति जयसवाल फातिमा सरिता शालिनी साधना ज्योति सिंह स्वाति सिंह अभिषेक राज त्रिपाठी अमित सिंह विवेक सुमन बहादुर प्रशांत निशांत सहित सभी शिक्षक शिक्षिका एवं स्टाफमौजूद रहा।

# मसखरी में गए 'एसआरजी', फिर करेंगे मास्टरी

संवाददाता। बस्ती

**पायनियर की खबर का असर**

● बीएसए ने इन्हें मूल विद्यालय पर भेजा, जांच पूरी होने तक बच्चों को पढ़ाएंगे ● विद्यालय संचालन की अवधि में बिना बीएसए की अनुमति से किसी कार्यक्रम में भाग नहीं लेंगे ● इनकी तैनाती सल्टौआ ब्लॉक के जूनियर हाईस्कूल बहेरिया में सहायक अध्यापक के रुप में है, अब वहीं रहेगी तैनाती

**एक** महिला शिक्षक के गंभीर आरोपों से घिरे एसआरजी 'आशीष श्रीवास्तव' की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही है। अपने आचरण और व्यवहार के चलते जिले भर की महिलाओं का कोपभाजन बनने वाले एसआरजी के खिलाफ बीएसए ने कड़ा कदम उठाया है। बीएसए जगदीश शुक्ल ने मंगलवार को एसआरजी की जांच पूरी होने तक उनके मूल विधालय सल्टौआ के जूनियर हाईस्कूल बहेरिया पर जांच की प्रक्रिया पूरी होने तक इन्हें एसआरजी के पद से अलग किया जाता है, ताकि यह जांच को प्रभावित न कर सके। इन्हें आदेश दिया गया है, कि यह विधालय में उपस्थित रह कर पठन-पाठन का कार्य करेंगे और विधालय संचालन अवधि में यह बिना बीएसए की अनुमति से यह किसी कार्यक्रम में भी भाग नहीं लेंगे। इसकी जानकारी डीएम सहित अनय अधिकारियों को भी दे दी गई है। बीएसए के इस कार्रवाई को सैकड़ों महिला शिक्षक सहित महिला कर्मियों ने की है। मंगलवार को ही 'पायनियर' में इस आशय की खबर छपी है, जिसमें एसआरएजी को जांच पूरी होने तक अटैच कर देना चाहिए। बीएसए ने खबर को संज्ञान में ही यह कार्रवाई की है।

बता दें कि एक महिला शिक्षक पर यह आरोप लगाया है, कि यह अपने साथ कार्यरत् महिलाओं, कर्मियों एवं प्रशिक्षण करने वाली लड़कियों के साथ अभद्र व्यवहार एवं अश्लील हरकत निरंतर करते हैं, इस शिकायत पर बीएसए जगदीश शुक्ल ने विक्रमजोत की ममता सिंह एवं रुधौली के खंड शिक्षा अधिकारी विजय आनंद को जांच अधिकारी बनाया है। जांच अधिकारियों को जिन बिंदुओं पर जांच करनी है, उनमें इनके द्वारा विभिन्न प्रकार का लालच देकर अपने रुप में शामिल कराना और गंदी यौन मानसिकता से समाज को गंदा करने जैसी अन्य बिंदुओं पर जांच करनी है। बीएसए ने लिखा कि शिकायत अत्यंत ही गंभीर प्रवृत्ति की एवं यौन उत्पीड़न से संबंधित है। इस लिए, जांच में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। वहीं पर बीएसए कार्यालय के बीएसए को ठीक से जानने वाले लोगों का मानना और कहना है, कि साहब इस तरह के शिकायतों को बहुत ही गंभीरता से लेते हैं, और उनका कहना है, कि अगर कोई विभाग की महिलाओं और लड़कियों के साथ ऐसा व्यवहार करता है, तो उसे किसी भी कीमत पर छोड़ा नहीं जाएगा। अब सब कुछ जांच अधिकारियों पर निर्भर करता है, क्यों कि शिकायत करने वाली महिला किसी भी कीमत पर सामने नहीं आना चाहती। शैक्षिक कार्यों में लगे अन्य महिलाओं और पुरुषों का कहना है, कि शिकायत में काफी दम लगता है। अगर जांच सही तरीके से हो गई तो कार्रवाई निश्चित ही है। इस आरोप के बाद एक तरह से जिला ही नहीं पूरे प्रदेश में तहलका मचा हुआ। खासतौर से महिला कर्मियों और शिक्षिकाओं की ओर से व्यापक प्रतिक्रियाएं आ रही है। हर कोई चाहता है, कि इस तरह के लोगों के खिलाफ कार्रवाई होनी ही चाहिए। शायद तभी महिलाएं अपने आप को सुरक्षित महसूस कर पाएगी। वैसे बेहतर माहौल बनाने की पहली जिम्मेदारी स्कूल के हेड मास्टर, खंड शिक्षा अधिकारी और बीएसए की होती। जिला समन्वयकों को भी अपनी ओर से यह प्रयास करना चाहिए कि महिलाओं का उत्पीड़न एवं शोषण न हो। खासतौर से यौन शोषण वाले मामले को तो गंभीरता से लेना चाहिए। इसी सबको देखते हुए बीएसए ने मंगलवार को उक्त आदेश जारी किया। वैसे पूरा बीएसए कार्यालय भी कार्रवाई चाहता है। अब विभाग इस मामले में कितना सफल हो पाता है यह देखने लायक होगा।

## आज होगा जनपद के सभी थानों पर 'वादी संवाद दिवस' का आयोजन

**बस्ती।** प्रेस विज्ञप्ति के जरिए एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर, जोन गोरखपुर के पर जोन के समस्त जनपदों में प्रत्येक बुधवार को वादी संवाद दिवस आयोजित होगा। यह कार्यक्रम सभी थानों पर तीन बजे से होगा। जिसमें पुलिस के अधिकारी वादियों से सीधे संवाद कर मुकदमों से संबंधित जानकारी का आदान-प्रदान करेंगे। एसपी खुद कलवारी थाना, अपर पुलिस अधीक्षक थाना सोनहा, क्षेत्राधिकारी सदर थाना महिला थाना, क्षेत्राधिकारी हरैया थाना पैकोलिया, क्षेत्राधिकारी कलवारी थाना कप्तानगंज, क्षेत्राधिकारी रुधौली थाना लालगंज में वादी संवाद दिवस की अध्यक्षता करेंगे। इस वादी संवाद दिवस में वादी अपने-अपने मुकदमे की प्रगति व अन्य जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# दो करोड़ से अधिक की स्मैक पकड़ी



पुलिस की गिरफ्त में आए दो स्मैक तस्कर — पायनियर

संवाददाता। बस्ती

**एसटीएफ** यूनिट गोरखपुर और लखनऊ सहित कोतवाली स्थानीय पुलिस ने मादक पदार्थों की अंतरराज्यीय तस्करी करने वाले गिरोह को पकड़ा हैं। इनके पास लगभग दो करोड़ का स्मैक की खेप बरामद की है। यह धरपकड़ टोल प्लाजा के पास हुआ। साथ ही मोहम्मद हबीब एवं छबीला यादव नामक दो तस्कर को भी पकड़ा। इनके पास से एक किलो 44 ग्राम स्मैक, दो अदद मोबाइल एवं 15 हजार नकद बरामद किया। एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक एसटीएफ यूनिट गोरखपुर सत्य प्रकाश सिंह जनपद गोरखपुर, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली संजय कुमार मय पुलिस टीम जनपद बस्ती, उ0नि0 मनोज सिंह एसटीएफ यूनिट मुख्यालय लखनऊ, हे0का0 यशवंत सिंह, हे0का0 अशोक सिंह, हे0का0 उमेश सिंह, हे0का0 अभिलाष तिवारी, हे0का0 इमरान खान, चालक हे0का0 परशुराम चौहान, का0 महेन्द्र सिंह, का0 विनय सिंह एसटीएफ यूनिट गोरखपुर शामिल रही। यह जानकारी एसपी आशीष श्रीवास्तव ने दी।

# सवैंधानिक अधिकारों से वंचित हो रहा धुरिया और गोंड समाज



अमहट मंदिर पर धरने पर बैठे धुरिया एवं गोंड के लोग — पायनियर

**बस्ती।** सवैंधानिक अधिकारों से वंचित हो रहें धुरिया एवं गोंड समाज के लोग अमहट के पास स्थित मंदिर पर धरने पर बैठें है। कहा कि जिले के सक्षम अधिकारियो के द्वारा प्रमाण-पत्र जारी न किए जाने के कारण धुरिया समाज के द्वारा धरना प्रदर्शन एवं आमरण अनशन तब तक जारी रहेगा जब तक मुख्यमंत्री स्वयं आकर जाति प्रमाण पत्र जारी नही करा देते। कहते हैं कि एक तरफ प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का फरमान है, कि जनता की समस्याओं का सकारात्मक हल जिले के सक्षम अधिकारी करें, परन्तु जिले के सक्षम आधिकारी ठीक इसका उल्टा कर रहे है। जिसके चलते धुरिया, गोंड समाज अपने समस्त संवैधानिक अधिकारो से वंचित है। अपूर्णीय क्षति हो रही है। धरने पर जगराम धुरिया, अनुज कुमार गोंड, बृजेश गोंड, लाल जी, महेश प्रसाद गोंड, प्रमोद गोंड, गंगाराम धुरिया, शिवप्रसाद धुरिया, सीताराम, नीरज गोंड, पूरन गोंड, रमाकान्त धुरिया, आशीष धुरिया आदि मौजूद रहे।

# अब 'सपा' विधायक कर रहे बखान और 'भाजपा' का गुणगान!

संवाददाता। बस्ती

● लाचार और मजबूर होकर योगीराज के कामकाज पर पीट रहे हैं ताली

● स्मार्ट फोन और टैबलेट वितरण में खुलकर योजना की तारीफ के पुल बांध रहे सपा के माननीय

**...क्या** कभी किसी ने यह सोचा भी था, कि जिस भाजपा को बुराभला कहकर सपा ने चुनाव जीता, उसी पार्टी की योजनाओं के तारीफें का पुल एक दिन सपा विधायकों को बांधना पड़ेगा। जिसे अपना सबसे बड़ा दुश्मन माना उसी का गुणगान करेगें। जो कभी नहीं हुआ वह योगीराज में हो रहा है, इसे योगी के बुलडोजर का डर कहें या फिर राजनीति के बाजार में रहने की मजबूरीं, आज जिस तरह जिले के चारों सपा विधायक सरकारी कार्यक्रमों के मुख्य अतिथि के रुप में भाजपा की स्मार्टफोन वितरण हो या फिर चाहे वह टेबलेट वितरण हो, सभी में सपा विधायक इन दोनों योजनाओं का बढ़-चढ़कर तारीफकरते नहीं थक रहे है। हालांकि विधायक बनने के शुरुआत में तो इन विधायकों ने कार्यक्रमों में जाने से परहेज किया, या फिर इन्हें बुलाया नहीं जाता था। मगर उसके कुछ दिन बाद परहेज समाप्त करना पड़ा। भाजपा की तारीफकरना सपा विधायकों की मजबूरी बन गई है। अपने विधायकों के बदलते तेवर को देख सपा कार्यकर्त्ता और उनके समर्थक भी हैरान और परेशान हैं, उनकी समझ में नहीं रहा कि वह सपा की नीतियों एवं कार्यक्रमों का बखान करे या फिर विधायक की तरह वह भी भाजपा का गुणगान करने लगे। सपा के विधायकों ने भी यह कभी सोचा था, कि उन्हें भी भाजपा के नीतियों एवं कार्यक्रमों का इस तरह गुणगान करना पड़ेगा। वहीं पर कुछ सपाईयों का कहना है, कि जब से उनके विधायक भाजपा के कसीदें पढ़ने लगे, तब से वह भी अपने आपको काफी सुरक्षित महसूस कर रहे है। अब उनके सपने में योगीजी का बुलडोजर नहीं बल्कि भाजपा की नीति और कार्यक्रम आतें है। इधर आए दिन स्मार्टफोन और टेबलेट वितरण का कार्यक्रम हो रहा है, चूंकि नियमानुसार जिस भी विधानसभा क्षेत्र में वितरण का आयोजन हो रहा है, उसी क्षेत्र के जनप्रतिनिधि को मुख्यअतिथि बनाना है। अब चूंकि भाजपा के मात्र एक विधायक और सांसद ही रह गए हैं, इस लिए मजबूरी में सपा के विधायकों को मुख्य अतिथि बनाना पड़ रहा है। ऐसे ही एक कार्यक्रम के आयोजन पशोवेश में पड़े रहे कि अगर सपा विधायक को बुलाता हूं तो भाजपा वाले कहीं नाराज न हो जाए। वह दिन भी दूर नहीं जब सपा के विधायक और भाजपा के सांसद एक ही कार्यक्रम में मौजूद मिलेगे। चूंकि सांसद का अधिक तक समय पार्टी के रराष्टीय कार्यक्रमों में गुजर जाता है, इस लिए वह हर जगह कार्यक्रम के मुख्यअतिथि नहीं हो सकते, और न कथित रुप से उनका कामकाज देखने वाले को ही बनाया जा सकता है। बहरहाल क्षेत्र की जनता अभी तक यह समझ नहीं पा रही है, कि क्यों सपा विधायक भाजपा की नीति और उनके कार्यक्रमों का इस तरह गुणगाान कर रहे है।



स्मार्टफोन वितरण के मंच से भाजपा योजना की तारीफकरते सपा विधायक अतुल चौधरी — पायनियर

# बड़े मंगल के भण्डारे में डीएम ने पूजा कर ग्रहण किया प्रसाद

● विकास भवन कर्मचारी संघ ने किया भंडारे का आयोजन

संवाददाता। बस्ती



विकास भवन में आयोजित भंडारे में शामिल होते भक्तगण

**ज्येष्ठ** मास के प्रथम बड़े मंगलवार को विकास भवन कर्मचारी संघ अध्यक्ष राम अधार पाल के संयोजन में कार्यालय परिसर में श्री हनुमान जी की विधि विधान से वैदिक मंत्रों के साथ पूजा अर्चना के साथ विशाल भण्डारे का आयोजन हुआ। शाम तक भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। भण्डारे में पहुंची डीएम सौम्या अग्रवाल ने श्री हनुमान जी का पूजन कर प्रसाद ग्रहण किया। पीडी डीआरडीए कमलेश सोनी, डीसीएनआरएलएम राम दुलार ने विधिवत पूजा किया। शनिदेव मंदिर के पुजारी पंण्डित सरोज मिश्र के मार्ग दर्शन में पूजन के बाद भण्डारा शुरू हुआ। इस मौके पर पूर्व मंत्री राजकिशोर सिंह, चंद्रभूषण मिश्र, वृजकिशोर सिंह डिम्पल, जगदीश प्रसाद शुक्ल, राजकुमार शुक्ल, हरीश सिंह, गुलाब सोनकर, अशोक मिश्र, अखिलेश पाठक, अजीत सिंह, प्रदीप सिंह, देवेन्द्र सिंह, मुकेश सोनकर, सुजीत कुमार, आलोक चौधरी, मस्तराम वर्मा, तौलू प्रसाद, अमरदीप, अर्जुन उपाध्याय, गजेन्द्र सिंह, बालकृष्ण ओझा, विजय द्विवेदी, आशुतोष, रूद्रनरायन रूदल, दुर्गेश यादव, मनोज कुमार, दीपमणि शुक्ल, रामचन्द्र, प्रदीप यादव, रीना सिंह, राजेश कुमार, अजय आर्य, वीरेन्द्र प्रताप नरायन, रीना सिंह, संगीता मौर्या, किरन के साथ ही अनेक श्रद्धालु शामिल रहे।

## दुष्कर्म सिद्व अभियुक्त को दस वर्ष की कठोर सजा व 54 हजार का अर्थदंड

**संतकबीरनगर।** सेल की प्रभावी कार्यवाही एवं सम्यक पैरवी के फलस्वरुप मंगलवार को श्रीमान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (एससी / एसटी एक्ट), द्वारा थाना कोतवाली खलीलाबाद पर पंजीकृत मु0अ0सं0 2279 / 2017 धारा 328 / 376 भादवि से संबंधित अभियुक्त इब्राहिम उर्फकृष्णा सिंह पुत्र नबाब अली निवासी उपरौध थाना कोतवाली खलीलाबाद के अन्तर्गत धारा 328 / 376 भादवि के अपराध में दोषसिद्ध पाते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास व 54 हजार रु0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया तथा अर्थदण्ड न अदा करने पर अभियुक्त को 06 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गई। गत 25, सितम्बर, 2017 को अभियुक्त द्वारा वादिनी को नाक में कुछ सुंघाकर अचेत कर दिया गया था उसके साथ दुष्कर्म की घटना कारित की गई थी।

# पत्रकारों ने डीएम को दिया ज्ञापन, दंबगों पर केस करने की मांग


**बस्ती।** डीएम के आदेश के बाद भी लालगंज पुलिस की ओर से पत्रकार को मारने और पीटने वालों के खिलाफ मुकदमा न दर्ज करने के विरोध में मंगलवार को पत्रकार का एक समूह डीएम से मिला और उन्हें ज्ञापन दिया, और मुकदमा दर्ज करने की मांग की। यहां पर भी वे कथित पत्रकार और ब्लॉक प्रेमी नजर नहीं आए जिन्होंने सुलह कराने में अहम भूमिका निभाया था। इससे साफपता चलता है, कि इन लोगों को अपने साथी की पीड़ा से कोई सरोकार नहीं बस इन्हें तो इससे मतलब था, कि उनके आका पर कोई आंच न आने पाए। ज्ञापन देते समय लगभग एक दर्जन पत्रकार शामिल रहे, जिनमे मुख्यालय के भी शामिल रहे। इनमें पीड़ित राजेश शुक्ल, रजनीश त्रिपाठी, बालकृष्ण त्रिपाठी, कौशल किशोर, सरवर अली वारसी, रितेश कुमार, वकील अहमद सिद्दीकी, सूरज यादव एवं रोहित कुमार शामिल रहे। आकाओं के डर से कुदरहा और बनकटी के पत्रकार अपने साथी का साथ देने नहीं आए। ज्ञापन में मुकदमें का डर दिखा करा कर सुलहनामें पर कराए गए हस्ताक्षर को पीडित् पत्रकार राजेश शुक्ल ने इंकार करते हुए कहा कि वह उस समय अवसाद में था, और अपने साथियों के बहकावें और दबाव में आकर उसने सुलहनामें पर हस्ताक्षर कर दिया, जिससे वह संतुष्ट नहीं हैं। ज्ञापन के समय साथी पत्रकारों का न होना चर्चा का विषय बना हुआ है। कहा जा रहा कि कुछ कथित पत्रकार अपनी दुकान बंद होने के डर से अपने साथी पर दबाव डलवाकर सुलह तो करवा दिया, मगर जब मतलब निकल गया तो किनारा कस लिया। दरोगा का यह कहना कि अगर सुलह नहीं करोगे तो एससीएसटी एक्ट के तहत फर्जी मुकदमें में फंसा दूगां, से पता चलता है, पुलिस और पत्रकार किसके साथ खड़े हुएं है। पत्रकारिता की आड़ में ब्लॉकों पर टेंडर से लेकर अन्य गलत-सही काम करने वालों का चेहरा धीरे-धीरे सामने आने लगा है, और दावा किया जा रहा है, कि अगर दोनों ब्लॉकों के सिर्फ ग्राम पंचायतों के टेंडर की जांच हो जाए तो बहुत बड़ा घोटाला सामने आ सकता है, और इस घोटाले में कुछ कथित ब्लॉक प्रेमी पत्रकारों का चेहरा सामने आ सकता है। जीएसटी की चोरी से लेकर टेंडर किसी और के नाम और भुगतान किसी अन्य के खाते में होने जैसा खुलासा हो सकता है। घटना होने के बाद और डीएम के कहने पर भी मुकदमा न लिखना काफी दुखद माना जा रहा है, और कहा भी जा रहा है, कि पुलिस वही करती है, जिनमें उनकी रुचि होती। यह बात किसी आदमी या पत्रकार ने नहीं बल्कि एक डीएम ने कहा था। पुलिस चौकी में अगर कोई बदमाश पत्रकार को मारता है, और पुलिस कार्रवाई करने के बजाए बदमाशों का साथ देती और खुद मारने लगती है। तो इसे एक आम आदमी क्या समझे? क्या इसे योगीजी का राज माने या फिर सपा का?।



डीएम को ज्ञापन देते पत्रकार — पायनियर

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यान्वयन के लिए जनपदस्तरीय समिति की बैठक संपन्न

संवाददाता। श्रावस्ती




**जिलाधिकारी** नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत प्रक्रिया के सुचारू एवं प्रभावी कार्यान्वयन तथा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत वैवाहिक सामग्री क्रय करने की प्रक्रिया हेतु जनपद स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि आगामी 27 मईए को प्रस्तावित मुख्यमंत्री सामूहिक योजना के तहत होने वाले विवाह की सभी तैयारियां सम्बन्धित अधिकारी पहले ही सुनिश्चित कर लेंए ताकि व्यवस्था पूर्ण ढंग विवाह कार्यक्रम को सम्पन्न कराया जा सके। जिलाधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022.23 में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह हेतु शासन द्वारा जनपद को 150 के सापेक्ष 76ण्50 लाख रुपये धनराशि प्राप्त हुई है। जिलाधिकारी ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियोंए अधिशासी अधिकारियों और अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को एक सप्ताह में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के आवेदन पत्र जांच पूरी करके पात्र लोगों की सूची उपलब्ध कराने के लिए निर्देश दिया गया। उन्होने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को क्रमशः 25.25ए अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को 5 अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका भिनगा 10 एवं अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत इकौना को 10 पात्र लाभार्थियों का चयन करके विवाह कराने का लक्ष्य दिया गया है। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को विवाह हेतु लाभर्थियों का चयन करने के दौरान विशेष सावधानी बरतने का निर्देश दिया हैए और बाल विवाह किसी भी दशा में न होने इसका विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया है।

# वीडीओ पौली को प्रतिकूल प्रविष्टि

● आईजीआरएस व विकास कार्यों की हुई समीक्षा

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर लम्बित संदर्भो के संबंध में समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अधिकारीगण विभिन्न स्तरो पर लम्बित संदर्भो का निस्तारण ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारित करें। उन्होंने सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी दशा में संदर्भ का निस्तारण शिकायतकर्ता का पक्ष सुने बिना न किया जाए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा बार-बार निर्देश दिया जाता है कि आमजन की शिकायत के निस्तारण हेतु सभी कार्यालयध्यक्ष अपने कार्यालय में प्रतिदिन (अवकाश की तिथियों को छोड़कर) पूर्वान्ह 10 बजे से मध्यान्ह 12 बजे तक अवश्य सुनवाई करे। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि आई0जी0आर0एस0 संदर्भो के निस्तारण में विलम्ब एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न करने पर खण्ड विकास अधिकारी पौली को प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान की गयी।



समीक्षा करती जिलाधिकारी — पायनियर

## दिव्यांगो की सुविधा के लिए शिविर का होगा आयोजन

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल के निर्देश के क्रम में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका यादव ने बताया कि दिव्यांगजन विभाग द्वारा प्रमुख योजनाएं का लाभ जैसे- दिव्यांग पेंशन, कुष्ठावस्था पेंशन, कृत्रित अंग/सहायक उपकरण, दुकान निर्माण/संचालन योजना, दिव्यांग शादी प्रोत्साहन योजना, शल्य चिकित्सा/कॉक्लियर इम्प्लांट योजना, मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल योजना तथा यू0डी0आई0डी0 कार्ड आदि कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण का वितरण शिविर आयोजन कर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण का वितरण शिविर आयोजन आज विकास खण्ड खलीलाबाद/नगर क्षेत्र खलीलाबाद और मगहर, विकास खण्ड सेमरियांवा में आगामी 19 मई 2022 को, विकास खण्ड बघौली आगामी 21 मई 2022 को, विकास खण्ड हैंसर बाजार में आगामी 23 मई 2022 को, विकास खण्ड सांथा में आगामी 24 मई 2022 को, विकास खण्ड पौली में आगामी 25 मई 2022 को, विकास खण्ड मेंहदावल/नगर क्षेत्र मेंहदावल में आगामी 27 मई 2022 को, विकास खण्ड नाथनगर/नगर क्षेत्र हरिहरपुर आगामी 28 मई 2022 को तथा विकास खण्ड बेलहर कला में आगामी 30 मई 2022 को आयोजन किया जाएगा।

## कचहरी में मंगलवार से शुरू हुई निशुल्क पेयजल की सुविधा

संवाददाता। संतकबीरनगर

**पार्टी** के नगर अध्यक्ष सतविंदर पाल सिंह की देख रेख अंकुर आज तिवारी ने पेयजल का शुभारंभ किया उपस्थित जनसमूह एवं अधिवक्ताओं के लिए उन्होंने इस भीषण गर्मी में पेयजल की व्यवस्था की है एवं लड्डू का वितरण कराया। सदर विधायक ने कहा कि इस प्रचंड गर्मी में आम जनता सुलभता के लिए गर्मी से राहत पहुंचाने के लिए पेयजल की व्यवस्था किया जा रहा है जो अनवरत चलती रहेगी। कचहरी परिसर जिला अस्पताल बाईपास चौराहा एवं मुखलिसपुर तिराहा पर पेयजल की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष जगदंबा प्रसाद श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र मिश्रा, नगर महामंत्री विष्णु मिश्रा, मुरलीधर जायसवाल, बलराम गुप्ता, आदर्श श्रीवास्तव, विनोद अग्रहरी, कमलेश जायसवाल, जितेंद्र गुप्ता, गुरनाम सिंह, गौरव अग्रहरि, रुद्रनाथ मिश्रा, राधेश्याम जयसवाल, विवेक मिश्रा आदि लोग थे।

# आनलाइन पोल में संतकबीरनगर पुलिस की कार्य प्रणाली है बेहतर

● एडीजी जोन प्रत्येक माह जनता के सुझाव को आनलाइन माध्यम से कर रहे हैं प्राप्त

संवाददाता। संतकबीरनगर



पुलिस अधीक्षक

**पुलिस** कप्तान सोनम कुमार ने मीडिया सेल के माध्यम से बताया है कि जनपदवासियों से पुलिस की कार्यप्रणाली को आनलाइन के माध्यम से प्राप्त प्रत्येक माह किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले एक मई से 7 मई तक आम जनमानस के सुझाव प्राप्त किये गये है। पुलिस की कार्य प्रणाली ठीक पायी गई है और सुधारने के लिए प्रयास जारी है। उन्होंने बताया कि अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा जोन में लगातार पुलिस कार्य प्रणाली सुधारने के लिए दिये जा रहे निर्देशों का पालन अक्षरश किया जा रहा है। आनलाइन के माध्यम से एफआईआर दर्ज करने शिकायत निस्तार, ट्वीट पर पुलिस द्वारा कार्यवाही के अलावा पुलिस कार्य प्रणाली की संयुक्त फीडबैक का प्रतिशत संतुष्ट के रूप में कुल मिलाकर 75 प्रतिशत प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि एडीजी जोन के निर्देश पर लगातार पुलिस की कार्य प्रणाली में सुधार आया है। नकारात्मक सुझाव प्राप्त हुए है। उन्हें भी दुरूस्त किये जाने के लिए पुलिस विभाग प्रयत्नशील है।

# डीएम ने देखी अमृत सरोवर की खुदाई

● तालाब खुदाई में लगे मजदूरों का लिया हालचाल



**संवाददाता।** उरई (जालौन)

**जिलाधिकारी** प्रियंका निरंजन ने मंगलवार को विकासखंड डकोर के अंतर्गत ग्राम अजनारा व मिनौरा में अमृत सरोबर अभियान के अंतर्गत बन रहे तालाबों का निरीक्षण किया। उन्होंने तालाब पर मनरेगा के तहत कार्य कर रहे मजदूरों से वार्ता भी की। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि मजदूरों के लिए तालाब पर पानी व छाया आदि की व्यवस्था रहे। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवर के तहत बन रहे तालाबों पर और अधिक मजदूर लगाकर तेजी से कार्य करें। उन्होंने कहा कि तालाबों पर मनरेगा के तहत कार्य कराकर वृक्षारोपण व सुंदरीकरण कराया जाए साथ ही मनरेगा में कार्य कर रहे मजदूरों को भी सम्मानित किया जाए। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत अमृत सरोवर योजना केंद्र व प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। उन्होंने कहा कि इन सरोवरों को बहुउद्देशीय स्वरूप में बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मानव जीवन का आधार जल है लेकिन धीरे-धीरे जल स्तर कम होता जा रहा है जल स्तर को सामान्य बनाए रखने के लिए तालाबों का जीर्णोद्धार अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत कार्य कराया जा रहा है जिससे जनपद के भूगर्भ जल का संरक्षण व संवर्धन हो सके। उसके पश्चात जिलाधिकारी ने विकासखंड डकोर के अंतर्गत ग्राम करमेर में बन रहे जल जीवन मिशन के अंतर्गत टंकी का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माणाधीन टंकी को जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कराया जाए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने फटकार लगाते हुए कहा कि आपकी कार्य प्रगति बहुत धीमी चल रही है उन्होंने कार्य को प्रगति से करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव, डीसी मनरेगा अवधेश कुमार दीक्षित, डिप्टी कलेक्टर निशांत तिवारी आदि सहित अधिकारी मौजूद रहे।

# ईओ ने समधन में किया सफाई व पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण

● शासन की ओर से क्रियान्वित योजनाओं में पात्रों की जांच की



पीएम आवास की जांच करती ईओ दीपिका शुक्ला पायनियर

**संवाददाता।** गुरसहायगंज (कन्नौज)

**समधन** नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी ने पंचायत कर्मियों के साथ नगर के वार्डों में पहुंचकर साफ सफाई एवं पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने डोर टू डोर पहुंचकर शासन द्वारा क्रियान्वित योजनाओं के पात्रों की जांच की।

मंगलवार को समधन नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी दीपिका शुक्ला ने वरिष्ठ लिपिक सुरेश चंद्र शाक्य सहित कर्मियों के साथ मोहल्ला अशफाक उल्ला खान नगर, कादर खान नगर, आजाद नगर, सैयद वाडा सहित तमाम मोहल्लों में पहुंचकर सफाई एवं पेयजल व्यवस्था सहित शासन द्वारा क्रियान्वित पीएम आवास व अन्य योजनाओं के पात्रों की जांच की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अपात्रों को किसी भी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिलेगा। जबकि पात्रों को उनके हक से वंचित नहीं किया जा सकेगा। इस दौरान उनके साथ सभासद हाफिज मोहम्मद फुरकान, बदरुल सिद्दीकी सहित अजीत दुबे, बकार खान, इरफान खान, सहित तमाम कर्मी मौजूद रहे।

# अभी सिर्फ पांच सौ राशन कार्ड हुये सरेंडर लोगों धूप में खड़े होकर लगाई अर्जी

**मौदहा (हमीरपुर)।** राशन कार्ड निरस्त करवाने की जारी तिथि के आज सातवे दिन सबसे अधिक पाँच सौ निरस्तीकरण आवेदन प्राप्त हुए चिलचिलाती धूप में भूखे प्यासे लोग लाइनों में खड़े रहे और अपनी बारी का इंतजार करते रहे जबकि फार्म जमा करने की अंतिम तिथि समाप्त होने में मात्र तीन दिन ही बचे है जमा करने वालो में अधिकांश राशन धारक पात्र गृहस्थी के है । दस मई से लेकर सत्रह मई के बीच सात सौ निरस्तीकरण आवेदन पूर्ति विभाग कार्यलय में प्राप्त हुए हैं। खाद्यान्न नीति के अनुसार पात्र गृहस्थी व गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों के राशन कार्ड बनाए गए थे जिस पर तमाम ऐसे आपात्रों ने भी आवेदन कर राशन कार्ड जारी करा लिया था और अपने तथ्यों को भी छिपा दिया था। जिसमें रिटायर कर्मचारी और शस्त्र लाइसेंस धारक 6 एकड़ से अधिक भूमि एक हजार वर्ग फिट से अधिक निर्मित भवन इसके अलावा तमाम ऐसे तथ्यों को छिपाने के बाद वह लगातार खाद्यान्न लेते रहे हैं अब शासन के आदेश पर यह जानकारी दी गई है की 20 मई 2022 राशन सरेंडर करने के अंतिम तिथि है शासन द्वारा जांच के के उपरांत यदि कोई व्यक्ति का अपात्र पाया जाता है तो वसूली की जाएगी इसलिए अपात्रों की खासी भीड़ भी पूर्ति विभाग कार्यालय में देखी जा रही है वही पूर्ति अधिकारी रविंद्र कुमार का कहना है की यह आदेश की जानकारी आम जनमानस को होते ही अपात्र लोगों ने स्वता ही फार्म भरकर कार्यालय में पहुंच राशन निरस्त कराने के लिए आवेदन करना शुरू कर दिया है। वही कुछ लोग दबी जुबान में यह भी कह रहे है कि जब राशन कार्ड बनाने के लिए आवेदन किया था तो अधिकारियों ने बिना जांच के ही हमारा राशन कार्ड जारी कर दिया था तो इसमें हमारा क्या दोष है उन अधिकारियों पर भी कार्यवाही होना चाहिये।

# बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी निरीक्षण के नाम पर पुस्तक वितरण जांच को कर रहे प्रभावित

● जांच अधिकारी से मिला शिक्षकों का प्रतिनिधिमण्डल



**संवाददाता।** उरई (जालौन)

**बेसिक** शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा पुस्तक वितरण प्रकरण में शिक्षकों को विद्यालय में जाकर प्रताड़ित करने के क्रम में आकर जांच अधिकारी एसडीएम कालपी अंकुर कौशिक से मिला जिसमें बताया गया कि एडी बेसिक झांसी द्वारा उन विद्यालयों को चिन्हित कर पुस्तक वितरण से परे अनावश्यक बिंदुओं पर जांच कर शत प्रतिशत पुस्तक प्राप्त होने की झूठी रिपोर्ट देने का दबाव बना रहे हैं जिससे विकासखंड कदौरा के शिक्षक भयभीत एवं आक्रोशित हैं। निरीक्षण के नाम पर दबाव बनाकर लगातार बेसिक शिक्षा विभाग के जिले से लेकर खंड शिक्षा अधिकारी शिक्षकों को डरा धमका रहे हैं। शिक्षकों द्वारा राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष से प्रत्यक्ष मिलकर प्रकरण को अवगत कराया गया कि एडी बेसिक झांसी द्वारा विद्यालयों निरीक्षण किया जा रहा है तथा दबाव बनाया जा रहा है। अधिकारी एसडीएम कालपी जांच अधिकारी अंकुर कौशिक ने आश्वस्त किया गया कि शिक्षक किसी प्रकार से परेशान न हों जांच को निष्पक्ष तरीके से पूर्ण कर जिला प्रशासन को रिपोर्ट सौंपी जाएगी। शासन की मंशा के अनुसार शिक्षक स्वतंत्र होकर कार्य करें अगर किसी भी प्रकार की दिक्कत है तो मुझसे व्यक्तिगत मिलकर बताएं समस्या का निदान किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह चौहान, जिला महामंत्री इलियास मंसूरी, जिला कोषाध्यक्ष राकेश कुमार, जिला उपाध्यक्ष रमाकांत व्यास, जिला संयुक्त महामंत्री अरविंद स्वर्णकार, प्रदेश मीडिया प्रभारी, ब्लाक अध्यक्ष जालौन बृजेश श्रीवास्तव, ब्लाक कोषाध्यक्ष सत्यपाल, जिलाध्यक्ष संघर्ष समिति राज देवर, दिलीप अखिलेश अवस्थी, शिवेंद्र शेखर, राजेंद्र सिंह, नीरज श्रीवास्तव आदि शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### मार्ग दुर्घटना में सिपाही समेत पांच घायल, एक रेफर

**राठ (हमीरपुर)।** क्षेत्र में कोतवाली के सिपाही समेत पांच लोग सड़क दुर्घटना में घायल हो गये जिसमे एक को गंभीर हालत में उरई रिफर कर दिया गया है।पुलिस के मुताबिक कोतवाली में तैनात कांस्टेबल कमल पुत्र अमर बहादुर मंगलवार की सुबह मोर्निंग वॉक पर गए थे। लौटते समय अतरौलिया गेट के पास बाइक सवार दो युवकों ने पीछे से कांस्टेबल को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार सहित पुलिस कर्मी भी घायल हो गया। घायल पुलिस कर्मी को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। वहीं क्षेत्र के इस्लामपुर गांव निवासी चरन पुत्र प्रभूदयाल बाइक से राठ आ रहा था। तभी गोहांड-इस्लामपुर के बीच साईकिल सवार को बचाने के दौरान वह सड़क किनारे खेत में लगे कटीले तारों में घुस गया। जिससे उसकी गर्दन में गंभीर चोटें आईं है। जहां चिकित्सक ने उसे मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है। इसी तरह कस्बे के मियापुरा मोहल्ला निवासी रोहित पुत्र खेमचंद्र, पठानपुरा मोहल्ला निवासी दिनेश शुक्ला पुत्र गयाप्रसाद, मुकेश पुत्र अशोक मार्ग दुर्घटना में गिरकर घायल हो गए।

### नहरों की सफाई के नाम पर हो रहे फर्जी भुगतान

**चित्रकूट।** सिंचाई प्रखण्ड प्रथम के तहत आने वाले बरुआ बांध की मुख्य नहर व उससे निकलने वाली माइनरों के मरम्मतीकरण व रखरखाव तथा सिल्ट सफाई के नाम पर थोडा बहुत कार्य कराकर ठेकेदारों को मनमानी ढंग से भुगतान किया जा रहा है। मंगलवार को ओहन फीडर से निकलने वाली मुख्य नहर व माइनरों के हाल भी ऐसे ही हैं। औंझर बांध, जयवंती टैंक, हेला टैंक, बराहमाफी टैंक, मानिकपुर टैंक व पनहाई टैंक समेत पयश्वनी डायवर्जन से निकलने वाली मुख्य नहर के हाल भी ऐसे ही हैं, जहां थोडा बहुत कार्य कराकर मनमानी ढंग से भुगतान किया जा रहा है। सहायक अभियंताओं की मनमानी खूब देखने को मिलती है। अधिशाषी अभियंता भी सहायक अभियंताओं की मनमानी के आगे बौने साबित होते नजर आते हैं। कई वर्षों से एक ही डिवीजन में तैनात होने के चलते फर्जीवाडा कर भुगतान करने में महारथ हासिल है। सिंचाई प्रखण्ड प्रथम में सहायक अभियंताओं की तूती बोलती है। पिछले कई वर्षों से जिले में तैनात पैसे व रसूख के बल पर इनका तबादला नहीं हो रहा है। 2022-23 में विकास कार्यों के नाम पर फर्जीवाडा कर सरकारी धन का बंदरबांट किया जा रहा है। सिंचाई निर्माण खण्ड गुन्ता बांध मुख्य नहर में सिल्ट सफाई के नाम पर लाखों के भुगतान हुए हैं। रसिन बांध से निकलने वाली मुख्य नहर व गजपत माइनर तथा महोराई माइनर में फर्जी ढंग से भुगतान किये जा रहे हैं। अर्जुन सहायक परियोजना में भी फर्जी ढंग से भुगतान हो रहे हैं।

### हादसे में सेवानिवृत्त लेखपाल की जान गई

**चित्रकूट।** रैपुरा थाना क्षेत्र के बांधी गांव के एक युवक को बस ने ठोकर मारकर घायल कर दिया। युवक की मृत्यु होने पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। ये हादसा सोमवार की रात रैपुरा थाना क्षेत्र के बांधी गांव में हुआ। बताया गया कि गया प्रसाद अपने पुराने घर से राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने नये घर जा रहे थे। इसी बीच बस ने ठोकर मारकर घायल कर दिया। मृतक गया प्रसाद की बहन मीरा देवी ने बताया कि तीन साल पहले वह लेखपाल पद से सेवानिवृत्त हुए थे। पुराने घर में परिजनों के साथ रहते थे। राष्ट्रीय राजमार्ग के पास बने घर में मृतक के पिता भोडेलाल व मां रहती थी। जिनसे मिलने प्रतिदिन रात में जाते थे। माता-पिता से मिलने के बाद घर लौटते समय जिला मुख्यालय की ओर से तेज रफ्तार प्राइवेट बस ने ठोकर मारकर घायल कर दिया। लोगों की सूचना पर पुलिस ने गया प्रसाद को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामनगर में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने हालत गम्भीर देख जिला अस्पताल रेफर किया। रास्ते में गया प्रसाद की मृत्यु होने से परिजनों में कोहराम मच गया। इस बाबत थाना प्रभारी नागेन्द्र नागर ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। ठोकर मारने वाली बस को पुलिस टीम ने पकड लिया है। चालक फरार है।

### रंजिश के चलते दो पक्षों में हुई मारपीट में दो घायल

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नंगा पुरवा में रंजिश के चलते हुई मारपीट में दो लोग घायल हो गए। पीड़ितों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम नंगापुरवा निवासी रोहन सिंह कुशवाहा पुत्र अमर सिंह द्वारा कोतवाली में दी तहरीर में बताया है कि बीती शाम घर की ओर आ रहा था। तभी रंजिश के चलते गांव के ही सुदेश कुमार सुग्रीव ने दो अज्ञात लोगों के साथ उससे गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। जबकि दूसरे पक्ष के सुग्रीम पुत्र कंचन लाल का कहना है कि बीती रात वह अपने दरवाजे पर बैठा था। तभी गांव के ही नन्हे, राहुल, अतर सिंह ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ितों की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### आईएएस, पीसीएस, जी नीट तैयारी को आधा सैकड़ा छात्र चयनित

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के द्वारा लिए गए निर्णय के क्रम में जनपद के शिक्षित युवाओं को अपना भविष्य बनाने संवारने के लिए विजन आईएएस के डायरेक्टर अजय सिंह के साथ एक एग्रीमेंट किया गया कि जनपद के 50 से 60 बच्चों को आईएएस पीसीएस जी नीट आदि की तैयारी हेतु मार्गदर्शन देने के लिए 2 वर्ष का कोर्स ऑनलाइन और ऑफलाइन चलाया जाएगा जिसके लिए जनपद के 58 बच्चों का अंतिम चयन किया गया है इसमें आवेदन करने वाले कुल 2000 बच्चे थे और अब इन बच्चों को जिलाधिकारी व अजय सिंह द्वारा और जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा सफलता के लिए बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की गई है और यह मार्गदर्शन कार्यक्रम बहुत जल्दी शुरू होगा।

### किसान दिवस का आयोजन आज

**उरई (जालौन)।** उप कृषि निदेशक ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि मुख्य सचिव उप्र शासन, कृषि अनुभाग-6 लखनऊ के आदेश के अनुक्रम में जिलाधिकारी के निर्देशों के परिपालन किसानों के समस्याओं के निराकरण के लिये माह के तृतीय बुधवार 18 मई प्रातः 11 बजे विकास भवन सभागार उरई में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस एवं जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक आहूत की गयी है। जिसमें कृषि एवं सिंचाई क्षेत्र से जुडे. प्रत्येक विभाग के समस्त अधिकारियों से उक्त आहूत बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की जाती है। साथ ही बैठक में जनपद के कृषि प्रतिनिधियों प्रगतिशील कृषकों को भी आमंत्रित किया जाता है।

### पड़ोसी किसान ने रातों रात तीन मीटर रकवा दबा तीन फिट ऊंची मेड़ डाली

**जालौन (उरई)।** पड़ोसी किसानों द्वारा खेत के रकबे को तीन मीटर दबाकर तीन फीट ऊंची मेड़ रातों रात डाल दी गई। जब किसान ने उलाहना दिया तो उसके साथ गाली, गलौज करते हुए न सिर्फमारपीट की बल्कि जान से मारने की धमकी भी दे डाली। पीड़ित किसान ने मामले की तहरीर कोतवाली में देकर न्याय की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम क्यामदी निवासी महिपाल सिंह ने पुलिस को बताया कि उनका खेत गाटा संख्या 112 मौजा अम्मरगढ़ में स्थित है। उनके खेत से लगा हुआ विजय और सुनील का खेत है। उक्त दोनों उनके खेत को दबाना चाहते हैं। जिसके चलते सोमवार की रात जब वह घर चला गया तो उक्त दोनों लोगों ने मिलकर रात में ही उनके खेत में तीन मीटर रकबा दबाकर ट्रैक्टर से लगभग 3 फीट ऊंची मेड़ डाल दी है। सुबह जब खेत पर घूमने के लिए पहुंच तो मेड़ पड़ी हुई देखकर उसे आश्चर्य हुआ।

# पत्रकारों ने धूमधाम से मनाई आदि पत्रकार देवर्षि नारद मुनि की जयंती

**संवाददाता।** कोंच (जालौन)

**सरोजिनी** नायडू पार्क में मंगलवार को पत्रकारों ने आदि पत्रकार देवर्षि नारद की जयंती श्रद्धा भाव के साथ मनाई। वक्ताओं ने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि आज आजादी के पचहत्तर साल बाद भी समाज के उस व्यक्ति जो अंतिम पायदान पर बैठा है, की बेहतरी के लिए न तो राजनैतिक स्तर से और न ही किसी अन्य स्तर से कोई ठोस पहल हो सकी है लिहाजा ऐसे में उस अंतिम व्यक्ति को लेकर विमर्श की पहल को मीडिया में जगह मिलनी ही चाहिए।

सर्वप्रथम उपस्थित पत्रकारों ने वैदिक रीति से देवर्षि नारद का पूजन किया एवं लोक कल्याण की कामना की। वक्ताओं ने कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों और सामाजिक अव्यवस्थाओं के खिलाफ अपनी कलम पूरी जोरदारी के साथ तो चलाएं लेकिन यह भी ध्यान रखें कि उनके लेखन में अतिरंजना और पीत पत्रकारिता का समावेश न हो। जिस तरह से देवर्षि नारद ने निर्लिप्त और निर्विकार भाव से केवल व्यापक लोक कल्याण को सामने रख कर अपने कार्यों को अंजाम दिया, ठीक उसी तरह पत्रकारों को भी सच्चाई के इर्द गिर्द रह कर सत्य का ही उद्घाटन करना चाहिए। उन्होंने यह भी जोड़ा कि 'नारद' वस्तुतः सत्य संभाषण की ऐसी परंपरा का नाम है जो अनादि काल से चली आ रही है। देवर्षि नारद वास्तव में ऐसे पत्रकार हैं जो समस्याओं को लेकर न केवल संवेदनशील हैं बल्कि उनका निदान भी उन्होंने दिया। जिस तरह से नारद अहंकार से दूर रह कर लोक कल्याण में निमग्न रहते हैं ठीक उसी प्रकार पत्रकारों को भी उनके अनुसार आचरण अपने में ढालने का प्रयास करना चाहिए। संचालन तरुण निरंजन ने किया जबकि आभार रमेश तिवारी ने ज्ञापित किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार पुरुषोत्तमदास रिछारिया, चौ. ब्रजेन्द्र मयंक व असद अहमद,जिला पदाधिकारी राजेन्द्र यादव, अंजनी श्रीवास्तव, अशफाक खान, अफजाल खान, अतुल चतुर्वेदी, हरिओम यागिक, डॉ मृदुल दांतरे,सौरभ मिश्रा, दिलीप पटेल, राहुल राठौर, दुर्गेश कुशवाहा, नवीन कुशवाहा, शैलेन्द्र पटेरिया, हरीमोहन यागिक, आलम इकबाल, जहांगीर, सौरभ झां, विवेक द्विवेदी, रविकांत द्विवेदी, अरुण पटेल, वरुण गुप्ता, संजय यादव, रोहित राठौर, विवेक चड्ढा, जयप्रकाश रावत, मु यूसुफ बांके सोनी, देवेंद्र चौहान, आनंद पांडेय, हरगोबिन्द खुराना, समाजसेवी व भाजपा नेता सुशील दूरवार आदि मौजूद रहे।

## संघर्षों की उपज थे राजबहादुरः गौरीशंकर

**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी के प्रथम जिलाध्यक्ष एवं जिले में समाजवादी पार्टी की बुनियाद रखने वाले स्व राजबहादुर सिंह यादव की नौंवी पुण्यतिथि पर सपाइयों ने माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। मंगलवार को सपा जिला कार्यालय में पूर्व जिलाध्यक्ष स्व राजबहादुर सिंह यादव की याद में हुई गोष्ठी में पूर्व जिलाध्यक्ष गौरीशंकर मिश्र ने राजबहादुर के संघर्ष और राजनीतिक अनुभव का जिक्र करते हुए कहा कि सामान्य परिवार में जन्मे राजबहादुर प्रखर वक्ता और सिद्धान्तवादी नेता थे। उन्होंने कभी सिद्धान्तों से समझौता नहीं किया। सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने कहा कि उनके पिता ने विपरीत हालातों में काम करते हुए पार्टी को आगे बढाकर एक-एक कार्यकर्ता को जोडकर संगठन को मजबूती प्रदान की। संगठन उनके दम पर इस कदर मजबूत हुआ कि सपा के सांसद-विधायक बनने लगे। राजनीति में उतार-चढाव देखते हुए कभी हतास और निराश नहीं हुए।

# नहीं चलने चाहिये गैर मानक वाले स्कूली वाहनः जिलाधिकारी

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी डॉ चंद्र भूषण की अध्यक्षता में जिला विद्यालय परिवहन यान सुरक्षा समिति एवं जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी ने कहा कि स्कूलों में छात्र छात्राओं को लाने - ले जाने वाले विद्यालय द्वारा अनुबंधित वाहन नियमानुसार पूर्णतया फिट होना चाहिए तथा उसमे सभी वैध प्रपत्र होने चाहिए। गैर मानक वाले वाहन किसी भी दशा में सड़को पर नहीं चलने चाहिए अन्यथा संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी । डीएम ने कहा कि अनफिट वाहनों को तत्काल सीज किया जाए । उन्होंने कहा कि अनफिट वाहनों से सड़कों पर दुर्घटनाएं होती है अत: किसी भी दशा में अनफिट वाहन सड़क पर नहीं चलना चाहिए यह प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि स्कूलों में अनुबंधित वाहनों के ड्राइवर का चरित्र प्रमाण पत्र एवं वैध लाइसेंस अनिवार्य रूप से होना चाहिए । जिलाधिकारी ने कहा कि मेन रोड पर स्थापित विद्यालयों के गेट पर कैमरे आदि अनिवार्य रूप से लगे होने चाहिए । उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में बच्चों को अवश्य बताया जाए तथा उन्हें जागरूक किया जाए।विद्यालय स्तर पर गठित विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाए, इस हेतु सभी संबंधित विद्यालयों को पत्र प्रेषित किया जाए। विद्यालय के सभी वाहनों में निर्धारित सभी मानक एवं वैध प्रपत्र रखे जाने हेतु बीएसए व डीआईओएस द्वारा निर्देशित किया जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि सुमेरपुर, कुछेछा व हमीरपुर में सड़क किनारे के अतिक्रमण को हटाने का कार्य प्राथमिकता से किया जाए तथा वहां जाम के निस्तारण के संबंध में जरूरी कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग सड़क सुरक्षा हेतु अपने दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करें तथा दुर्घटना पूर्व ,दुर्घटना होने पर तथा दुर्घटना पश्चात उससे निपटने की कार्ययोजना तैयार कर लें।

# मदरसे की आड़ में तालाब की भूमि पर हो गया अवैध कब्जा

**चित्रकूट।** नगर पंचायत मानिकपुर के अध्यक्ष व अधिशाषी अधिकारी की उदासीनता से तालाब की जमीन पर अवैध कब्जा कर डेढ दर्जन लोगों ने मकान बना लिए हैं। मंगलवार को तालाब की जमीन पर डेढ दर्जन लोगों के मकान बनाने का खुलासा हुआ है। बताया गया कि मानिकपुर नगर पंचायत क्षेत्र के चटर्जीबाबू तालाब जमीन किनारे मदरसा संचालित था। मदरसे की आड में मस्जिद का निर्माण कराने के बाद नमाज अदा की जाने लगी। तालाब किनारे शिव मन्दिर बना है। शिव मन्दिर में लोग तालाब में स्नान के बाद जल चढाते थे। अब हालात ऐसे हो गये हैं कि न तालाब रह गया और न जमीन। सभी स्थानों पर अवैध कब्जे हो गये हैं। अवैध कब्जा धारकों ने तालाब का नामो निशान मिटा दिया है। तालाब की बची हुई जमीन पर अवैध कब्जा किया जा रहा है। तालाब पर अवैध कब्जे को लेकर एक समाजसेवी ने 2006 में हाईकोर्ट में जनहित याचिका डाली थी। नगर पंचायत ने हाईकोर्ट में लगाये हलफनामे में गलत आख्या देकर जमीन खाली होने का जिक्र किया था। हाईकोर्ट में गलत हलफनामा पेशकर नगर पंचायत ने गुमराह किया था। जबकि अभी तक तालाब की जमीन नहीं खाली कराई जा सकी। पूर्व कार्यवाहक नगर पंचायत अध्यक्ष गुलशेर अहमद व पूर्व ईओ हासिम अली की मिलीभगत से तलैया के बीचोबीच नाला का निर्माण कराया गया था। तालाब का आस्तित्व खत्म करने में भू-माफिया जुटे हैं। मौजूदा ईओ रामआशीष वर्मा ने अवैध कब्जा हटवाने में असमर्थता जताई। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग की टीम व हल्का लेखपाल तथा प्रशासन के सहयोग से ही तालाब की जमीन खाली कराई जा सकती है। तालाब की जमीन पर अवैध कब्जा धारकों को पूर्व नगर पंचायत ने नोटिस भी जारी किया था। तालाब का गाटा संख्या 465 व रकबा दो बीघा 16 बिस्वा का है, जहां अवैध ढंग से भू-माफियाओं ने कब्जा कर रखा है।

# एट-कोंच शटल ट्रेन का तीसरा फेरा शुरू

**संवाददाता।** कोंच (जालौन)



**एट-कोंच** के बीच अभी दो फेरे लगा रही शटल ट्रेन का तीसरा फेरा सोमवार से शुरू हो गया है। इस फेरे के बढने से अब कोंच और आसपास के ग्रामीण इलाकों के रेल से यात्रा करने वाले लोगों को इंटरसिटी और मेमू ट्रेनों से यात्रा करने में सुविधा मिल सकेगी। विदित हो कि कोरोना काल में बंद रही इस शटल ट्रेन को दो फेरों के साथ चालू किया गया था लेकिन यहां से रेल यात्रा करने वालों को रेल सुविधा का लाभ ना के बराबर मिल रहा था और तीसरे फेरे को बढाने के लिए लगातार उठ रही मांग को देखते हुए भाजपा नगर अध्यक्ष सुनील लोहिया लगातार प्रयास कर रहे थे। उन्होंने केंद्रीय राज्य मंत्री भानुप्रताप सिंह वर्मा के संज्ञान में यह बात डाली जिसको लेकर उन्होंने विभागीय अफसरों को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया था।वहीं 7 मई को कोंच रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने आए मुख्य यात्री परिचालन प्रबंधक प्रयागराज डीके वर्मा को लोहिया के नेतृत्व में उद्योग व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष प्रभंजन गर्ग सहित तमाम व्यापारियों एवं नागरिकों के एक शिष्टमंडल ने एट कोंच शटल ट्रेन का तीसरा फेरा बढाए जाने संबंधी ज्ञापन सौंपकर पुरजोर मांग की थी, फलस्वरूप सीपीटीएम डीके वर्मा ने यात्रियों को हो रही परेशानी को दृष्टिगत रखते हुए यात्री हित में 16 मई से इस शटल ट्रेन का तीसरा फेरा बढाए जाने के निर्देश निर्गत कर दिए थे। सोमवार से तीसरा फेरा चालू होने से अब यह शटल ट्रेन नंबर 01869 दोनों मेमू पैसेंजर ट्रेनों की सवारी लेकर दोपहर 12:00 बजे एट से कोंच के लिए चलेगी और शटल ट्रेन नंबर 01868 शाम 7:45 बजे इंटरसिटी की सवारी लेकर कोंच से एट के लिए जाएगी, साथ ही कानपुर से झांसी की ओर जाने वाली इंटरसिटी से एट में उतरने वाली सवारियों को लेकर अब परिवर्तित समय अनुसार रात्रि 9:15 बजे एट से कोंच के लिए चलेगी और यदि ट्रेन नंबर 11110 इंटरसिटी का आगमन एट जंक्शन पर लेट होता है तो रुक कर अनिवार्य रूप से इंटरसिटी की सवारी लेकर ही यह शटल ट्रेन कोंच के लिए चलेगी।

## चुनावी रंजिश में चार युवकों ने की दलित युवक की पिटाई

**जालौन ( उरई )।** चुनावी रंजिश को लेकर 4 युवकों ने दलित युवक के साथ मारपीट कर तथा पत्थर मारकर कार को क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने 4 लोगों के खिलाफ मारपीट कर दलित उत्पीड़न का मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गडेरना निवासी अवनीश दोहरे पुत्र उमाशंकर ने बताया कि गांव में उनके साथ मंदिर जाने वाले रास्ते पर गांव के लोगों ने जबरन चुनावी रंजिश को लेकर गाड़ी को रुकवा लिया। गाड़ी रूकवाने के बाद जाति सूचक गालियां दी तथा पत्थर से उनकी कार को क्षतिग्रस्त कर दिया है। गाली गलौज करने व कार को क्षतिग्रस्त करके आरोपित अलधकिशोर, कन्हैयालाल, देवेन्द्र व रामजी जान से मारने की धमकी देकर चले गये थे। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच चारों आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है तथा सीओ जांच कर रहे हैं।